फाल्गुन शुक्ल पक्ष त्रयोदशी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 22 मार्च 2024
वर्ष 2, अंक 211, पृष्ठ-16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य -5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



अंतरिक्ष में मिला हिममानव जैसा धूमकेतु 16

धोनी ने गायकवाड़ को सौंपी सीएसके की कमान 2

## नाबालिग साली से दुष्कर्म व हत्या करने के दोषी को फांसी की सजा

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- आरोपी पर पांच लाख रुपये का अर्थदंड भी लगाया



**अमृत विचार :** नाबालिग साली से दरिंदगी और फिर उसकी हत्या करने के मामले में दोषी जीजा रोहित को न्यायालय विशेष न्यायाधीश पॉक्सो मनराज सिंह ने फांसी की सजा सुनाई है। इसके साथ ही उस पर पांच लाख रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।

फिरोजाबाद निवासी पीड़ित पिता ने 30 मई 2023 को मामला दर्ज कराया था, जिसमें उसने पुलिस को बताया था कि उसकी बड़ी बेटी की छोटी पुत्री की अचानक मृत्यु हो गई थी, जिस पर वह अपनी छोटी पुत्री को उसके घर छोड़ आया था। 30 मई 2023 को उसके दामाद रोहित ने शराब के नशे में उसकी छोटी पुत्री के साथ दुष्कर्म कर उसकी हत्या कर दी। जिसकी सूचना उसकी बड़ी बेटी ने फोन पर उसे दी। पिता की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया था। मामले की जांच कर चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की गई। यह मामला न्यायालय विशेष न्यायाधीश पॉक्सो की कोर्ट में चला। डीजीसी फौजदारी अभिषेक मिश्रा, विशेष लोक अभियोजक जितेन्द्र तोमर व मृदुल मिश्रा ने बहस के दौरान मामले में कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की। न्यायाधीश पॉक्सो मनराज सिंह ने गुरुवार को मामले में निर्णय सुनाया। जिसमें अभियुक्त रोहित को फांसी की सजा सुनाई गई।

साथ ही पांच लाख रुपये का अर्थदंड भी लगाया। अभियुक्त को इटावा जेल भेज दिया गया।

## निर्वाचन आयोग की विकास कार्यों की धनराशि पर रोक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** भारत निर्वाचन आयोग ने विकास कार्यों की धनराशि जारी करने पर रोक लगा दी है। आयोग ने लोकसभा चुनाव और राज्यों में उपचुनाव को लेकर लागू आचार संहिता के तहत सांसदों और विधायकों की विकास निधि को लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

आयोग के निर्देशों का हवाला देते हुए मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों को पत्र भेजा है, जिसमें आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन करने का निर्देश गया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने पत्र में कहा है कि उत्तर प्रदेश में सांसद और विधायक निधि के तहत संसदीय या विधानसभा क्षेत्र में विकास योजनाओं के लिए आदर्श आचार संहिता लागू रहने तक कोई नया फंड रिलीज नहीं होगा। जिलाधिकारियों-जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के अनुरूप कार्रवाई सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए हैं। पत्र में स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि सांसद को विकास निधि के अधीन नई निधि जारी नहीं की जाएगी। निर्वाचन प्रक्रिया पूरी होने तक विधायक-विधान परिषद सदस्य स्थानीय क्षेत्र विकास निधि के अंतर्गत नई निधियां जारी नहीं की जाएंगी। पत्र के जारी होने से पहले किसी विकास कार्य के लिए वर्क ऑर्डर जारी होने के बावजूद कार्य शुरू नहीं हुआ है तो ये काम चुनाव प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही शुरू हो सकते हैं।

### मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने जिलाधिकारियों को लिखा पत्र



#### वोटर आईडी न होने पर 12 विकल्पों का करेंगे प्रयोग

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि चुनाव में सभी लोगों के मतदाता फोटो पहचान पत्र सुनिश्चित किए गए हैं। इसके बाद भी अगर किसी का मतदाता पहचान पत्र (वोटर आईडी) नहीं बन पाता है, तो लोग 12 विकल्पों का प्रयोग कर सकेंगे। इनमें आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंकों-डाकघरों से जारी फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के अन्तर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, एनपीआर के अन्तर्गत आरजीआई की ओर से जारी स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केन्द्र, राज्य सरकार, लोक उपक्रम, पब्लिक लिमिटेड कंपनियों के कर्मचारियों को जारी फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, सांसदों, विधानसभा सदस्यों, विधान परिषद सदस्यों को जारी सरकारी पहचान पत्र और यूनिक डिसएबिलिटी आईडी कार्ड, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय का वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेज शामिल हैं।

#### विकसित भारत के व्हाट्स एप संदेश पर भी रोक

निर्वाचन आयोग ने केंद्र सरकार की ओर से 'विकसित भारत' को लेकर लोगों को जारी किए जा रहे व्हाट्सएप संदेश पर रोक लगा दी है। केंद्र को भेजे पत्र में आयोग ने कहा कि देश में आचार संहिता लागू होने के बाद भी व्हाट्सएप संदेश भेजे जाने की शिकायतें मिली हैं। आयोग ने केंद्र को संदेश पर रोक का पालन कराने की रिपोर्ट देने का निर्देश दिया है।

### एक नजर

#### अमरनाथ यात्रा 29 जून से शुरू होने की उम्मीद



**जम्मू।** केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में वार्षिक अमरनाथ यात्रा 29 जून से शुरू होने की संभावना है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि उपराज्यपाल एवं श्रीअमरनाथ श्राइन बोर्ड के अध्यक्ष मनोज सिन्हा ने यात्रा की व्यवस्था और तैयारियों पर चर्चा के लिए यहां राजभवन में एक बैठक की अध्यक्षता की। यह 52 दिवसीय वार्षिक तीर्थयात्रा 29 जून को शुरू होने के बाद 19 अगस्त को रक्षाबंधन के दिन समाप्त होगी।

#### ईडी के अधिकारियों के खिलाफ नोटिस पर रोक

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों के खिलाफ दर्ज मामले में राज्य पुलिस के नोटिस पर गुरुवार को रोक लगा दी। सोरेन ने 29 जनवरी को दिल्ली स्थित उनके आवास पर एजेंसी द्वारा की गई छापेमारी के संबंध में रांची के अजा/अजजा पुलिस थाने में ईडी के वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। पुलिस ने सीआरपीसी की धारा 41ए के तहत ईडी अधिकारियों को नोटिस जारी किया था। इस नोटिस के तहत अधिकारियों को जांच अधिकारी के सामने पेश होकर अपनी बात रखने को कहा गया था। ईडी ने नोटिस को झारखंड उच्च न्यायालय में चुनौती दी थी।

## चुनाव आयोग को दी चुनावी बॉण्ड की सभी जानकारियां

### सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुपालन में एसबीआई ने दाखिल किया शपथ पत्र

नई दिल्ली, एजेंसी



भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया कि उसने चुनावी बॉण्ड के संबंध में अपने पास मौजूद सारी जानकारी निर्वाचन आयोग को उपलब्ध करा दी है।

शीर्ष अदालत में दाखिल एक अनुपालन हलफनामे में एसबीआई के अध्यक्ष ने कहा कि साइबर सुरक्षा कारणों को ध्यान में रखते हुए राजनीतिक दलों के बैंक खाते की पूरी संख्या और केवाईसी के विवरण सार्वजनिक नहीं किए गए। बैंक के अध्यक्ष दिनेश कुमार खारा द्वारा दाखिल हलफनामे में कहा गया कि इसी तरह, सुरक्षा कारणों को ध्यान में रखते हुए दानदाताओं के केवाईसी विवरण भी सार्वजनिक नहीं किए गए। हालांकि, तथ्य यह भी है कि ऐसी जानकारी प्रणाली में दर्ज/संकलित नहीं की जाती है। राजनीतिक दलों की पहचान के लिए ये आवश्यक भी नहीं हैं। हलफनामे में कहा गया है कि एसबीआई ने जानकारी का खुलासा किया है, जिसमें बॉण्ड के खरीदार का नाम, उसका मूल्य और विशिष्ट संख्या, इसे भुनाने वाली पार्टी का नाम और बैंक खाता संख्या के अंतिम चार अंक दर्शाए गए हैं।

हलफनामे में कहा गया कि एसबीआई ने 15 फरवरी, 2024 और 18 मार्च 2024 को शीर्ष कोर्ट द्वारा पारित आदेशानुसार अब सभी विवरणों का खुलासा कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने 18 मार्च को एसबीआई को फटकार लगाते हुए उसे मनमाना रवैया न अपनाने और 21 मार्च तक चुनावी बॉण्ड योजना से संबंधित सभी जानकारियों का खुलासा करने को कहा था। इससे पहले, 15 फरवरी को एक फैसले में पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने केंद्र की विवादास्पद चुनावी बॉण्ड योजना को रद कर दिया था।

#### फैक्ट चेक यूनिट पर केंद्र की अधिसूचना पर लगाई रोक

सुप्रीम कोर्ट ने भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर प्रभाव का विश्लेषण करने को अनावश्यक बताते हुए ''फैक्ट चेक यूनिट'' से संबंधित केंद्र सरकार की 20 मार्च 2024 की अधिसूचना पर गुरुवार को अंतरिम रोक लगा दी। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने स्टैंड अप कॉमेडियन कुणाल कामरान और एडिटर्स गिल्ड की याचिका पर सुनवाई करते हुए केंद्र सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना के संचालन को निलंबित कर दिया। पीठ ने कहा कि इससे संबंधित मामला हाईकोर्ट के समक्ष विचाराधीन है। ऐसे में हम निर्णय लेने से बच रहे हैं।

#### निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति पर रोक से इनकार

सुप्रीम कोर्ट ने दो नए निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति पर रोक लगाने का अनुरोध करने वाली अर्जियां गुरुवार को खारिज करते हुए कहा कि चुनाव नजदीक हैं और इससे अव्यवस्था और अनिश्चितता की स्थिति बनेगी। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त (नियुक्ति, सेवा शर्तें और कार्यालय शर्तें) अधिनियम, 2023 पर भी अंतरिम रोक लगाने से इनकार कर दिया। अदालत ने कहा कि वह अधिनियम, 2023 की वैधता को चुनौती देने वाली मुख्य याचिकाओं पर गौर करेगी। पीठ ने केंद्र से छह सप्ताह के भीतर अपना जवाब दाखिल करने को कहा और मामले की अगली सुनवाई पांच अगस्त को नियत की। याचिकाकर्ताओं से पीठ ने कहा कि इस समय हम कानून पर रोक नहीं लगा सकते।

## आबकारी नीति मामले में ईडी ने केजरीवाल को किया गिरफ्तार

### गिरफ्तारी के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंची आप, सुनवाई की अपील

नई दिल्ली, एजेंसी



मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास के बाहर तैनात सुरक्षाकर्मी। ● एजेंसी

- ईडी ने मुख्यमंत्री के आवास पर ली तलाशी, दो घंटे तक पूछताछ

दिल्ली हाईकोर्ट द्वारा मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को राहत देने से इनकार करने के कुछ घंटों बाद, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की एक टीम गुरुवार शाम यहां उनके आवास पर तलाशी लेने पहुंची और उन्हें आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में जांच में शामिल होने के लिए समन सौंपा। तकरीबन दो घंटे की पूछताछ के बाद ईडी ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। इससे पहले ईडी की छह सदस्यीय टीम, दिल्ली पुलिस के कर्मियों साथ राजधानी में फ्लैगस्टाफ रोड स्थित केजरीवाल के आवास पर पहुंची।

ईडी की कार्रवाई की जानकारी पाकर भारी संख्या में आम आदमी पार्टी (आप) के कार्यकर्ता, समर्थक मुख्यमंत्री के आवास पर पहुंच गए और नारेबाजी शुरू कर दी। हंगामा बढ़ता देखकर पुलिस ने तमाम कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया है। इनमें कई विधायक भी बताए जा रहे हैं। उधर केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ आप सुप्रीम कोर्ट पहुंची है और रात में ही सुनवाई की मांग की है। सूत्रों के अनुसार गिरफ्तारी के बाद केजरीवाल को मेडिकल के लिए ले जाया जा रहा है। ईडी शुक्रवार को उन्हें कोर्ट में पेश करेगी। हाईकोर्ट ने केजरीवाल को आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में दंडात्मक कार्रवाई से राहत प्रदान करने से इनकार कर दिया। इस बीच, केजरीवाल ने हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। ईडी टीम के पहुंचने के तुरंत बाद केजरीवाल के आवास पर पहुंचे आप नेता और दिल्ली के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने संवाददाताओं से कहा कि ईडी छापेमारी कर रही है। मुझे अंदर जाने की अनुमति नहीं दी गई।

ईडी के अधिकारी केजरीवाल के आवास पर पहुंचे, दिल्ली पुलिस और आरएएफ तथा सीआरपीएफ के कर्मियों को मुख्यमंत्री आवास के आसपास तैनात किया गया। ईडी ने आप समर्थकों के विरोध प्रदर्शन की आशंका के चलते अतिरिक्त सुरक्षा उपायों की मांग की थी। इससे पहले केजरीवाल को ईडी ने नौ बार समन भेजा था लेकिन वह पेश नहीं हुए। यह मामला 2021-22 के लिए दिल्ली सरकार की आबकारी नीति को तैयार करने और क्रियान्वित करने में कथित भ्रष्टाचार और धन शोधन से संबंधित है। बाद में इस नीति को रद कर दिया गया था।

## कांग्रेस को आर्थिक रूप से पंगु करने की हो रही कोशिश

नई दिल्ली, एजेंसी



- बैंक खाता सीज किए जाने पर पार्टी के वरिष्ठ नेता हुए मुखर
- खाते में 285 करोड़ रुपये लेकिन चुनावी खर्च के लिए संकट
- पार्टी अध्यक्ष खरगे, सोनिया व राहुल गांधी केंद्र पर हमलावर

कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के बीच पार्टी के बैंक खाते सीज करने को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा गृहमंत्री अमित शाह की आपराधिक कार्रवाई करार देते हुए गुरुवार को कहा कि इस तरह की कार्रवाई सोची समझी रणनीति का हिस्सा है और इसका मकसद कांग्रेस को आर्थिक रूप से पंगु बनाना है। । कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस सांसदीय दल की नेता सोनिया गांधी, कोषाध्यक्ष अजय माकन तथा पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने यहां कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित विशेष सयुंक्त संवाददाता सम्मेलन में गुरुवार को कहा कि उसके खाते सोजी समझी रणनीति के तहत और मोदी तथा शाह की सह पर सीज किए गए हैं ताकि कांग्रेस को आर्थिक रूप से पंगु बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि पार्टी के बैंक खाते में 285 करोड़ रुपये जमा हैं लेकिन चुनाव के वक्त उस पैसे का इस्तेमाल खाते सीज होने की वजह से नहीं किया जा सकता है।

पार्टी के लिए बैनर, पोस्टर छपवाने तथा प्रचार का काम करना मुश्किल हो गया है और यह कदम साजिश के तहत उठाया गया है। इससे लोकतांत्रिक अधिकारों को खत्म किया जा रहा है और जो अवसर एक राजनीतिक दल को लोकतंत्र में मिलने चाहिए उसे खत्म किया जा रहा है। खरगे ने कहा कि 18वीं लोकसभा के आम चुनाव की घोषणा हो चुकी है। एक ओर साज़िशन मुख्य विपक्षी दल के खाते सीज कर रहे हैं और दूसरी ओर मौजूदा सत्ताधारी दल ने चुनावी बॉण्ड से चुनावी चंदा लेकर अपने अकाउंट भर लिए हैं। यह सत्ताधारी दल द्वारा समान अवसर को खत्म करने के लिए एक ख़तरनाक खेल खेला गया है।

#### आसन्न हार से हताश कांग्रेस बहाने बना रही

**नई दिल्ली।** भाजपा ने बैंक खातों को 'फ्रीज' करने के कांग्रेस के आरोपों को गुरुवार को खारिज कर दिया और दावा किया कि आगामी लोकसभा चुनाव में आसन्न हार को देखते हुए वह पूरी तरह से हताशा में बहाने बना रही है। भाजपा नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाताओं से कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर इस मुद्दे पर झूठ बोलने का आरोप लगाया और सोनिया गांधी पर भी निशाना साधते हुए कहा कि दोनों ने अपनी गैरजिम्मेदाराना टिप्पणियों से वैश्विक स्तर पर भारतीय लोकतंत्र को शर्मसार किया है। प्रसाद ने कहा कि कांग्रेस ने समय पर आयकर रिटर्न दाखिल नहीं किया, जिसके कारण उसके खाते फ्रीज किए गए।

## जेल के खाने में मुझे दे रहे जहर : मुख्तार

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

- अदालत में गुहार, मेडिकल बोर्ड बनाकर कराएं मेरा इलाज
- एमपी-एमएलए कोर्ट में मुख्तार के वकील ने लगाई अर्जी



**अमृत विचार :** बाराबंकी में अपर सत्र न्यायाधीश कमलकांत श्रीवास्तव के एमपी-एमएलए कोर्ट नंबर 4 पर गुरुवार को गैंगस्टर मुख्तार अंसारी की फर्जी एंबुलेंस मामले में पेशी हुई। जिसमें मुख्तार तो पेश नहीं हुआ लेकिन उसके वकील ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र दिया जिसमें मुख्तार की तरफ से लिखा गया कि 19 मार्च की रात उसे खाने में विषाक्त पदार्थ दिया गया था। जिससे उसकी तबीयत खराब हो गई। वर्चुअल पेशी में बांदा जेल के डिप्टी जेलर महेंद्र सिंह हाजिर हुए। उन्होंने इस बात की पुष्टि की कि मुख्तार बीमार है। जिसकी वजह से वह सुनवाई में पेश होने में असमर्थ है। कोर्ट ने मामले में 29 मार्च की अगली तारीख लगा दी।

मुख्तार अंसारी के वकील रणधीर सिंह सुमन ने बताया कि प्रार्थनापत्र में मुख्तार की तरफ से लिखा गया है कि खाने में धीमा जहर दिया जा रहा है। ऐसा लग रहा है कि उसका दम निकल जाएगा। खाने के बाद से ज्यादा घबराहट हो रही है। जबकि इससे पहले स्वास्थ्य पूरी तरह से ठीक था। इसलिए डाक्टरों की टीम बनाकर उसका सही इलाज करवाया जाए। मुख्तार ने आरोप लगाया कि 40 दिन पहले भी उसे इसी तरह खाने में विषाक्त पदार्थ दिया गया था जिससे उसका स्वास्थ्य बिगड़ गया था। समुचित इलाज कराने के साथ ही एक मेडिकल बोर्ड बनाकर जांच कराने की मांग की है। दरअसल फर्जी एंबुलेंस मामले में 24 मार्च 2022 को तत्कालीन डीएम डा. आदर्श सिंह ने मुख्तार अंसारी के खिलाफ गैंगस्टर केस को मंजूरी दी थी। इसके बाद 25 मार्च 2022 को तत्कालीन शहर कोतवाल ने मुख्तार व उसके 12 अन्य सहयोगियों के खिलाफ गैंगस्टर का मुकदमा दर्ज कराया था। अब इस मामले का ट्रायल एमपीएमएलए कोर्ट में हो रहा है।

## 67,450 रुपये के नए रिकॉर्ड स्तर पर सोना

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बुधवार को सोने का भाव मजबूत वैश्विक रुझानों के बाद 1,130 रुपये के उछाल के साथ 67,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड उच्चस्तर पर पहुंच गया। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 66,320 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 1,100 रुपये की तेजी के साथ 77,750 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई। इससे पिछले कारोबारी सत्र में यह 76,650 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषक दिलीप परमार ने कहा कि दिल्ली के बाजारों में सोने की हाजिर कीमत (24 कैरेट) 67,450 रुपये प्रति 10 ग्राम पर थी।

## भोजशाला परिसर का आज से सर्वेक्षण करेगा एएसआई

इंदौर, एजेंसी

- सर्वेक्षण के मद्देनजर किए गए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के आदेश के मुताबिक भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) धार के विवादास्पद भोजशाला परिसर का वैज्ञानिक सर्वेक्षण शुक्रवार अलसुबह से शुरू करेगा।

एएसआई की ओर से स्थानीय पुलिस और प्रशासन को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि हाईकोर्ट की इंदौर पीठ के आदेश के अनुसार भोजशाला परिसर का पुरातत्व सर्वेक्षण या वैज्ञानिक जांच अथवा खुदाई 22 मार्च (शुक्रवार) की अलसुबह से शुरू की जाएगी। धार के पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिंह ने एएसआई का यह पत्र मिलने की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि भोजशाला परिसर में एएसआई के सर्वेक्षण के मद्देनजर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। एएसआई के संरक्षित ऐतिहासिक भोजशाला परिसर को हिन्दू वाग्देवी (सरस्वती) का मंदिर मानते हैं, जबकि मुस्लिम समुदाय इसे कमाल मौला की मस्जिद बताता है। उच्च न्यायालय की इंदौर पीठ ने 11 मार्च को एएसआई को वैज्ञानिक सर्वेक्षण निर्देश दिए थे।

**इनसे सीखें** डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के पर्यावरण विज्ञान के प्रोफेसर निभा रहे नदियों के संरक्षण की जिम्मेदारी

## कुकरैल को दिलाया नदी का दर्जा, अब नदियों का संरक्षण

### विश्व जल संरक्षण दिवस आज

- जल संरक्षण और नदी पुनर्जीवन लिए मिला भगीरथ प्रयास सम्मान और राज्य भूजल पुरस्कार

जीशान कदीर, लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ के कुकरैल को नदी का दर्जा दिलाने वाले बीबीएयू के प्रोफेसर अब छात्रों को नदी संरक्षण का पाठ पढ़ा रहे हैं। पर्यावरण विज्ञान के अध्येता को नदियों के संरक्षण के लिए शासन ने अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंपी है। इन्हें जल संरक्षण को लेकर कई अवार्ड भी मिल चुके हैं। बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के पर्यावरण विज्ञान के प्रो. वेंकटेश दत्ता बताते हैं कि उनका प्रयास जल संसाधन प्रबंधन से जुड़ा हुआ है। प्रदेश में नदियों के संरक्षण की अत्यधिक आवश्यकता है। इसलिए कैचमेंट प्लानिंग, नदी पुनर्स्थापन और इको-हाइड्रोलॉजी पर विशेष जोर दिया जा रहा है। राज्य जल नीति 2020 की प्रारूप समिति के सदस्य का कहना है कि उप्र में 75 छोटी नदियों को पुनर्जीवित करने के प्रयास आरंभ हो गए हैं। हाल में इसका प्रमाण लखनऊ की कुकरैल नदी को संरक्षित किया जाना है। जल संरक्षण के सार्थक प्रयासों को लेकर प्रो. दत्ता को वर्ष 2022 में भगीरथ प्रयास सम्मान और राज्य भूजल पुरस्कार दिया जा चुका है।



#### रोज लगती है पाठशाला हजारों ऑनलाइन छात्र

प्रोफेसर दत्ता यमुना नदी के किनारे छात्रों की पाठशाला लगा रहे हैं। इसमें पहले विश्वविद्यालय के ही छात्र जुड़े थे। संरक्षण की मुहिम इतनी कारगर हुई कि ये संख्या ऑनलाइन व्यवस्था के सहारे हजारों में पहुंच गई है।

#### 13 वर्षों से जारी है नदी पुनरुद्धार मुहिम

उप्र में गोमती, घाघरा, राप्ती बेसिन की 17 नदियों और छोटी धाराओं के पुनरुद्धार पर वर्ष 2011 से कार्य कर रहे प्रो. दत्ता बताते हैं कि 960 किमी की यात्रा करके 27 सहायक नदियों का दस्तावेजीकरण पूरा किया है। 75 छोटी नदियों को पुनर्जीवन मिला है।

#### 25 देशों में दिया जल संरक्षण का संदेश

अमेरिका के फुलब्राइट स्कॉलर और इंग्लैंड के ब्रिटिश शेवेनिंग फेलो रहे प्रोफेसर दत्ता ने 25 से अधिक देशों की यात्रा कर जल संरक्षण का संदेश दिया है। अमेरिका के मैरीलैंड विश्वविद्यालय से पोस्ट-डॉक्टोरल अनुसंधान कर उप्र के 2019 भूजल विधेयक के साथ केंद्र सरकार की विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं नवाचार नीति 2020 का मसौदा तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

#### दुनिया के 50 प्रदूषित शहरों में 13 यूपी के

दुनिया के 50 प्रदूषित शहरों में 13 शहर यूपी के भी हैं। इनमें नोएडा, गाजियाबाद के अलावा लखनऊ को प्रदूषित शहरों की सूची में जोड़ा गया है। मेरठ, बरेली, बुलंदशहर, हापुड़, पीलीभीत, सहारनपुर, संभल, शाहजहांपुर, बदायूं, फतेहपुर जनपद भी उक्त सूची में शामिल हैं।





# क्रिकेट के जलसे में दिखेगा भारत के सितारों का जलवा


**चेन्नई सुपर किंग्स छठे खिताब के प्रबल दावेदारों में होगी**

**पांच खिताब जीतने वाली मुंबई इंडियंस पिछले तीन साल से ट्रॉफी नहीं जीत सकी है**

**महेंद्र सिंह धोनी और रोहित शर्मा पांच बार आईपीएल खिताब जीतने वाले कप्तान**

**दो बार की विजेता केकेआर के पास श्रेयस अय्यर, रिंकू सिंह और आंद्रे रसेल जैसे धुरंधर**

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** महेंद्र सिंह धोनी के संन्यास को लेकर कभी खत्म नहीं होने वाली अटकलें, 16 साल से खिताब नहीं जीत पाने की विराट कोहली की कसक, जिंदगी से दूसरा मौका पाकर मैदान पर उतर रहे ऋषभ पंत और कप्तानी छिनने का रोहित शर्मा का दर्द। ये सारी कहानियां शुक्रवार से शुरू हो रहे ताबड़तोड़ क्रिकेट के महासमर को और रोचक बनाने के लिये काफी होंगी। दर्शकों के चहेते रोहित अपने बल्ले से सारे मलाल निकालने को आतुर होंगे। 'किंग कोहली' की नजरें खिताब पर होंगी, जिसके लिये वह 16 साल से इंतजार कर रहे हैं। एक ही टीम के लिये शुरू से खेल रहे आईपीएल के इकलौते खिलाड़ी कोहली का जुनून उनकी टीम के लिये टॉनिक का काम करेगा। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर की महिला टीम ने हाल ही में महिला प्रीमियर लीग खिताब जीता है। कम से कम 10 से 12 खिलाड़ी चयनकर्ताओं के सामने अपनी उपयोगिता साबित करने को बेताब होंगे ताकि अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी20 विश्व कप का टिकट कटा सकें। पूरी दुनिया को क्रिकेट के रंग में रंगने वाले इस सालाना जलसे में कुछ खिलाड़ी वापसी करेंगे तो कुछ नये सितारे उभरेंगे, कुछ फर्श से अर्श तक की कहानियां निकलेंगे तो कई सितारे जमींदोज भी हो सकते हैं। एक ओवर में इस खेल में तकदीरें बदल जाया करती हैं। हर मैच के बाद खिलाड़ियों को सोशल मीडिया की बेरहमी भी झेलनी होगी। पैट कमिंस (सनराइजर्स हैदराबाद) और मिचेल स्टार्क (कोलकाता नाइट राइडर्स) जैसे महंगे बिके खिलाड़ियों पर अपेक्षाओं पर खरे उतरने का भारी दबाव होगा। एक बार फिर चेन्नई सुपर किंग्स छठे खिताब के प्रबल दावेदारों में होगी। उनके चहेते 'थाला' को विषम परिस्थितियों से निकलकर जीत हासिल करने का शऊर बखूबी आता है। रचिन रविंद्र को अपने हुनर को निखारने का मौका मिलेगा। तेज गेंदबाजी का दारोमदार दीपक चाहर पर होगा। टीम में रूतुराज, मोईन अली और रविंद्र जडेजा जैसे धुरंधर भी हैं। वहीं 2020 तक पांच खिताब और पिछले तीन साल से ट्रॉफी नहीं जीत पाने ने मुंबई इंडियंस को कप्तान बदलने के लिये मजबूर किया। हार्दिक पंड्या के सामने सिर्फ खिताब जीतने ही नहीं बल्कि ड्रेसिंग रूम में सभी के दिल जीतने की भी जिम्मेदारी होगी। अगर वह ऐसा कर पाते हैं तो आधी जंग जीत जायेंगे क्योंकि मुंबई के पास इतनी बेहतरीन बल्लेबाजी है कि गेंदबाजी की कमियां भारी नहीं पड़ेगी। आरसीबी के लिये सबसे बड़ी प्रेरणा महिला टीम की खिताबी जीत है। कोहली रन भले ही कम बनायें लेकिन खिताब हर हालत में जीतना चाहते हैं। धोनी और रोहित पांच बार खिताब जीत चुके हैं। केकेआर भी दो बार चैम्पियन रह चुकी है। कोहली अकेले खिताब नहीं जीत सकते। इसके लिये दिनेश कार्तिक, फाफ डु प्लेसी, ग्लेन मैक्सवेल को भी अच्छा खेलना होगा। केकेआर खेमे में गौतम गंभीर की वापसी हुई है जिनका जीत का जुनून जगजाहिर है। उनके और कोहली के बीच हुई लड़ाई कौन भूल सकता है। केकेआर के जाने पहचाने डगआउट में उनकी मौजूदगी कमाल कर सकती है। केकेआर के पास श्रेयस अय्यर, नीतिश राणा, रिंकू सिंह और आंद्रे रसेल जैसे धुरंधर है। लखनऊ सुपर जाइंट्स के पास गंभीर के जाने के बाद जस्टिन लैंगर के रूप में नया कोच है और टीम प्लेआफ से आगे जाना चाहेगी। दिल्ली कैपिटल्स के लिये पंत की वापसी ट्रंपकार्ड साबित हो सकती है। गुजरात टाइटंस के पास इस बार हार्दिक पंड्या और मोहम्मद शमी नहीं है। राजस्थान रॉयल्स के पास यशस्वी जायसवाल, संजू सैमसन, ध्रुव जुरेल और जोस बटलर जैसे बल्लेबाज है। वहीं पैट कमिंस की सनराइजर्स हैदराबाद और शिखर धवन की पंजाब किंग्स भी बेहतर प्रदर्शन करना चाहेंगी।



मैच : 237
रन : 7263
औसत : 37
स्ट्राइक : 130
शतक 07
अर्धशतक 50

मैच : 250
रन : 5082
औसत : 39
स्ट्राइक : 136

मैच : 123
रन : 2309
औसत : 30
स्ट्राइक : 146

मैच : 243
रन : 6211
औसत : 30
स्ट्राइक : 130
शतक 01
अर्धशतक 42

## खेल डायरी

### अशोक, परमजीत पेरिस पैरालम्पिक के लिए क्वालीफाई

**नयी दिल्ली।** एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता अशोक और परमजीत कुमार ने मिस्र में चल रहे पैरा पावरलिफ्टिंग विश्व कप में रजत पदक जीतकर पेरिस पैरालम्पिक के लिये क्वालीफाई कर लिया। मनप्रीत कौर ने 41 किलो वर्ग में 86 किलो वजन ठाकर कांस्य पदक जीता। अशोक ने 192 और 196 किलो वजन उठाकर रजत पदक जीता। वहीं 49 किलो वर्ग में परमजीत ने 160 और 166 किलो वजन उठाया और मामूली अंतर से स्वर्ण से चूक गए।

### एडम जम्पा ने आईपीएल 2024 से नाम लिया वापस

**नयी दिल्ली।** राजस्थान रॉयल्स टीम के ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर एडम जम्पा ने निजी कारणों का हवाला देते हुए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के इस सत्र से अपना नाम वापस ले लिया है। ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर जम्पा के मैनेजर ने गुरुवार को इस बात की पुष्टि करते कहा कि वह आईपीएल 2024 में हिस्सा नहीं लेंगे। जम्पा को नीलामी से पहले राजस्थान रॉयल्स ने अपनी टीम में रिटेन किया था। पिछले वर्ष खेले एकदिवसीय विश्वकप के बाद से जम्पा का कार्यक्रम व्यस्त रहा।

### पाकिस्तान के पूर्व कप्तान सईद अहमद का निधन

**लाहौर।** पाकिस्तान के पूर्व टेस्ट कप्तान और अपने समय के धुरंधर बल्लेबाज सईद अहमद का यहां 86 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। अहमद ने 41 टेस्ट खेलकर पांच शतक और 16 अर्धशतक समेत 2991 रन बनाये थे। उन्होंने आफ स्पिन गेंदबाजी से 22 विकेट भी लिये थे। उन्होंने 1958 में ब्रिजटाउन में वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट के जरिये पदार्पण किया था।

## गायकवाड़ को सौंपी सीएसके की कमान

**चेन्नई, एजेंसी**

चेन्नई सुपर किंग्स के प्रशंसकों के 'थाला' महेंद्र सिंह ने इंडियन प्रीमियर लीग के पहले मैच की पूर्व संध्या पर टीम की कप्तानी रूतुराज गायकवाड़ को सौंप दी जिससे बतौर खिलाड़ी भी इस सत्र में उनके खेलने को लेकर अटकलें लगनी शुरू हो गई है। आईपीएल ने एक्स पर पोस्ट करके इसकी जानकारी दी। चेन्नई सुपर किंग्स को शुक्रवार को पहले मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर से खेलना है। आईपीएल ने ट्रॉफी के साथ सभी कप्तानों की तस्वीर



जारी करते हुए लिखा, ''पेश है चेन्नई सुपर किंग्स के नये कप्तान रूतुराज गायकवाड़।'' सीएसके ने अपनी वेबसाइट पर एक बयान में कहा, ''एम एस धोनी ने चेन्नई सुपर किंग्स की कप्तानी टाटा आईपीएल 2024 की शुरूआत से पहले रूतुराज गायकवाड़ को दी। रूतुराज 2019 से चेन्नई टीम का अहम हिस्सा है और आईपीएल में 52 मैच खेल चुका है।'' ऐसी अटकलें हैं कि धोनी इस सत्र के बाद संभवतः खेल से विदा लेंगे लिहाजा उनकी मौजूदगी में टीम इस बदलाव की जरूरत महसूस कर रही होगी।

### मिथुन, निखिल और कृष्ण मोहन चयनकर्ता बनने की दौड़ में

**नयी दिल्ली।** भारत के पूर्व स्पिनर निखिल चोपड़ा, दिल्ली के अनुभवी बल्लेबाज मिथुन मन्हास और मौजूदा जूनियर चयनकर्ता कृष्ण मोहन सीनियर राष्ट्रीय टीम के लिए भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के चयनकर्ता बनने की दौड़ में शामिल हैं। बीसीसीआई ने जनवरी में पांच सदस्यीय चयन समिति में एक पद के लिए आवेदन मंगवाए थे। वर्तमान समय में पश्चिम क्षेत्र का प्रतिनिधित्व सलिल अंकोला और चयन समिति के अध्यक्ष अजित अगरकर कर रहे हैं। उत्तर क्षेत्र के प्रतिनिधि के लिए संभवतः अंकोला को अपना पद छोड़ना होगा। चेतन शर्मा के त्यागपत्र के बाद चयन समिति में उत्तर क्षेत्र का कोई प्रतिनिधि नहीं है।

## ओलंपिक में शरत होंगे भारत के ध्वजवाहक

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

अनुभवी टेबल टेनिस खिलाड़ी और राष्ट्रमंडल खेलों के चैंपियन शरत कमल इस साल होने वाले पेरिस ओलंपिक खेलों में भारत के ध्वजवाहक होंगे, जबकि दिग्गज मुक्केबाज एमसी मैरीकॉम को गुरुवार को देश के दल का प्रमुख (शेफ डी मिशन) नियुक्त किया गया। भारतीय ओलंपिक संघ ने यह घोषणा करते हुए बयान में कहा कि यह 41 वर्षीय टेबल टेनिस खिलाड़ी 'ओलंपिक में प्रतिस्पर्धा करते समय हमारे दल की एकता और भावना का प्रतीक है।' छह बार की विश्व चैंपियन और 2012 लंदन ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता मैरीकॉम के साथ शीतकालीन ओलंपिक खेलों में भाग लेने वाले शिवा केशवन को भारतीय दल का उप प्रमुख नियुक्त किया गया है। आईओए ने कहा, ''मैरीकॉम का खेलों के प्रति समर्पण और प्रेरणादायी यात्रा ओलंपिक में हमारे खिलाड़ियों का मार्गदर्शन करने के लिए स्वाभाविक पसंद बनाती है। केशवन के पास अपार अनुभव तथा टीम प्रबंधन के साथ काम करने का ज्ञान है।'' ओलंपिक कांस्य पदक विजेता निशानेबाज गगन नारंग भारतीय टीम का संचालन करेंगे।



### अंश 'फ्यूचर कैटिगरी' का खिताब जीतने वाले पहले भारतीय

**मुंबई।** ग्यारह वर्षीय अंश नेरुरकर प्राग अंतरराष्ट्रीय शतरंज महोत्सव के 'फ्यूचर कैटिगरी' का खिताब जीतने वाले पहले भारतीय बन गए हैं। इस युवा खिलाड़ी ने इसके साथ ही ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा के साथ मिलकर सर्वश्रेष्ठ टीम का पुरस्कार भी हासिल किया। नेरुरकर ने नौ दौर की प्रतियोगिता में आठ अंक बनाए। उन्होंने इस दौरान सात बाजियां जीती जबकि दो बाजियां ड्रॉ खेली। इस शानदार प्रदर्शन की बदौलत उन्हें 132 रेटिंग अंक मिले जिससे उनके कुल अंक की संख्या 1786 हो गई है। यहां जारी विज्ञप्ति के अनुसार नेरुरकर ने इसके साथ ही कैंडिडेट मास्टर प्रतियोगिता के लिए भी क्वालीफाई किया।



## बॉलीवुड हलचल

## हॉरर कॉमेडी होगी श्रेयस और तुषार की फिल्म 'कपकपी'



**मुंबई, एजेंसी।** रोहित शेट्टी की 'गोलमाल' सीरीज की धमाकेदार जोड़ी श्रेयस तलपड़े और तुषार कपूर एक बार फिर साथ नजर आने वाले हैं। उनकी अपकमिंग हॉरर कॉमेडी फिल्म 'कपकपी' का मोशन पोस्टर रिलीज किया गया है। 'क्या कूल हैं हम' और 'अपना सपना मनी मनी' जैसी कॉमेडी फिल्मों के फेमस डायरेक्टर संगीत सिवन इस फिल्म में हंसी के साथ-साथ कुछ डर और रोमांच भी दिखाने वाले हैं। 'कपकपी' जयेश पटेल द्वारा ब्रावो एंटरटेनमेंट के बैनर तले प्रोड्यूस होगी। फिल्म की कहानी सौरभ आनंद और कुमार प्रियदर्शी ने लिखी है। फिल्म जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज होगी। बता दें, फिल्म की रिलीज डेट की अनाउंसमेंट अब तक नहीं हुई है। श्रेयस तलपड़े ने 'कपकपी' को लेकर कहा- 'कपकपी' मेरी बाकी फिल्मों से काफी अलग है। उन्होंने बताया कि आजकल, कई थ्रिलर, डार्क या देशभक्ति वाली फिल्मों का चलन बढ़ गया है तो हम दर्शकों के लिए एक वास्तविक हॉरर कॉमेडी फिल्म लाए हैं। जो दर्शकों को हंसाकर लोट-पोट कर देगी। तुषार कपूर और श्रेयस तलपड़े के अलावा फिल्म में सोनिया राठी, सिद्धी इदनानी, जय ठक्कर, वरुण पांडे, धीरेंद्र तिवारी, दिनेश शर्मा और अभिषेक कुमार सहित कई मंझे हुए एक्टर्स नजर आएंगे।



## एक्ट्रेस सपना चौहान परेशान होकर बोलीं- 'आहि रे दिदिया'

**मुंबई, एजेंसी।** देशभर में होली का खुमार सर चढ़कर बोलता है। लोग इस त्योहार का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस कड़ी में भोजपुरी स्टार्स भी पीछे नहीं हैं। वो एक महीने पहले से ही रंगों से सराबोर माहौल बनाए हुए हैं। एक के बाद एक गाने धमाकेदार गाने रिलीज कर रहे हैं। इसी बीच अब भोजपुरी के यंग स्टार अंकुश राजा का नया गाना रिलीज होते ही छा गया है। ये एक होली स्पेशल गीत है। इसका टाइटल 'आहि रे दिदिया' है। अंकुश के इस वीडियो को डेढ़ मिलियन से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं। गाना इंटरनेट पर धमाल मचा रहा है। इसमें अंकुश के साथ एक्ट्रेस सपना चौहान हैं। उन्होंने साली का रोल प्ले किया है। ऐसे में होली के मौके पर अंकुश साली को पाकर खुशी झूम उठे हैं और वो होली मनाने के लिए उतावले हुए जा रहे हैं। इसमें दोनों एक्टर्स के बीच कमाल की केमिस्ट्री और डांस मूव्स देखने के लिए मिल रहे हैं। लहंगे में एक्ट्रेस की खूबसूरती देखते ही बन रही है।

## चोली के पीछे... गाने में बेबो का डांस देख भड़के लोग

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर, कृति सैनन और तब्बू की आने वाली फिल्म 'क्रू' का गाना 'चोली के पीछे क्या है' रिलीज हो गया है। सुपरहिट फिल्म खलनायक में माधुरी दीक्षित पर गाना 'चोली के पीछे क्या है...' फिल्माया गया था अब इसे फिर से रीक्रिएट किया गया है जो कुछ लोगों को बिल्कुल पसंद नहीं आया है। माधुरी के फैन इस गाने को लेकर काफी नाराज नजर आ रहे हैं। फिल्म 'क्रू' में यह गाना करीना कपूर पर फिल्माया गया है। इस गाने के म्यूजिक को अक्षय और आईपी ने रीक्रिएट किया है। गायक दिलजीत दोसांझ, आईपी सिंह, अल्का याग्निक और ईला अरुण हैं। लिरिक्स भी आईपी सिंह ने लिखे हैं। इस गाने में करीना ने धक-धक गर्ल माधुरी दीक्षित को टक्कर देने की कोशिश तो की पर वह कामयाब नहीं हो पाई। इस गाने में करीना कपूर खान पिंक रेशमी साड़ी में अपना बोल्ड लुक दिखाती नजर आ रही हैं। वहीं रियल गाने की बात करें तो इसमें डांस क्वीन माधुरी दीक्षित का जबरदस्त डांस देखने को मिला था। यह गाना आज भी लोगों की यादों में सिर्फ इसलिए बसा है, क्योंकि इसे शानदार तरीके से कंपोज किया गया। 'चोली के पीछे' गाने को प्रसिद्ध गीतकार आनंद बख्शी ने लिखा था जबकि अनुभवी संगीत निर्देशकों की जोड़ी लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल ने इसका संगीत दिया था।



स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com. आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

## एक नजर

### वाहन की टक्कर से साइकिल सवार घायल

**पुखरायां।** बढ़ौली मोड़ के समीप अज्ञात वाहन की टक्कर से साइकिल सवार घायल हो गया। भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के सुखसौरा गांव निवासी रामकिशन साइकिल से अपने घर जा रहा था। तभी बढ़ौली मोड़ के समीप किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने घायल को उपचार के लिए सीएचसी पुखरायां में भर्ती कराया।

### मुर्रा में कथा समापन के बाद भंडारे का आयोजन

**डेरापुर।** गुरुवार को मुर्रा गांव में चल रही भागवत कथा के समापन के बाद आयोजित विशाल भंडारे में क्षेत्र के बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। कथा आयोजक सावन शर्मा ने बताया कि प्रतिवर्ष श्रीमदभागवत कथा का कार्यक्रम होता है और बाद में विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता है। इस दौरान ग्राम प्रधान मुर्रा बाबू कुशवाहा, अनिल कुशवाहा, कुलदीप सिंह, राघवेंद्र सिंह सेंगर, चंदर कश्यप, विकास सिंह राठौड़ सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण रहे।

### मंडी समिति परिसर की झाड़ियों में लगी आग

**रूरा।** मंडी समिति में खड़े छोटे साख के पेड़ और घास आग गई। सूचना पर थाना पुलिस ने आग पर काबू पाया। थाना प्रभारी एसएन सिंह ने बताया कि मंडी समिति रूरा में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। चौकी इंचार्ज राकेश सिंह, दरोगा राजेश सिंह के साथ घटना स्थल पर पहुंच गए और अग्निशमन को सूचना दी। उन्होंने पेड़ की टहनियों से आग बुझाना शुरू कर दिया। करीब बीस मिनट के बाद आग पर काबू पाया गया।

### बदायूं कांड को लेकर बजरंग दल ने सौंपा ज्ञापन

**रसूलाबाद।** राष्ट्रीय बजरंग दल के प्रांत उपाध्क्षय अरविंद सिंह सेंगर ने कार्यकताओं के साथ गुरूवार को एसडीएम कार्यालय पहुंचकर बदायूं में हुई मासूम बच्चों की हत्या की घटना को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम नीलमा यादव को सौंपकर आरोपियों पर कठोर कार्यवाही की मांग की। इस मौके पर संगठन के जिला मंत्री केपी सिंह ,विभाग अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह , जिलाध्यक्ष अमित कुमार रहे।

### जंगल में शराब बना रहा शातिर गिरफ्तार

**पुखरायां।** भोगनीपुर कोतवाली पुलिस ने गश्त के दौरान जंगल में शराब बना रहे एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। उसके पास से शराब व उपकरण बरामद हुए है। चौकी इंचार्ज देवीपुर धर्मेंद्र मलिक ने बताया कि जुनैदपुर गांव के जंगल में घनश्याम कुमार निवासी नारायनपुर थाना गजनेर को पकड़ा गया ।

# सावधान! बाजार में बिक रही मिलावटी गुझिया व मिठाइयां कर देंगी बीमार

## डॉक्टरों ने कहा, घातक रंगों का प्रयोग कैंसर जैसी गंभीर बीमारी दे सकता है

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात



रूरा क्षेत्र में भट्टियों पर बनता खोवा। अमृत विचार

**अमृत विचार।** अगर आप त्योहार पर गुझिया व मिठाइयां खाने के शौकीन हैं तो सतर्क हो जाइए। दुकानदार मिठाइयों को चमकाने और अधिक समय तक ताजा रखने के लिए सिंथेटिक कलर मिलाकर जहर बेच रहे हैं। इन मिठाइयों को खाने से पेट संबंधी कई गंभीर बीमारियां हो सकती हैं। डॉक्टरों का भी कहना है कि सिंथेटिक कलर मिले खाद्य पदार्थों को खाना स्वास्थ्य के लिए बहुत नुकसानदायक है।

खाद्य सुरक्षा विभाग ने रंग के मानक तय किए हैं, लेकिन कुछ कारोबारी मानकों को दरकिनार कर कचरी और चिप्स पापड़ में भी मानक के विपरीत रंग इस्तेमाल कर रहे हैं। होली से पहले इस तरह की मिठाइयों व चिप्स-पापड़ की डिमांड बढ़ जाती है। जिसका मिलावटखोर फायदा उठा रहे हैं। वहीं गुझिया बनाने के लिए खोवा की दुकानों पर भी लोगों की भीड़ देखी जा रही है। त्योहार का फायदा उठाकर व्यापारी लोगों को मिलावटी खोवा से बनी मिठाइयां व अधेमानक खाद्य सामग्री खिला रहे हैं। त्योहार पर रूरा क्षेत्र की दुकानों पर मिलावटी खोवा से बनी मिठाई सज गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब से दूध के भाव आसमान को छूने लगे। तभी से मिलावटी खोवा भी बड़ी मात्रा में बनने लगा है। गांव में घूम-घूमकर दूध एकत्र कर बेचने वाले व्यापारी अब फैट की मात्रा पर दूध खरीदते हैं। जिससे किसान को भी फायदा होता है।

मिलावटी खोवा मूल रूप से पाउडर व बेहद घटिया किस्म के रिफाइंड से तैयार किया जाता है। इससे जहां ईंधन की बचत होती है। वहीं समय की बर्बादी भी कम होती है और यह शुद्ध खोवा से 50 से 70 रुपये सस्ता होता है। जिसके कारण मुनाफा अधिक होता है। होली के रंग में भंग न पड़ने पाए। इसके लिए खाद्य सुरक्षा विभाग ने नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों में अभियान शुरू कर दिया है। साथ ही आम जन से जागरूक रहने की अपील की है। कुछ सावधानियां अपनाकर आमजन मिलावटी खाद्य पदार्थों के दुष्प्रभाव से बच सकते हैं। होली के मद्देनजर किराना की दुकानों पर रंगीन पापड़, कचरी, चिप्स की खेप पहुंच चुकी है। यही नहीं शुद्ध सरसों के तेल का दावा करने के नाम पर लोगों को विभिन्न कंपनियों के ब्रांडेड आयल बेचे जा रहे हैं, जो सेहत के लिए हानिकारक हैं। वहीं मिठाई की दुकानों पर मिलावटी खोवा की बिक्री धड़ल्ले से की जा रही है।

### ऐसे परखें खोवा और मिठाइयों की गुणवत्ता

मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी शैलेष दीक्षित का कहना है कि मिठाई की दुकान पर खोवा से निर्मित मिठाई की जांच आसानी से की जा सकती है। किसी भी मेडिकल स्टोर से आयोडीन सॉल्यूशन खरीद कर कुछ बूंद मिठाई पर डालें। खोवा में मिलावट होने पर उसका रंग नीला हो जाएगा। साथ ही चांदी वर्क लगी मिठाई के शुद्धता की पहचान करने के लिए चुटकी में तोड़कर रगड़ें। बालू जैसे महीन कण में बदल जाए, तो सही है। मिलावटी चांदी होने पर धागे जैसे छोटे टुकड़े में बंट जाएगा। बताया कि रंगीन कचरी व पापड़ से परहेज करें, क्योंकि इसमें घातक कैंसर कारक रंग कार्सिनोजेनिक मिला होता है।

### चोरी की तीन बाइकों समेत दो शातिर गिरफ्तार

**पुखरायां।** भोगनीपुर कोतवाली पुलिस ने गश्त के दौरान दो चोरों को चोरी की तीन बाइक के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से एक देशी तमंचा व कारतूस बरामद हुए हैं।

अमरौधा चौकी इंचार्ज शोभित कटियार ने बताया कि वह कांस्टेबल गौरव चौधरी, हर्ष चौधरी, बॉबी बलियान, सतेंद्र कुमार, शैलेंद्र चौधरी के साथ गश्त पर थे। तभी उन्हें सूचना मिली कि एक युवक कोतवाली क्षेत्र के नहर कोठी के पीछे कंचनमठी जाने वाले रास्ते पर पुलिया के नीचे चोरी की बाइकें लिए खड़ा है और उसका एक साथ भी आने वाला है। जिसपर उन्होंने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर छापेमारी की तो वह भागने लगा। जिसे घेर कर पकड़ा गया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम अभिषेक सिंह निवासी पटेल नगर उरई बताया। पुलिस ने उसकी तलाशी ली तो एक तमंचा व दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। आरोपी ने बताया कि वह अमित के साथ मिलकर बाइक चोरी करते है और फिर उन्हें बाहर ले जाकर बेच देते। आरोपी से पूछताछ के दौरान ही मौके पर एक और बाइक सवार आया। पुलिस ने उसे घेर कर पकड़ लिया। उसने अपना नाम अमित निवासी रंगीदा थाना उरई बताया।

## सार-संक्षेप



मास्टर ट्रेनरों को प्रशिक्षण देतीं सीडीओ लक्ष्मी एन.। अमृत विचार

### लोकसभा चुनाव के लिए मास्टर ट्रेनरों को दिया प्रशिक्षण

**कानपुर देहात।** जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन में सीडीओ लक्ष्मी एन. की अध्यक्षता में गुरुवार को विकास भवन सभागार कक्ष में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत 60 मास्टर ट्रेनर को ईवीएम व वीवी पैट मशीनों की जागरूकता एवं 20 मास्टर ट्रेनरों को सामान्य प्रशिक्षण के बारे में प्रशिक्षित किया गया। सीडीओ ने कहा कि चुनाव में मास्टर ट्रेनर्स की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इसलिए प्रशिक्षण को भली भांति ग्रहण करें। जिससे अन्य पीठासीन व मतदान अधिकारियों को बेहतर प्रशिक्षण प्रदान कर सके। इसमें किसी प्रकार की कोई उदासीनता ना बरती जाए। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग के दिशा निर्देश हैं। उसी अनुसार कार्य करें। इस मौके पर डीडीओ गोरखनाथ भट्ट, डीआईओएस अचल कुमार मिश्र व मास्टर ट्रेनर्स उपस्थित रहे।



जिला कारागार में बंदियों से जानकारी लेते अधिकारी। अमृत विचार

### बंदियों को बांटी सैनिटाइज व हाइजीन किट

**कानपुर देहात।** गुरुवार को जिला जज जयप्रकाश तिवारी, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हिमांशू कुमार, सीजेएम अलंकृता शक्ति त्रिपाठी, एडीएम केशव नाथ गुप्ता, एएसपी राजेश कुमार पांडेय ने माती जिला कारागार का त्रैमासिक निरीक्षण किया। अधिकारियों ने बैरकों में जाकर बंदियों से वार्ता कर उनकी समस्या व कारागार में उपलब्ध कराई जा रही व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान 250 गरीब विचाराधीन व दोषसिद्ध बंदियों को सैनिटाइज किट वितरित की गई। वहीं महिला बैरक में निरूद्ध महिला बंदियों के साथ रह रहे नौ बच्चों को कपड़े व गिफ्ट तथा 69 महिला बंदियों को हाइजीन किट बांटी गई।

### रूरा थाने में हुई पीस कमेटी की बैठक

**रूरा।** थाने में गुरुवार को त्योहारों के मद्देनजर एसडीएम सदर अवनीश कुमार की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन हुआ। उपस्थित लोगों को आदर्श आचार संहिता की जानकारी दी गई। साथ ही कस्बे के लोगों से सौहार्द्रपूर्ण तरीके से होली का त्योहार मनाने की अपील करते हुए कहा कि रंगों का होली में भाईचारा स्थापित करें। संवेदनशील जगहों पर पुलिस की निगरानी रखी जाएगी। इस दौरान थाना प्रभारी एसएन सिंह, निरीक्षक क्राइम सुरजीत सिंह, कस्बा इंचार्ज राकेश सिंह, राजेश यादव आदि मौजूद रहे।

### भटौली में अन्ना सांड़ ने चार को किया घायल

**रूरा।** क्षेत्र के भटौली गांव में आवारा सांड का आतंक इतना बड़ गया कि उसने गांव के चार लोगों को घायल कर दिया और जमकर उत्पात मचाया। जिससे लोग घरों में दुबक गए। ग्रामीणों ने थाने में पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद पुलिस ने पशुपालन विभाग के अधिकारियों को जानकारी दी। दोपहर में पहुंची टीम ने करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद सांड़ को पकड़ लिया। लोगों ने बताया कि सांड़ ने गुजर रहे दयाराम नाम के व्यक्ति को पटक दिया। जिससे वह घायल हो गए। उनको बचाने आए तीन अन्य लोगों पर भी सांड़ ने हमला कर दिया। यह देख लोग एकत्रित हुए और उसे भगाने का प्रयास किया, तो वह गली में घुस गया। पशु चिकित्साधिकारी डा आईए सिद्दीकी ने बताया कि सांड़ को पकड़ कर नंदी गौशाला अकबरपुर भिजवाया गया है।



आरती में शामिल महिलाएं व बच्चे। अमृत विचार

### यज्ञ से प्रसन्न होकर देवता देते मनोवांछित फल

**संदलपुर।** जलालपुर डेरापुर में चल रही भागवत कथा समापन के बाद गुरुवार को हवन पूजन व भंडारे का आयोजन किया गया। भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने आहुति डाली और प्रसाद ग्रहण किया। श्रीमदभागवत कथा का आयोजन जलालपुर डेरापुर के ग्रामीणों की ओर से कराया गया था। कथा व्यास पंडित शिवम कृष्ण महाराज ने सात दिन तक चली कथा में भक्तों को श्रीमदभागवत कथा की महिमा बताई। उन्होंने लोगों से भक्ति मार्ग से जुड़ने और सत्कर्म करने को कहा। बताया कि हवन यज्ञ से वातावरण एवं वायुमंडल शुद्ध होने के साथ-साथ व्यक्ति को आत्मिक बल मिलता है। व्यक्ति में धार्मिक आस्था जागृत होती है। दुर्गुणों की बजाय सद्गुणों के द्वार खुलते हैं। यज्ञ से देवता प्रसन्न होकर मनोवांछित फल प्रदान करते हैं। उन्होंने बताया कि भागवत कथा के श्रवण से व्यक्ति भव सागर से पार हो जाता है। श्रीमदभागवत से जीव में भक्ति, ज्ञान एवं वैराग्य के भाव उत्पन्न होते हैं। इसके श्रवण मात्र से व्यक्ति के पाप पुण्य में बदल जाते हैं। विचारों में बदलाव होने पर व्यक्ति के आचरण में भी स्वयं बदलाव हो जाता है। पूजन के बाद दोपहर को भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्राम प्रधान निधि कटियार, प्रधान प्रतिनिधि विनोद कटियार, किरन देवी, दीपक कटियार, लालजी, नरेंद्र सविता, महेंद्र पाल, मंटू सविता, गोरेलाल, लालू, राम नरेश, कैलाश नाथ, मो. नसीम, संदीप, प्रदीप तिवारी, पुष्पेंद्र तिवारी, डिंपल, अजय, ओमकार सविता, कल्लू, बाबा जी, छोटेलाल, छुन्नू दिवाकर, शील कुमार मौजूद रहे।

### तारावीह मुकम्मल होने पर इमाम का स्वागत

**मूसानगर।** रमजान के दस दिनों में तारावीह मुकम्मल होने पर छिपैठी मोहल्ला स्थित मदरसा इस्लामिया स्कूल में मजिस्द के इमाम हाफ़िज़ का फूल-माला पहनाकर स्वागत किया गया। तारावीह की नमाज़ के बाद इमाम हाफ़िज़ इसरार अहमद ने कहा कि सभी मुसलमानों को रमजान के पूरे महीने तरवीह पढ़नी चाहिए। ये सुन्नत है और पांचों वक्त की नमाज़ों की पाबंदी करनी चाहिए। रोज़ा पूरे महीने रखना चाहिए। इस दौरान गरीबों की मदद करें। ज़कात अदा करें और सदका फ़ित्र भी दे। इसके बाद मुल्क में अमन चैन की दुआ की गई। मोहम्मद हबीब पूर्व प्रधानाचार्य, सितारा मस्जिद के नायब इमाम हाफ़िज़ हसीब मदनी, फारूक सौदागर, अनस खान, हमराज सिद्दीकी, मौलाना राशिद नदवी, नौशाद खान, शोएब, शानू सिद्दीकी, नौशाद सौदागर, दिलशाद, ज़ीशान मंसूरी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### निर्वाचन व्यय के लिए अलग से बैंकों में खोले जाएंगे खाते

**कानपुर देहात।** गुरुवार को उप जिला निर्वाचन अधिकारी अमित कुमार ने बताया कि निर्वाचन अभ्यर्थियों को निर्वाचन व्यय प्रयोजन के लिए अलग से बैंक खाता खोले जाने के संबंध में विस्तृत निर्देश दिए गए हैं। निर्वाचन अभ्यर्थी द्वारा निर्वाचन व्यय के उद्देश्य से बैंक खाता स्वयं के नाम से या अपने निर्वाचन अभिकर्ता के साथ संयुक्त नाम से राज्य के किसी भी बैंक (सहकारी बैंक सहित) या डाकघर में खोला जा सकता है। निर्वाचन अभ्यर्थी व्यय से संबंधित किसी भी मद के लिए अदा की जाने वाली धनराशि दस हजार रुपये से अधिक नहीं है, तो ऐसे व्यय को उक्त बैंक खाते से निकासी कर नकद राशि के माध्यम से व्यय की जा सकती है।

### जेसीओ में चयनित होने पर महाविद्यालय में किया गया छात्र का अभिनंदन

**कानपुर देहात।** श्रीरामजानकी संस्कृत महाविद्यालय गौरियापुर के छात्र प्रभात शुक्ला का भारतीय सेना में जेसीओ (धर्मगुरु) पद पर चयन होने पर विद्यालय में अभिनंदन किया गया। रंगों के पर्व होली पर अभिनंदन कार्यक्रम में अध्यापकों व छात्रों ने एक-दूसरे को रंग लगाकर चयनित छात्र को शुभकामनाएं दी।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति-पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

# पूर्व एसओ व आरक्षी को तलब करने के लिए दिया प्रार्थना पत्र

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

- चार आरोपियों द्वारा साक्षी को तलब कर दोबारा जिरह का अवसर देने की मांग

**अमृत विचार।** बहुचर्चित बलवंत हत्याकांड में प्रथम सूचना रिपोर्ट के आरोपी तत्कालीन रनियां थाना प्रभारी शिव प्रकाश सिंह व एसओजी के तत्कालीन आरक्षी महेश गुप्ता को केश में अभियुक्त के रूप में तलब कर विचारण किए जाने के लिए न्यायालय में वादी अंगद सिंह की तरफ से प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया।

वहीं पुलिस कर्मी दुर्वेश कुमार, अनूप कुमार, ज्ञान प्रकाश पांडेय व राजेश सिंह की तरफ से अलग अलग प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर अभियोजन साक्षी गुड्डू उर्फ राघवेंद्र सिंह को तलब कर पुनः जिरह का अवसर प्रदान करने की प्रार्थना की गई। वादी अंगद सिंह के प्रार्थना पत्रों की नकलें आरोपियों को प्राप्त कराई गई।

दोनों पक्षों के प्रार्थना पत्रों की आपत्ति निस्तारण के लिए न्यायालय ने 28 मार्च की तिथि नियत करने का आदेश दिया है।यह जानकारी वादी पक्ष के अधिवक्ता जितेंद्र प्रताप सिंह चौहान ने दी।

उन्होंने बताया की पिछली तिथि को चश्मदीद गवाह मृतक के बलवंत सिंह के चचेरे भाई गुड्डू उर्फ राघवेंद्र सिंह के बयान न्यायालय में दर्ज किए गए थे। गवाह ने पांच आरोपियों प्रशांत कुमार गौतम, प्रशांत कुमार पांडेय, सोनू, दुर्वेश व अनूप कुमार को देख कर पहचान कर कहा कि उक्त ने घटना वाले दिन व समय पर मृतक बलवंत सिंह की गाड़ी की चाबी निकाली थी और बलवंत को मारते हुए रामजी को घसीट कर अपनी बोलेरो गाड़ी में बैठा लिया था। इसके बाद पिकअप सहित बलवंत व रामजी को लेकर चले गए थे।

उसने घटना की जानकारी अपने चाचा बलबीर सिंह को देने की बात कही थी। अधिवक्ता जितेंद्र चौहान ने बताया कि मामले में वादी अंगद सिंह व साक्षी बलबीर सिंह के पूर्व में बयान दर्ज हो चुके हैं। इस मामले की सुनवाई अपर जिला जज (पांच) दुर्गेश की न्यायालय में चल रही है।

# शिक्षकों पर कार्रवाई की रिपोर्ट पोर्टल पर पड़ेगी

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

- बीएसए ने तीन माह में 156 अनुपस्थित शिक्षकों पर कार्रवाई की कही बात

**अमृत विचार।** निरीक्षण के दौरान स्कूलों से गैर हाजिर रहने वाले शिक्षकों के विरुद्ध बीएसए ने क्या कार्रवाई की है। यह रिपोर्ट अब प्रेरणा पोर्टल पर अपलोड करनी होगी। इसके लिए महानिदेशक स्कूल शिक्षा ने बीएसए को पत्र भेजा है। जिससे महकमे में हड़कंप मचा हुआ है।

जिले के परिषदीय विद्यालयों में तैनात शिक्षकों की समय-समय पर जांच कर अनुपस्थित मिलने वाले पर कार्यवाही करने के निर्देश शासन ने जारी कर रखे हैं। इस क्रम में बीएसए समेत जनपद की सभी दस बीआरसी में तैनात खंड शिक्षा अधिकारियों द्वारा लगातार निरीक्षण किए जा रहा हैं। जांच के दौरान अनुपस्थित पाए गए शिक्षकों के विरुद्ध अब तक क्या कार्यवाही की गई है। इसे जानने के लिए शासन संजीदा दिख रहा है। मामले में महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने बीएसए को पत्र भेजकर निर्देशित किया है कि दिसंबर 2023 से 15 मार्च 2024 तक अनुपस्थित शिक्षकों के विरुद्ध की गई कार्रवाई को प्रेरणा पोर्टल पर तत्काल अपलोड कराना सुनिश्चित करें। आदेश में चेतावनी दी गई है कि इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता क्षम्य नहीं होगी।

# गोवर्धन उठाकर श्रीकृष्ण ने की गोकुल की रक्षा

पुखरायां संवाददाता

**अमृत विचार।** प्रभु श्रीकृष्ण ने एक उंगली से गोवर्धन पर्वत उठाकर गोकुलवासियों की रक्षा की और उन्होंने इंद्र का घमंड भी तोड़ दिया। यह बात श्याम नगर पुखरायां में चल रही श्रीमद्भागवत के दौरान कथावाचिक पूजा देवी ने कही।



कथावाचक पूजा देवी।

उन्होंने कहा कि जब भक्तों पर कष्ट आते हैं तो भगवान किसी न किसी का रूप धारण कर पृथ्वी पर अवतरित होते हैं। इसके पूर्व उन्होंने श्रीमद्भागवत के अंतर्गत राम कथा भी कही। बताया कि इंद्र को एक बार घमंड हो गया और उन्होंने देखा कि गोकुलवासी गोवर्धन की पूजा कर रहे हैं। इंद्र ने अपना क्रोध दिखाना शुरू किया और भयंकर बरसात कर सभी गोकुल वासियों को परेशान कर दिया। उनके अंदर भय प्राप्त कर दिया। कहा कि केवल पूजा इंद्र भगवान की होगी। गोकुलवासी दौड़े-दौड़े भगवान श्री कृष्ण के पास गए और उन्होंने एक उंगली से गोवर्धन पर्वत उठाकर सभी गोकुलवासियों को उसके नीचे आ जाने के लिए कहा। सभी उसके नीचे आ गए। जिससे उनके प्राणों की रक्षा हुई। साथ ही इंद्र का भ्रम भी टूट गया। जब किसी को अभिमान हो जाता है तो ईश्वर उसका अहंकार समाप्त कर देते है।

### डेरापुर निवासी ट्रक चालक की फतेहगंज पश्चिमी में मौत

**बरेली/फतेहगंज पश्चिमी:** कानपुर से हरिद्वार ट्रक लेकर जा रहे चालक की हाईवे के एक ढाबा पर कुर्सी से गिरने की वजह से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस खिरका सीएचसी लेकर गई, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। कानपुर देहात के डेरापुर झिनझक निवासी ट्रक चालक मुख्तार खान (64) बुधवार रात को कानपुर से ट्रक लेकर हरिद्वार के लिए निकला था। गुरुवार सुबह करीब चार बजे उसने हाईवे किनारे एक ढाबा पर ट्रक को खड़ा किया।ढाबे पर लगी कुर्सी पर बैठने के बाद लड़खड़ा कर गिरकर बेसुध गया, उसका सिर फर्श पर लगने से सिर खून बहने लगा। ढाबा संचालक की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे एंबुलेंस से खिरका सीएचसी भेजा।

# रमजान: पहला अशरा मुकम्मल, मांगी दुआ

संवाददाता राजपुर

**अमृत विचार।** पाक और मुकददस रमजान-उल-मुबारक में इबादत का सिलसिला जारी है। रोजेदार तय वक्त पर सूरज डूबने के दौरान पूरे दिन भूखे प्यासे रहकर रोजा रखकर खुदा की इबादत कर रहे हैं। इसी बीच गुरुवार को दसवें रोजे पर इस महीने का पहला अशरा पूरा हो गया। शुक्रवार से रमजान का दूसरा अशरा मगफिरत का शुरु होगा।

दरअसल इस्लामिक कैलेंडर के नौवें महीने यानि रमजान-उल-मुबारक को इबादत का महीने भी कहते हैं। इस महीने में इबादत करने का खास सवाब हासिल है। यह मुकददस महीने हर मुसलमान के लिए बहुत अहम है। इस पाक महीने के तीस रोजे के हर दस हिस्सा को अलग-अलग नाम दिया गया है। पहले 10 दिन रहमत के पहले अशरे का आगाज होता है। उसके बाद 10 रोजे को मगफिरत का नाम दिया गया है। आखिरी के 10 दिनों के अशरा जहन्नुम की आग से निजात के लिए होता है। हर अशरे में इबादत करके रोजेदार बरकत, रहमत और मगफिरत की दुआए मांगते है। राजपुर के पुरानी जामा मस्जिद के इमाम मौलाना नियामतउल्लाह के मुताबिक रमजान में हर इबादत का आम दिनों के मुकाबले 70 गुना ज्यादा सवाब हासिल होता है। रहमतों से भरा पहला अशरा गुरुवार को पूरा हो गया। अब दूसरा अशरा यानि मगफिरत का अशरा शुक्रवार से शुरू होगा।

### भूमि विवाद को लेकर सगे भाइयों के बीच मारपीट

**पुखरायां।** हारामऊ गांव निवासी दो भाइयों में जमीन बंटवारे को लेकर मारपीट हो गई। जिससे दोनों घायल हो गए। दोनों ने एक-दूसरे के विरुद्ध शिकायती पत्र दिया है।

भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के हारामऊ गांव निवासी रघुवीर ने पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए बताया की वह गांव के बाहर मकान बनवा रहा था। तभी उसका भाई चंद्रपाल व उसकी पत्नी सीमा आ गई और गाली गलौज करने लगी। जब उसने विरोध किया तो चंद्रपाल व उसकी पत्नी ने मारपीट शुरू कर दी। बीच बचाव करने आई उसकी पत्नी मीरा को भी मारापीटा। वहीं चंद्रपाल ने भी पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर छानबीन शुरू की है। वहीं घायलों को सीएचसी भेजा है।

खेती-किसानी

## गेहूं बिक्री में आने वाली समस्या का निराकरण करने के लिए स्थापित किया कंट्रोल रूम

# बटाईदार भी क्रय केंद्र पर बेच सकेंगे गेहूं

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात



**अमृत विचार।** इस बार एक मार्च से गेहूं खरीद शुरू हो गई है। प्रशासन ने गेहूं खरीद के लिए जनपद में 59 क्रय केंद्र बनाए हैं। जहां 2275 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से खरीद होगी। पिछले साल की अपेक्षा इस बार सरकार ने गेहूं के न्यूनतम समर्थन मूल्य में 150 रुपये का इजाफा किया है। इस बार बटाईदार भी पंजीकरण कराकर गेहूं बेंच सकते हैं।

किसानों से गेहूं बिक्री के लिए पंजीकरण कराने की प्रक्रिया चालू कर दी है। हालांकि, अभी गेहूं की फसल पूरी तरह से कट नहीं पाई है। जिससे अधिकारियों को खरीद के लिए कुछ दिन और इंतजार करना पड़ेगा। इसकी वजह से क्रय केंद्रों पर तैयारियां भी आधी-अधूरी हैं। खरीद के बैनर नहीं लगाए गए हैं। कुछ केंद्रों पर कांटे भी स्थापित नहीं हुए हैं। हालाकि गेहूं खरीदने के लिए सरकार के निर्देश पर प्रशासन ने पूरी तैयारी कर ली है। एक मार्च से जनपद में खरीद शुरू कर दी गई है। फसल की खरीद खाद्य विपणन, पीसीयू, भारतीय खाद्य निगम, पीसीएफ व यूपीएसएस करेंगी। हालांकि क्रय नीति के मुताबिक अन्य सुविधाओं में बढ़ोतरी की सकती है, जिसमें बाजार भाव ओर सरकारी मूल्य में विशेष अंतर न होने पर किसानों को केंद्रो तक बुलाने का भी प्रयास किया जाएगा। केंद्रों पर गर्मी से बचाव में किसानों के बैठने के लिए कुर्सियां, टेंट, साफ पानी आदि सुविधाएं होंगी। पिछले साल शासन ने प्रशासन को 55 हजार मीट्रिक टन गेहूं खरीद का लक्ष्य सौंपा था। जो 2125 रुपये प्रति क्विंटल की दर से खरीदा गया था। लेकिन इस साल सरकार ने गेहूं के न्यूनतम समर्थन मूल्य में 150 रुपये का इजाफा किया है।

जिला खाद्य विपणन अधिकारी राघवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि जिले में 59 खरीद केंद्र बनाए गए है। जिसमें अकबरपुर ब्लाक में नौ, सरवनखेड़ा चार, मैथा पांच, डेरापुर पांच झीझक सात रसूलाबाद नौ, राजपुर तीन संदलपुर चार, अमरौधा नौ व मलासा में चार गेहूं क्रय केंद्र अनुमोदित किए गए हैं। शासन द्वारा किसानों की सुविधा के लिए रबी विपणन वर्ष 2024-25 में बटाईदार व कॉंट्रैक्टर फार्मर से भी गेहूं की खरीद की अनुमति दी गई है। अब कोई भी बटाईदार व कॉन्ट्रैक्टर फार्मर ऑनलाइन पंजीकरण कराकर गेहूं बिकी कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि गेहूं विक्रय से संबंधित समस्या निराकरण के लिए कंट्रोल रूम नंबर 05111-271444 पर किसान संपर्क कर सकते हैं।

# रिपोर्ट होने पर डीएम-एसपी से मिले सपा जिलाध्यक्ष

संवाददाता रसूलाबाद

- आदर्श आचार संहिता उल्लंघन पर एफआईआर हुई है दर्ज

**अमृत विचार।** रोजा इफ्तार पार्टी की अनुमति होने के बाद भी सपाईयों पर रसूलाबाद थाने में आदर्श आचार संहिता उल्लंघन का मुकदमा दर्ज होने पर गुरुवार को सपा जिलाध्यक्ष की अगुवाई मां डीएम व एसपी को ज्ञापन दिया और मामले में निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई करने की बात कही।

गुरुवार को सपा जिलाध्यक्ष अरुण कुमार उर्फ बबलू राजा ने डीएम व एसपी को ज्ञापन देते हुए बताया कि रसूलाबाद निवासी हाजी फैजान खान के आवास पर रोजा इफ्तार पार्टी का कार्यक्रम था। जिसकी अनुमति प्रशासन से ली गई थी। इसके बावजूद धर्मगुरुओं के विदाई समारोह को लेकर रसूलाबाद थाने में सपाईयों पर आदर्श आचार संहिता उल्लंघन का मुकदमा दर्ज किया गया। उन्होंने अनुमति की कापी देते हुए बताया कि कार्यक्रम पूरी तरह से अराजनैतिक और धर्मगुरुओं की आस्था का था। इस तरह की कार्रवाई से लोगों में गलत संदेश जा रहा है। अधिकारियों ने निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस दौरान प्रदेश सचिव लाखन सिंह, पवन कटियार, बीरू कुशवाहा, हिम्मत सिंह, मनोज यादव आदि मौजूद रहे।

# घर से ही अपना सांसद चुनेंगे दोआबा के बुजुर्ग मतदाता

## 85 वर्ष के ऊपर के वोटरों को सुविधा, भरना होगा फार्म-12 डी

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** निर्वाचन आयोग ने बुजुर्ग मतदाताओं का घर बैठे मतदान कराने का फैसला लिया है। 85 या फिर इससे अधिक उम्र के मतदाताओं का चिह्नांकन करके मतदान कराया जाएगा। बुढ़ापे की लाठी लेकर मतदान केंद्रों पर उन्हें तकलीफ के साथ मतदान न करना पड़े, इसके लिए यह योजना तैयार की गई है।

ऐसे मतदाता स्वेच्छा से पोस्टल बैलट के माध्यम से मतदान करने के लिए निर्धारित फार्म-12 डी में आवेदन कर अपने निवास स्थान पर मताधिकार का उपयोग कर सकते है। ऐसे घर जहां पर बुजुर्ग मतदाता हैं, उनका चिह्नांकन करके फार्म-12 डी को बीएलओ द्वारा घर-घर पहुंचाकर और भरा हुआ फार्म प्राप्त किया जा रहा है।



### वेबसाइट से भी मिलेगा आवेदन प्रपत्र

फार्म 12-डी भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर कन्डीडेट नामीनेशन एंड अदर फार्म के लिंक पर उलब्ध है। जहां से इसे डाउनलोड करके भरकर संबधित निर्वाचन क्षेत्र के रिटनिंग ऑफीसर (आरओ) को जमा कराया जा सकता है।

### 31 हजार हैं बुजुर्ग मतदाता

सभी छह विधानसभाओं में बुजुर्ग मतदाताओं की संख्या 31 हजार है। यह अपनी स्वेच्छा से घर बैठे मतदान कर सकते हैं। वहीं 100 वर्ष से ऊपर के मतदाताओं की संख्या 93 है। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा सभी बीएलओ को निर्देशित किया जा चुका है कि बुजुर्ग मतदाताओं के घर जाकर उनसे फार्म भराएं।

### इस बार बढ़ाई गई आयु सीमा

बीते वर्षों में हुए चुनाव में 80 से अधिक उम्र वालों के लिए घर से यह सेवा उपलब्ध थी। इस बार इसमें इजाफा करते हुए 85 या फिर इससे अधिक उम्र वालों को यह सुविधा दी जा रही है। यह उनकी स्वेच्छा पर निर्भर करता है। यदि वह मतदान केंद्र पर जाकर वोट करना चाहते है तो भी दे सकते हैं।

# गंदगी से पनपने लगे मच्छर बीमारियों का खतरा गहराया

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- मौसम बदलते ही बीमारी बांटने लगे मच्छर
- शहर के कई मोहल्लों में नहीं दिखती है सफाई

**अमृत विचार।** बदलते मौसम के साथ ही मच्छरों का भी प्रकोप बढ़ने लगा है। शाम होते ही मच्छरों का आतंक फैलना शुरू हो जाता है। इससे बीमारियों के फैलने की आशंका बढ़ गई हैं। इसके अलावा जगह-जगह गंदगी भी मच्छरों के पनपने की मुख्य वजह बन रही है।

शहर के श्यामनगर, राधानगर नई बस्ती समेत खासकर नगर पालिका क्षेत्र में आने वाले ग्रामीणांचलों के गांवों में कभी भी सफाई कर्मी नहीं पहुंचते हैं। जिससे जगह जगह गंदगी और जलभराव की स्थिति रहती है। इन मोहल्लों के कई लोगों ने बताया कि बिजली के पंखे की हवा बीमार कर रही दूसरी ओर चिकित्सकों के अनुसार मच्छर मारने वाले क्वायल स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। मच्छरों की बढ़ी तादात से रात में सोना मुश्किल हो रहा है।

नगर पालिका परिषद की ओर से अभी फॉगिंग शुरू नहीं कराई गई है। मोहल्लों में जगह जगह फैली गंदगी, नाले, नालियों की नियमित सफाई नहीं होना मच्छरों के बढ़ने का जरिया बना हुआ है। मच्छरों को मारने के लिए कीटनाशक दवाओं के छिड़काव को लेकर स्वास्थ्य विभाग व नगर प्रशासन ने आंखें बंद कर रखी है।

ईओ समीर कश्यप का कहना रहा कि फॉगिंग करने के लिए कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है। कीटनाशक दवाइयों का छिड़काव भी शुरू कराया जाएगा। एक अप्रैल से संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत सभी वार्डो में सफाई अभियान चलाया जाएगा।

# अध्यक्ष व महामंत्री पद के नामांकन सही

संवाददाता, बिंदकी फतेहपुर



नामांकन पत्रों की जांच करते निर्वाचन अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** अधिवक्ता संघ तहसील बिंदकी के चुनाव के लिए अध्यक्ष व महामंत्री पद के लिए किए गए सभी छह नामांकन पत्र जांच में सही पाए गए हैं। हालांकि अन्य पदों के लिए पांच नामांकन पत्रों में मामूली त्रुटि मिली, जिस पर चुनाव संचालक समिति द्वारा पुनर्विचार किया जाएगा। अगले दिन नामांकन पत्रों की वापसी का दिन है। इसके बाद मुकाबले की तस्वीर स्पष्ट हो जाएगी।

अधिवक्ता संघ तहसील बिंदकी के अध्यक्ष पद के लिए जगनाथ सिंह, रमाशंकर शुक्ल तथा महेंद्र पाल यादव ने नामांकन किया था। गुरुवार को नामांकन पत्रों की जात में तीनों उम्मीदवारों के नामांकन पत्र सही पाए गए। इसी प्रकार महामंत्री पद के लिए कैलाश चंद्र पटेल, राजकमल व बृजेश कुमार द्वारा नामांकन पत्र भरे गए थे। नामांकन पत्रों की जांच में महामंत्री पद के सभी उम्मीदवारों के नामांकन पत्र पूरी तरह से सही मिले।

मुख्य चुनाव अधिकारी एडवोकेट रमाकांत तिवारी ने बताया कि जांच के दौरान वरिष्ठ उपाध्यक्ष, संयुक्त सचिव प्रशासन, कोषाध्यक्ष तथा वरिष्ठ सदस्य के दो पद के लिए भरे गए नामांकन पत्रों में मामूली कमी मिली है। शुक्रवार को पांचो नामांकन पत्र में चुनाव समिति के द्वारा पुनर्विचार किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि बाकी सभी नामांकन पत्र सही पाए गए हैं। अध्यक्ष व महामंत्री पद को छोड़कर बाकी पदों के लिए उम्मीदवार निर्विरोध होने की उम्मीद है। बताया कि शुक्रवार को नाम वापसी का दिन है, यदि अध्यक्ष और महामंत्री के उम्मीदवार में से कोई अपना नाम वापस लेता है तो इसके बाद दोनों पदों के लिए उम्मीदवारों की स्थिति स्पष्ट हो जाएगी।

बताते चलें कि अधिवक्ता संघ का चुनाव दो अप्रैल को होगा। उसी दिन मतदान होगा और उसी दिन शाम को मतगणना के बाद परिणाम सामने आएंगे। इसके बाद अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष और महामंत्री पद के लिए विजेताओं की घोषणा हो जाएगी। मतदान में कुल 226 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। मुख्य चुनाव अधिकारी एडवोकेट रमाकांत तिवारी के अलावा चुनाव अधिकारी रामकरण सिंह चौहान, गंगाराम सोनकर, रामकिशोर वर्मा, रामनरेश, भारत सिंह, आनंद शंकर वर्मा, रमेश चंद्र गुप्ता समेत अन्य मौजूद रहे।

## एक नजर

### ब्लॉक अध्यक्ष भाजपा में

**थरियांव।** सपा छोड़ भाजपा में शामिल हुए अनुसूचित जाति के ब्लॉक अध्यक्ष हसवा ब्लॉक के उचितपुर पिटाई गांव निवासी विश्राम पासवान गुरुवार को अपने तमाम कार्यकर्ताओं के साथ सपा छोड़ भाजपा में शामिल हो गए। फतेहपुर भाजपा कार्यालय पहुंच कर ब्लॉक अध्यक्ष ने भाजपा का दामन थाम लिया। भाजपा के जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल के अगुवाई में ब्लॉक अध्यक्ष ने भाजपा ज्वाइन की। भाजपा जिलाअध्यक्ष मुखपाल पाल ने माला पहना स्वागत किया।

### मधुमक्खियों के हमले में चार ग्रामीण घायल

**बिंदकी।** कोतवाली क्षेत्र के बाबूपुर गांव में गुरुवार की सुबह दिनेश कुमार के खेत में आलू की खोदाई हो रही थी। तभी मधुमक्खियों ने हमला बोल दिया। मधुमक्खियों के हमले से गणेश, राहुल, संदीप एवं दिनेश कुमार घायल हो गए। घायल गणेश, राहुल और संदीप को सीएचसी में भर्ती कराया गया है।

# डीलरों को दी गई नैनो यूरिया की जानकारी

संवाददाता, फतेहपुर



वितरकों, डीलरों की मीटिंग में भाग लेते एसकेपी गुप्ता। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शहर के सिविल लाइन स्थित एक मैरिज हाल में उर्वरक निर्माता ब्रांड चांद छाप नैनो यूरिया के द्वारा खाद्य वितरकों, डीलरों सब डीलरों के साथ एक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें नैनो यूरिया समेत अन्य उर्वरकों के बारे में जानकारी दी गई।

जॉइंट प्रेसिडेंट एसकेपी गुप्ता ने उपस्थित विक्रेताओं को बताया कि देश में खाद्यान्न के पर्याप्त उत्पादन में 1960 के दशक में हुई हरित क्रांति की एक बड़ी भूमिका रही है। इसे सफल बनाने में रासायनिक उर्वरकों की अहम भूमिका थी। इन रासायनिक उर्वरकों में जहां एक और तेजी से उत्पादकता बढ़ गई वहीं दूसरी ओर यही रासायनिक उर्वरक अपने साथ कुछ समस्याएं भी लेकर आए। जैसे मिट्टी खराब करना, जल प्रदूषण और वायु प्रदूषण जैसी समस्याओं की वजह से हरित क्रांति के समय वरदान माने जाने वाले रासायनिक उर्वरक धरती मां को तबाह कर रहे हैं। इन्हीं समस्याओं से छुटकारा पाने के लिए देश में बेहतर क्रांतिकारी उत्पादन नैनो यूरिया का आविष्कार हुआ है।

प्रमुख उत्पादक कंपनी चांद छाप यूरिया ने भी अब नैनो यूरिया के क्षेत्र में प्रवेश किया है। 45 किलो की पारंपरिक यूरिया की एक बोरी में जितना नाइट्रोजन होता है, उतने ही नाइट्रोजन की आपूर्ति चैट-चाप नैनो यूरिया के आधा लीटर की बोतल के जरिए हो जाएगी। इस मौके पर कंपनी के डीएम उत्तम श्रीवास्तव, एरिया मैनेजर नीरज सिंह, क्षेत्राधिकार विमल सिंह, रामबाबू अग्रहरि आदि रहे।

# सोशल मीडिया पर नजर रखेंगे प्रशिक्षित कर्मचारी

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। गुरुवार को महात्मा गांधी कलेक्ट्रेट सभागार में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, जिलाधिकारी सी. इंदुमती के पर्यवेक्षण में अपर जिलाधिकारी न्यायिक धीरेंद्र प्रताप की अध्यक्षता में मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनिटरिंग कमेटी, सोशल मीडिया पर निगरानी रखने के लिए तैनात किए गए अधिकारियों, कर्मचारियों का प्रशिक्षण संपन्न हुआ।

अपर जिलाधिकारी ने कहा कि कोई भी विज्ञापन, प्रचार बिना अनुमति के प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में प्रकाशित या चलाया नहीं जाएगा। निर्धारित अवधि में अनुमति देने का प्रविधान है, जिसका अनुपालन सुनिश्चित किया जाय और पेड न्यूज़, पर पैनी नजर रखी जाए।



लोकसभा चुनाव को लेकर बैठक में चर्चा करते अधिकारी। अमृत विचार

## सार-संक्षेप



स्कूली छात्राओं द्वारा बनाई गई रंगोली। अमृत विचार

### रंगोली और रैली के जरिए मतदान की अपील

**असोथर फतेहपुर।** नगर में नेहरू युवा केंद्र जिला युवा कल्याण अधिकारी गोपेश पांडेय के निर्देश पर मतदाता जागरुकता अभियान चलाया गया। लोगों में जागरूकता को लेकर स्कूली छात्राओं के लिए रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्राओं ने असोथर क्षेत्र में आकर्षक रांगोली के जरिए मतदान करने का संदेश दिया। प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ रंगोली और पोस्टर बनाने वाले प्रतिभागियों को पुरुस्कार दिया गया। राम किशोर सिंह इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य सुलखान सिंह, भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष आशुतोष, भाजपा नेता साहिल, भाजपा नगर मंत्री चंद्रभान, राहुल कुमार आदि मौजूद रहे।

### 450 विद्यालयों में स्मार्ट क्लास से निपुण होंगे छात्र

**फतेहपुर।** मलवां विकास खंड के प्राथमिक विद्यालय शिवराजपुर द्वितीय में वार्षिकोत्सव एवं विदाई समारोह कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी पंकज यादव ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। छात्रों द्वारा देश प्रेम गीत, स्वागत गीत और सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया गया। प्रधानाचार्या लीना साहू द्वारा स्मृति चिह्न पुष्प गुच्छ भेंटकर मुख्य अतिथि को सम्मानित किया विद्यालय स्टाफ के समस्त अध्यापकों के कार्यों पर हर्ष जताते हुए मध्यान भोजन तैयार करने वाली रसोइयों को जिला बेसिक शिक्षा अधिकार ने सम्मानित किया। बीएसए पकंज यादव ने कहा कि शिक्षकों के ईमानदारी से काम करने की अपील की। पूर्व प्रधान सूर्यपाल यादव, रामदास प्रधान अभयपुर, ओम नारायण आशापुर प्रधान, सुरेंद्र सिंह गौतम शिक्षक, आरपी सुनील तिवारी, प्रधानाचार्य लीना साहू, नीरजा, ममता, जनार्दन विद्यालय की समस्त रसोइया सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं न्यायपंचायत के समस्त शिक्षक रहे मौजूद।

### दो क्विंटल कचरी कराई नष्ट, 14 लीटर सरसों का तेल सीज

**फतेहपुर।** डीएम के आदेश पर मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी के नेतृत्व में अगामी होली पर्व के अवसर पर मिलावटी खाद्य एवं पेय पदार्थों में मिलावट पर प्रभावी रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। विभिन्न खाद्य परिसरों से पांच खाद्य पदार्थों के नमूने संग्रहित किए गए और दो क्विंटल कचरी अस्वस्थ्यकर अवस्था में पाये जाने पर नष्ट कराया गया एवं 14 लीटर सरसों तेल को सीज़ किया गया। अभियान के दौरान टीम ने अशोक कुमार की किराना दुकान स्थित कारीकान धाता से कचरी का एक नमूना संग्रहित किया। जहां दो क्विंटल कचरी जो कि करीब 12 हजार रुपये कीमत की थी, उसे अस्वस्थ्यकर अवस्था में पाये जाने पर नष्ट कराया गया। इसी तरह सुरेन्द्र सिंह के पनीर निर्माण इकाई स्थित गोकुलपुर धाता से पनीर का नमूना, सुनील कुमार की किराना की दुकान स्थित छोटी अढ़ौली धाता से सरसों तेल का नमूना संग्रहित किया गया और मौके पर ही 14 लीटर सरसों तेल को सीज किया गया। जनता किराना स्टोर प्रेम सिंह स्थित धाता से मैदा का एक नमूना संग्रहित कर जांच के लिए भेजा गया है।

# बदली देख किसानों की फिर बढ़ीं धड़कनें

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** मौसम में बार-बार हो रहे बदलाव को लेकर जिले के किसान चिंतित नजर आ रहे हैं। बुधवार को दिन में धूप रही, लेकिन शाम होते ही आसमान में बदली के साथ तेज हवा ने मौसम को ठंडा कर दिया। इधर पारा में उतार चढ़ाव से बीमारियों का प्रकोप भी तेजी से बढ़ा है। बुखार, खांसी, जुकाम पीलिया आदि से पीड़ित मरीज बड़ी संख्या में अस्पतालों में पहुंच रहे हैं।

बुधवार रात में पारा सामान्य से सवा तीन डिग्री नीचे गिरने के साथ ही ठंडी हवा ने मौसम को सर्द कर दिया। गुरुवार को तेज हवाओं के साथ धूप तो निकली लेकिन ज्यादा असर नहीं रहा। बीच-बीच बदली और सूरज के बीच लुकाछिपी का खेल जारी रहा।

### बारिश की संभावना नहीं

मौसम वैज्ञानिकों की मानें तो अधिकतम तापमान 30 .2 डिग्री व न्यूनतम तापमान 11 .3 डिग्री रहेगा। अभी आसमान में बदली के साथ ही तेज हवा चलेगी, लेकिन बारिश की संभावना फिलहाल नहीं है।

### रायबरेली से गुमशुदा बालक औंग से बरामद

**औंग।** कस्बे के नेशनल हाईवे पुल के नीचे एक भूखा प्यासा व किसी की तलाश में हताश बालक को पुलिस ने हाथों हाथ लेकर मानवीय तरीके से उसे थाने ले जाकर खाना खिलाया। इसके बाद थाना प्रभारी निरीक्षक कांती सिंह ने उससे नाम व पता पूछा। उसने अपनी पहचान रायबरेली जनपद के सरेनी थाना क्षेत्र के पूरे रामप्रससाद मजरे कुटिया निवासी विकास पुत्र रामपाल के रूप में बताई। थाना प्रभारी ने सी प्लान एप व गूगल के माध्यम से थाना सरेनी का नंबर ढूंढकर सूचना दी। गुरुवार सुबह उसके पिता रामपाल पहुंचे। चाइल्ड हेल्पलाइन की टीम भी उपस्थित हुई। उसे पिता को सुपुर्द किया गया।

# केंद्रीय राज्यमंत्री व भाजपाइयों ने किया कन्या पूजन



कन्या पूजन करतीं केंद्रीय राज्यमंत्री। अमृत विचार



केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति का सम्मान करते पदाधिकारी।

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- केंद्रीय राज्यमंत्री के आवास पर आयोजित किया गया कार्यक्रम

**अमृत विचार।** हम भी शक्ति, अभियान के तहत गुरुवार को भाजपाइयों ने शक्ति स्वरूपा कन्याओं का रोली चंदन, लगाकर पूजन किया। सांसद एवं केंद्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में कन्याओं का विधिवत पूजन किया गया।

उन्होंने कहा कि एक ओर प्रधानमंत्री द्वारा नारी शक्ति वंदन बिल को दोनों सदनों में पारित कर महिला शक्ति का सम्मान व प्रतिष्ठा बढ़ाने का कार्य किया गया है। वहीं कांग्रेस के नेता राहुल गांधी द्वारा यह कहना कि उनकी लड़ाई शक्ति से है बेहद निंदनीय बयान है। ऐसे ही असोथर नगर में कन्या पूजन के बाद जिला मीडिया प्रभारी प्रवीण सिंह द्वारा भी राहुल गांधी के शक्ति के लड़ाई के बयान पर नाराजगी जताई। कहा कि देश की महिलाओं द्वारा इसका माकूल जवाब लोकतांत्रिक व्यवस्था में रहते हुए जरूर दिया जाएगा।

### सर्राफा व्यापारियों से मिलीं केंद्रीय मंत्री

**फतेहपुर।** शहर के मसवानी मोहल्ला सर्राफा एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष कुलदीप रस्तोगी उर्फ पप्पन के आवास पर गुरुवार को केंद्रीय मंत्री एवं लोकसभा प्रत्याशी साध्वी निरंजन ज्योति पहुंचीं। जहां संगठन के अध्यक्ष व पदाधिकारियों ने उनका शाल ओढ़ाकर स्वागत किया। स्वागत करने वालों में मंजू रस्तोगी, पायल रस्तोगी, आनंद स्वरूप रस्तोगी, प्रकार रस्तोगी, शिखर रस्तोगी व अन्य शामिल रहे। अध्यक्ष ने सर्राफा व्यापारियों के हो रहे उत्पीड़न पर चर्चा की। केंद्रीय मंत्री ने आश्वासन दिलाया कि मामला उनके संज्ञान में आया है, जिसका निवारण शीघ्र कराया जाएगा। पूर्व जिलाध्यक्ष आशीष मिश्रा, नीरज सिंह, डॉ शिव प्रताप त्रिपाठी, मोनू रस्तोगी, सोनू गुप्ता, बृजेश सोनी, शिव सोनी, पप्पू गुप्ता, राम रस्तोगी, रवि रस्तोगी, श्याम रस्तोगी, नारायण रस्तोगी मौजूद रहे।

**मिली वाहवाही** राजकीय महिला महाविद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित

# पोस्टर प्रतियोगिता में युसरा अव्वल

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर



प्रतियोगिता में छात्राओं द्वारा बनाए गए पोस्टर का अवलोकन करती टीम। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शहर के डॉ. भीमराव आंबेडकर राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. सरिता गुप्ता के संरक्षण में उर्दू विभाग द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम वर्ष की युसरा रिज़वान ने प्रथम, जुबैदा ने द्वितीय, जैनब ने तृतीय और गजल ने सांत्वना स्थान प्राप्त किया। गजल प्रतियोगिता में द्वितीय वर्ष की नशरा रिजवान ने प्रथम, बुशरा सिद्दीकी ने द्वितीय, बुशरा वारसी ने तृतीय और इकरा ने सांत्वना स्थान हासिल किया। इसी तरह से बीए तृतीय वर्ष की छात्राओं ने भाषण प्रतियोगिता में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। जिसमें रुकैया नाज ने प्रथम, शगुफ्ता ने द्वितीय, जका नौशाद ने तृतीय रही। कार्यक्रम की अध्यक्ष डॉ. सरिता गुप्ता ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं से छात्राओं का चौमुखी विकास होता है। डॉ. गुलशन सक्सेना, डॉ. मीरा पाल, डॉ. लक्ष्मीना भारती, डॉ. प्रशांत द्विवेदी, डॉ. राम दर्शन, रमेश सिंह, शरद चंद्र रॉय, डॉ. अजय कुमार, बसंत मौर्य, डॉ. ज्योति कुमारी, डॉ. चंद्रभूषण, आनंद नाथ व अन्य मौजूद रहे।

# महिला ने जहरीला पदार्थ खाकर दी जान

**असोथर।** एक महिला ने बुधवार रात अज्ञात कारणों से जहरीला पदार्थ खा लिया। जिससे उसकी मौत हो गई। सुबह परिजनों को घटना की जानकारी हुई।

नगर पंचायत के सुजानपुर गांव निवासी हंसराज चौहान की पत्नी अनीता देवी ने बुधवार की रात जहरीला पदार्थ खाकर जान दे दी। गुरुवार सुबह मामले की जानकारी हुई। इसके बाद परदेश में रह रहे हंसराज को सूचना देने के साथ ही महिला के मायके भगवन्तपुर थाना राधानगर में भी जरिए मोबाइल सूचित किया। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

थाना प्रभारी विनोद कुमार मौर्य ने बताया कि महिला ने प्रथम दृष्टया आत्महत्या की है। भाई ने पुलिस को सूचना दी है। किसी प्रकार की किसी ने कोई आरोप नहीं लगाया।

# इफ्तार पार्टी में दिखा सांप्रदायिक सौहार्द



इफ्तार पार्टी में जुटे क्षेत्र के गण्यमान्य। अमृत विचार

संवाददाता, धाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** नगर पंचायत में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी हिंदू-मुस्लिम एकता के प्रतीक इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के मुस्लिम भाइयों के साथ हिंदू भाइयों ने हिस्सा लिया।

बता दें कि कस्बे के सिराथू रोड पर नरहाईपर के मजार परिसर में लगभग एक दशक से रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन होता रहा है। जिसमें मुस्लिम के साथ क्षेत्र के सम्मानित हिंदू भाई भी बड़ी संख्या में शामिल होते रहें हैं। गुरुवार को अंजुमन कमेटी धाता के तत्वाधान में रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया।

अंजुमन कमेटी के सदस्य रिजवान अहमद ने बताया कि इस तरह के आयोजनों से दोनों धर्म के बीच भाईचारा मजबूत होता है। रिजवान अहमद, सूरज सिंह, अनंत सिंह बिहारी केसरवानी मौजूद रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

## क्लासीफाइड

### सूचना

सूचित हो कि मै **अरूण विक्रम सिंह पुत्र अरिमर्दन सिंह, निवासी– 235, सुन्दर नगर कालोनी, शहर व जिला–फतेहपुर,** मेरी पुत्री का नाम अनुषा विक्रम सिंह था जो कि अब परिवर्तित होकर अलंकृता विक्रम सिंह हो गया है तथा उससे सम्बन्धित पैन, आधार और बैंक खाते में अलंकृता विक्रम सिंह नाम दर्ज है। अतः अब उसे अनुषा विक्रम सिंह के स्थान पर अलंकृता विक्रम सिंह के नाम से जाना व पहचाना जाय तथा मेरी पुत्री की माता का नाम पूनम परिहार है।

### सूचना

सूच्य हो कि मेरे स्व . पति धीरेंद्र बहादुर सिंह पुत्र सूर्य बक्स के बीमा पॉलिसी संख्या– 214947401 में मेरा नाम शिवदेवी दर्ज है , जबकि मेरा नाम ममता सिंह भी है। दोनो नाम मेरे अर्थात एक ही महिला के है। **शिवदेवी उर्फ ममता सिंह पत्नी स्व. धीरेंद्र बहादुर सिंह निवासिनी – ग्राम– गोकना, पो .– कोटिया चित्रा, ऊंचाहार – रायबरेली।**

### सूचना

सूचित हो कि मैं जहीर पुत्र समीउल्ला मैने अपने पुत्र आशिक खान के खराब चाल–चलन से काफी परेशान हूँ। वह अपराधिक कृत्य का युवक है। उसके कृत्यों से परिवार के लोगों को प्रताड़ना उठाना पड़ रहा है। ऐसे में मैं अपने पुत्र आशिक खान को अपनी समस्त चल और अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य का वह स्वयं जिम्मेदार होगा। परिवार के लोगों से कोई लेना देना नहीं है। **–जाहिर खान पुत्र समीउल्ला खान, निवासी– ग्राम–यादवपुर सबलापुर कोतवाली देहात बहराइच**

### नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उप जिलाधिकारी महराजगंज के आदेश दिनांक 14. 03.2024 के अनुपालन में ग्राम चितवनियां विकास क्षेत्र शिवगढ़, परगना कुम्हरावां, तहसील महराजगंज जनपद रायबरेली स्थित गाटा संख्या 1478 दर्ज तालाब पर लगे 101 यूकोलिप्टस के पेड़ों की नीलामी दिनांक 28.03. 2024 को सार्वजनिक खुली बोली के द्वारा अपराह्न 1 बजे पंचायत भवन चितवनियां में सम्पन्न की जाएगी। इच्छुक व्यक्ति नियत तिथि, समय व स्थान पर उपस्थित होकर नीलामी में भाग ले सकते हैं।

**नीलामी अधिकारी, तहसीलदार महराजगंज, रायबरेली**

### सूचना

सूचित किया जाता है कि मैं **शिवकुमार पुत्र रघुवीर, निवासी–मदईखेड़ा, परगना– सरेनी, तहसील–लालगंज, जिला रायबरेली** अपने पुत्र राकेश और राजेश के गलत आचरण से परेशान हूं। दोनों पुत्रों को अपनी समस्त चल – अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में इनके कृत्यों से मेरा कोई सरोकार नहीं होगा।

### सूचना

सूचित हो कि मैंने अपनी पुत्री क का नाम SNEHA GARG से बदलकर AKSHARA GARG रख लिया। अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। AKSHARA GARG D/O-MANOJ KUMAR GARG Add: B-1/37 opp-ROADWAYS- DEPO, VIBHUTI KHAND GOMTI NAGAR LUCKNOW-226010 (UP)

# जिला अस्पताल में 10 बेड आरक्षित किए गए

## डॉक्टरों की छुट्टियां रद, तीन डॉक्टरों की लगेगी इमरजेंसी ड्यूटी

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** होली पर रंग खेलने के दौरान होने वाली किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए जिला अस्पताल में तैयारियां तेज कर दी गईं हैं। न सिर्फ इमरजेंसी वार्ड में बल्कि बंद पड़े प्राइवेट वार्डों को भी खोलने की तैयारी है। होली वाले दिन जिला अस्पताल में आने वाले मरीजों का समुचित इलाज हो, इसके लिए न सिर्फ डॉक्टरों की तैनाती की गई है, बल्कि तीन डॉक्टर आनकाल हाजिर होंगे। जरूरी दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए भी तैयारी की जा रही है।

पर्व के दिन रंग, केमिकल या फिर किसी अन्य प्रकार की दुर्घटना होने पर मरीज को इलाज के लिए भटकना न पड़े। इसके लिए जिला अस्पताल प्रशासन ने सभी जरूरी प्रबंध कर रहा है। इमरजेंसी के लिए दस बेडों को सुरक्षित रखा गया है। इमरजेंसी में दो डाक्टर मुस्तैद रहेंगे, वहीं तीन अन्य डाक्टर ऑनकॉल रहेंगे। जरूरत पर यह चिकित्सक मरीजों का इलाज करेंगे। सीएमएस जिला अस्पताल डा. पीके सिंह कहते हैं कि इमरजेंसी में दस बेड आरक्षित किए गए हैं। दो डाक्टर होली के दिन इमरजेंसी में रहेंगे, जबकि तीन डाक्टर ऑनकॉल रहेंगे।



जिला अस्पताल। अमृत विचार

### एंबुलेंस सेवा अलर्ट पर

शासन के निर्देश पर स्वास्थ्य महकमे ने जिला अस्पताल समेत सभी सामुदायिक और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर डॉक्टरों की छुट्टियां रद कर दी हैं। आकस्मिक सेवाओं के साथ एंबुलेंस को भी 24 घंटे अलर्ट रहने के निर्देश दिए गए हैं। सभी अस्पतालों में एक्सीडेंटल मरीजों के लिए मरहम पट्टी से लेकर इलाज में लगने वाली

# प्रत्याशियों को ऑनलाइन नामांकन की सुविधा

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- लोकसभा चुनाव में आयोग ने की नई व्यवस्था

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में प्रत्याशियों को ऑलाइन नामांकन करने की भी सुविधा दी गई है। निर्वाचन आयोग द्वारा जिला निर्वाचन कार्यालय को निर्देश जारी किए गए हैं। ऑनलाइन नामांकन के लिए वेब लिंक प्रभावी कर दिया जाएगा।

ऐसे अभ्यर्थी जो ऑनलाइन पद्धति से नामांकन कराना चाहते हैं वे ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। उसका प्रिंट निकालकर प्रारूप-1 में रिटर्निंग ऑफीसर की ओर से निर्गत सूचना में निर्धारित स्थान पर नामांकन दाखिल किया जा सकता है। निर्वाचन आयोग की ओर से इसको लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी को निर्देश दिए गए हैं। ऑनलाइन पद्धति से शपथ पत्र भी वेब लिंक के माध्यम से ऑनलाइन भरा जा सकता है और प्रिंट आउट को नोटराइजेशन के बाद रिटर्निंग आफीसर के सामने दाखिल किया जा सकता है।

ऑनलाइन पद्धति से नामांकन भरने के बाद जमानत धनराशि को भी ऑनलाइन जमा करने का प्रावधान किया गया है। इसके लिए नामांकन पत्र सफलतापूर्वक सबमिट करने के बाद धनराशि जमा करने को विकल्प-पे लिंक दर्शित होगा, जिस पर क्लिक करते हुए ऑनलाइन पेमेंट किया जा सकता है।

अभ्यर्थी के अलावा पूर्व में चली आ रही व्यवस्था के अंतर्गत नगद रूप से ट्रेजरी चालान के माध्यम से भी धनराशि जमा कराई जा सकती है।

# रामपुर का पशु अस्पताल रामभरोसे

संवाददाता किशनपुर

- चिकित्सकों की कुर्सी रहती है खाली
- पशुओं को नहीं मिल पा रहा इलाज, पशुपालक परेशान

**अमृत विचार।** रामपुर गांव का राजकीय पशु चिकित्सालय देखरेख के अभाव में बदहाल हो गया है। यहां न तो चिकित्सक बैठते और न ही पशुओं का उपचार होता है। इससे पशुपालकों को परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्रामीण अस्पताल की बदहाली को लेकर जिम्मेदार अधिकारी भी मूकदर्शक बने हुए हैं।

लाखों रुपये खर्च कर शासन ने यहां राजकीय पशु अस्पताल का निर्माण कराया गया। पशुपालकों में उस दौरान पशुओं के समुचित इलाज की उम्मीद जगी थी। डॉक्टरों के अभाव में अस्पताल का हाल खस्ताहाल हो गया। हालात यह है कि पशु अस्पताल अपनी उपयोगिता खो रहा है। पशुपालक हौसला पाल ,जयसिंह ने बताया कि पशु चिकित्सक अस्पताल में कभी नहीं आते हैं। बुधवार को भी पशु चिकित्सा अधिकारी प्रदीप कुमार वर्मा की कुर्सी खाली पड़ी देखी गई। अस्पताल एक फार्मासिस्ट के भरोसे संचालित किया जाता है। जिसमे पशु पालकों को समुचित व्यवस्था नही मिल पाती है।

वहीं किशनपुर कस्बे में रहने वाले पशु पालक सूरज का कहना है की यदि अस्पताल में चिकित्सक व कर्मियों की नियमित उपस्थिति होने लगेगी तो बीमार पशुओं का उपचार आसानी से हो सकेगा। जिम्मेदार अधिकारी को इस अस्पताल की सुधि लेनी चाहिए। किशनपुर नई बस्ती की रहने वाली रानी देवी ने बताया कि वह अपने गाय का इलाज कराने आई थी तो डॉक्टर साहब बैठे थे और मरीज अनट्रेंड लोग देख रहे थे। दूसरे दिन डॉक्टर साहब आये नही और फॉमसिस्ट कह रहे थे हमारे बस की बात नही। डॉक्टर साहब ही देखेंगे। इधर, पशु चिकित्सा अधिकारी नवल किशोर सचान का कहना है कि मामले की जांच करवाई जाएगी। जो भी तथ्य सामने आएंगे उसी के आधार पर आगे कर्यवाही की की जाएगी।


पशु अस्पताल में खाली पड़ी डॉक्टर की कुर्सी। अमृत विचार

## एक नजर

### बिजली तारों के नीचे नहीं जलेंगी होलिका

**फतेहपुर।** बिजली के तारों के नीचे होलिका से हादसे की आशंका को देखते हुए पुलिस के मदद से ऐसी होलिकाएं हटाई जाएंगी। इस बाबत एसई ने एसपी को पत्राचार कर मदद मांगी है। होलिका की लपटों से प्लास्टिक कोटेड एल्युमीनियम के एलटी वायर पिघलकर टूटने का खतरा है। जीआई वायर के नीचे भी खतरा हो सकता है। बिजली विभाग ने ऐसे स्थानों को चिंहित कर पुलिस की मदद से स्थान परिवर्तित करने की योजना बनाई है। तारों से नीचे होने वाले होलिका स्थानों को बिजली विभाग की टीमों को चिंहित करने की जिम्मेदारी दी गई है। विभागीय कर्मी व पुलिस ऐसे स्थानों से होलिका दहन अन्य स्थानों पर करने की अपील करेंगे। वहीं होली पर निर्बाध आपूर्ति को कर्मचारियों की छुट्टियों को रद्द करते हुए अपने तैनाती स्थल पर मौजूद रह फाल्टों को दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए हैं।

### महिला से गाली गलौज

**थरियांव।** थाना क्षेत्र के मिर्जापुर मजरे दनियालपुर निवासी रूमा देवी पत्नी राजेश लोधी ने पुलिस को दी तहरीर देते हुए बताया कि वह अपने मायके में रहती है। बताया कि पारिवारिक चाचा उसके साथ रोजाना गाली गलौज करते हैं। मना करने पर डंडा लेकर दौड़ा लिया। उसने दरवाजा बंद कर अपनी जान बचाई। थानाध्यक्ष रणजीत बहादुर सिंह ने बताया कि जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

### खेत गई युवती से छेड़छाड़

**थरियांव।** हथगाम थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले एक युवक ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी बहन शनिवार सुबह खेत जा रही थी। तभी गांव का रहने वाला उमेश पुत्र रहिमाल पासवान ने बीच रास्ते में रोककर छेड़छाड़ करने लगा और पीड़िता के शोर मचाने व मना करने और किसी से न बताने की बात कहकर भाग निकला। पीड़िता ने पूरी घटना अपने परिजनों से बताई। पुलिस ने मामला संज्ञान में लेकर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपित की तलाश शुरू कर दी है।

### बाइक की टक्कर से आठ वर्षीय बालक घायल

**बिंदकी।** कोतवाली क्षेत्र के बसंती खेड़ा गांव में पप्पू का आठ वर्षीय पुत्र एस कुमार घर के बाहर खेल रहा था। तभी अनियंत्रित बाइक ने टक्कर मार दी। हादसे में बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया। बाद में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# जिले भर में 2470 स्थानों पर जलेगी होलिका, गांव-गांव पुलिस की नजर

संवाददाता, फतेहपुर

- सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस ने तैयार किया प्लान
- नगरा पालिका ने होलिका स्थलों पर नहीं डलवाई मिट्टी

**अमृत विचार।** होली पर्व को लेकर पुलिस विभाग की ओर से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम किए गए हैं। होलिका जलने से पहले और बाद में पुलिस गांव में पहुंचकर निगरानी रखेगी। ताकि किसी भी जगह पर कोई विवाद न होने पाए।

जिले में होलिका दहन के लिए 2470 स्थान चिन्हित किए गए हैं। जहां पर होलिका लगा दी गई है। वहीं होली के पर्व पर कहीं भी कोई भी अराजक तत्व कानून व्यवस्था को खराब न कर सके इसके लिए सुरक्षा व्यवस्था का पूरा खाका खींचा गया है। संबंधित सर्किल के सीओ को भी निगरानी के लिए कहा गया है। इसके अलावा सभी थानों में संबंधित बीट के सिपाहियों को अपने-अपने क्षेत्र के गांवों में सुरक्षा व्यवस्था पर कड़ी नजर रखने के लिए निर्देशित किया गया है।

आवश्यकता अनुसार थानों को मिलेगी पीएसी व क्यूआरटी टीम जिन थाना क्षेत्र में होलिका दहन को लेकर संवेदनशील गांव रहे हैं। वहां के थानों को क्यूआरटी टीम व आवश्यकता अनुसार पीएसी भी उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि सुरक्षा व्यवस्था में कोई कमी न रह सके। कई स्थानों पर होलिका दहन किया जाता है। अधिकतर होलिका दहन स्थल सड़क पर हैं, लेकिन पालिका की ओर से स्थल पर अभी तक मिट्टी नहीं डलवाई गई है। होली नजदीक आते ही होलिका दहन स्थलों पर लकड़ियों के ढेर लगने लगे हैं। ऐसे में कई सड़कें भी खराब हो सकती हैं।



होलिका स्थल पर लकड़ियों के लगने लगे ढेर। अमृत विचार

# 545 परीक्षकों पर लटकी कार्रवाई की तलवार

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- मूल्यांकन कार्य के लिए कई दिनों से नहीं आ रहे परीक्षक
- डीआईओएस ने यूपी बोर्ड को भेजी आख्या

**अमृत विचार।** यूपी बोर्ड कॉपियों के मूल्यांकन में लगे परीक्षकों को अनुपस्थित रहना भारी पड़ सकता है। चारों मूल्यांकन केंद्र में 545 परीक्षक लगातार गैरहाजिर चल रहे हैं। विभागीय चेतावनी के बाद भी उपस्थिति दर्ज न कराने पर गुरुवार को डीआईओएस ने आख्या रिपोर्ट यूपी बोर्ड को भेजी है। माना जा रहा इन परीक्षकों के खिलाफ कार्रवाई हो सकती है।

यूपी बोर्ड कॉपियों के लिए शहर में चार केंद्र बनाए गए हैं। राजकीय इंटर कॉलेज में लगाए गए कुल 347 परीक्षकों में 277 ही उपस्थित होकर कॉपी चेक कर रहे हैं। जबकि 70 परीक्षक गैरहाजिर चल रहे हैं। इसी तरह राजकीय बालिका इंटर कसॅलेज में कुल 305 परीक्षकों के सापेक्ष 214 हाजिर तो 91 परीक्षक गैर0हाजिर चल रहे हैं।

ऐसे ही एएस इंटर कॉलेज में 586 परीक्षकों में 197 अनुपस्थित तो 389 परीक्षक सेवाएं दे रहे हैं। वहीं सदाशिव इंटर कॉलेज रेल बाजार में लगाए गए 678 परीक्षकों में 491 ही उपस्थित हो रहे हैं जबकि 187 गैरहाजिर चल रहे हैं। डीआईओएस शिवपूजन द्विवेदी ने बताया कि कई बार निर्देश देने के बाद भी उक्त परीक्षक उपस्थिति नहीं दर्ज करा रहे हैं। जिससे कार्य प्रभावित हो रहा है। इन सभी के खिलाफ कार्रवाई के लिए बोर्ड को रिपोर्ट भेजी गई है।

## सार-संक्षेप


परिषदीय विद्यालयों की वार्षिक परीक्षा में भाग लेते बच्चे। अमृत विचार

### परिषदीय परीक्षाओं में औपचारिकता, गंभीर नहीं बच्चे

**फतेहपुर।** बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित परिषदीय विद्यालयों की वार्षिक परीक्षा शुरू होते ही मजाक बनती दिख रही हैं। स्कूलों में परीक्षा जैसा माहौल नहीं दिखाई देता है। कई स्कूलों में बच्चे झुंड बनाकर बैठे थे तो कई स्कूलों में पासपास बैठकर ताक झांक कर परीक्षा देते नजर आए। परिषदीय विद्यालयों की वार्षिक परीक्षा से पहले तमाम तरह के दावे किए जाते हैं कि परीक्षा नकलविहीन कराई जाएगी। लेकिन परीक्षा शुरू होते ही इसकी पोल खुल जाती है। बीते बुधवार से परिषदीय स्कूलों की वार्षिक परीक्षा शुरू हुईं। जिसमें पहले दिन ही परीक्षा की सुचिता पर सवाल खड़े हो गए। कई विद्यालयों में तो बच्चे इधर उधर दौड़ते नजर आए आखिरी में शिक्षकों ने बच्चों के जैसे तैसे पेपर कराए। सुबह की पाली में कक्षा एक की मौखिक परीक्षा हुई। कक्षा दो की हिंदी, कक्षा तीन की सामाजिक विज्ञान, कक्षा तीन की गणित, कक्षा चार की भी गणित और कक्षा छह सात और आठ की भी गणित विषय की परीक्षा हुई। दूसरे दिन गुरुवार को कक्षा तीन से पांच तक पहली पाली में कार्यानुभव एवं नैतिक शिक्षा की परीक्षा कराई गई। वहीं कक्षा छह में विज्ञान तो कक्षा सात से आठ तक हिंदी की परीक्षा कराई गई। वहीं द्वितीय पाली प्राइमरी में कोई परीक्षा नहीं रही और कक्षा छह से आठ तक पर्यावरण अध्ययन की परीक्षा संपन्न कराई गई।

### पुलिसकर्मियों पर युवती ने लगाया छेड़खानी का आरोप

**फतेहपुर।** एक युवती ने दरोगा सहित चार पुलिस कर्मियों पर छेड़खानी और जबरन कार से ले जाने का आरोप लगाया है। पीड़ित युवती ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर शिकायती पत्र देते हुए न्याय की गुहार लगाई है। खागा कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहनी वाली युवती ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर एसपी से मिलकर प्रार्थना पत्र देते हुए आरोप लगाया कि वह वह ट्रामा सेंटर में काम करती है और महिला मरीजों को दिक्कत होने पर फोन आने पर वह 19 मार्च की रात गई थी। दिनेश की बाइक से घर वापस आते समय नौबस्ता कुम्भीपुर मोड़ के पास एक सफेद रंग की कार से चार पुलिस कर्मी जो कि सदी वर्दी में थे। एक बाइक में वर्दी पहने पुलिस कर्मी भी साथ में था। सभी बाइक को रोककर उसे रोककर गाली गलौज करते हुए जबरन कार में ले जाने का प्रयास किया। किसी तरह जान बचाकर हम घर पहुंचे और ट्रामा सेंटर में फोन किया। ट्रामा सेंटर के स्टाफ ने बताया कि सभी लोग वहां भी गए थे। युवती ने आरोप लगाया कि सभी शराब के नशे में थे। सुबह 1090 पर फोन किया तो पुलिस कर्मी आये और पुलिस अधीक्षक से मिलने की बात कही। मामले में एसपी ने खागा डीएसपी को जांच का आदेश दिया है। डीएसपी ब्रजमोहन राय ने बताया कि युवती के प्रार्थना पत्र परी कस्बा प्रभारी और अन्य पुलिस कर्मियों की जांच और बयान लिया जा रहा है।

### दीवार गिरने से दो बहनें घायल

**फतेहपुर।** गाजीपुर थाना क्षेत्र के शाखा गांव निवासी कल्लू की पुत्री सपना व सलोनी गुरुवार सुबह घर के बाहर बैठी थीं। तभी अचानक पक्की दीवार ढह गई। इसके मलबे में दबकर दोनों बहनें घायल हो गईं। शोर सुनकर आसपास के लोगों ने मलबा हटाकर उन्हें बाहर निकाला।एंबुलेंस से दोनों घायल बहनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

# भीड़भाड़ वाले चौक बाजार में सक्रिय हुए जेबकतरे

संवाददाता फतेहपुर

- बाजार में पुलिस की मौजूदगी न होने से सक्रिय हो रहा गैंग
- बुधवार की शाम खरीदारी करते समय रंगेहाथ पकड़ा

**अमृत विचार।** त्योहार पर बाजारों में खरीदारों की भीड़ बढ़ी है तो वहीं जेबकतरे भी सक्रिय हो चुके हैं। बुधवार की शाम परिवार के साथ खरीदारी करने गए आबू नगर के राजेश कुमार का एक युवक द्वारा मोबाइल पार कर दिया गया। जिसे उनके द्वारा रंगे हाथों पकड़ लिया गया, लेकिन जब तक उसे पुलिस के हवाले किया जाता ,भाग निकला।

चौक बाजार सहित अन्य भीड़भाड़ वाले बाजार में जेबकतरों का गैंग सक्रिय होने से आए दिन किसी न किसी का सामान चोरी हो जाता है। इसके बावजूद पुलिस पिकेट की न तो यहां पर ड्यूटी लगाई जाती है न ही गश्त होती है। राजेश अपने परिवार के साथ होली की खरीदारी करने बुधवार की शाम गए हुए थे। जहां एक युवक ने उनका मोबाइल पार कर दिया, गनीमत यह रही कि उन्होंने मोबाइल पार करते उसे देख लिया। जिसके बाद चोर मोबाइल छोड़कर मौके से भाग निकला। सीओ सिटी वीर सिंह ने बताया कि ऐसा मामला अब तक संज्ञान में नहीं आया है। बाजार में पुलिस की ड्यूटी सुनिश्चित की गई है। वहीं सभी को निर्देश दिए गए हैं कि एक स्थान पर न रुककर भ्रमणशील रहते हुए संदिग्धों को चिंह्नित कर कार्रवाई की जाए।

# होली पर हर्बल गुलाल की मांग बढ़ी

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- रंगोत्सव के लिए दुकानें सजीं लोग खरीदारी में जुटे
- बच्चों को लुभा रहे कार्टून कैरेक्टर वाले मुखौटे

**अमृत विचार।** होली का रंग चढ़ने लगा है। त्योहार के लिए शहर के बाजार सज गए हैं और पिचकारी, रंग-अबीर और गुलाल दिखने लगा है। होली पर देशी सामग्री की मांग बढ़ी है। चाइना का माल बाजार में आना ही बंद हो गया है। वहीं कच्चे माल के महंगा होने के कारण पिचकारी के दाम पिछले वर्ष से पांच प्रतिशत अधिक हैं।

होली का त्योहार बड़ों के साथ बच्चों को भी बहुत पसंद होता है। बाजार में बच्चों के लिए एक से बढ़कर एक आकर्षक पिचकारियां हैं। जिसमें मोटू-पतलू, मिक्की माउस, डोरीमॉन, पाण्डा, हल्क, स्पाइडर मेन, रेबिट, बार्बी, सिलेंडर, मोदी की गारंटी, पाइप आदि शामिल हैं। इसी के साथ बच्चों के एक स्कूल बस के नाम से पिचकारी आई हुई है जो देखते ही बनती है। वहीं बड़ों के लिए बाजार में हर्बल रंग उपलब्ध हैं जो त्वचा को बहुत कम नुकसान पहुंचाते हैं।

बाजार में पिचकारियों की कीमत 150 से लेकर 2500 रुपये तक है। दुकानदारों ने बाजारों में चाइना का माल रखना बंद कर दिया है। वर्तमान में बाजार में होली से संबंधित जो भी माल आ रहा है वह कानुपर, दिल्ली समेत अन्य शहर से लाकर यहां बेचा जा रहा है।

**चाइना मेड सामान को कह रहे ना:** थोक कारोबारियों का कहना है कि चाइना का माल पूर्ण रूप से आना बंद हो गया है। चाइना के माल को अब भारतीय लोग पसंद नहीं करते हैं। स्थानीय माल की मांग अधिक बढ़ गई है। एक दो दिन में व्यापार और तेज गति पकड़ेगा।

### इस बार मंगवाया ज्यादा स्टॉक

अरारोट से तैयार गुलाल में हर्बल, सिल्क, सेंटड, आर्गेनिक आदि के पैकेट 10 से 120 रुपये तक वजन मुताबिक है। जिसका कोई नुकसान नहीं है। पानी में घोलने वाले रंग की शीशी 40 से लेकर 150 रुपये तक वजन के मुताबिक है। मैजिक रंग पहली बार आया देखने को मिल रहा है। कलर और पानी लगाने पर कोई और रंग हो जाता है। दुकानदारों का कहना है कि पिछले वर्ष की बजाए इस बार ज्यादा स्टॉक मंगवाया है।

## सेहत की बात — हर्बल रंगों का इस्तेमाल करने की सलाह दे रहे डॉक्टर

# रंग खेलते समय बरतें सावधानी

संवाददाता फतेहपुर

- केमिकल वाले रंगों से हो सकती खुजली और जलन
- हेयरक्रीम के इस्तेमाल से बालों को नहीं होगा नुकसान

**अमृत विचार।** रंगों के पर्व होली पर बेशक रंग खेलना है तो ऐसे में सावधानी बरतना भी जरूरी हो जाता है। खासकर केमिकल युक्त रंगों से दूर रहना होगा। अबीर गुलाल के साथ-साथ हर्बल रंगों का ही प्रयोग करें। हानिकारक रंग आपकी आंख, नाक और मुंह में बुरा असर डाल सकता है।

डॉ. पवन बाजपेई ने बताया कि होली में केमिकल वाले रंगों का इस्तेमाल न करके हर्बल रंगों का प्रयोग करें। गुलाल का उपयोग करना चाहिए। हर्बल रंग त्वचा को नुकसान नहीं पहुंचाते हैं और एक बार पानी से धोने पर साफ हो जाते हैं। सिंथेटिक और केमिकल वाले रंग त्वचा को नुकसान पहुंचाते हैं। होली के रंगों की वजह से पिंपल्स, खुजली, जलन की समस्या पैदा हो जाती है।

**रंग खेलने से पहले नारियल तेल का करें प्रयोग:** होली खेलने से 20 मिनट पहले सनस्क्रीन लगाना चाहिए। होली खेलने से पहले बालों में हेयर सीरम को लगाएं। इससे बालों को सुरक्षा मिलेगी। हेयर क्रीम के इस्तेमाल से भी बालों को नुकसान से बचाया जा सकता है। सबसे बेहतर तरीका नारियल तेल लगाना है।

इसे चेहरे समेत खुले स्थान में लगाया जा सकता है। यदि किसी को रंग खेलने के दौरान खुजली या जलन महसूस हो तो उस स्थान को तुरंत साफ पानी से धोना चाहिए।

### होली खेलते समय इन बातों का रखें ध्यान

- रंग खेलने के बाद तेज धूप से बचें, कोशिश करें कि जल्द नहा लें
- रंग लगने के तुरंत बाद चेहरे को पानी से साफ कर लें, इससे दिक्कत न होगी
- रंग को छुड़ाने के लिए स्किन को रगड़े नहीं, इससे नुकसान पहुंच सकता है
- अगर धोखे से आंखों में रंग चला भी जाए तो आंखों को रगड़ना नहीं चाहिए।
- होली खेलते समय कांटेक्ट लेंस का इस्तेमाल न करें।

# केमिकल लदा ट्रक पलटा खलासी की गई जान



केबिन काटकर निकाला गया खलासी का शव। अमृत विचार

संवाददाता गाजीपुर

**अमृत विचार।** तेज रफ्तार केमिकल लदा ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में खलासी की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि चालक को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

बरेली जनपद के फरीदपुर निवासी दानिश ट्रक चालक है। बताया जा रहा है कि गुरुवार सुबह वह ट्रक में केमिकल लादकर फतेहपुर की तरफ से बांदा जा रहा था। सुकेती गांव के पास तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर रोड किनारे रखी एक गुमटी में टक्कर मारते हुए खंती में जाकर पलट गया।

ग्रामीण दौड़कर पहुंचे और कटर मशीन से ट्रक का केबिन काटकर चालक दानिश और उसी गांव के रहने वाले खलासी शाहरूख खान को बाहर निकाला। पुलिस ने दोनों को सीएचसी गाजीपुर पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने शाहरुख को मृत घोषित कर दिया।

# मिट्टी डालकर सड़क ऊंचा करने की डीएम से शिकायत

**फतेहपुर।** चुनावी रंजिश में प्रधान व जेई ने बनी सड़क पर मिट्टी डालकर अधिक ऊंचा कर दिया। जिससे लोगो के घरों में नाली का गंदा पानी घुस रहा हैं। मामले की पीड़ित ने सीएम पोर्टल और डीएम से शिकायत कर कार्रवई की मांग की हैं।

जहानाबाद थाना क्षेत्र के चंदीपुर निवासी अमर सिंह और सुनील ने डीएम को दिए शिकायती पत्र में बताया कि गांव में एक पीडब्लूडी रोड बंथरा से होते हुए चंदीपुर सैठी तक बनी हुई है। गांव के राजन के दरवाजे से सूरज बली के दरवाजे तक आरसीसी रोड बनी हुई है। चुनावी रंजिश के चलते ग्राम प्रधान व जेई ने सड़क कई ट्रॉली मिट्टी डलवा कर ऊंचा करवा दिया हैं। और पूर्व में बनी उत्तर की सड़क की ओर ढाल बना रहे हैं। जिससे उनके घरों में नाली का पानी घुस जाएगा और बिमारी फ़ैलगी।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

## एक नजर

### बाइकों की टक्कर में जीजा साला सहित चार घायल

**तालग्राम, कन्नौज।** बाइकों की आमने सामने हुई टक्कर में जीजा-साला सहित चार लोग घायल हो गए। गुरुवार की सुबह ग्राम मस्तियापुर निवासी अजय कुमार (25) बाइक से अपने साले औरया के थाना सहार ग्राम बरौन निवासी उत्तम कुमार (25) को इंदरगढ़ स्थित बस स्टैंड पर छोड़ने आ रहा था। तभी अपने बड़े भाई अंकित (23) के साथ बाइक से ताहपुर जा रहे ग्राम बिरियाहर निवासी अनुराग (19) की बाइक चैतराहार मोड़ के निकट सामने टकरा गई। इससे चारों लोग घायल हो गए। अमोलर चौकी प्रभारी राममनोज दुबे ने घायलों को सीएचसी तालग्राम में भर्ती कराया। अनुराग और उत्तम की हालत गंभीर होने पर तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। वहां से उत्तम को कानपुर के हैलेट अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### 10 पर गुंडा व 62 पर मिनी गुंडा एक्ट की कार्रवाई

**तालग्राम, कन्नौज।** थाना क्षेत्र के ग्राम सीतापुर्वा निवासी राजवीर, कुलदीप, देशराज, दिनेश, प्रदीप कुमार व ग्राम अंदौआ निवासी जितेन्द्र, ग्राम चैखटा निवासी महेशचन्द्र, ग्राम कुंवरपुर निवासी बलबीर, नरेंद्र सिंह, ग्राम खानपुर कसावा निवासी प्रांशू उर्फ प्रियांश के विरूद्ध गुंडा एक्ट की कार्रवाई की गई है। जबकि अलग-अलग गांव निवासी 62 लोगों पर मिनी गुंडा एक्ट की कार्रवाई की गई है। थाना प्रभारी पारुल चौधरी ने बताया कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस ने यह कार्रवाई की जा रही है।

### नीलगाय की टक्कर से बाइक सवार घायल

**तालग्राम, कन्नौज।** थाना सौरिख के ग्राम कायमपुर निवासी श्यामसुंदर ग्राम महोना स्थित रिस्तेदारी से पवनी उठाकर ग्राम मायापुर्वा निवासी अपनी मौसी के घर बाइक से लौट रहा थे। तभी बुधवार की देर रात तालग्राम-तेराजाकेट मार्ग स्थित मायापुर्वा जंगल के पास नील गाय ने बाइक में टक्कर मार दी। थाना प्रभारी पारुल चौधरी ने परिजनों को सूचना देकर घायल को सीएचसी में भर्ती कराया। घायल को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

### ट्रेन से गिरकर अज्ञात युवक की मौत

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** गुरूवार की शाम कासगंज से लखनऊ जा रही पैंसेजर ट्रेन पर सवार अज्ञात युवक जीटी रोड स्थित ग्राम मिरगांवा के निकट गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। उस की मौके पर मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे कोतवाली पुलिस के कांस्टेबल नागेन्द्र सिंह, सचिन कुमार ने शव को रेलवे ट्रैक से हटाकर मर्चरी भेज दिया।

# हादसे में डॉक्टर की मौत, मेडिकल कॉलेज में हंगामा

## तेज रफ्तार कार ने बाइक में मारी टक्कर

संवाददाता, तिर्वा-कन्नौज

**अमृत विचार।** कार की टक्कर से बाइकसवार जूनियर डॉक्टर की मौत हो गई। घटना की जानकारी से भड़के छात्रों व डॉक्टरों ने जमकर हंगामा किया। मेडिकल कॉलेज के बाहर रात तीन बजे तक हंगामा चलता रहा। जानकारी पाकर पहुंचे प्राचार्य, सीओ समेत पुलिस अधिकारियों ने समझाकर शांत कराया।



डॉ. कपिलदेव।

श्रावस्ती के थाना सोनवा के गांव दूवकला निवासी कपिल देव (32) पुत्र कृष्णदेव त्रिपाठी ने डॉ. भीमराव आंबेडकर रामजी मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस किया था। करीब तीन महीने पहले कॉलेज छोड़ कर पोजी की तैयारी कर रहे थे। बुधवार की रात करीब एक बजे मेडिकल कॉलेज से निकले थे। वह बाइक से कन्नौज की ओर चाय पीने जा रहे थे। वह सीओ कार्यालय पास पहुंचे तो उल्टी साइड से आ रही जाइलो कार के चालक ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसा होते ही डॉक्टर सड़क पर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी पर पहुंची पुलिस ने तत्काल उन्हें मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी में पहुंचाया। यहां जांच के बाद डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी होते ही साथी छात्र व जूनियर डॉक्टरों का गुस्सा भड़क गया और सभी सड़क पर आ गए। कॉलेज के सामने ही प्रदर्शन शुरू कर दिया। आक्रोशित डॉक्टर कॉलेज के समाने स्पीड ब्रेकर बनवाने समेत मृतक के परिजनों को मुआवजा दिलाने की मांग कर रहे थे। जानकारी पाकर मौके पर पहुंचे प्राचार्य डॉ. सीपी पाल, सीएमएस डॉ. दिलीप सिंह, सीओ प्रियंका बाजपेयी ने समझाकर उन्हें शात कराया। उधर, पुलिस ने रात में ही चालक को कार समेत पकड़ लिया। मृतक के मामा शैलेंद्र कुमार निवासी ग्राम सिकरिहवा तुलसीपुर, थाना तुलसीपुर, जिला बलरामपुर ने मामले में चालक रामू पुत्र स्व. गयाप्रसार निवासी ग्राम दौलतपुर थाना ठठिया के खिलाफ लापरवाही से चलाते हुए भांजे को टक्कर मारने की रिपोर्ट दर्ज कराई है।



जिलाधिकारी व एसपी से बात करते आक्रोशित डॉक्टर व स्टाफ। अमृत विचार



मेडिकल कॉलेज की ओपीडी के बाहर जमा जूनियर डॉक्टर व पैरामेडिकल स्टाफ। अमृत विचार

## आक्रोशित जेआर व पैरामेडिकल स्टाफ ने ओपीडी की बंद

संवाददाता, तिर्वा-कन्नौज

**04** घंटे बाद पहुंचे डीएम, एसपी ने समझाकर शांत किया

**अमृत विचार।** कार की टक्कर से डॉक्टर की मौत के बाद एएसपी की बात से भड़के डॉक्टरों व पैरामेडिकल स्टाफ ने ओपीडी में कार्य बहिष्कार करते हुए फिर से धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की। करीब चार घंटे तक चले प्रदर्शन के बाद डीएम, एसपी ने समझाकर उनकी मांगों को पूरा करने का आश्वासन देकर शांत कराया।

बुधवार देर रात कार की टक्कर से जूनियर डॉक्टर की मौत के बाद पुलिस ने फरार चालक के कार समेत पकड़ लिया। साथी की मौत के बाद साथियो व पैरामेडिकल स्टाफ ने रात करीब तीन बजे तिर्वा कन्नौज सडक पर जाम लगाकर प्रदर्शन किया। गुरुवार सुबह कॉलेज खुलने पर इंटर्न्स व जेआर के साथ पैरामेडिकल स्टाफ ने ओपीडी बंद कर कार्य बहिष्कार कर दिया। इस दौरान पहुंचे एएसपी डॉ.संसार सिंह ने हादसे में डॉक्टर की मौत को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी कर दी जिससे डॉक्टर और भड़क गए। हंगामा करते हुए जिलाधिकारी को मौके पर बुलाने की मांग करने लगे। जानकारी पर करीब चार घंटे के बाद जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल, एसपी अमित कुमार आनंद, सीओ डॉ. प्रियका बाजपेयी समेत तमाम प्रशासनिक अमला व फोर्स मौके पर पहुंच गई। डीएम ने प्रदर्शन कर रहे डॉक्टरों की बात सुनने के बाद मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया जिस पर सभी अपने कार्य पर लौट गए। इस संबंध में प्राचार्य डॉ.सीपी पाल ने बताया कि हादसा होना दुखद। डॉ. कपिल ने तीन माह पहले ही कॉलेज छोड़ दिया था और व पीजी की तैयारी कर रहे थे। वे बैचमेट के साथ पढ़ाई करने आए थे। वे देर रात बाहर निकले और हादसे का शिकार हो गए। बताया कि ओपीडी व ओटी आदि का संचालन प्रभावित नहीं हुआ है।

### जूनियर डाक्टरों ने रखीं यह मांगें

**तिर्वा।** डॉक्टर की मौत से आक्रोशित साथियों ने मृतक के परिजनों को 2 करोड़ रुपये मुआवजा, परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी, पुलिसकर्मियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने, आपातकाल के गेट पर सीसीटीवी, बैरियर समेत कई मांगें रखीं। इस दौरान जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने कॉलेज गेट के सामने ब्रेकर बनाने को लेकर जायजा भी लिया। इसके अलावा 24 घंटे चलने वाली कैंटीन, पुस्तकालय आदि की भी मांग की।

# डॉक्टरों ने नहीं देखे मरीज, वापस कराए पर्चे

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- **ईएनटी समेत अन्य विभागों में मरीजों को हुई दिक्कत**
- **दूर से आए बुजुर्ग व महिलाएं परेशान होकर चली गईं**

**अमृत विचार।** डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय के बाहर तिर्वा-कन्नौज फोरलेन मार्ग पर सड़क हादसे में गई डॉक्टर की जान को लेकर ओपीडी प्रभावित हुई। यहां कई विभागों के डॉक्टरों ने मरीजों को नहीं देखा। जमा करने के बाद पंजीकरण पर्चे वापस करा दिए गए। इससे बुजुर्ग व महिलाएं काफी परेशान हुए।

गुरुवार को सुबह हर रोज की तरह मरीज राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय पहुंचे। यहां काउंटर पर पंजीकरण कराकर पर्चा लिया। उसके बाद मरीज व तीमारदार ओपीडी में पहुंचकर डॉक्टरों व कर्मचारियों के आने का इंतजार करने लगे। सुबह 9:57 बजे ईएनटी (नाक, कान व गला) विभाग का कर्मी वहां पहुंचा तो बाहर मरीज खड़े थे। दरवाजा खोलने के बाद कर्मचारी ने पर्चे जमा कर लिए। कुछ देर बाद पहुंचीं एक डॉक्टर ने कर्मचारी से कह दिया कि मरीजों के पर्चे वापस कर दो। वह मरीज नहीं देखेंगी। कर्मचारी ने पर्चे वापस कर दिए। उसके बाद एक और डॉक्टर वहां पहुंचे। उनको देखकर मरीज आगे बढ़े लेकिन पर्चा नहीं लिए गए। डॉक्टर ने किसी और डॉक्टर या मेडिकल स्टॉफ के कार्यालय में न होने की बात कर्मचारी से पूछी तो बताया गया कि बुधवार की रात सड़क हादसे में एक डॉक्टर की मौत हो गई है।

इस वजह से सन्नाटा है। आगे चलकर दोनों डॉक्टर व अन्य स्टॉफ बातें करने लगे तो दूसरी ओर मरीज बार-बार मोबाइल व घड़ी में समय देख रहे थे। 10.45 बजे तक कई मरीज निराश होकर लौट गए। खास बात यह रही कि ईएनटी विभाग के सामने बाल रोग विशेषज्ञ के स्टॉफ ने मरीज देखे। नीचे सर्जरी व हड्डी रोग विभाग में मरीज देखे गए। अन्य विभागों में सेवाएं प्रभावित हुईं। इस बाबत प्राचार्य डॉ. सीपी पाल ने बताया कि कुछ देर के लिए ओपीडी प्रभावित हुई है। बाद में मरीज देखे गए हैं।



ईएनटी विभाग का बंद दरवाजा और बाहर खड़े मरीज व उनके तीमारदार। अमृत विचार

### ओपीडी में दो घंटे में 275 मरीजों ने कराया पंजीकरण

**तिर्वा, कन्नौज।** डॉक्टर की मौत के बाद प्रदर्शन के चलते दो घंटे चली ओपीडी में करीब 275 मरीजों ने कराया पंजीकरण कराकर दवा ली। आम दिनों में 700-800 मरीज पंजीकरण कराकर दवाएं लेते हैं। डॉक्टरों के प्रदर्शन का असर ओपीडी में साफ दिखने लगा। सीएमएस ने बताया कि प्रदर्शन के कारण मरीजों की संख्या कम रही।

### संदिग्ध अवस्था में महिला की मौत

**तिर्वा।** संदिग्ध अवस्था में विवाहिता का शव फंदे पर लटका मिला। इससे ससुरालियों मे हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंचे मायके पक्ष के लोगों ने हत्या का आरोप लगाया।

थाना इंदरगढ़ के नान्हेपुर गाव निवासी अरविंद की शादी दस साल पहले तालग्राम निवासी मधू नाम की युवती के साथ हुई थी। उसका एक ढाई साल का पुत्र भी है। दोनों पति-पत्नी अपने बच्चे को लेकर परिवार के साथ रहते थे। गुरुवार की सुबह जब पत्नी अपने कमरे से बाहर नहीं निकली तो उसने जाकर देखा। वहां उसका शव फंदे से लटका था। इससे परिजनों मे हड़कप मच गया। मायके पक्ष के लोगो ने हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगाकर हंगामा किया। पुलिस ने परिजनों को समझाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि मायके पक्ष ने पोस्टमार्टम कराने की तहरीर दी थी। आरोप नही था।

## सार-संक्षेप



ग्राम खाड़ेदेवर में गंदगी व जलभराव को लेकर प्रदर्शन करते ग्रामीण।

### गंदगी व जलभराव से परेशान ग्रामीण

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** देश व प्रदेश की सरकार एक ओर स्वच्छ भारत मिशन को गांव-गावं पहुंचाकर गंदगी मुक्त वातावरण देने का प्रयास कर रही है। जिम्मेदार सरकार की मंशा को पलीता लगा रहे हैं। ऐसे ही एक मामले में गांव के लोग गंदगी के बीच गुजर करने को मजबूर हैं। उन्होंने प्रदर्शन कर समस्या के निराकरण की मांग की। गुरुवार को ब्लाक तालग्राम के ग्राम खाड़ेदेवर निवासी रामू, अजय, लालू, राकेश चौकीदार, मालती, रेशमा, अंजू देवी, नीलम आदि गंदगी व जलभराव की समस्या को लेकर प्रदर्शन किया। कहा कि निकासी की व्यवस्था न होने से गलियों में जलभराव की स्थिति है। नियमित सफाई न होने से गंदगी का बोलबाला है। इससे संक्रामक रोग फैलने का खतरा बना हुआ है। स्कूल आने जाने वाले बच्चों सहित राहगीरों को जलभराव व गदंगी से होकर आवागमन करना पड़ता है। ग्रामीणों ने प्रदर्शन करते हुए प्रशासन से समस्या का निस्तारण कराए जाने की मांग की है।



शिक्षकों को शपथ दिलाते बीईओ रमेश चन्द्र चैधरी।

### दिव्यांग बच्चों में शिक्षा की अलख जगाएं शिक्षक

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** समग्र शिक्षा अभियान के तहत ग्राम सराय प्रयाग स्थित ब्लाक संसाधन केन्द्र पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण चल रहा है। इसमें बीईओ ने बताया कि प्रशिक्षण का उद्देश्य दिव्यांग बच्चों का शैक्षिक और शारीरिक उन्नयन करना है। गुरुवार को प्रशिक्षण के दौरान बीईओ ने प्रशिक्षणार्थियों को जलवायु परिवर्तन के दुष्परिणामों को कम करने के लिए शपथ दिलाई। प्रशिक्षक पूजा कटियार, रमाकांत सिन्हा, अक्षत कुमार शुक्ला ने संबंधित विषयों की जानकारी देकर शिक्षकों को जागरूक किया। दृष्टि दिव्यांग बच्चों को ब्रेल लिपि, गणित के लिए अबेकस टेलर पट्टी के माध्यम से शैक्षिक सपोर्ट हेतु नोडल शिक्षकों को जानकारी दी गई। अक्षत शुक्ला ने मानसिक दिव्यांग बच्चों के शैक्षिक सपोर्ट हेतु लैस कार्ड व मॉडल की जानकारी दी।



यातायात कार्यालय में सीसीटीवी कैमरों को चेक करते एसपी अमित कुमार आनन्द।

### एसपी ने परखी सीसीटीवी कैमरों की हकीकत

**कन्नौज।** पुलिस लाइन में स्थापित यातायात कार्यालय का एसपी अमित कुमार आनन्द ने औचिक निरीक्षण किया। कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर जनपद में यातायात व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान जिले के कस्बों में प्रमुख चौराहों व तिराहों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की हकीकत जांची। भीड़भाड़ वाले चौराहों व तिराहों पर अतिरिक्त यातायात पुलिस बल लगाने को कहा। मुख्य मार्गों पर आड़े तिरछे खड़े वाहनों पर कार्रवाई के निर्देश दिये। उन्होंने यातायात प्रभारी आफाक खां से कहा कि वह यातायात टीम को मजबूती के साथ लगा दें। यातायात नियम तोड़ने वालों पर चालानी कार्रवाई करते रहें। इसके बाद कार्यालय के अभिलेख चेक किये। खामियां ठीक करने को कहा।

### मधुमक्खी के हमले से चार घायल

**तालग्राम, कन्नौज।** ग्राम चैतराहार स्थित प्राथमिक विद्यालय के निकट लगे मधुमक्खी के छत्ते से अचानक मधुमक्खियों ने हमला बोल दिया। इससे केतकी देवी (60), उसका पुत्र महेश चंद्र (35), नातिन (22) वर्ष व गांव में पवनी उठाने आए चौखटा गांव के रतीराम (40) घायल हो गए। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। केतकी देवी को मेडिकल कॉलेज तिर्वा रेफर कर दिया गया।

# नगर की सफाई व्यवस्था पर रहेगी जूम एप से नजर

संवाददाता, गुरसहायगंज-कन्नौज

- **ऑनलाइन मॉनीटरिंग से सफाईकर्मियों में हड़कंप**
- **ईओ ने 2 जोन व 5 सेक्टर में विभाजित किया नगर को**

**अमृत विचार।** नगर की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए आनलाइन मॉनिटरिंग की व्यवस्था की गई है। इससे न सिर्फ सफाई कर्मियों और सफाई व्यवस्था पर नजर रखी जा रही है बल्कि कामचोरी करने वाले कर्मियों पर शिकंजा भी कसा जा रहा है।

नगर पालिका परिषद अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार ने पटल सहायकों की बैठक में नगर की सफाई व्यवस्था का खाका तैयार कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बताया, सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए नगर को 02 जोन व 05 सेक्टर में बांटा गया है। साउथ जोन को तीन व नॉर्थ जोन को दो सेक्टर में विभाजित किया गया है। नॉर्थ जोन में राजन बाबू को सफाई प्रभारी बनाया है। वह सेक्टर दो में सफाई प्रभारी गणेश व अनिल कुमार के साथ सफाई कार्य कराएंगे। इसी तरह साउथ जोन के 03 सेक्टर में प्रदीप, श्रवण व ओमकार को सेक्टर सफाई प्रभारी बनाया गया है। वह स्वयं जूम ऐप से सफाई व्यवस्था की ऑनलाइन मॉनिटरिंग कर रहे हैं। इस दौरान कार्यालय अधीक्षक आरपी सिंह, जिलेदार सिंह, मनोज कुमार तिवारी, अनिल प्रजापति, जनार्दन मिश्रा, वीर सिंह आदि रहे।

# वित्तीय वर्ष में खुलेंगी 10 मदिरा की दुकानें

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** आबकारी विभाग जिले में 10 नई देसी व विदेशी मदिरा की दुकानें खोलेगा। चुनाव आचार संहिता समाप्त होने के बाद इन दुकानों का आवंटन लाटरी से किया जाएगा।

आबकारी विभाग सरकार का राजस्व बढ़ाने के लिये लग गया है। इस वर्ष आबकारी विभाग जिले में देसी, विदेशी व बीयर की 10 नई दुकानें खुलवायेगा। यह दुकान उन स्थानों पर होंगी जहां पर शराब की बिक्री तो होती है पर दुकान न होने से ग्राहकों को इधर-उधर जाना पड़ता है या फिर कच्ची शराब को तलाश करना पड़ता है। इसी को देखते हुए विभाग ने देसी शराब की दुकान असालताबाद, शेखपुरा मोड़ भौराजपुर, गंभीरपुर तिराहा, अटारा तिर्वा नई दुकानें खोलने की तैयारी की है। इसी तरह अंग्रेजी शराब की दुकानें खैरनगर, जसपुरापुर सरैयां, नौरंगपुर चौराहा पर खोली जाएंगी। बीयर की नई दुकानें जसपुरापुर सरैयां, खैरनगर और टडारायपुर में खुलेंगी।

जिला आबकारी अधिकारी वरुण कुमार लाल ने बताया कि इन नई दुकानों को अप्रैल 2024 में शुरू नहीं किया जायेगा। इसकी मुख्य वजह चुनाव आचार संहिता लगा होना है। इन दुकानों को आचार संहिता हटते ही लाटरी से आवंटित किया जाएगा।



### दो अंग्रेजी शराब की दुकानें छूटीं

**कन्नौज।** घाटे में चल रही अंग्रेजी शराब की सरायमीरा तिर्वा क्रासिंग, पट्टी बाजार दुकानों को ठेकेदारों ने इस वित्तीय वर्ष में छोड़ दिया है। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि अब इन दुकानों को नये सिरे से उठान कराया जायेगा। यदि इन दुकानों का आवंटन नहीं होता है तो इन दुकानों को विभाग दैनिक आधार पर संचालित करायेगा।

- आचार संहिता लगने की वजह रोकी गई आवंटन की प्रक्रिया

**50%** ब्याज बकाया राजस्व में किया जाएगा माफ

### बकाया वसूली के लिए एकमुश्त समाधान योजना की गई लागू

- **कन्नौज।** आबकारी विभाग बकाया राजस्व वसूली के लिये एक मुश्त समाधान योजना लेकर आया है। इसके तहत बकायेदार शराब ठेकेदार को कुल बकाया राजस्व पर लगे ब्याज में 50 फीसदी की छूट दी जायेगी। इस बकाया को जमा करने के लिये विभाग ने 12 माह का समय दिया है। योजना से सरकार का फंसा पैसा मिल जायेगा। वहीं ठेकेदार को भी ब्याज का 50 फीसदी राशि कम देनी पड़ेगी।

**त्रिपुरा सरकार सहमत** | त्रिपुरा में आयोजित सम्मेलन में इसे विलुप्त श्रेणी से निकालने की उठी मांग

# खुशखबरी : कन्नौज में सुव्यवस्थित ढंग से पहुंचेगा 'अगर'

इरा अवस्थी, कन्नौज

- **अभी बड़ी मात्रा में परिवहन करने पर लगा है प्रतिबंध**
- **एसेंशियल ऑयल एसो. का 35 सदस्यीय दल पहुंचा था**

**अमृत विचार।** इत्र उद्यमियों के लिए खुशखबरी है। जल्द ही अगर वुड यानी ऊद विलुप्त प्राय श्रेणी से बाहर आ सकता है। सुगंध बनाने में प्रयोग होने वाली इस लकड़ी को नियमानुसार कन्नौज तक परिवहन को लेकर त्रिपुरा की सरकार ने सहमति जताई है। इस मुद्दे को लेकर तीन दिन पहले वहां एसेंशियल ऑयल एसोसिएशन, त्रिपुरा बन विभाग के 35 लोगों के दल का सम्मेलन एफएफडीसी कन्नौज के सहयोग से कराया गया। इसमें कन्नौज से भी तीन इत्र उद्यमी पहुंचे और ऊद को लेकर संशय व सवाल रखे।

एफएफडीसी के प्रधान निदेशक डॉ. शक्ति विनय शुक्ल ने बताया कि अगर के पेड़ देश के तीन राज्यों असम, त्रिपुरा, कर्नाटक, मणिपुर में पाए जाते हैं। इसकी खास बात यह है कि पेड़ को कीड़ा काटकर जख्म करता है जिसमें फंगस लग जाता है। इस फंगस से लड़ने के लिए पेड़ से एक सुगंधित गाढ़ा स्राव जिसे रेजिन कहते हैं निकलता है। इसको ही असल में अगर या ऊद कहते हैं। इसका प्रयोग मध्य पूर्व के देशों में रहने वाले मुसलमानों द्वारा प्रयोग किया जाता था। इस सुगंध का प्रयोग करके उच्च श्रेणी के परफ्यूम का निर्माण किया गया। इसके बाद ही ऊद के साथ विभिन्न सुगंधों को मिलाकर परफ्यूम का निर्माण किया जाने लगा। बताया कि ऊद का प्रयोग कन्नौज के इत्र उद्योग में भी किया जाता है लेकिन यह अभी साइटस (कन्वेंशन ऑन इंटरनेशनल ट्रेड इन इनडेंजर्ड स्पीसीज ऑफ वाइल्ज फाना एंड फ्लोरा) की श्रेणी में है। इसका तात्पर्य यह है कि ऊद का पेड़ लुप्तप्राय वनस्पति की श्रेणी में शामिल है। इसीलिए इसका परिवहन तो किया जाता है लेकिन इसमें सरकार के नियम कानून आड़े आते हैं। साइटस की शर्त के अनुसार अभी केवल एक किलो अगर की लकड़ी व 24 मिली. तेल ही लाया ले जाया सकता है। सम्मेलन में इसी मुद्दे पर सवाल रखे गए कि इस तरह की व्यवस्था की जाए कि एक कागज ही पूरे देश में ट्रांसपोर्ट किया जा सके। बताया कि अकेले असम में 8-9 करोड़ तो त्रिपुरा में डेढ़ करोड़ पेड़ हैं। ऐसे में यह लुप्त प्राय श्रेणी से बाहर किया जाना चाहिए। इस तरह के तमाम सवालों और शंकाओं पर करीब चार घंटे तक चर्चा हुई। संभावना है कि अगर वुड का कन्नौज या किसी स्थान पर परिवहन आसान हो जाएगा। इस पर त्रिपुरा सरकार भी सहमत है। इस मौके पर कन्नौज के इत्र उद्यमी अतुल जैन, प्रदीप कपूर के अलावा त्रिपुरा वन विभाग के अधिकारी रहे।



त्रिपुरा में अगर वुड के जंगल में भ्रमण को पहुंची टीम में शामिल एफएफडीसी के प्रधान निदेशक डॉ. शक्ति विनय शुक्ल, इत्र उद्यमी अतुल जैन, प्रदीप कपूर व अन्य। अमृत विचार

# जिस मतदान केंद्र पर होगी ड्यूटी वहीं कर्मचारी डाल सकेंगे वोट

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने दी जानकारी, कर्मियों को मिलेगा प्रारूप 12क

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज



प्रिंटिंग प्रेस मालिकों को जानकारी देते एडीएम आशीष कुमार सिंह। अमृत विचार

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में मतदान के दिन ड्यूटी पर तैनात कर्मचारी व अधिकारी भी ईवीएम से संबंधित केंद्र पर ही वोट डाल सकेंगे। इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर चुनाव ड्यूटी में लगे अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रारूप 12 क दिया जाएगा, जिसके माध्यम से आवेदन कर वह मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। वहीं, गैर जनपदों के कर्मचारियों को पोस्टल बैलेट से मतदान करने की सुविधा दी जाएगी।

जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने बताया कि जिले की किसी भी विधानसभा क्षेत्र में रहने वाले कर्मचारी या अधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा ड्यूटी स्थल पर ही ईवीएम से वोट देने की सुविधा प्रदान की गई है। इसके लिए उन्हें प्रारूप 12क उपलब्ध कराया जाएगा, जिसके माध्यम से वह आवेदन कर ड्यूटी स्थल पर ही वोट कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि लोकसभा चुनाव में पोलिंग बूथों पर तैनात पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी, पुलिस कार्मिक, जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट, माइक्रोआब्जर्वर, होमगाड्र्स, पीआरडी जवान, निर्वाचन व्यय सेल में लगे कार्मिक, वीडियोग्राफर व फोटोग्राफर, वेबकास्टिंग में लगे कर्मी, बीएलओ, लेखपाल, अमीन, वाहन चालक, कंडक्टर व हेल्परों को यह सुविधा प्रदान की जाएगी। यदि मतदान कार्मिक किसी दूसरे जिले का रहने वाला है तो उसे प्रारूप-12 के अंतर्गत पोस्टल बैलेट से मतदान करने की सुविधा प्रदान की जाएगी।

● गैर जनपदों के मतदाताओं को मिलेगी पोस्टल बैलेट से मतदान की सुविधा

### बुजुर्गों को मिलेगी घर से वोट देने की सुविधा

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 80 साल से ऊपर के बुजुर्गों को घर से वोट देने के लिए निर्वाचन आयोग ने सुविधा प्रदान की है। जिले में 80 वर्ष से ऊपर के 22,590 मतदाता हैं, जिनके पास प्रारूप 12डी भेजा जाएगा। इसके तहत वह आवेदन कर घर से ही अपनी पसंद के प्रत्याशी को वोट दे सकेंगे। उन्हें पोलिंग बूथों पर आने की आवश्यकता नहीं होगी। यह सुविधा दिव्यांग या असाध्य रोग से पीड़ित मतदाताओं को भी मिलेगी।

### प्रिंटिंग प्रेस मालिकों को बताई आयोग की गाइडलाइन

उप जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष कुमार सिंह ने सभी प्रिंटिंग प्रेस मालिकों को चुनाव आयोग की गाइड लाइन के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यदि राजनीतिक दलों अथवा प्रत्याशियों द्वारा किसी भी प्रेस में चुनाव संबंधी सामग्री पुस्तिकाएं, पोस्टर व पंपलेट आदि प्रकाशित कराई जाती है, तो उस पर होने वाले व्यय के संबंध में पूरी सूचना जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय को प्रेषित करेंगे और लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 का अनुपालन करेंगे। उन्होंने बताया कि यदि कोई सूचना छिपाई जाती है तो जुर्माने और कैद का भी प्रावधान किया गया है।

# ट्रैक्टर से कुचलकर तीन साल के बच्चे की मौत

संवाददाता, छिबरामऊ, कन्नौज

**अमृत विचार।** खेत में हार्वेस्टर से आलू खोदाई के दौरान तीन साल का बच्चा ट्रैक्टर के नीचे आ गया, जिससे उसकी मौत हो गई। परिजनों ने ट्रैक्टर चालक पर आरोप लगाया है। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से भाग गया। पुलिस घटना की जांच कर रहा है।

विशुनगढ़ के मोहल्ला नुनार निवासी विनोद कुमार कोरी पुत्र नेकराम ने बताया कि बुधवार दोपहर लगभग दो बजे उनके खेत में हार्वेस्टर से आलू की खोदाई का काम चल रहा था और ट्रैक्टर को ग्राम चतुरीपुर निवासी अजय यादव उर्फ लल्ला चला रहा था। विनोद ने बताया कि आलू खोदते समय उनकी अजय से कुछ कहासुनी हो गई थी। उसके बाद वह कान में मोबाइल लगाकर किसी से बात करते हुए ट्रैक्टर को लापरवाही से चलने लगा। वहीं विनोद का तीन वर्षीय नाती शिवांश पुत्र गोल्डन कमल आगे खड़ा था। ट्रैक्टर को बच्चे की ओर जाते देख उन्होंने ट्रैक्टर रोकने की जोर से आवाज लगाई, लेकिन उसने ट्रैक्टर नहीं रोका। उनका आरोप है कि उसके नाती के ऊपर जानबूझ कर ट्रैक्टर चढ़ा दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसा होते ही वह अपना ट्रैक्टर लेकर मौके से भाग निकला। विनोद ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। थानाध्यक्ष देवेश कुमार पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उन्होंने बताया कि घटना की जांच की जा रही है।

### निर्माणाधीन मकान का लेंटर गिरा, तीन घायल

**छिबरामऊ।** नगर के मोहल्ला बजरिया निवासी संजय गुप्ता पुत्र राजेंद्र प्रसाद के मकान में तीसरी मंजिल पर निर्माण कार्य चल रहा है। गुरुवार की दोपहर में लेंटर पड़ गया था। लोड अधिक होने के चलते ईंट के खंभे फैल गए और भरभराकर गिर पड़ा, इससे दूसरी मंजिल का लिंटर भी क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के दौरान काम कर रहे कांशीराम कालोनी निवासी सलमान पुत्र अच्छन, सौरिख रोड स्थित पाल मार्केट निवासी कुंवर पाल पुत्र मुंशीलाल व मोहल्ला बजरिया निवासी अजय पुत्र अवधेश घायल हो गए। वहीं लेंटर में लगी शटरिंग में भी काफी नुकसान हो गया। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया गया।

## सार-संक्षेप



नवनिर्वाचित अध्यक्ष व महासचिव का स्वागत करते अधिवक्ता। अमृत विचार

### अरविंद सिंह अध्यक्ष व ललित बने महासचिव

**छिबरामऊ।** बार एसोसिएशन चुनाव का परिणाम आते ही जीते प्रत्याशियों के समर्थकों ने मिठाई बांट एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर जश्न मनाया। चुनाव में अरविंद सिंह राठौर को अध्यक्ष और ललित प्रताप सिंह को महासचिव चुना गया। बार एसोसिएशन चुनाव की मतगणना पूरी होने के बाद चुनाव अधिकारियों की ओर से अंतिम घोषणा में अध्यक्ष पद पर अरविंद सिंह राठौर व महासचिव पद पर ललित प्रताप सिंह को विजयी घोषित किया गया। बार एसोसिएशन सभागार में देर रात मुख्य निर्वाचन अधिकारी रामवंद्र यादव, निर्वाचन अधिकारी एसएमए रिजवी, राकेश दुबे, दफेदार, राजीव सिंह राठौर, राजीव नयन त्रिपाठी, विजय त्रिपाठी, अभिलाष दीक्षित व उमेद यादव ने मतगणना के नौ राउंड की गिनती के बाद परिणामों की घोषणा कर दी। अध्यक्ष पद पर अरविंद सिंह राठौर ने शिवनाथ सिंह यादव को 47 वोट, महामंत्री पद पर ललित प्रताप सिंह ने पंकज मिश्रा को 89 वोट, कोषाध्यक्ष पद पर मोहम्मद मुफीद ने आशुतोष चौहान को 91 वोटों से हराया। कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर धीरज तिवारी व भइया लाल वर्मा को विजयी घोषित किया गया। प्रशासनिक सदस्य के छह पद के लिए अवध किशोर यादव, अनुराग त्रिपाठी, नंदकिशोर शाक्य, सचिन प्रताप व शुभम त्रिपाठी, शिवम शुक्ला को निर्वाचित घोषित किया गया।



गौशाला में निरीक्षण के दौरान निर्देश देते सीडीओ। अमृत विचार

### मुख्य विकास अधिकारी ने किया गौशाला का निरीक्षण

**जलालाबाद।** ब्लॉक जलालाबाद की ग्राम पंचायत अनौगी, जसपुरापुर सरैया स्थित गौशालाओं व आरआरसी सेंटरों का मुख्य विकास अधिकारी ने औचक निरीक्षण किया। गुरुवार को मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी ने अनौगी व जसपुरापुर सरैया स्थित गोशालाओं का निरीक्षण करने के दौरान केयरटेकरों को सफाई रखने के निर्देश दिए। कहा कि गोवंशों की देखरेख में कोई कमी न बरती जाएं। गोवंशों को समय से चारा, पानी, छाया आदि की व्यवस्था की जाएं। बीमार गोवंशों की नियमित जांच कराकर दवाई दी जाए। उन्होंने अनौगी आरआरसी सेंटर का भी निरीक्षण किया और जिम्मेदारों को दिशा निर्देश दिए। इस दौरान बीडीओ सोनिया श्रीवास्तव, एडीओ पंचायत लक्ष्मी राज यादव, एडीओ आईएसबी राजीव दीक्षित, सचिव पिंकी चक्रवर्ती, रामानंद यादव आदि मौजूद रहे।




गौरैया का चित्र बनाकर छात्रों को किया जागरूक। अमृत विचार

### विश्व गौरैया दिवस पर छात्रों ने निकाली जागरुकता रैली

**तिर्वा, कन्नौज।** विश्व गौरैया दिवस पर छात्रों ने चित्र बनाकर गांव में गौरैया संरक्षण के लिए जागरूकता रैली निकाली। इस संबंध में शपथ भी ली। कोतवाली के महसौनापुर गांव के प्राथमिक विद्यालय में विश्व गौरैया दिवस पर प्रधानाध्यापक वैभव राजपूत ने गौरैया चित्र प्रतियोगिता का आयोजन किया। छात्रों ने गौरैया के चित्र नाकर गांव में गौरैया संरक्षण के लिए जागरूकता रैली निकाली। प्रधानाध्यापक ने छात्रों को बताया कि पहले गांव में मकान कच्चे होने कारण गौरैया घोंसला बनाकर रहती थी। मकान पक्के होने से घोंसला नहीं है इसलिए गौरैया का संरक्षण नहीं हो पा रहा। उन्होंने छात्रों से कहा कि अपने आपने घरो पर गौरैया के लिए घोसला बनाकर उसमे गौरैया पक्षी के सरक्षण के लिए जागरूक किया। छात्र-छात्राओं ने गौरैया संरक्षण के लिए शपथ ली।



जिला अस्पताल में मरीजों का हाल जानते सीएमएस डॉ. शक्ति बसु व स्टाफ नर्स।

### वार्ड में भर्ती मरीजों को डॉक्टर नियमित देखेंगे

**कन्नौज।** जिला अस्पताल को मिली 17 स्टाफ नर्सों को उनके कार्य बताने के लिये सीएमएस ने जिला अस्पताल का निरीक्षण किया। इस दौरान सभी वार्डों में पहुंच कर स्टाफ नर्सों द्वारा मरीजों को किये जा रहे सहयोग की जानकारी ली। गुरुवार को जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. शक्ति बसु ने चीफ फार्मसिस्ट जितेंद्र कटियार के साथ के जिला अस्पताल का निरीक्षण किया। पैथॉलाजी में पहुंच कर जानकारी ली। इसके बाद वह वार्ड दो में पहुंचे। यहां पर चार स्टाफ नर्सें तैनात मिलीं। नर्सों को मरीजों का ध्यान रखने के निर्देश दिए। कहा कि यदि डॉक्टर आएं उनको कॉल भेज कर बुलाएं। इसी तरह वार्ड तीन और कुपोषित बच्चों के वार्ड का निरीक्षण किया। एक बच्चे की मां से खाने की क्वालिटी के संबंध में जानकारी ली तो उसने संतोष जताया।

### साल भर से अलग रह रहे दंपति फिर हुए एक

**कन्नौज।** गुरुवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मध्यस्थता केंद्र में सचिव एवं अपर जिला जज लवली जायसवाल ने ठठिया थाना क्षेत्र के एक दहेज उत्पीड़न के मामले की सुनवाई की। मध्यस्थ अधिवक्ता शिवनरायन सैनी के साथ पति-पत्नी केंद्र में पेश हुए। महिला ने बताया कि उसने ठठिया थाने में ससुरालीजनों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया था, जिसमें पुलिस ने आरोप पत्र भी कोर्ट में प्रेषित कर दिया। अपर सिविल जज जूनियर डिवीजन व एसीजेएम ने प्रकरण को मध्यस्थता केंद्र भेज दिया। एडीजे ने दोनों पक्षों की बात सुनी और मतभेद दूर किए। प्राधिकरण की सचिव ने बताया कि लोगों को नशामुक्त बनाने के लिए तीनों तहसीलों में पराविधिक स्वयंसेवकों द्वारा अभियान चलाया जा रहा है।



बच्चों को शील्ड देकर सम्मानित करतीं इंदिरा दुबे। अमृत विचार

# प्रतियोगिताओं से बच्चों को मिलता आगे बढ़ने का अवसर : इंदिरा दुबे

● गैलेक्सी पब्लिक स्कूल में आयोजित हुआ कार्यक्रम

**छिबरामऊ।** प्रतियोगिताओं में भाग लेने से बच्चों का मानसिक विकास होता है। यह बात नगर की समाजसेविका इंदिरा दुबे ने गैलेक्सी पब्लिक स्कूल में आयोजित न्यूरो अंडरस्टैंडिंग एग्जामिनेशन प्रतियोगिता में सफलता पाने वाले छात्र छात्राओं को पुरस्कार वितरण के दौरान कही। प्रबंधक सुखवीर सिंह चौहान ने बताया की एक शैक्षणिक संस्था में प्रतियोगिताओं का आयोजन छात्रों की दक्षता बढ़ाने के लिए होता है। संचालक संजीव चौहान, विजय सिंह ने कहा कि प्रतिस्पर्धी माहौल शिक्षार्थियों को खुद को आगे बढ़ाने, अपने लिए उच्च लक्ष्य और मानक निर्धारित करने के लिए प्रेरित करता है। संचालन राजवीर भदौरिया ने किया। इस दौरान शालिनी चतुर्वेदी, दिशा दुबे, अनुराग, शनि यादव, अमित यादव समेत सभी अध्यापक एवं विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

# सीडीओ को 14 अफसर, 30 कर्मी गैरहाजिर मिले

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

● विकास भवन के कार्यालयों में न मिलने वाले सभी लोगों को नोटिस जारी

● आगे ऐसा न करने की दी गई चेतावनी, कई पदों के जिम्मेदार नहीं आए कार्यालय

**अमृत विचार।** सीडीओ रामकृपाल चौधरी ने टीम के साथ विकास भवन के सभी कार्यालयों का निरीक्षण किया। इस दौरान 14 अधिकारी व कई पदों के 30 कर्मचारी व अन्य जिम्मेदार गैरहाजिर मिले। सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। साथ ही आगे ऐसा करने पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है।

एनआरएलएम कार्यालय में जिला मिशन प्रबंधक जितेंद्र सिंह, पंचायती राज कार्यालय में बाबू दिग्विजय सिंह व पत्रवाहन अरशद हसन, ओडीएफ कमांड रूम में डीपीसी अनिल कुमार व अमितेष पाठक, लेखाकार राकेश कुमार व कंप्यूटर ऑपरेटर बृजेश कुमार अनुपस्थित मिले। यूपी नेडा कार्यालय में बाबू चंद्रकेश, एचसी कमलेश कुमार व शंभूदयाल, उद्यान विभाग में एसएचआई शिवसेवक, उद्यान निरीक्षक रविशंकर मिश्र, बाबू रजनीश पांडेय व माली रमेश चंद्र यादव नहीं मिले। एआर कोआपरेटिव कार्यालय में अनिल कुमार, लल्लन बाबू कटियार, विमलेश कुमार 19 मार्च से लगातार गैरहाजिर चलने की हकीकत सामने आई। पशु पालन कार्यालय में वरिष्ठ सहायक गजेंद्र सिंह व बाबू राजकुमार नहीं मिले। समाज कल्याण कार्यालय विकास में दिनेश तिवारी सहायक लेखाकार अनुपस्थित मिले। अल्पसंख्यक कार्यालय में कंप्यूटर ऑपरेटर रागिनी, कृषि कार्यालय में वरिष्ठ सहायक महेश चंद्र वर्मा नहीं मिले। वरिष्ठ सहायक आशुतोष कुमार 18 मार्च से अनुपस्थित पाए गए। जिला कृषि रक्षा अधिकारी कार्यालय में बाबू ईशा अनुपस्थित मिलीं। लघु सिंचाई कार्यालय में अवर अभियंता नितिन तिवारी, बाबू शिवराज सिंह व कर्मी ऐनुल आवदीन अनुपस्थित मिले।

समाज कल्याण कार्यालय में प्रधान सहायक कन्हैयालाल लाल त्रिपाठी, एडीओ अभिषेक श्रीवास्तव व कर्मी कृष्ण गोपाल अनुपस्थित मिले। सीडीओ रामकृपाल चौधरी ने बताया कि लोकसभा क्षेत्र के चुनाव में आदर्श आचार संहिता है पर कार्यालय में बैठकर जनता की समस्याएं सुनकर निदान करना जरूरी है।

### यह अफसर कार्यालय कक्ष में नहीं मिले

- प्रभारी जिला कृषि रक्षा अधिकारी अविशांक सिंह चौहान
- प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी राजेश वर्मा
- मत्स्य पालन विभाग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अजय सिंह
- समाज कल्याण अधिकारी विकास सुनील कुमार
- एआर कोआपरेटिव राजीव लोचन शर्मा
- जिला उद्यान अधिकारी सीपी अवस्थी
- भूमि संरक्षण अधिकारी आरके वर्मा
- जिला प्रोबेशन अधिकारी इरा आर्या
- जिला समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी
- जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी जितेंद्र कुमार
- जिला कृषि अधिकारी आवेश सिंह
- अपर जिला कृषि अधिकारी हरेंद्र त्रिपाठी
- लघु सिंचाई एई शिखा सचान
- संरक्षण अधिकारी विजय राठौर

# प्रेसवार्ता करने के आरोप में यूटा जिलाध्यक्ष निलंबित

विजिलेंस प्रकरण

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** ब्लॉक सदर क्षेत्र के प्राथमिक स्कूल टिड़ियापुर के सहायक अध्यापक व यूटा जिलाध्यक्ष पंकज सिंह को बीएसए ने निलंबित कर दिया है। उन पर बिना अनुमति के प्रेसवार्ता करना, औरैया में बीईओ पुष्पेंद्र जैन को साजिश कर विजिलेंस टीम से पकड़वाने समेत कुल 12 आरोप लगे हैं।

बीएसए उपासना रानी वर्मा ने जारी किए आदेश में कहा है कि पंकज सिंह ने बेसिक शिक्षा परिषद कर्मचारी वर्ग नियमावली-1973 में निहित प्रावधानों के खिलाफ आचरण किए हैं। यूपी सरकारी सेवक शिक्षण आचारण नियमावली-1999 का उल्लंघन, विभागीय निर्देशो की अवहेलना, पदीय कर्तव्यों व दायित्वों का सही से निर्वहन न करने का आरोप लगाया है। सक्षम अधिकारी की बिना अनुमित के जिला मुख्यालय छोड़कर औरैया जाना, कार्य क्षेत्र की परिधि से बाहर जाकर औरैया में बीईओ बिधूना पुष्पेंद्र जैन को झूठे आरोप लगाकर विजिलेंस टीम से पकड़वाने की साजिश में शामिल होना। परिषदीय शिक्षकों की गरिमा धूमिल करने, विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों के प्रति द्वेष भावना रखना, अनैतिक आचरण करते हुए विभाग की छवि धूमिल करना, शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 का उल्लंघन करना, बिना अनुमति के प्रेसवार्ता कर विभागीय छवि को धूमिल करना व तथाकथित अमान्य संगठन का जिलाध्यक्ष बताकर विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों पर दबाव बनाने का आरोप है। निलंबन आदेश में पंकज सिंह को ब्लॉक सौरिख क्षेत्र के प्राथमिक स्कूल न्यामतपुर से संबद्ध कर दिया गया है। साथ ही जांच अधिकारी बीईओ सौरिख व तालग्राम समेत तीन अधिकारियों को दी गई है। दूसरी ओर इस मामले में जब यूटा जिलाध्यक्ष पंकज भदौरिया का पक्ष लेने के लिए मोबाइल पर संपर्क किया गया तो बात नहीं हो सकी।

### यह भी लगाए गए हैं आरोप, महानिदेशक स्कूल शिक्षा ने तलब की आख्या

निलंबन पत्र में वर्ष 2014 में सरकारी धन का गबन करने, 2019 में विद्यालय का वातावरण दूषित व विभाग की छवि धूमिल करने, अभद्र भाषा का प्रयोग करने का आरोप है। इसी वजह से उस दौरान निलंबन किया गया था। दो वेतन वृद्धि रोकते हुए सशर्त बहाल करने व इन कृत्यों की पुनरावृत्ति होने पर सेवा समाप्त करने की चेतावनी भी दी गई थी। आरोप यह भी है कि पहली मार्च को बीईओ पुष्पेंद्र जैन को पकड़वाने का भी आरोप है। औरैया के बीएसए ने इसको लेकर कन्नौज बीएसए को पत्र भेजकर कार्रवाई व जांच कराने की मांग की थी। साथ ही महानिदेशक स्कूल शिक्षा ने भी प्रकरण की आख्या तलब कराने के निर्देश दिए थे। आरोप है कि विजिलेंस टीम प्रकरण के वीडियो, फोटो आदि भेजे गए थे।

### वरिष्ठ लिपिक को पकड़ने के बाद गर्माया मामला

दरअसल, 29 फरवरी को कन्नौज बीएसए कार्यालय में तैनात रहे वरिष्ठ लिपिक विमल पांडेय को एंटी करप्शन टीम कानपुर ने रिश्वत लेने के आरोप में पकड़ा था। उस दौरान कुछ लोगों ने वरिष्ठ लिपिक की पिटाई कर दी। साथ ही बीएसए कार्यालय में लगे एनवीआर को चुरा लिया। इस प्रकरणों के सीसीटीवी फुटेज वीडियो वायरल हुए थे। इस मामले में शिकायतकर्ता शिक्षक अनुराग सिंह, उन्नाव का शिक्षक प्रवीण पाल, औरैया का पंकज कुमार व आगरा का यादवेंद्र भी निलंबित हो चुका है।

# संदिग्ध हालात में अधेड़ की मौत

**छिबरामऊ।** चौकी प्रेमपुर के गांव कूंदेपुर निवासी 55 वर्षीय सुनील कुमार पुत्र रामप्रकाश मां उर्मिला देवी के साथ गांव में स्थित बहन सीतादेवी के घर रह रहा था। बुधवार की शाम अचानक सुनील की हालत बिगड़ गई। भांजा शिवा परिवार के लोगों की सहायता से सुनील को नगला दिलू स्थित सौ शैय्या अस्पताल लेकर आया। कुछ देर बाद सुनील की मौत हो गई। मौके पर पहुंचे युवक के पिता रामप्रकाश ने बेटी सीता देवी पर बेटे की हत्या का आरोप लगाया। सुनील की मां ने बीमार होने की बात कही। बहन ने बताया कि 15 वर्ष पहले पिता ने मां व भाई को बेदखल कर दिया था। तबसे दोनों उसके घर रह रहे थे।

भाव छलके | पं. दीनदयाल उपाध्याय इंटर कॉलेज जसोदा में छह साल से तैनात थे शिवमोहन कुशवाहा

# प्रभारी प्रधानाचार्य को हटाया गया तो फूट-फूटकर रो पड़े बच्चे

कार्यालय संवाददाता, जसोदा/कन्नौज

● उमर्दा के जीआईसी में वर्ष 2017 में हुई थी तैनाती, अब हैं भंवरगाढ़ा के प्रधानाध्यापक

**अमृत विचार।** कई शिक्षकों को तरह-तरह की आलोचनाओं का सामना करना पड़ता है लेकिन पं. दीनदयाल उपाध्याय मॉडल इंटर कॉलेज जसोदा में ज्यादातर छात्र-छात्राओं की आंखें नम थीं। बच्चे, शिक्षक, अभिभावक व कर्मचारी भी भावुक थे। छह सालों में प्रभारी प्रधानाचार्य से यहां पढ़ने वाले बच्चे ऐसे घुल-मिल गए थे कि उनको यहां से हटाना किसी सदमे सा लगा और बच्चे बिलख-बिलख कर रोए। यह देख प्रभारी प्रधानाचार्य रहे शिवमोहन कुशवाहा भी रोने लगे।

दरअसल, डीआईओएस डॉ. पूरन सिंह ने जसोदा के इस इंटर कॉलेज के प्रभारी प्रधानाचार्य शिवमोहन कुशवाहा से अतिरिक्त प्रभार ले लिया है। उनके स्थान पर इसी कॉलेज के वरिष्ठ प्रवक्ता विष्णुकांत गुप्त को प्रभारी बना दिया। इससे पहले कुशवाहा की तैनाती जीआईसी उमर्दा में थी। यहां भी वे प्रभारी प्रधानाचार्य थे। उसके बाद ही जसोदा के प्रथम सत्र वर्ष 2018 से अतिरिक्त प्रभार दे दिया गया। उधर, 13 फरवरी को उनका समायोजन राजकीय माध्यमिक विद्यालय भंवरगाढ़ा में प्रधानाध्यापक पद पर हो गया। कॉलेज में जब वह चार्ज छोड़ने पहुंचे तो इसकी जानकारी छात्र-छात्राओं को हो गई। उनके कार्यालय से निकलते ही छात्र-छात्राएं उनके पास आए और बिलखने लगे। कक्षा 11 के छात्र गगन पाल ने तो उनके पैर पकड़ लिए और कॉलेज से न जाने की जिद की। कक्षा 10 की परीक्षा दे चुका छात्र आशीष भी गले लिपटकर रोने लगा। सूर्यकांत कुशवाहा भी आंसू पोछता रहा। छात्रा गुंजन, कुमकुम राजपूत व हर्षी शाक्या भी जोर-जोर से रो रहीं थीं।



प्रभारी प्रधानाचार्य के चार्ज छोड़ने के बाद पैर पकड़कर रोता छात्र गगन पाल।



गाड़ी में बैठने से पहले भी छात्रा लिपटकर रोने लगी।

### इस तरह रहा है शिवमोहन कुशवाहा का सफर



शिवमोहन कुशवाहा।

बताया गया है कि वर्ष 2017 में शिवमोहन कुशवाहा की तैनाती जीआईसी उमर्दा में प्रभारी प्रधानाचार्य पद पर हुई थी। उस दौरान 400 विद्यार्थी थे बाद में 600 हो गए। उसके बाद 2018 में जिला मुख्यालय कन्नौज से करीब 13 किमी दूर जसोदा कॉलेज का भी अतिरिक्त प्रभार दिया गया। जसोदा में 222 छात्रों के नामांकन से शुरुआत की थी जो अब 700 के करीब है। खुशमिजाज व शिक्षा के अच्छे माहौल बनाने के लिए करीब छह सालों में छात्र-छात्राएं प्रभारी प्रधानाचार्य की तारीफ करने लगे थे। दूसरी ओर 2020 में छात्र रहे आर्यन व आशीष का चयन सेना में हो गया। 18 मार्च को वह भी मिलने आए थे। बताया यह भी गया है कि बिल्हौर में वित्तविहीन शिक्षक और राम सहायक इंटर कॉलेज में सात महीने प्रवक्ता पद पर तैनाती के बाद हटने से वहां के भी छात्र-छात्राएं भावुक हो गए थे। कम स्टॉफ के बाद भी कॉलेजों को बेहतर ढंग से संचालित किया।

### तैनाती न हुई तो पढ़ेंगे नहीं

छात्र-छात्राओं ने प्रभारी प्रधानाचार्य को वापस कॉलेज में भेजने की मांग की। छात्र-छात्राओं अभिषेक, यश, रमजान, उवैश, सोयल, माखन सिंह, असित, पुनीत, रविकेश, ललित यादव, गगन पाल, आशीष, प्रशांत, सूर्यकांत, नितिन सिंह, करन, वैष्णवी, गुंजन, हर्षी शाक्य, आकांक्षा, अंशिका, कुमकुम, प्रिया सिंह, कनिष्का, अनामिका, डोली आदि ने बताया कि यदि प्रभारी प्रधानाचार्य पद पर शिवमोहन कुशवाहा की तैनाती नहीं हुई तो वह आंदोलन करेंगे।

RAVI CHILDREN'S ACADEMY
Situation Vacant
Apply offline for the following posts....

| S.No | Post | Qualification |
|---|---|---|
| 1 | Principal | Post Graduate with B.Ed. , Min. 5 Years' Experience of teaching as P.G.T, Knowledge of Administration & Child pedagogy |
| 2 | Sport Teacher/ P.T.I | M.P.Ed., Achievement & Certificates in the field of Sport / Game at District/ State/ National level |
| 3 | Hindi/ Sanskrit (P.G.T) | Post Graduate with B.Ed. in relevant subject / Acharya ( Sanskrit), C.T.E.T |
| 4 | Geography (P.G.T) | Post Graduate with B.Ed. in relevant subject, C.T.E.T |
| 5 | History (P.G.T) | Post Graduate with B.Ed. in relevant subject, C.T.E.T |
| 6 | Primary Teacher ( Play Group) | Graduate & N.T.T.+ D.El.Ed. |
| 7 | Lab. Asst. | B.Sc.(Physics, Chemistry, Biology) |
| 8 | Office Asst. (Computer Operator) | B.Com with O- Level, Tally, Erp ( Preference to Female Candidate) |
| 9 | Receptionist | Female ( graduation with good communication skill in English) |
| 10 | Aaya | High School with interest in child care |

Note: Apply offline with detailed resume and relevant supportive documents till **Friday, 5 April 2024**
Date of interview: **Sunday, 7 April 2024**
Address: Ravi Children's Academy, Near Dukh Haran Nath Temple, Patel Nagar, Gonda- 271001
Contact No – 9450944999


# 15 साल बाद ग्रामीण की हत्या में सात दोषियों को आजीवन कारावास

## राजेपुर के कटरी में खेत जोतने से मना करने पर घटना को दिया गया था अंजाम

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** थाना राजेपुर के कटरी क्षेत्र में खेत जोतने को लेकर 15 साल पहले ग्रामीण की हत्या कर दी गई थी। इस मामले में न्यायालय एसटीएससी एक्ट ने सात आरोपितों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही 3.20 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया। जुर्माना अदा न करने पर एक साल की अतिरिक्त सजा भुगतने के आदेश न्यायालय ने दिए हैं। राजेपुर थाना क्षेत्र के गांव कुसमापुर निवासी विपिन कुमार ने अमृतपुर थाना क्षेत्र के गांव बलीपट्टी निवासी संतोष मिश्रा, बबलू मिश्रा, नन्हें, अजीत, हरिओम, रामदुलारे, सुशील, सुरेंद्र उर्फ दरोगा, अवध किशोर, रामसनेही, रामकिशोर, चंद्रभान, बनवारी लाल शुक्ला व धर्मेंद्र उर्फ धनीराम के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि विपिन कुमार के पिता बालकिशन, चाचा रामकिशन, भाई वीरेश व अरुणेश सात अक्टूबर 2009 को गंगा की कटरी में जुताई करने के लिए गए थे। आरोपितों ने खेत जोतने से मना किया तो दोनों पक्षों के बीच गालीगलौज होने लगी। देखते ही देखते मारपीट व फायरिंग शुरू हो गई, जिससे बालकिशन की गोली लगने से मौत हो गई। घटना में चाचा रामकिशन व भाई वीरेश व अरुणेश घायल हो गए। दूसरे पक्ष से गांव बलीपट्टी निवासी मुकुंदराम, गांव कुसमापुर निवासी रामकिशन जाटव, विनय कुमार उर्फ छोटे भइया समेत 20 अज्ञात लोगों के खिलाफ कोर्ट के आदेश पर जानलेवा हमले का मुकदमा दर्ज कराया गया था। मुकदमे की सुनवाई के दौरान आरोपित चंद्रभान की मौत हो चुकी है। विवेचक ने संतोष मिश्रा, बबलू मिश्रा, नन्हें, अजीत, रामदुलारे, सुशील, सुरेंद्र उर्फ दरोगा, रामसनेही, रामकिशोर, धर्मेंद्र उर्फ धनीराम, बनवारी लाल शुक्ला के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की। बुधवार को मुकदमे की सुनवाई कर रहे न्यायाधीश ने आरोपी संतोष मिश्रा, बबलू मिश्रा, नन्हें, अजीत, हरिओम, रामदुलारे, सुशील को दोषी करार दिया था। साक्ष्य के अभाव में सुरेंद्र उर्फ दरोगा, रामसनेही, रामकिशोर, अवध किशोर, धर्मेंद्र उर्फ धनीराम, बनवारी लाल शुक्ला को दोषमुक्त कर दिया। जानलेवा हमले के मुकदमे में विवेचक ने रामकिशन जाटव, विनय कुमार उर्फ छोटे भइया उर्फ विजय कुमार, अनिल कुमार जाटव, अजयपाल जाटव, अरुणेश जाटव, रामपाल जाटव, पिंटू उर्फ बंटू उर्फ चुन्नू, विनय कुमार जाटव के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। कोर्ट ने साक्ष्य के अभाव में सभी आठों लोगों को दोषमुक्त कर दिया था। हत्या में दोषी संतोष, बबलू, नन्हें, अजीत, हरिओम, रामदुलारे, सुशील को आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

### किशोरी से दुष्कर्म के दोषी को सात साल की सजा



**फर्रुखाबाद।** किशोरी से दुष्कर्म के मामले में न्यायालय ने दोषी को सात साल की सजा सुनाई। इसके साथ ही 45 हजार जुर्माना भी लगाया है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी ग्रामीण ने गांव के गोलू उर्फ अनिल, प्रदीप, बिंटू, छम्मन, रामतीर्थ के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। इसमें बताया कि 2 मई 2016 की रात को यह लोग एक घर में घुस आए। 14 वर्ष की पुत्री को अपने साथ लेकर चले गए। वह पुत्र के साथ भूसा लेने गया था। सूचना पर पुलिस ने गोलू उर्फ अनिल के पुश्तैनी मकान से बेटी को बरामद कर लिया। पुत्री ने बताया कि गोलू उर्फ अनिल व प्रदीप ने उसके साथ दुष्कर्म किया। विवेचक ने गोलू उर्फ अनिल व प्रदीप के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की। मुकदमे की सुनवाई कर रहे न्यायाधीश ने गवाह व साक्ष्य के आधार पर गोलू उर्फ अनिल को दुष्कर्म में दोषी करार किया था। साक्ष्य के अभाव में प्रदीप को दोषमुक्त कर दिया था। गुरुवार को कोर्ट ने दोषी गोलू उर्फ अनिल को सात वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई। दोषी पर 45 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया। अर्थदंड नहीं जमा करने पर दोषी को छह माह का अतिरिक्त कारावास भोगना होगा। अभियोजन पक्ष की ओर से विकास कटियार, प्रदीप सिंह, अनुज कटियार ने दलीले दी।

## ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक चालक की मौत, एक घायल

**फर्रुखाबाद।** थाना मऊदरवाजा क्षेत्र के गांव अर्राफहाड़पुर के पास ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक चालक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। मऊदरवाजा थाने के गांव हरजू नगला निवासी 55 वर्षीय जय सिंह राजपूत गांव के ही 50 वर्षीय रामपाल के साथ शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बजरिया में दावत खाने आए थे। दावत खाकर यह लोग वापस लौट रहे थे। जब यह लोग गांव अर्राफहाड़पुर के पास से गुजर रहे थे, तभी आलू लदी-ट्रैक्टर ट्राली ने बाइक में टक्कर मार दी। दुर्घटना में जय सिंह व रामपाल गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद चालक ट्रैक्टर-ट्राली मौके पर छोड़कर भाग गया। घटना की सूचना मिलने पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को देर रात लोहिया अस्पताल लाई। चिकित्सक ने जय सिंह को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल रामपाल को स्वजनों ने निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया। मृतक की पत्नी जलश्री बिलख-बिलख कर रो रही थी। चचेरे भाई वीरपाल ने बताया कि जय सिंह खेतीबाड़ी करते थे। पुलिस ने रात में ही ट्रैक्टर को कब्जे में ले लिया।

# दिव्यांग ने लगाई फांसी, गंभीर

संवाददाता कायमगंज, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** भाइयों की मारपीट से तंग आकर दिव्यांग ने फांसी लगा ली। गम्भीर अवस्था में उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया है। कोतवाली क्षेत्र के गांव औजन नगला निवासी राधेश्याम का 28 वर्षीय पुत्र कश्मीर राजपूत ने वेरी के पेड़ पर गमछे से फांसी लगाकर जान देने का प्रयास किया।

बताया कि कश्मीर के भाई 16 बीघा खेत के बंटवारे को लेकर मारपीट करते थे। कश्मीर तथा उसकी पत्नी दोनों दिव्यांग हैं। दिव्यांग कश्मीर के साले राजू राजपूत निवासी नई बस्ती कायमगंज ने बताया कि मेरी बहन शारदा की शादी कोर्ट मैरिज से हुई थी। उनके परिवार में आए दिन झगड़ा और मारपीट होती है। मेरे बहनोई को उसके दोनों भाई मुकेश व वीरपाल आए दिन मारते-पीटते हैं। घर का खर्च चलाने के लिए खेतों से कुछ भी नहीं देते हैं। कश्मीर की पत्नी शारदा ने बताया कि उसकी शादी 5 साल पहले कोर्ट मैरिज से हुई थी।

आज उसके पति कश्मीर गाय बांधने के बहाने से घर के बाहर गए और बेरी के पेड़ पर गमछे से फांसी लगाने का प्रयास किया। कश्मीर का छोटा भाई वीरपाल जब वहां पहुंचा तो उसने देखा कि उसका बड़ा भाई फांसी पर लटका हुआ है। तत्काल उसे फांसी के फंदे से उतार कर इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज में भर्ती कराया। जहां पर प्राथमिक उपचार देने के बाद जिला अस्पताल लोहिया के लिए रेफर कर दिया गया है।



अस्पताल में उपचार करते चिकित्सक। अमृत विचार

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

कायमगंज फर्रुखाबाद। 5 माह पहले साथियों की प्रताड़ना से परेशान होकर युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मां ने कोर्ट के आदेश पर 5 साथियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। क्षेत्र के गांव अताईपुर जदीद के मोहल्ला बरी निवासी किरन देवी ने कोर्ट के आदेश पर गांव के ही अखिलेश, उसकी पत्नी रेखा, दीपक के अलावा रवि व उसकी पत्नी निवासी ब्राहिमपुर जागीर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित किरन ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है उसका पुत्र रुपेंद्र गाजियाबाद में एक प्राइवेट कंपनी में कार्य करता था। होली त्योहार पर गांव आया था। जहां मोहल्ले के ही अखिलेश, दीपक व रवि उसके पुत्र के पास आए और पानीपत चलने के लिए कहा और बोले वहां रुपए ज्यादा मिलता है। उसकी मां ने पुत्र को भेजने से मना किया लेकिन उसके साथी उसके पुत्र को बुला ले गए। वहां दीपक ने उसके पुत्र से 14 हजार रुपए लिए। जबकि 5 हजार रुपए रवि ने लिए। जब उसके पुत्र ने रक्षाबंधन पर घर आने के लिए रुपए मांगे तो उक्त आरोपितों ने उसके पुत्र को कमरे में बंद कर मारापीटा। मकान मालिक ने उसे बचाया और एक महिला से अवैध संबंध होने की झूठी बात कहकर भगा दिया। वह घर आ गया। 1 अक्टूबर 2023 को उसका पुत्र सदमे में आ गया और एक मंदिर के पास नीम के पेड़ से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

## एक नजर

### मार्ग दुर्घटनाओं में किशोर सहित चार लोग घायल

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** अलग-अलग मार्ग दुर्घटना में कंपिल क्षेत्र के गांव पुरौरी निवासी वृद्ध नन्हेलाल, कुआखेड़ा निवासी जवाहरलाल का 17 वर्षीय पुत्र अखिलेश, जनपद एटा के थाना अलीगंज के गावं अमरौली निवासी अंकित, नगर के मोहल्ला जटवारा निवासी वृद्ध रामसरन घायल हो गए। उनके परिजन सीएचसी लाए। जहां प्राथमिक इलाज के बाद नन्हेलाल, अखिलेश, अंकित को लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

### महिला ने पीया जहर

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** कंपिल क्षेत्र के गांव सपाह निवासी सुदामा ने संदिग्ध हालात में कीटनाशक पदार्थ पी लिया। परिजन सीएचसी लाए। जहां उसका इलाज किया गया।

### जहरीले कीड़े ने काटा

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** क्षेत्र के गांव नरैनामऊ निवासी गुड्डी को जहरीले कीड़े ने काट लिया। परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां उसका इलाज किया गया।

# पकड़ा अवैध शस्त्रों का जखीरा

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव से पहले पुलिस व एसओजी टीम ने अवैध असलहों का जखीरा बरामद कर लिया है। पुलिस ने दो फैक्ट्री संचालकों को भी गिरफ्तार किया है। एसपी विकास कुमार ने बताया कि थाना मऊदरवाजा पुलिस व एसओजी टीम को सूचना मिली की ग्राम कुइया बूट में अवैध असलहे बनाकर चुनाव के समय भारी कीमत पर असमाजिक तत्वों को बेचे जा रहे हैं। इस सूचना पर एसओजी टीम और पुलिस ने छापा मार कर शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड़ कर गैंगस्टर के आरोपी समेत दो फैक्ट्री संचालको को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से पुलिस ने 19 देशी तमंचा 315 बोर, 2 अधिया तमंचा 315 बोर, 2 तमंचा 12 बोर,1 तमंचा 32 बोर, 1 रायफल 315 बोर बरामद की है।आरोपियों से पुलिस को 14 अधबने देशी तमंचा, 1 भट्टी, 1 जिंदा व 2 खोखा 315 बोर कारतूसब रामद किये है। शस्त्र निर्माण में उपयोग होने वाले बड़ी मात्रा में उपकरण भी बरामद हुए हैं। गिरफ्तार किए गए मजहब सिंह निवासी कुइया बूट थाना मऊ दरबाजा पर गैंगस्टर समेत आधा दर्जन मुकदमा दर्ज है।उसके पुत्र इंद्रजीत पर दो मुकदमा दर्ज है। एसपी विकास कुमार ने बताया कि लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत रखते हुए कार्रवाई की गई है। जिले में तमंचा समेत अवैध हथियारों के चलन को खत्म करने को लेकर यह कार्यवाही जारी रहेगी। एसपी विकास कुमार ने थाना मऊ दरवाजा पुलिस, व एसओजी टीम, सर्विलांस टीम को बेहतर कार्य करने पर 25 हजार रुपए का नकद इनाम देने की घोषणा की है।



गिरफ्तार आरोपी व बरामद असलहे। अमृत विचार

- अवैध शस्त्र बनाने के आरोप में पिता पुत्र हुए गिरफ्तार

# रंगभरी एकादशी से शुरू हुआ फागुन उत्सव

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** कृष्ण भक्तों ने श्रीराधा कृष्ण एवं खाटू श्याम मंदिर में प्रातः काल मंगला दर्शन अभिषेक, रंग गुलाल चंदन केसर के रंगों के साथ पूजा अर्चना के साथ फाग उत्सव मनाया। श्रीराम जानकी महालक्ष्मी मंदिर खाटू श्याम बाबा के साथ भक्तों ने फाग उत्सव मनाया। मंदिर में व्यवस्था अनिल त्रिपाठी एवं मनीष मिश्रा ने की। इस अवसर पर भजन कीर्तन के साथ उत्सव मनोज अग्रवाल ,मयंक गुप्ता, रचित अग्रवाल , लालू सक्सेना आदि भक्तों ने फूलों की होली खेली। इसी प्रकार से श्री राधा शक्ति श्याम मंदिर में प्रातः काल मंगला दर्शन के साथ श्री राधा रानी एवं ठाकुर जी का अभिषेक एवं श्याम बाबा का फाग उत्सव में विद्वान पंडित सोनू त्रिपाठी, पंडित शिवाकांत ,पंडित कौशल, सुशील मिश्रा ने अभिषेक किया और भव्य एवं दिव्य शृंगार पूजा कर महा आरती कर भक्तों को आशीर्वाद दिया। शायंकाल भजन संध्या का भी आयोजन किया गया ।जो देर रात तक चला। पंडित विजय प्रकाश एवं गणेश मिश्रा ने बताया रंग भरी एकादशी से होली का उत्सव मंदिरों में ठाकुर जी के साथ परंपरागत होली उत्सव शुरू हो जाता है। नगर एवं गांव में होली के फाग के साथ होली के पकवान गुजिया आदि पकवान बनाए जाते हैं। महिलाओं द्वारा चौंक बनाकर घरों में परंपरागत उत्सव शुरू हो जाते हैं। आधुनिकता के दौर में अब यह दो दिन का पर्व रह गया है। अपनी संस्कृति एवं परंपराओं को बचाने की एक बड़ी चुनौती बन गई है। कुछ संस्थाएं एवं हमारी सरकार भारतीय संस्कृति का पुनर्जागरण करने का प्रयास कर रही है।

## सार-संक्षेप



जिला जेल का निरीक्षण करने पहुंचे अधिकारी। अमृत विचार

### डीजे, डीएम, एसपी ने किया जिला व सेंट्रल जेल का निरीक्षण

**फर्रुखाबाद।** जिला ज़ज विनय कुमार, जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह व पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने गुरुवार को संयुक्त रूप से केंद्रीय कारागार एवं जिला कारागार का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जेल अस्पताल में भर्ती कैदी, बंदियों की समस्याओं को सुना एवं स्वास्थ्य की जानकारी ली। जेल में कैदियों को मिल रहे भोजन की क्वालिटी की जानकारी प्राप्त की। कैदियों द्वारा बताया गया कि उन्हें कोई समस्या नहीं है। निरीक्षण में संबंधित जेल अधीक्षक व अधिकारी मौजूद रहे। जिला जेल फतेहगढ़ में बंदियों द्वारा तैयार किए गए सब्जियों से गुलाल को जिलाधिकारी ने देखा। बताते चले की जिला जेल में बंदियों ने सब्जियों से गुलाल तैयार किया है। जिसका कोई साइड इफेक्ट नहीं होता। बंदियों ने चुकंदर से लाल रंग का गुलाल और पालक से हरे रंग का गुलाल और हल्दी से पीले रंग का गुलाल तैयार किया है। इस गुलाल को बनाने के लिए चावल का आटा कपड़े से छना हुआ मिलाया गयाहै। जेल अधीक्षक भीमसेन मुकुंद ने बताया कि इस गुलाल के प्रयोग करने से किसी भी तरह का साइड इफेक्ट नहीं होता। यह पूरी तरह से प्राकृतिक गुलाल है। जिसको सब्जियों से रंग बनाया गया है।



श्रीराम विधिक कला केंद्र की बैठक में भाग लेते पदाधिकारी। अमृत विचार

### रामनवमी पर निकाली जाएगी शोभायात्रा

**फर्रुखाबाद।** श्रीराम विधिक कलाकेंद्र की गुरुवार को रेलवे रोड स्थित एक होटल में बैठक हुई। अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी अशोक वर्मा व मंत्री दीपक मिश्र को सौंपी गई है। इसके साथ ही कार्यकारी अध्यक्ष आनंद प्रकाश गुप्ता मुन्ना बनाए गए। निर्देशक मटरलाल दुबे ने कहा कि 17 अप्रैल को रामनवमी के अवसर पर रेलवे रोड स्थित सरस्वती भवन से शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा में श्रीराम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न, मां दुर्गा जी और ठाकुर जी की झांकी निकाली जाएगी। उन्होंने बताया कि शोभायात्रा में अयोध्या में स्थापित की गई प्रभु श्रीराम की मूर्ति की भी झांकी निकलेगी। उन्होंने कहा कि जल्द ही पदाधिकारियों को शोभायात्रा की जिम्मेदारी सौंप दी जाएगी। अध्यक्ष अशोक वर्मा और किशन कन्हैया सक्सेना ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर डॉ. रत्नेश बाजपेई, गोपाल मिश्र, अखिलेश द्विवेदी, विष्णु गुप्ता, नारायण गुप्ता, रामजी दीक्षित और आशीष तिवारी आदि मौजूद रहे।

# बालिका इंटर कॉलेज में छात्रों ने लगाई प्रदर्शनी

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** रखा बालिका इंटर कॉलेज में बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से हमारा आंगन-हमारे बच्चे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने प्रदर्शनी लगाई। प्रदर्शनी में शामिल मॉडलों को अधिकारियों व शिक्षकों ने सराहा। गुरुवार को रखा बालिका इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में सभी ब्लॉकों के को-लोकेटेड आंगनबाड़ी विद्यालयों के बच्चों ने प्रतिभाग किया। किसी विद्यालय के बच्चे ने जल चक्र, पर्यावरण तो किसी बच्चे ने जीवन चक्र आदि से संबंधित मॉडल बनाए। मुख्य अतिथि नगर शिक्षाधिकारी आईपी सिंह के साथ ही सीडीपीओ पुष्पा सेन, सोना चौधरी और अनुराधा सिंह ने प्रदर्शनी का निरीक्षण किया। उन्होंने बच्चों के मॉडलों को सराहा। मुख्य अतिथि ने कहा कि छोटे बच्चों को शिक्षित करने की जितनी जिम्मेदारी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व शिक्षकों की है। नामांकन व नियमित उपस्थिति का ध्यान रखने की जिम्मेदारी अभिभावकों की भी है।

# रैली निकालकर मतदाताओं को किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** स्वीप कार्यक्रम के तहत गुरुवार को बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से स्कूटी रैली निकाली गई। रैली में शामिल शिक्षकों ने लोगों को 13 मई को मतदान करने का संदेश दिया।

जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. वीके सिंह ने किया की शुरुआत की। रैली भोलेपुर, आवास विकास ,बढ़पुर एवं लाल गेट तिराहा से वापस फतेहगढ़ स्टेडियम पहुंची, जहां समापन हो गया। मुख्य विकास अधिकारी डॉ. अरविंद मिश्र ने मतदाताओं को मतदान करने की शपथ दिलाई। रैली में कोऑर्डिनेटर सुधीर कुशवाहा और वैभव समवंशी ने जनजागरुकता संबंधी नारे लगाए। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक एनपी सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी गौतम प्रसाद, नगर शिक्षा अधिकारी इंद्र प्रताप सिंह इंद्र, जिला समन्वयक नागेंद्र सिंह, स्वीप कोऑर्डिनेटर सुधीर कुशवाहा, स्काउट मास्टर वैभव सोमवंशी, राजकुमार ,प्रदीप सिंह, पुष्कर मिश्रा, दिव्यांगजन आइकॉन हुकुम सिंह, ए आर पी मनीष अवस्थी,ब्रह्म प्रकाश, प्रभात दुबे, जी आर वर्मा, फूलचंद योगेश दीक्षित, प्रदीप चतुर्वेदी आदि मौजूद थे।




रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते जिला निर्वाचन अधिकारी वीके सिंह। अमृत विचार

देखी व्यवस्थाएं — अपर आयुक्त पहुंचे राजेपुर, मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण, आचार संहिता के नियमों का पालन करने के दिए निर्देश

# दिव्यांग व चलने में असमर्थ मतदाता से घर में करवाएं मतदान

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** अपर आयुक्त कानपुर अजीत सिंह ने राजेपुर पहुंच कर मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। अपर आयुक्त ने चाचूपुर जटपुरा बूथ संख्या 151 ,152, गांधी 103, 104, राज़ेपुर राठौरी 78, 79, 80 मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मतदान केंद्रों की रैम्प, शौचालय, बिजली व्यवस्था को देखा साथ ही मतदान केंद्रों पर मौजूद बीएलओ से दिव्यांग एवं वृद्ध मतदाताओं को अधिक से अधिक सुविधा प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा जो मतदाता चलने फिरने में असमर्थ हैं। उनका पूर्व में फार्म भरवा के घर पर ही मतदान कराया जाए तथा उचित माध्यम से दिव्यांगों को मतदान केंद्र पर लाकर मतदान कराएं। मतदान के दौरान दिव्यांग, वृद्ध मतदाता को कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। राजेपुर मतदान केंद्र पर बीएलओ ज्ञानेंद्र सिंह ने आबादी 4500 बताई। उन्होंने उप जिलाधिकारी को मतदान केंद्रचेक करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी अमृतपुर रविंद्र सिंह, तहसीलदार अमृतपुर कर्मवीर ,लेखपाल श्याम बाबू, सत्येंद्र कुमार, आशीष यादव के अलावा अन्य बी एल ओ, प्रधानाध्यापक महेश कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।



मतदान केंद्र का निरीक्षण करते अपर आयुक्त अजीत सिंह। अमृत विचार

# पुलिस, अर्द्धसैनिक बल ने किया रूट मार्च

**फर्रुखाबाद।** जिले में 13 मई को होने जा रहे सामान्य लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस कप्तान विकास कुमार ने पूरी ताकत झोंक दी है। जिले भर में पुलिस अर्द्धसैनिक बल के साथ रूट मार्च करके मतदाताओं को निर्भय होकर मतदान करने का संदेश दे रही है। इसी के तहत आज थाना कादरी गेट पुलिस ने शहर क्षेत्र तथा ग्रामीण क्षेत्र के हर इलाकों में रूट मार्च करके लोगों को समझाया कि वह निर्भय होकर निष्पक्ष मतदान करें। मतदान पर केवल मतदाता का अधिकार है ।शासन की मंशा के अनुरूप किसी मतदाता के अधिकार का हनन नहीं होने दिया जाएगा। पुलिस बल पूरी तरह से चौकन्ना है। इसी के तहत राजेपुर थाना पुलिस ने भी गांव के गलियारों में उतरकर अर्धसैनिक बल के साथ रूट मार्च करके लोगों को भरोसा दिलाया कि वह निर्भय होकर मतदान करें ।चुनाव में विघ्न डालने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। इसमें किसी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा। इस दौरान शहर क्षेत्र में क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार मौजूद रहे। जिले भर में एसपी के आदेश पर पुलिस रूट मार्च कर रही है। एसपी विकास कुमार ने बताया कि चुनाव पूरी तरह से निष्पक्षता से कराया जाएगा।



अर्द्धसैनिक बल के साथ रूट मार्च करते पुलिस के अधिकारी। अमृत विचार

# पात्र छात्र-छात्राओं को प्रवेश नहीं दे रहे स्कूल

संवाद दाता फर्रुखाबाद

- छह मार्च तक प्रवेश देकर भेजी जानी थी सूचना

**अमृत विचार।** शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत जनपद में पहले चरण में चयनित छात्र-छात्राओं का अभी तक स्कूलों में प्रवेश नहीं हो सका है। अभिभावक प्रवेश के लिए स्कूल व कार्यालय के चक्कर लगा रहे हैं। विद्यालय प्रवेश करने में आनाकानी कर रहे हैं। अधिकारी भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे।

आरटीई के तहत पहले चरण में जनपद में 666 लोगों ने आवेदन किए थे। इसमें 79 आवेदक अपात्र पाए गए थे। करीब एक पखवारा पहले लॉटरी के माध्यम से 286 छात्र-छात्राओं का चयन किया गया। शासन ने छह मार्च तक चयनित बच्चों का प्रवेश कर सूचना उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए थे, लेकिन जनपद में अभी तक एक भी बच्चे का प्रवेश नहीं हो सका है। चयनित बच्चों के अभिभावक स्कूल जाते हैं तो उन्हें टरका दिया जाता है।

अल्हानगर बढ़पुर निवासी मधुषा गुप्ता बताती हैं कि पुत्री तनिष्क गुप्ता का आरटीई के तहत गुरुकुल वर्ल्ड स्कूल में चयन हुआ है। दो बार विद्यालय गईं तो उन लोगों ने यह कहकर मना कर दिया कि अभी सूची नहीं आई है।

शहर के मोहल्ला नुनहाई कटरा निवासी आरती यादव कहती हैं कि पुत्री कृतिका यादव का कक्षा एक में लिटिल एंजिल स्कूल में चयन हो गया है। विद्यालय जाती हैं तो कह दिया जाता है कि उनके पास प्रवेश की कोई सूची नहीं आई।

# अतिसंवेदनशील बूथों पर रहे कड़ी नजर

## निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी को मिली शराब दुकान में गड़बड़ी, कड़ी कार्रवाई के दिये निर्देश

जसवंतनगर संवाददाता इटावा


संवेदनशील बूथ पर जनता से फीडबैक लेते डीएम, एसएसपी व अन्य अधिकारी।

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशासन पूरी तरह अलर्ट नजर आ रहा है। सात मई को होने वाले मतदान को देखते हुए डीएम व एसएसपी लगातार संवेदनशील व अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर रहे हैं। गुरुवार को अधिकारियों ने अधीनस्थों के साथ जसवंतनगर ब्लाक के ग्राम पंचायत धनुआ में स्थित इंटर कॉलेज व अन्य स्थानों में स्थित संवेदनशील व अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया।

उन्होंने यहां की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। ब्लॉक क्षेत्र के धनुआ गांव में स्थित धनुआ इंटर कॉलेज में स्थित बूथ समेत मदनपुरा व मीरखपुर पुठिया के बूथ अति संवेदनशील की श्रेणी में आते हैं। डीएम अवनीश राय व एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने वहां का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधीनस्थ कर्मचारियों तथा ग्रामीणों से बूथ के बारे में जानकारी ली, कहा मतदान के दिन बिजली, पानी सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं पूर्ण रूप से उपलब्ध रहें। ग्रामीणों से इस बात की भी जानकारी ली कि बूथ अति संवेदनशील क्यों है। निर्देश देते हुए कहा कि सरकारी भवनों जैसे आगनबाड़ी, इत्यादि जगहों पर इसका प्रचार-प्रसार करवाया जाए, जिससे प्रवासी लोग मतदान करने के लिए भयमुक्त होकर आएं। इस दौरान डीएम व एसएसपी ने ग्रामीणों से संवाद स्थापित कर लोकसभा निर्वाचन में निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील किया।

इस दौरान अधिकारियों ने धनुआ में स्थित देशी शराब व बीयर की दुकानों का निरीक्षण किया। देशी शराब की दुकान पर स्टाक रजिस्टर में गड़बड़ी मिलने पर सम्बंधित आबकारी इंस्पेक्टर को विभागीय स्तर पर जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। वहीं बीयर दुकान संचालक से दुकान पर बैठकर बीयर न पिलाने को निर्देशित किया। इस दौरान एडीएम अभिरंजन श्रीवास्तव, एसडीएम कुमार सत्यम जीत, सीओ विवेक जावला, तहसीलदार भूपेंद्र विक्रम सिंह, थाना प्रभारी निरीक्षक कपिल दुबे आदि मौजूद रहे।

### 50 हजार से अधिक की नकदी होगी जब्त

**इटावा।** चुनाव के दौरान यदि नकदी कहीं ले जाना है तो उसके साक्ष्य साथ में रखना होगा। यदि चुनाव में प्रलोभन देने के लिए कोई सामग्री ले जाई जाती है तो उसे जब्त कर लिया जाएगा। इस संबंध में डीएम अवनीश राय ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए जांच के दौरान यदि अभ्यर्थी, उसके एजेंट या पार्टी कार्यकर्ता को ले जाने वाले किसी वाहन में 50,000 से अधिक की नकदी पाई जाती है या वाहन पोस्टर या निर्वाचन सामग्री या कोई ड्रग्स, शराब, हथियार अथवा 10,000 के मूल्य से अधिक की ऐसी उपहार वस्तुएं ले जाई जा रही हैं, जिनका इस्तेमाल निर्वाचकों को प्रलोभन दिए जाने के लिए किए जाने की सम्भावना हो तो वाहन में कोई अन्य गैर-कानूनी वस्तुएं पाई जाती है तो वे जब्त किए जाने की शर्त के अधीन होंगी। उन्होंने कहा है कि उचित होगा कि निर्वाचन के दौरान धनराशि 50,000 से अधिक लेकर न चलें। यदि आवश्यकतानुसार रकम लेकर चलना जरूरी हो तो इससे सम्बन्धित उचित साक्ष्य साथ लेकर अवश्य चलें जिससे कि मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत कर सकें।

### जुहाना के लोग बोले, सड़क नहीं तो वोट नहीं

**इटावा।** सालों से गांव में विकास कार्य न होने और गांव का रास्ता न बनाए जाने से नाराज जुहाना गांव के लोगों ने लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करने की घोषणा की है। लोगों ने गांव के रास्ते पर बैनर लगाकर नारेबाजी करते हुए चुनाव बहिष्कार की घोषणा की है। सिविल लाइन इलाके के गांव जुहाना के लोगों का कहना है कि आजादी के बाद से अभी तक उनके गांव की रोड का निर्माण नहीं कराया गया है इसके साथ ही गांव में अन्य विकास कार्यों का भी टोटा रहा है। हर बार चुनाव में गांव के लोगों को रास्ता बनाने का आश्वासन दिया जाता है लेकिन इसके बाद सब भूल जाते हैं। गुरुवार को ग्रामीणों ने गांव की सड़क पर खड़े होकर नारेबाजी की और चुनाव के बहिष्कार की घोषणा की। ग्रामीणों ने गांव के मुख्य मार्ग पर चुनाव बहिष्कार का बैनर भी लगा दिया है।

## नए सत्र के पहले दिन से ही मिलेंगी किताबें

**जसवंतनगर इटावा।** परिषदीय स्कूलों में शैक्षिक सत्र 2024-25 में पंजीकृत बच्चों को पुरानी पाठ्य पुस्तक के सहारे पढ़ाई नहीं करनी होगी। सत्र शुरू होते ही पहले दिन पंजीकृत बच्चों को नई किताबें वितरित की जाएंगी। विभाग की मांग पर नामित प्रकाशन की ओर से पुस्तकों की आपूर्ति जसवंतनगर बीआरसी में कर दी गई है। अब इन किताबों को बीआरसी के माध्यम से स्कूलों तक पहुंचाया जाएगा।

कक्षा-एक से आठ तक के विद्यार्थियों को शिक्षित करने के लिए बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से जसवंतनगर ब्लाक क्षेत्र में स्थित 181 प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, कंपोजिट स्कूल व 20 एडिड समेत 201 स्कूल संचालित हैं। नवीन कक्षा में प्रवेश के बाद शैक्षिक सत्र 2024-25 में 201 स्कूलों में अध्ययनरत 16 हजार से अधिक बच्चों को शिक्षा सत्र के पहले दिन बच्चों को पुस्तकें उपलब्ध कराने के लिए बेसिक शिक्षा विभाग पूरी तरह से तैयार है। इस दौरान जिला समन्वयक सामुदायिक सहभागिता मनोज सिंह धाकरे ने गुरुवार को पाठ्य पुस्तकों की आपूर्ति मिलने की पुष्टि की।

## सार-संक्षेप


कार्यक्रम को संबोधित करते वन्य जीव विशेषज्ञ संजीव चौहान। अमृत विचार

### वानिकी दिवस पर हुआ गोष्ठी का आयोजन

**इटावा।** सामाजिक वानिकी प्रभाग एवं जिला गंगा सुरक्षा समिति के संयुक्त तत्वावधान में विश्व वानिकी दिवस उच्च माध्यमिक विद्यालय कम्पोजिट विक्रमपुर में मनाया गया। प्रधानाचार्य हाफिज शहजाद खां ने छात्र- छात्राओं को बताया कि वृक्ष पर्यावरण के अभिन्न अंग हैं। वे कार्बन डाइऑक्साइड अवशोषित कर प्राणवायु ऑक्सीजन का उत्सर्जन करते हैं। जिसके बिना पृथ्वी पर जीवित प्राणियों का अस्तित्व संभव नहीं है। जिला परियोजना अधिकारी नमामि गंगे संजीव चौहान ने कहा कि पृथ्वी पर समस्त वनस्पतियों एवं जीव जंतुओं के बीच परस्पर सम्बन्ध ही पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करते हैं जब इसमें किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न होती है तो जीवन को संकट की ओर बढ़ाती है उन्होंने कहा प्रतिवर्ष विश्व वानिकी दिवस का आयोजन 21 मार्च को होता है इसमें लोगों को वनों और पौधरोपण के प्रति संवेदनशील बनाने के लिए किया जाता है। उप वन क्षेत्राधिकारी शिवकुमार ने बताया कि हम प्राकृतिक संसाधनों को सहेज कर नहीं रख पा रहे हैं। आधुनिक विकास के कारण हमारा वातावरण दूषित होता जा रहा है। वेद प्रकाश ने कहा कि जंगल हमारे जीवन की बुनियाद हैं जो हमारे पर्यावरण के साथ-साथ आर्थिक और सामाजिक स्थिति को बनाये रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वनों का आशय सामान्य रूप से वृक्षों के समूह से होता है लेकिन वास्तव में ये विभिन्न जीवों का एक जटिल समुदाय है।

### ठाकुर जी पर फूलों के साथ गुलाल की वर्षा

**इटावा।** पुराना शहर छैराहा स्थित श्री राधा वल्लभ मंदिर पर बुधवार को रंगभरी एकादशी (रंगीली होली) का उत्सव श्रद्धाभाव के साथ मनाया गया। अबीर गुलाल की छटाओं के बीच होली गीतों पर श्रद्धालु खूब थिरके। मंदिर व आसपास का क्षेत्र अबीर गुलाल व फूलों से पटा रहा। वहीं जय श्री राधे व राधावल्लभ लाल के जयघोष गुंजायमान होते रहे। श्री राधा वल्लभ मंदिर पर वृंदावन धाम की परंपरा का पूरी तरह से निर्वहन किया जाता है। यहां पर वसंत पंचमी से ही होली की शुरुआत हो गई थी। रंगीली होली के उत्सव में शामिल होने के लिए जिले ही नहीं बाहर के भी श्रद्धालु आते हैं और ठाकुर जी के साथ होली खेलकर अपने को धन्य मानते है। बुधवार की शाम 5 :00 बजे से ही मंदिर में भक्तों का पहुंचना शुरू हो गया था जैसे ही मंदिर के पट चरण सेवक गोपाल प्रकाश चंद गोस्वामी ने खोले उसके बाद भक्तों ने ठाकुर जी पर पुष्प वर्षा के साथ गुलाल उड़ाना शुरू कर दिया था। मंदिर परिसर में चारों ओर अबीर गुलाल की सतरंगी छटायें देखते ही बन रही थीं। भक्तों ने भी जमकर एक दूसरे पर अबीर गुलाल डाला और होली गीतों पर नृत्य भी किया। रंगीली होली के अवसर पर ठाकुर जी का मनमोहक श्रृंगार किया गया होली के इस विशेष श्रृंगार के दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ मंदिर में रही। मंदिर में होली की तैयारियां कई दिनों पहले से प्रारंभ हो गयी थी। सायंकाल मंदिर परिसर में जुटे श्रद्धालुओं ने ठाकुरजी, राधा रानी व श्री लाल जू के साथ सबसे पहले फूलों की होली खेली इसके पश्चात अबीर गुलाल की होली खेली गई। भक्तों पर उड़ाने के लिए अबीर गुलाल श्री वृंदावन धाम व बरसाना धाम से आया था। सभी भक्तों को गोपाल प्रकाश चन्द्र गोस्वामी ने प्रसाद व गुलाल वितरित किया।


राधावल्लभ का हुआ मनमोहक श्रृंगार।


रमाकांत चतुर्वेदी को सम्मानित करते प्रशांत अटल व अन्य अधिवक्ता। अमृत विचार

### विशेष लोक अभियोजक को किया गया सम्मानित

**इटावा।** हत्या के मामले में बारह आरोपियों को अपनी दलीलों के माध्यम से आजीवन कारावास की सजा दिलाने वाले विशेष लोक अभियोजक रमाकांत चतुर्वेदी को सिंचाई डाक बंगले में प्रशान्त अटल मुख्य स्थायी अधिक्वता हाईकोर्ट लखनऊ बेंच ने अंग वस्त्र पहना कर स्वागत किया। स्थाई अधिवक्ता प्रशांत अटल का सिंचाई विभाग के डाक बंगले में पहुंचे पर डिस्ट्रिक्ट बार एसोशिएसन के अधिवक्ताओं ने भव्य स्वागत किया। सिंचाई डाक बंगले में रमाकान्त चतुर्वेदी एडवोकेट लोक अभियोजक को अंगवस्त्र पहना कर सम्मानित किया रमाकान्त चतुर्वेदी ने गांव सिपरी थाना चोबिया में चुनाव की रंजिश में एक व्यक्ति की हत्या के 12 अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा दिलाने में अहम भूमिका अदा की। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से स्थायी अधिवक्ता घनश्याम बाजपेयी एडवोकेट ज़िला शासकीय अधिवक्ता शिव कुमार शुक्ला शैलेंद्र राठौर अनुराग दुबे सुबोध राजपूत कमल माथुर अजीत तोमर एडवोकेट विवेक राजपूत जयंत तुषार गुप्ता शिवम् प्रताप आदि उपस्थित रहे।

### तमंचा व कारतूस समेत हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

**इटावा।** फ्रेंड्स कालोनी थाना पुलिस ने गस्त के दौरान चितभवन नहर पुल के पास से मुखबिर की सूचना पर एक हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से तमंचा कारतूस बरामद हुए। फ्रेण्डस कालोनी थाना प्रभारी दिवाकर प्रसाद सरोज अपनी टीम के साथ गस्त परथे तभी मुखबिर ने सूचना दी कि एक हिस्ट्रीशीटर चितभवन पुल के पास तमन्चा लेकर किसी घटना को कारित करने की फिराक में खड़ा है। इस सूचना पर उन्होने कार्यवाही करते हुये हिस्ट्रीशीटर अंकित कुमार उर्फ फौजी निवासी लोकूमल मील के पीछे पक्काबाग को चितभवन पुल के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। उसके पास से एक तमंचा कारतूस बरामद हुए। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि अंकित शातिर अपराधी है उस पर इटावा व आसपास के जिलों में एक दर्जन से अधिक मामले दर्ज है। पकडे गए आरोपी को बाद जेल भेज दिया गया।

## एक नजर

### श्री खाटू श्याम फागुन मेले का हुआ समापन, बांटा प्रसाद

**भरथना।** मोहल्ला सब्जी मंडी में श्रीखाटूश्याम फागुन मेले का समापन गुरुवार को हो गया। इस मौके पर यहां जुटे भक्तों को पूड़ी- सब्जी, हलवा का प्रसाद वितरित किया गया। राजस्थान में स्थित श्रीखाटूश्याम धाम में फागुन माह में आयोजित मेला के समापन दिवस एवं एकादशी के उपलक्ष्य में दुकानदारों समेत बच्चों ने प्रसाद ग्रहण किया और हारे का सहारा-खाटूश्याम हमारा के जयकारे लगाये। इससे पहले मौजूद सभी भक्तों ने श्रीखाटूश्याम बाबा की आरती उतारकर पूजा अर्चना की। इस दौरान सूरज कुमार, गौरव गुप्ता, सौरभ चौरसिया, गौरव सविता, टीटू गुप्ता, अनुज सविता, टिल्लू मौजूद रहे।

### कहीं तीन तो कहीं सात घंटे ठप रहेगी बिजली

**इटावा।** 22 मार्च को 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र मैनपुरी फाटक के फीडर न 3 व 4 पर आरडीएसएस योजनान्तर्गत अनुरक्षण संबंधी कार्य के कारण विद्युत उपकेंद्र मैनपुरी फाटक के फीडर न 4 से संबंधित सभी क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति सुबह 11 बजे से 1 बजे तक बाधित रहेगी। वहीं मोहल्ला कमला कॉलोनी की विद्युत आपूर्ति सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे बाधित रहेगी।

### आयरन युक्त आहार लेने को किया प्रेरित

**महेवा।** बाल विकास परियोजना के अंतर्गत आने वाले ग्राम बहेडा के जूनियर हाई स्कूल में किशोरियों को जागरूक करने के उद्वेश्य से प्रभारी बाल विकास परियोजना अधिकारी मनोरमा पाण्डेय द्वारा कार्यशाला का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि किशोरियों को प्रतिदिन आयरन और विटामिन युक्त आहार का सेवन करना चाहिए। आईएफए की नीली गोली हफ्ते में एक बार जरूर खानी चाहिए, खाना खाने से पहले हाथ साबुन से अवश्य धुलने चाहिए, शौच के लिए हमेशा शौचालय का ही प्रयोग करना चाहिए। महिला आरक्षी कीर्ति कुमारी ने किशोरियों को 1090, 112, 102, 108, साइबर अपराध 1930 आदि के बारे में विस्तार से बताया। इस दौरान महेवा चौकी के कांस्टेबल रोहित तोमर, नरेंद्र कुमार, आंगनबाड़ी कार्यकत्री अल्पना रहीं।

# आफत : एक हजार चार सौ दिव्यांगों की रुकी पेंशन

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** हाथ पैरों से लाचार मूक बधिरों की रोजी-रोटी का सहारा बनी पेंशन आधार सीडेड न कराने के कारण रोक दी गई है। विभाग के कहने के बावजूद कई पेंशन धारकों ने बैंक में जाकर अंगूठा नहीं लगाया और आधार सीडेड नहीं कराया।

योजना के अंतर्गत जिले में जो पेंशन धारक हैं ऐसे दस हजार पेंशन धारकों की पेंशन की रकम उनके खातों में भेज दी गई है। लेकिन जिन दिव्यांग पेंशनरों की पेंशन उनके खाते में नहीं पहुंची है वह पेंशनर रोजाना विकलांग कल्याण कार्यालय के चक्कर लगा रहे हैं। जबकि विभाग की ओर से इन्हें काफी दिनों पहले ही अपने बैंक खातों से आधार लिंक कराना और बैंक जाकर अंगूठा लगाने के लिए कहा गया था लेकिन खातों से आधार लिंक ना होने के कारण करीब एक हजार चार सौ पेंशनरों की पेंशन पर रोक लगा दी गई है। विभाग की तरफ से जो नियम कानून बनाए गए हैं उनमें आधार को बैंक से लिंक होना जरूरी है तथा फैमिली आईडी मतलब परिवार का राशन कार्ड भी लगाना अनिवार्य किया गया है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि यह सभी बातें पेंशनरों को कई बार बताई भी जा चुकी हैं इसके बाद भी लगभग 1400 पेंशनरों ने अपने खातों से आधार लिंक नहीं कराया है। विभाग ने भी उन्हीं खातों में पेंशन भेजी है जो खाता आधार से लिंक है नतीजा 1400 पेंशनरों की पेंशन पर रोक लग चुकी है। लाभार्थी अब कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं।

### आधार लिंक जल्द करायें

**इटावा।** जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी प्रदीप कुमार तिवारी ने बताया कि जिन लाभार्थियों ने अभी तक अपने-अपने खाते को आधार से लिंक नहीं कराया वह तत्काल अपने बैंक खातों को आधार से लिंक कर ले और फैमिली आईडी को साथ में लगाकर दें। ताकि उन्हें विकलांग पेंशन लेने में कोई कठिनाई न हो उन्होंने कहा कि पेंशन खातों में तभी जाएगी जब खाता आधार से लिंक होंगे।

## पुलिस ने दो बाइक चोरों को दबोचा

**इटावा।** बसरेहर थाना पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान भदामई पुल के पास से एक बाइक पर सवार दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में उनके पास से तमंचा कारतूस के अलावा एक चाकू बरामद हुआ। पूछताछ में पकड़े गए लोगों ने बताया कि बाइक चोरी की है। पुलिस ने पकड़े गए लोगों को कार्रवाई के बाद जेल भेज दिया।

बसरेहर थाना पुलिस गस्त परथी तभी मुखबिर ने सूचना दी कि दो लोग चोरी की बाइक से आ रहे है वह किसी वारदात को अंजाम दे सकते है। इस पर पुलिस ने भदामई पुल पर संदिग्ध व्यक्ति/वाहन की चैकिंग शुरू कर दी। इसी दौरान किल्ली की ओर से एक बाइक आती दिखायी दी जिसे पुलिस टीम ने रुकने का इशारा किया तो वे भागने का प्रयास किया जिन्हें पुलिस ने भदामई पुल के पास से गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में उनके पास से तमंचा कारतूस के अलावा एक चाकू भी बरामद हुआ। बाइक के कागजात मांगने पर उन्होंने बताया बाइक चोरी की थी। उन्होंने अपने नाम विपिन कुमार पुत्र छोटेलाल व समीर पुत्र कल्लू उर्फ कलुआ बताए।

# फेसबुक पर बॉय मेरे सभी दोस्तों लिखकर लगाई फांसी

संवाददाता भरथना इटावा

- दूसरी मंजिल पर कमरा बन्द कर मफलर का फंदा लगाकर दी जान


भोले गुप्ता।

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत ऊसराहार बस स्टैण्ड के पीछे मुहल्ला बृजराज नगर में एक युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक को फांसी के फन्दे पर झूलता देख परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की।

गुरुवार की सांय करीब 5 बजे कस्बा के मुहल्ला बृजराज नगर निवासी शीतल प्रसाद गुप्ता के परिजनों में उस समय चीख पुकार मच गई जब घर की दूसरी मंजिल के कमरे में अन्दर से दरवाजा बन्द कर पंखे में मफलर से फांसी लगाकर उसके 20 वर्षीय पुत्र भोले गुप्ता ने आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी परिजनों को उस समय हुई, जब मृतक की बहन अपने भाई को चाय-नाश्ता देने छत पर पहुंची, इस बीच कमरे का दरवाजा अन्दर से बन्द होने और भाई को पुकारने पर उसकी आवाज वापस न मिलने पर वह चीख पुकार करने लगी। चीख पुकार की आवाज पर परिजन भी मौके पर पहुंच गये और दरवाजा खोला तो देखा कि भोले का शव पंखे में झूल रहा है। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल करते हुए अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है। मृतक के छोटे भाई गणेश ने बताया कि उसका सबसे छोटा भाई भोले राजस्थान के मेवाड़ में प्राइवेट नौकरी करता था। बीती रात्रि होली के त्योहार पर अपने घर आया था। परिवार में किसी प्रकार का कोई विवाद-कहासुनी नहीं हुई थी। वहीं सूत्रों की मानें तो मृतक भोले ने उक्त घटना से करीब सात घण्टे पूर्व अपनी फेसबुक आईडी पर बॉय मेरे सभी दोस्तों को लिखकर स्टोरी लगायी थी। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# पांच दिनों से लापता मजदूर का शव सेंगर नदी में मिला

भरथना संवाददाता इटावा


राम दत्त शाक्य।

**अमृत विचार।** भरथना कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत गुजरी सेंगर नदी में गुरुवार की सुबह ग्राम कुनेठी के समीप एक व्यक्ति का शव उतराता हुआ मिला। शव उतराता देख खेतों पर काम करने गए लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नदी से निकलवाकर उसकी शिनाक्त का प्रयास किया। बाद में उसकी शिनाख्त राम दत्त शाक्य निवासी निगोह के रूप में हुई। शव मिलने से आसपास के क्षेत्र में हड़कम्प मच गया। बाद में पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मौके पर पहुंचे परिजनों ने बताया कि वह 15 मार्च को पड़ोस के गांव मेढी दुधी में मजदूरी करने की बात कहकर घर से निकला था। उसके बाद शाम को वापस घर नही लौटे तो परिवार के लोगों को चिंता हुई। परिवार के लोगों ने उनकी खोजबीन की लेकिन उनका कोई सुराग नहीं लग सका। इस सम्बंध में उसने इकदिल थाने में गुमशुदगी के लिए तहरीर दी थी। इसके अलावा नाते रिश्तेदारों में भी खोजबीन की। लेकिन उनका पता नहीं चल सका। गुरुवार को कुनेंठी गांव के पास लोगों ने उनको सेंगर नदी में पड़ा देखा तो लोगों ने पुलिस को सूचना दी। इसके बाद नदी में शव पड़े होने की जानकारी उसके परिवार के लोगों को लगी तो वह भी मौके पर पहुंच गए उसकी शिनाख्त की। बताया गया है मृतक शराब पीने का आदी था। माना जा रहा है कि वह किसी तरह से शराब के नशे में नदी में गिर गए उसके बाद वह निकल नही सके होंगे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र सिंह ने बताया नदी में मिले शव की शिनाख्त राम दत्त के रूप में हुई है।

### कच्ची दीवार ढहने से मलबे में दबकर मजदूर की मौत

**भरथना इटावा।** भरथना क्षेत्र के ग्राम नगला राधे बनामई में बुधवार की शाम करीब पांच बजे एक मिट्टी की कच्ची दीवार भरभरा कर गिर गई। जिससे वहां काम कर रहा मजदूर मलबे में दब गया और उसकी मौत हो गई। उक्त गांव निवासी गिरेंद्र सिंह दोहरे 32 मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। बुधवार को वह गांव के ही रनवीर सिंह व सुखवीर सिंह के यहां काम करने के लिए गया था। जब वह घर की नींव खोद रहा था, तभी बगल में खड़ी एक कच्ची दीवार अचानक गिर गई। दीवार के मलबे में मजदूर दब गया। अचानक हुए इस हादसे की जानकारी गांव के लोगों को हुई तो वह मौके पर पहुंचे और उन्होंने मलबे को हटाया। लेकिन तब तक गिरेंद की मौत हो चुकी थी। मजदूर की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।

अराजकता | वायरल वीडियो में बाइक से घूमता दिखा युवक, पूर्व मुख्यमंत्री के ट्वीट के बाद प्रशासन में मचा हड़कंप

# जिला अस्पताल की तीसरी मंजिल पर वार्ड तक बाइक से पहुंचा

कार्यालय संवाददाता इटावा


जिला अस्पताल की तीसरी मंजिल पर बाइक चलाता युवक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** अस्पताल व आसपास का क्षेत्र साइलेंट जोन होता है यहां पर किसी भी प्रकार मचाना मना होता है। यहां तक कि हॉर्न बजाना भी प्रतिबंधित होता है लेकिन इटावा के संयुक्त जिला अस्पताल प्रशासन की उदासीनता के चलते तीमारदार वार्डो तक धड़ल्ले से बाइक लेकर पहुंचते हैं।

जिला अस्पताल के तीसरी मंजिल पर वार्ड के गेट बाहर बाइक लेकर घूमते एक युवक का वीडियो वायरल होने के बाद हड़कंप मचा हुआ है। इतना ही नहीं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने वायरल वीडियो पर ट्वीट कर नाराजगी भी जताई है। गुरुवार को सीडीओ व सीएमओ ने जिला अस्पताल का दौरा करके सीएमएस को व्यवस्थाएं सुधारने के सख्त निर्देश दिए।

वायरल वीडियो में साफ दिखाई दे रहा है कि जिला पुरुष अस्पताल के तृतीय तल पर बने आपदा वार्ड के नर्सिंग स्टेशन के पास एक युवक बाइक लेकर घूम रहा है बाइक सवार युवक अपना नाम जितेंद्र बता रहा है। जब कि युवक के साथ में जो महिला है वह बता रही है कि बाइक के लिए उसने स्टाफ से पूछ लिया है जबकि मौके पर जिस स्टाफ की ड्यूटी थी उसका कहना था कि मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं है। वहीं एक दूसरी बाइक लिफ्ट के पास भी खड़ी हुई वीडियों में दिखाई दी। गुरुवार को बाइक सवार युवक का अस्पताल के वार्ड में घूमता हुआ वीडियो पूरे दिन सोशल मीडिया पर चलता रहा हालांकि अमृत विचार इस वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। वहीं सपा प्रमुख व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने वीडियो के साथ ट्वीट करके इस पर नाराजगी भी जताई है। जिला प्रशासन ने इसे गंभीरता से लिया है और पुलिस के साथ एलआईयू की टीम भी अस्पताल पहुंची थी। वहीं सीडीओ अजय कुमार व सीएमओ डॉ गीताराम ने भी अस्पताल का दौरा करके सीएमएस को अस्पताल के गेटों पर गार्ड लगाने को कहा।

### दोनों बाइकों का काटा पांच- पांच हजार का चालान

जिला अस्पताल के वार्ड में घूमती बाइक का वीडियो शासन तक पहुंच गया है। शासन से कार्रवाई के लिए जिला व पुलिस प्रशासन को निर्देश दिए गए थे। इसके बाद यातायात विभाग के टीएसआई सूबेदार सिंह ने मैनपुरी जिले के कुर्रा गांव के रहने वाले विद्याराम तथा लिफ्ट के पास खड़ी इकदिल के चम रेटी टोला के रहने वाले मोहम्मद शहाबुद्दीन की बाइक का 5-5 हजार रुपये का चालान किया है।

### एक साल से नहीं हुआ वाहन स्टैंड का ठेका

संयुक्त जिला अस्पताल में प्रतिदिन दो से ढाई हजार मरीज और उनके तीमारदार आते हैं लेकिन यहां पर एक साल से वाहन स्टैंड का ठेका नहीं हुआ है। वाहन स्टैंड का ठेका न होने के चलते इधर-उधर दो पहिया व चार पहिया वाहन खड़े रहते हैं जिससे आने-जाने वाले लोगों को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस संबंध में सीएमएस डॉ. आर्या का कहना है कि इसके लिए जिला प्रशासन को अवगत करा दिया गया है।

### लिफ्ट के पास खड़े रहते हैं वाहन

जिला अस्पताल के वार्डो तक बाइक कोई पहली बार नहीं पहुंची है। आए दिन इस तरह का नजारा देखने को मिलता है। रात के समय लिफ्ट बंद रहती है और इसके बाद स्टाफ से लेकर मरीजों के तीमारदार तक लिफ्ट के पास के क्षेत्र को वाहन स्टैंड के रूप में प्रयोग करते हैं। रात के समय जिला अस्पताल की स्थिति लावारिस जैसी होती है कहीं पर कोई गार्ड नहीं दिखाई देता है यही कारण है कि मरीजों के तीमारदार वॉर्ड तक अपनी बाइक से फर्राटा भरते हैं। वार्डो से कई बार मरीज और तीमारदारों का सामान भी चोरी जा चुका है लेकिन उसके बाद भी अस्पताल प्रशासन ने कोई सबक नहीं लिया है।

### अस्पताल स्टाफ के परिवार का था बाइक सवार युवक

वायरल वीडियो में जो युवक अस्पताल के वार्ड तक अपनी बाइक से फर्राटा भरता हुआ पहुंचा था वह कोई बाहर का नहीं बल्कि स्वास्थ्य विभाग की एक आशा के परिवार का बताया जा रहा है। पता चला है कि आशा की पुत्री का कुछ दिनों पूर्व ऑपरेशन हुआ था इसके चलते वह अस्पताल के आपदा वार्ड में भर्ती थी। अब यह देखना है कि स्वास्थ्य विभाग अपने कर्मचारियों पर क्या कार्यवाही करता है।

# लू से बचाव को प्रशासन ने अभी से कसी कमर

कार्यालय संवाददाता। इटावा

- तेज गर्मी से पहले ही लोगों को बताए जाएंगे बचने के तरीके

**अमृत विचार।** जन सामान्य को हीटवेव (लू) से बचाने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में संबंधित अधिकारियों के साथ जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की बैठक का आयोजन किया गया।

प्रभारी अधिकारी दैवीय आपदा मलखान सिंह ने सभी विभागों के संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने विभागों की कार्य योजना बनाकर समय से पूर्ण कर लें, जिससे जनपद में संभावित हीटवेव (लू) की तैयारी विभागवार शत प्रतिशत पूर्ण हो सके और हीटवेव आपदा के समय जनपद के आम जनमानस को उसके प्रभाव से बचाया जा सके।

बैठक में सिटी मजिस्ट्रेट दिग्विजय प्रताप सिंह ने उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा दी गई पंपलेट, जिसमें हीटवेव में क्या करें, क्या न करें एवं हीटवेव के प्रभाव से कैसे बचा जा सके को रखा। उन्होंने कहा कि संबंधित जगरुकता कार्यक्रम कराकर अपने अपने विभाग एवं क्षेत्र अंतर्गत सभी जनमानस को जागरूक करें एवं समय पर प्रचार प्रसार द्वारा हीटवेव के दुष्प्रभाव के बारे में लोगों को बताया जाए। बैठक में डिप्टी सीएमओ, आपदा विषेशज्ञ, उपनिदेशक सामाजिक वानिकी, आपदा लिपिक, अग्निशमन अधिकारी, अधिशासी अभियन्ता जल निगम, उप प्रभागीय निदेशक वानिकी प्रभाग, एडीपीआरओ, उप श्रमायुक्त, डीएसओ, अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खंड, पशु चिकित्साधिकारी मौजूद रहे।

मूर्खस्तु परिहर्तव्य : प्रत्यक्षो द्विपद : पशु : ।
भिनत्ति वाक्यशूलेन अदृश्ययं कण्टकं यथा ॥

मूर्ख व्यक्ति को दो पैरों वाला पशु समझकर त्याग देना चाहिए, क्योंकि वह अपने शब्दों से शूल के समान उसी तरह भेदता रहता है, जैसे अदृश्य कांटा चुभ जाता है।

## संपादकीय

# केंद्र के फैसले पर रोक

केंद्र सरकार को उच्चतम न्यायालय से झटका लगा है। शीर्ष अदालत ने केंद्र सरकार की उस तथ्य जांच इकाई (एफसीयू) पर रोक लगा दी है, जिसे आनलाइन कंटेट की निगरानी के लिए बनाया गया था। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने चुनावी बांड पर रोक लगाकर भाजपा समेत तमाम राजनीतिक दलों को झटका दिया था। गुरुवार को उच्चतम न्यायालय ने भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर प्रभाव का विश्लेषण करने को अनावश्यक बताते हुए एफसीयू से संबंधित केंद्र सरकार की एक दिन पहले की अधिसूचना पर अंतरिम रोक लगा दी। कोर्ट ने कहा कि यह अभिव्यक्ति की आजादी के खिलाफ है। इस इकाई को 2023 में कानून में शामिल किया गया था। मगर इस यूनिट को कानून में शामिल करने की कोशिश विवादों के घेरे में रही है। सरकार ने एक दिन पूर्व ही अधिसूचना जारी कर इसे लागू किया था। कई पत्रकारों और विशेषज्ञों ने आशंका जताई कि यह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और सरकार की आलोचना करने वाली मीडिया की स्वतंत्र रिपोर्टिंग को कुचलने की कोशिश है। बांबे हाईकोर्ट ने 11 मार्च को इस अधिसूचना पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई गई थी। याचिकाकर्ताओं कहना था कि सबके लिए एक स्वतंत्र एफसीयू रहनी चाहिए जबकि केंद्र सरकार इसे सिर्फ अपने लिए ला रही है, जो मनमाना है। क्या गलत है या क्या नहीं, यह तय करने के लिए एफसीयू केंद्र के फैसले पर निर्भर नहीं हो सकता। चुनाव के समय एफसीयू केंद्र के लिए एक हथियार बन जाएगा, जिससे वे तय करेंगे कि मतदाताओं को कौन सी जानकारी दी जाए। पीठ ने कहा मामला गंभीर संवैधानिक सवालों से जुड़ा है। उच्च न्यायालय के समक्ष प्रश्न संविधान के अनुच्छेद 19(1)(ए) पर मुख्य प्रश्नों से संबंधित हैं। उल्लेखनीय है कि संयुक्त राष्ट्र का मानवाधिकार परिषद भी इंटरनेट के अधिकार को मौलिक स्वतंत्रता और शिक्षा के अधिकार को सुनिश्चित करने के उपकरण के रूप में मानता है।

भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने स्पष्ट किया कि यह रोक तब तक लागू रहेगी जब तक बांबे हाई कोर्ट सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यवर्ती दिशानिर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियम, 2021 में पेश संशोधनों की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर फैसला नहीं सुना देता। अब लोकसभा चुनाव के समय आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है और प्रमुख कर्मियों को चुनाव कार्य में व्यस्त कर दिया गया है। केंद्र के एक अलग तथ्य-जांच इकाई बनाने के प्रयास फिलहाल विफल हो गए हैं। महत्वपूर्ण है कि विचारों की आजादी लोकतंत्र का आधार है। देखना होगा कि सोशल मीडिया को जिम्मेदार व जवाबदेह बनाने की दिशा में कैसे जागरुकता बढ़ाई जाए।

# मंदिर-मठों के बौद्धिक नवजागरण पर चिंतन



रणवीर सिंह फोगाट
इतिहासकार

इस मामले में भारत के सामान्य प्रवृत्ति के नेतागण और व्यक्ति अजीब प्रकृति के रहे हैं। सन् 1952 से पहले भी भारत में चुनाव हुए थे, लेकिन तब के नेता मठाधीशों से आशीर्वाद लेने नहीं गए थे। यह अलग बात है कि नए स्थापित किए जाने वाले मंदिर आजीविका के लिए निर्मित किए जाते हैं जिनमें निवास करने वाला पुजारी वर्ग आमजन के लिए सिर्फ कर्मकांड और पूजा-पाठ कर्म में सहायक होते हैं।

अधिकांश भारत मूर्तियों और मंदिरों में ही उलझा हुआ है। प्राचीन समय में मंदिरों का निर्माण नगर और गांव से बाहर किया जाता था और इन्हें या तो मठों के निकट या भीतर निर्मित किया जाता था या इन्हें नागर शैली में नगर से बाहर एक जल स्रोत के निकट के शांत और वनाच्छादित क्षेत्र में स्थापित किया जाता था ताकि ये एक इंस्टिट्यूशंस ऑफ आर्ट एंड नॉलेज की तरह से कार्य कर सकें। यहीं रहकर एकाग्रता से चिंतन, अध्ययन और अन्वेषण की प्रक्रिया पूरी होती थी।

कुछेक ऐसे ही देवालय-मठ इतने विशाल थे जिनकी व्यवस्था राजकोष से या इन्हें दान में दी गई भूमि से हुआ करती। इस भूमि पर कृषि कार्य करके फसल उगाकर अन्न पैदा किया जाता था और गोचारण में गाय रखने के अलावा अन्य भारवाहक पशु रखने की भी व्यवस्था हुआ करती। अनेक मठों में हाथी भी रखे जाते थे। छात्रों और अध्येताओं से शुल्क नहीं लिया जाता था। भारत की व्यवस्था ऐसी ही थी, लेकिन डेमोक्रेसी और इलेक्शन्स ने भारत के लोगों में एक आदत यह पैदा की कि, ज्ञान के इन पारंपरिक 'अस्थानों' (आस्था-स्थल अथवा संस्थान) को वास्तु कला और ज्ञान-सृजन की परिधि से निकाल कर सिर्फ दर्शनीय और कर्मकांड स्थल बना दिया गया। राजनेताओं की जमात सत्ता-सुख की प्राप्ति के लिए आशीर्वाद स्थल के रूप में इन्हें ऐसे इस्तेमाल करने लगी जैसे की यह इनका निजी अधिकार हो गया है।

एक मिनी विश्वविद्यालय के रूप में काम करने वाले प्राचीन समय में स्थापित मठों और ज्ञान-संस्थाओं का ह्रास चिंतित करता है, क्योंकि इन्हें अपेक्षाकृत कर्मकांड और पूजा-पाठ का स्थल समझा जाने लगा है। इसलिए कि हिम्मत करके कोई यह बताने वाला नहीं रहा कि सैकड़ों और हजार से अधिक साल से आबाद रहे मंदिर संस्थानों-मठों की स्थापना का वास्तविक उद्देश्य क्या था। इनका सही उद्देश्य नए ज्ञान का सृजन करना, ज्ञान को लिपिबद्ध करना स्मृति और श्रुति दोनों विधियों से और ज्ञान का प्रसार तर्क और न्याय के तत्वों का ध्यान रखना करना था। यूरोप में ईसाई मत में और इस्लाम में ऐसा हुआ तो परंतु काफी बाद में और चुनिंदा विधाओं में।

द्वारकाधीश मंदिर का पुनर्निर्माण भारत के राजकोष से तत्कालीन गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की रहनुमाई में जब हुआ था तब जनभावनाओं का ऐसा सैलाब नहीं था जैसा अयोध्या में पुनर्निर्मित मंदिर में रामलला की मूर्ति में प्राण प्रतिष्ठा के समय पर देखने में आया।

इनके मुकाबले में हिंदू ज्ञानकोष और वांग्मय में अत्यधिक विस्तार है जिसे यूरोपियन और अन्य अनेक भारत अध्येताओं ने स्वीकार किया है, सिवाय मैक्स म्युलर के जो पूरे भारत को ईसाईयत से सराबोर करना चाहते थे। भारत में जन्मे गौतम बुद्ध की शिक्षाओं को मानने वाले दक्षिण एशिया के देशों के राजनीतिज्ञ बौद्ध मठों में जाकर राजसत्ता प्राप्त करने के लिए आशीर्वाद लेते हुए कभी नहीं देखे जाते सिवा ऐसे अवसर के जब या तो राजा का अभिषेक होता है या फिर किसी उत्सव के समय।

इस मामले में भारत के सामान्य प्रवृत्ति के नेतागण और व्यक्ति अजीब प्रकृति के रहे हैं। सन् 1952 से पहले भी भारत में चुनाव हुए थे, लेकिन तब के नेता मठाधीशों से आशीर्वाद लेने नहीं गए थे। यह अलग बात है कि नए स्थापित किए जाने वाले मंदिर आजीविका के लिए निर्मित किए जाते हैं जिनमें निवास करने वाला पुजारी वर्ग आमजन के लिए सिर्फ कर्मकांड और पूजा-पाठ कर्म में सहायक होते हैं। यह भी विचित्र है कि इन कर्मकांडों में वैदिक और वैष्णव दोनों ही पद्धतियों से कार्य निष्पादन होता है। लोगों की आस्था अब मंदिरों-मठों में रहने वाले ज्ञानियों द्वारा ज्ञान सृजन, अन्वेषण और परंपरा से ज्ञान के आख्यान का मूल्य समझने की उतनी नहीं रही जितना कर्मकांड में दिखाई जाने वाली 'आस्था' के प्रति बढ़ गई प्रतीत होती है। आस्था भाव एक हद तक ही सही है, लेकिन मनुष्य को अगर यह पोंगापंथी बनाए और बारम्बार एक ही रिचुएल को करते रहने की उसके मन में आदत डाल दे तो इससे विचारों की उन्नति में बाधा उत्पन्न होती है। व्यक्ति में नया काम करने के लिए उत्साह नहीं रहता और वह डरपोक बनता है। 'धर्म', प्रकृति और मनुष्य समाज में जीने की एक तरह की अद्वितीय पद्धति है जिसका संप्रेषण भाव संस्कृतिनिष्ठ कार्य पद्धति में दिखाई देता है। पूजा-पाठ और कर्मकांड तो इस समग्र संस्कृति का एक छोटा सा अंश मात्र हैं। इसे ही प्रमुख बना देना अव्यावहारिक है। यह विचित्र ही नहीं, लेकिन सत्य बात है कि खेत या कहीं और श्रम करने वाला व्यक्ति पूजा-पाठ और कर्मकांड से अधिकतर दूर रहता है।

इतिहास बताता है कि धर्म के पारंपरिक स्वरूप के प्रति आस्था और भय का प्रभाव यूरोप के लोगों में भारत से भी अधिक बड़ा था, क्योंकि वहां के धर्माचार्यों ने इसे रहस्यमयी और क्रूर भी बनाया जैसा कि पूर्वी यूरोप के रोमानिया, बुल्गारिया और स्पेन के प्राचीन ईसाई मठों के इतिहास से मालूम होता है। हिंदुस्तान में 'धर्म' के प्रति, जैसा कि इसे प्रेक्षित किया जाता रहा, भय का भाव तो कभी था ही नहीं। 'निर्भय हो' कथन आचार्य वर्ग ने हमेशा प्रतिस्थापित और संप्रेषित किया। यह भाव तब पैदा हुआ जब विदेशी आक्रांताओं से मुकाबला करने और इन्हें देश की उत्तर-पश्चिमी सीमाओं से परे खदेड़ने में भारत बिल्कुल नाकामयाब हो गया। 'धर्म' के बारे में विवेचना, विमर्श और आलोचना की प्रवृत्ति को आघात पहुंचाया गया। आधुनिक भारत में क्षुद्र-प्रवृत्ति राजनीतिज्ञों ने मौके पर इस स्थिति का शोषण किया है। सरदार पटेल और नेहरू जैसे चंद राजनीतिज्ञ ही ऐसे हुए जिन्होंनें धर्म-संस्कृति से जुड़ी हुई संवेदना का शोषण करने की प्रवृत्ति से गुरेज किया।

द्वारकाधीश मंदिर का पुनर्निर्माण भारत के राजकोष से तत्कालीन गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की रहनुमाई में जब हुआ था तब जनभावनाओं का ऐसा सैलाब नहीं था जैसा अयोध्या में पुनर्निर्मित मंदिर में रामलला की मूर्ति में प्राण प्रतिष्ठा के समय पर देखने में आया। ऐसे अवसर दुर्लभ की श्रेणी में आते हैं और आपत्ति से परे। राजनीति करने वालों की आम प्रवृत्ति या आमजन की आम दिनों वाली प्रवृत्ति से विलग भाव से इसमें देखने की जरूरत है। निहितार्थ, फिर भी दूरगामी प्रभाव वाले तो हैं हीं। आमजन को इस प्रवृत्ति से बाहर निकलना होगा। राजनीति करने वालों को भी चुनाव के दिनों में इस प्रवृत्ति के प्रदर्शन से तौबा करनी होगी। धर्माचार्यों और समाज के बौद्धिकों को वास्तविक ज्ञान प्रणाली से प्रशिक्षित बौद्धिक क्षमता के आधार पर बहुत सी बातों को नकारने की हिम्मत पैदा करनी होगी। हमारे ज्ञान ग्रंथों की व्यवस्था में ऐसे निर्देश नहीं है जिसके अंतर्गत आममन के भीतर धर्म-भीरू या देव-भीरू स्वभाव की उत्पत्ति की जाए। भारत में 'युगों' की बात भी बेमानी है, क्योंकि यह हमारे ही आचार्यों और गणितज्ञों -आर्यभट और भास्कर के अध्ययनों से मेल नहीं खाता। भारत में इन्हीं आचार्यों द्वारा काल गणना की सर्वमान्य वैज्ञानिक पद्धति के अनुसार पुराणों में दी गई काल गणना, कथा-तत्व के नाते, सिर्फ एक 'फिक्शनल हिस्ट्री' है। क्या सतयुग में मनुष्य दुखी नहीं था? क्या सतयुग और त्रेतायुग में छल और हिंसा नहीं थी? पुराणों में अनेक कहानियां ऐसी हैं, जो मनुष्य मात्र में देवों और नरेशों के प्रति भय की उत्पत्ति करती हैं।

उपरोक्त के मद्देनजर हिंदुओं, पारसियों, मुसलमानों और बौद्धों के 'धर्म' पर मीमांसक ग्रंथ अब उपलब्ध हैं। कुछ रोज से मैं सन् 1832 में प्रकाशित किताब 'ऑब्ज़र्वेशंस ऑन द मुसलमान्स ऑफ इंडिया -ए डिस्क्रिप्टिव ऑफ देयर मैनर्स, कस्टम्स, हैबिट्स एंड रिलिजियस ओपिनियन्स' ध्यानपूर्वक देख रहा हूं। इसे मीर हसन अली की बेगम साहिबा ने दो खंडों में तकरीबन ग्यारह सौ प्रकाशित पन्नों में उपलब्ध करवाया। इसकी भूमिका भारत में दशकों तक निवास करने वाले अंग्रेज स्कॉलर-ब्यूरोक्रेट विलियम क्रूक ने लिखी। हमारे देश में मुसलमानों की संस्कृति की जो झलक इसमें से निकलती है उसके अनुसार बहुत सी रवायतों, परंपराओं और कार्य पद्धतियों में वैज्ञानिकता का पुट है। धर्मांधता और अंधविश्वास बाद में कैसे निर्मित हुए, यह विश्लेषण की विषय वस्तु है। ऐसी ही पुस्तक हिंदुओं के बारे में उपलब्ध हैं जिनमें वैज्ञानिक तत्वों की व्याख्या के बारे अब बात नहीं होती। आमजन के गाइड वही हैं, जो अल्प-बौद्धिक हैं और धर्म-संस्कृति के गलत आख्यान देते हैं।

## प्रसंगवश

# परमार्थ की ओट में स्वार्थ सिद्धि

चुनाव का चित्र अब स्पष्ट हो गया है। थोड़ा बहुत झोल-झक्कड़ है तो उसे भी समाप्त कर लिया जाएगा। प्यार मोहब्बत नाराजगी शुरु है। इधर से उधर, उधर से इधर आना-जाना भी चल रहा है। हर पार्टी ने कुछ नए जोड़े कुछ पुराने छोड़े। किसी का दिल जुड़ाया तो किसी का टूटा। कोई बल्ले-बल्ले उछल रहे हैं तो कोई छले जाने का दोष लगा रहे हैं। अपनी कमजोरी और खामियां कोई नहीं बता रहे। सब दूसरों में खोट निकाल रहे हैं। पांच सालों तक मटरगश्ती करने वाले नेताजी ने फिर से हाथ जोड़ना और दांत निपोरना शुरू कर दिया है। सांसदों का गोद लिया गांव आज भी बदहाल है, यह और बात है कि नेताजी सदा खुशहाल बने रहे। सीटी बज गई तो चुनावी दंगल के पहलवान ताल ठोंककर कूदने के लिए तत्पर हो गए। उतर अखाड़े कूदते, लेकर अपने दांव!/अपने-अपने पैंतरे, घोषित हुआ चुनाव!! केंद्रीय शासन पर काबिज भाजपा को उखाड़ फेंकने के लिए इंडिया महागठबंधन बनाने का बिगुल फूंका तो गया, मगर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उसमें छेदकर दिया और उसकी हवा फुस्स से निकाल दी।



डॉ. संजय पंकज
मुजफ्फरपुर

राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव अपने लाल तेजस्वी को मुख्यमंत्री बनाने के लिए हड़बड़ाए हुए थे। मामला यहीं से गड़बड़ हो गया। नीतीश बाबू को सत्ता की कुर्सी बड़ी प्यारी लगती है। उसे छोड़ना भी नहीं चाहते हैं। अपने बिगड़ते हुए माथे का भी उन्हें ख्याल नहीं है। क्या से क्या बोल जाते हैं यह भी उन्हें पता नहीं रहता है, लेकिन यह सब उनकी महत्वाकांक्षा को मजबूती ही देता है तभी तो कभी नहीं बीजेपी समझौता कर सकती है जैसी घोषणा के बावजूद बीजेपी का केंद्रीय नेतृत्व सारी पुरानी बातों को भूलकर उनके साथ चिपक जाता है।

अल्टू-पल्टू बनी रही पार्टियां और नीतीश जी का पलटू राम नाम रख दिया, जबकि नीतीश जी तो मुख्यमंत्री पद पर स्थिर हैं, आज भी बने हुए हैं। पार्टियों की नीतियों की दुहाई देने वाले बड़े-बड़े सूरमा सिद्धांतों को ताक पर रखकर घुटने टेक देने में तनिक भी हिचकते नहीं हैं। भारत जोड़ो यात्रा पर धूम धड़ाके के साथ निकलते रहे कांग्रेस के राजकुमार चाटुकारिता में बड़े-बड़े बोल और बयान देते रहे पाले-पोसे हुए तोते। प्रायोजित होती रही रैलियां। अधिकार और रोजगार की मांग पर बरसती रही लाठियां! परेशान होते रहे युवा और किसान! बदहाल रही जनता। परोसे जाते रहे भाषण और आश्वासन। बुला-बुलाकर विदेशी राष्ट्राध्यक्षों को दिखलाया गया रुतबा, सुनाई गई विरुदावलियां। दुहाई दी गई भारत की महान जनता और संस्कृति की। सबने मूल समस्याओं को नजरअंदाज किया। धरती और प्रकृति जार-जार रो रही है और आकाश में नगाड़ों की धमक गूंज रही है। धरती के भगवान बेहाल हैं और आसमान में उड़ रहे हैं देवराज! सब अपनी-अपनी धुन में हैं। राजनीति में स्तर की बात सब करते हैं, मगर धज्जियां उड़ाते हुए जैसी भाषा और व्यवहार का प्रदर्शन होता है उसे क्या कहा जा सकता है? चुनावी समर में जिन वीर-बांकुरों की घोषणा हो गई वे उछल-उछलकर, मचल-मचल कर अपनी कर्मठता का बयान दे रहे हैं। अखाड़ा तैयार है। पहलवान ताल ठोंक रहे हैं। कई पहलवानों की लंगोट अदल-बदल गई है। राजनीति का सच तमाम नैतिकताओं के सच से सर्वथा अलग होता है। यहां के सारे कर्मकांड परमार्थ की ओट में स्वार्थ सिद्धि के लिए किए जाते हैं। सामाजिक समरसता के नाम पर दंगे कराए जाते हैं, निर्माण के नाम पर ध्वंस का नजारा खड़ा किया जाता है। ईश्वर, अवतार, स्वतंत्रता सेनानी सबके सब चुनावी वैतरणी की नाव पर चढ़ते उतरते रहेंगे जिसके सम्मोहन में जनता फंस जाए वैसा ही तुरुप का पत्ता फेंका जाएगा।

मुखौटों का बाजार सज गया है। नेताओं का करबद्ध पोस्टर अखबारों से लेकर दीवारों तक पर टंग गया है। मीडिया की दुकानदारी में एक दूसरे की टांग खिंचाई चल रही है। प्रायोजित तू-तू मैं-मैं चालू है। भोली-भाली जनता सचमुच लड़ रही है। अपने-अपने नेता के नाम पर बरसों की सामाजिकता को तोड़ रही है। लोकतंत्र का सबसे बड़ा उत्सव चुनाव सारी मर्यादाओं की धज्जियां देता है। देश का हर भाग उद्वेलित और आंदोलित हो गया है। जोड़-तोड़ का गणित बैठाया जा रहा है। कुबेर के खजाने खुल रहे हैं। यमराजों की लाठियां तेल पी रही हैं। नगाड़े बज रहे हैं, शोहदे उछल रहे हैं। कुछ रो रहे हैं तो कुछ ठहाकों में डूब गए हैं। देश की राजधानी में बैठने के लिए सब मचल रहे हैं। बहसें वादे नीतियां, सबकुछ है बकवास!/ सबकी है यह चाहना, दिल्ली हो आवास!!

# पर्यावरण हितैषी व्यवहार से ही कम होगा वायु प्रदूषण



डॉ. मनमोहन प्रकाश
स्वतंत्र पत्रकार

वायु प्रदूषण नियंत्रण हेतु जो नियम-कानून देश में मौजूद हैं उनका पालन भी सक्षम एजेंसियों के माध्यम से सुनिश्चित किया जा रहा है।

स्विस एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग रिपोर्ट ने 2024 में एक बार फिर भारतीयों को प्रदूषण फैलाने वाली आदतों में सुधार करने पर सोचने-विचारने के लिए मजबूर किया है। वहीं केन्द्र व राज्य सरकारों को और कारगर नीतियां बनाने तथा उन्हें शक्ति से लागू करने पर ध्यान देने की ओर संकेत दिया है।

रिपोर्ट के आंकड़ों के अनुसार तो विश्व के 50 सबसे वायु प्रदूषित शहरों में से 42 शहर भारत के हैं तथा भारत की राजधानी दिल्ली वायु प्रदूषण की दृष्टि से दुनिया की सबसे प्रदूषित राजधानी है। इतना ही नहीं इस रिपोर्ट के आधार पर भारत की 96 प्रतिशत आबादी 'खराब एयर क्वालिटी वाले शहरों' में रह रही है। इस रिपोर्ट में प्रदूषित शहर उन्हें माना गया है, जहां 2.5 पीएम का औसत वार्षिक स्तर पांच माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर से ज्यादा हैं। भारत में वायु प्रदूषण के लिए जो प्रमुख कारण दिखाई देते हैं उनमें सम्मिलित हैं। भारतीयों द्वारा पेट्रोल तथा डीजल से चलने वाले वाहनों का अधिक संख्या में इस्तेमाल करना, इसमें भी पुराने वाहनों की संख्या अच्छी खासी है। भारत सरकार ने इस समस्या से निपटने के लिए पिछले कुछ वर्षों में कई प्रयास किए हैं। जैसे नई स्क्रेप नीति लागू की है, ई-वाहनों के निर्माण तथा उपयोग को प्रोत्साहित किया जा रहा है, सीएनजी आधारित चार पहिया वाहनों का चलन बढ़ा है, ऑड-ईवन नंबर वाले फार्मूला भी विकल्प के रूप में उपयोग में लाया जाता है (दिल्ली)।

वायु प्रदूषण नियंत्रण हेतु जो नियम-कानून देश में मौजूद हैं उनका पालन भी सक्षम एजेंसियों के माध्यम से सुनिश्चित किया जा रहा है। वायु प्रदूषण को कम करने वाली स्वदेशी तकनीक पर शोध निरंतर जारी है। आने वाले कुछ वर्षों में इसका अच्छा असर दिखना तय है। विकासशील राष्ट्र होने के कारण भारत में निर्माण कार्य तीव्र गति से चल रहा है। इससे भी इंकार नहीं किया जा सकता है कि इंफ्रास्ट्रक्चर निर्माण से निकलने वाले धूल के कणों की अधिक मात्रा वायु में प्रवेश कर 'परक्यूलेट मैटर' को बढ़ा रही है, वायु प्रदूषण का कारण बन रही है। किंतु यह भी ध्यान रखना होगा कि भारत के अधिकांश शहर अपने यहां जनसंख्या के अनुपात में आधारभूत सुविधाओं में विकास करने के लिए सड़क, पुल, मेट्रो को विकसित करने, बढ़ाने में लगे हुए हैं, मल-जल निकासी में सुधार कर रहे हैं, पेयजल व्यवस्था को घर-घर तक पहुंचा रहे हैं, आवासीय एवं औद्योगिक भवन, कारखाने, रहवासी तथा औद्योगिक क्षेत्र में वृद्धि आदि करने के लिए संकल्पित हैं। शहरों में कचरे के निष्पादन हेतु चोरी छुपे उसे जलाना जारी है (यद्यपि नगरी प्रशासन द्वारा इस पर प्रतिबंध है, पुर्नचक्रीकरण पर बल दिया जा रहा है, कचरे से ईंधन गैस बनाने पर जोर है, व्यवस्था भी है और तकनीक भी भारत के पास है। इंदौर शहर इसका एक अच्छा उदाहरण है, किसानों द्वारा पराली का जलाना (पराली जलाना नहीं पड़े इसके लिए अल्टरनेटिव व्यवस्था उपलब्ध है, पर ऐसा लगता है वह किसान फ्रैंडली नहीं है, इसीलिए शायद सभी भारतीय किसानों द्वारा उस तकनीक को उपयोग में नहीं लाया जा रहा है।) भी वायु प्रदूषण को बढ़ा रहा है।

लकड़ी के लिए जंगल से पेड़-पौधों को चोरी-छुपे काटना जारी है। साथ ही जिस अनुपात में जंगलों से पेड़-पौधों की कटाई की जाती है, उस अनुपात में पेड़-पौधों लगाने की व्यवस्था माकूल दिखाई नहीं देती है। अभी भी जितना जंगल/वन क्षेत्र भारत के पास (कुल क्षेत्रफल के आधार पर) होना चाहिए, उपलब्ध नहीं है। कोयले से विद्युत उत्पादन, उद्योगों का संचालन और रेल परिवहन की निर्भरता धीरे-धीरे कम की जा रही है। बिजली उत्पादन के लिए भारत में सौर और पवन ऊर्जा का विस्तार बहुत तेजी से हुआ है, आगामी कुछ वर्षों में इसका असर दिखना शुरू हो सकता है।

हर उद्योगों को चिमनी से निकलने वाले धुएं से वायु को प्रदूषित होने से रोकने वाली तकनीक का उपयोग करने हेतु संकल्प लेने की आवश्यकता है। मेरा तो यही मानना है कि भारत को स्विस रिपोर्ट के दबाव में अपने विकास कार्यों की रफ्तार को धीमी करने की आवश्यकता बिल्कुल नहीं है। हां वायु प्रदूषण को रोकने व कम करने के लिए प्रयास और तेज करने होंगे, डीजल-पेट्रोल की खपत को जितना कम किया जा सकता है कम करना होगा। ईंधन के ऐसे विकल्पों को बढ़ावा देना होगा, जो वायु को कम प्रदूषित करते हैं। साथ ही कुल क्षेत्रफल के अनुपात में आपेक्षित वन क्षेत्र के लक्ष्य को शीघ्र हासिल करना होगा। यह सब संभव है जनसहयोग से, सुविधा भोगी आदतों में बदलाव से, पर्यावरण हितैषी व्यवहार से, प्रदूषण को कम करने के लिए बने नियम-कानून के पालन से।

## सोशल फोरम

# परंपराओं को अद्यतन कीजिए

हम अपनी परंपराओं पर गर्व करते हैं और उनमें किसी भी परिवर्तन का पुरजोर विरोध करते हैं, लेकिन देखा जाए तो हमारी सारी परंपरा समय, स्थान, काल और जरूरत के आधार पर विकसित होती हैं और समयानुसार बदलती भी रहती हैं। एक ही धर्म में दो अलग स्थानों पर दो अलग-अलग परंपराएं विकसित हो सकती हैं।



तजिंदर सिंह
जमशेदपुर, झारखंड

हिमाचल के सिरमौर जिले में एक जनजाति है हाटी। इनके यहां एक परंपरा में एक घर में अगर दो या दो से अधिक भाई हैं तो उनकी एक ही पत्नी होती है। अब कहा जाता है कि ये इलाका इतना दुर्गम था कि स्त्रियों की सुरक्षा के लिए ऐसा किया जाता था। एक और कारण भी गिनाया जाता है कि इन गरीब लोगों के पास काश्त के लिए कम जमीन थी। इसलिए जमीन का और बंटवारा न हो इसके लिए ये प्रथा शुरू की गई। ये सामान्य विवाह व्यवस्था से अलग परंपरा विकसित हुई।

एक शव के दाह संस्कार के लिए 40 मन लकड़ी लगती है, लेकिन मैंने पढ़ा था कि किसी इलाके में लकड़ी की कमी के कारण उपलों से दाह संस्कार संपन्न किया जाता है। एक समय था कि शादियां तीन चार दिन तक चलती थीं और मृत्यु पर तेरह दिन तक शोक मनाया जाता था। आज शादियां एक ही रात में संपन्न होती हैं और तेरह दिन शोक मनाने का समय अब घटता जा रहा है।

किसी समय बाल विवाह बहुत प्रचलित थे। फिर लड़की की शादी की न्यूनतम उम्र 12 वर्ष निर्धारित की गई। 1930 के शारदा एक्ट में इसे 14 वर्ष किया गया और फिर 18 वर्ष। हर बार जब उम्र बढ़ाई गई तो कुछ लोगों ने इसे अपने धर्म और परंपरा में गैर जरूरी हस्तक्षेप कह इसका विरोध किया। विरोध इतना प्रबल था कि आजादी के बाद नेहरू जी को एक हिंदू कोड बिल को चार हिस्सों में बांट कर पास कराना पड़ा।

ऐसा दुनिया में कुछ भी नहीं जिसमें परिवर्तन न हुआ हो। ये जो हम सनातन, सनातन शब्द सब तरफ सुनते हैं तो सनातन भी उतना सनातन नहीं। सनातन यानी शाश्वत, आरंभ से बोलकर आज यहां कुछ भी नहीं है। सब कुछ यहां परिवर्तनशील है और लगातार बदल रहा है। इसलिए परंपराओं से बहुत ज्यादा मोह मत पालिए। हो सके तो बदलते समय के साथ परंपराओं को अद्यतन भी कीजिए। **-फेसबुक वॉल से**

# आयरलैंड के प्रथम समलैंगिक प्रधानमंत्री



के. विक्रम राव
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

पड़ोसी ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक की भांति भारतीय मूल के अशोक वराडकर आयरलैंड के प्रधानमंत्री थे। हाल ही में उन्होंने त्यागपत्र देकर सियासी बवंडर उठा दिया। पद छोड़ने का कारण उन्होंने दिया : "बेहतर व्यक्ति प्रधानमंत्री पद संभाले। सात साल तक पीएम रहने के बाद मेरी निजी अनुभूति है कि मैं सर्वाधिक श्रेष्ठ नेता नहीं हूं। आयरलैंड के लोग मुझसे बेहतर मुखिया बना सकते हैं।" यह 45 वर्षीय राजनेता सबसे कम उम्र (38) में प्रधानमंत्री निर्वाचित हो गए थे। वे आयरलैंड के प्रथम और दुनिया के पांचवें समलैंगिक प्रधानमंत्री हैं। यूरोप के सबसे रूढ़िवादी देश माने जाने वाले आयरलैंड में वराडकर उदारवाद का चेहरा बनकर उभरे थे।

आयरलैंड में 1993 तक समलैंगिकता को अपराध माना जाता था, किंतु 2013 में एक जनमत संग्रह करवाया जिसके बाद वहां 2015 के मई महीने में समलैंगिक शादी को मान्यता दी। इसके कुछ महीने पहले जनवरी 2015 में वराडकर खुलकर सामने आए और उन्होंने अपने समलैंगिक होने की बात सार्वजनिक तौर पर घोषित की। उस वक्त वो स्वास्थ्य मंत्री थे। उन्होंने कहा : "मैं गे हूं और ये कोई राज नहीं है। ये मेरी परिभाषा का हिस्सा नहीं है। न तो मैं आधा-भारतीय राजनेता हूं, न तो डॉक्टर राजनेता हूं और न ही गे राजनेता हूं। ये मेरे जीवन का हिस्सा है मेरे चरित्र का हिस्सा है।" वराडकर ने 2017 में पेशेवर आयरिश भाषा में एक कोर्स पूरा किया और अपने उपनाम, डी वरद के लिए एक आयरिश भाषा फॉर्म तैयार किया। उन्होंने कहा है : "आयरिश के प्रति मेरा दर्शन केवल इसे बोलना है। आयरिश बोलें! यह इसे पूर्ण करने के बारे में नहीं है। यह मजे करने और इसे बोलने का प्रयास करने के बारे में है।" वे दक्षिण भारत का उदाहरण देते हैं, जहां हिंदी भी तमिल के साथ बोली जाती है। डबलिन में जन्मे वरदकर बहुजातीय हैं। उनके पिता मुंबई से और मां डुंगरवन (काउंटी वॉटरफोर्ड) से हैं। उन्होंने ट्रिनिटी कॉलेज डबलिन में चिकित्सा का अध्ययन किया और अस्पताल में डॉक्टर बने। किशोरावस्था से ही फाइन गेल पार्टी के सदस्य रहे। लियो वराडकर अशोक और मिरियम (नी हॉवेल) वराडकर के इकलौते बेटे हैं। उनके पिता का जन्म मुंबई में हुआ था। वह डॉक्टर के रूप में काम करने के लिए 1960 के दशक में यूनाइटेड किंगडम चले गए थे। इनकी मां अपने भावी पति से स्लॉ में नर्स के रूप में काम करने के दौरान मिलीं। उन्होंने यूके में शादी कर ली। वराडकर ने 2000 के दशक के अंत में एक मुखर मनमौजी व्यक्ति के रूप में उभरे। उनकी "असामान्य" टिप्पणियों के कारण इवनिंग हेराल्ड ने उन्हें "गलतियां करने वाला" बताया। आयरिश टाइम्स के स्तंभकार स्टीफन कोलिन्स ने 2017 में वराडकर को "जनता, विशेषकर युवा मतदाताओं के सामने ऐसे पेश किया, जैसे कि वह राजनेता नहीं हैं"।

पत्रिका आयरिश परीक्षक 2010 में वराडकर को "रूढ़िवादी" बताया, जबकि उसी वर्ष पत्रिका हॉट प्रेस ने उनकी नीतिगत स्थिति को "कट्टरपंथी अधिकार" के रूप में वर्णित किया। हालांकि उसी लेख में उन्होंने खुद को "केंद्र-दक्षिणपंथी" बताया। वराडकर की राजनीतिक उपलब्धियां कई हैं। जिस वक्त वे पहली बार प्रधानमंत्री बने थे, ब्रिटेन ब्रेक्सिट लागू करने की तैयारी में था। आयरलैंड उसके साथ सीमापार व्यापार को लेकर चर्चा कर रहा था। वराडकर के नेतृत्व में आयरलैंड ने ब्रिटेन से बात की ताकि दोनों के बीच सीमा पार लोगों के आने-जाने को लेकर सख्त पाबंदियां न लगाई जाएं। इसके बाद जब 2020 में चुनाव हुआ वराडकर देश के नए डिप्टी प्रधानमंत्री चुने गए। देश इस समय कोविड महमारी से जूझ रहा था। कोविड के वक्त निभाई अहम जिम्मेदारी आयरलैंड अपने उस नेता को याद रखेगा।

# परिवेश विज्ञान



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

परिवेश क्या है? परितः वेष्टनम्। जिस दृश्य और अदृश्य से हमारा जीवन चारों ओर से परिवेष्टित है, घिरा हुआ है, जिस ज्ञात और अज्ञात से हमारा जीवन चारों ओर से लिपटा हुआ है, वह अपनी समग्रता में हमारा परिवेश है। यह परिवेश हमारे बाहर ही नहीं है, यह समग्र परिवेश हम में ओतप्रोत है। हम में समाया हुआ है। हमारे शरीर में भी और मन में भी। इसीलिए परिवेश को जानना-समझना अत्यंत आवश्यक है।

यह अंतरिक्ष, यह अनंत ब्रह्मांड मंडल, यह विराट प्रकृति हमारे जीवन से विच्छिन्न नहीं है। विराट प्रकृति अलग है और मनुष्य जीवन अलग है। ऐसा सोचना गलत है, असत्य और अवैज्ञानिक है। सच्चाई यह है कि विराट प्रकृति ही मनुष्य जीवन में अभिव्यक्त होती है। मनुष्य की जो शक्ति है, वह प्रकृति की ही शक्ति है। मनुष्य प्रकृति की ही रचना है। उसका समस्त जीवन-व्यवहार अंततः प्रकृति का ही व्यापार है, अंततः शब्द को ध्यान में रखिए। आकाश में ग्रह-नक्षत्र चल रहे हैं, धरती पर ऋतुचक्र चल रहा है, हवा बह रही है, बीज से वृक्ष बन रहा है, मेघ वर्षा कर रहा है, समुद्र तरंगित हो रहा है। तितली उड़ रही है, वैसे ही मनुष्य जीवन भी चल रहा है। यह सच है कि अन्य प्राणियों की तरह मनुष्य भी एक प्राणी है, अन्य प्राणियों की तरह मनुष्य भी जन्म लेता है, मरता है, खाता-पीता-सोता है, मूल-प्रवृत्तियों से संचालित होता है, लेकिन इससे भी बड़ा सच यह है कि मनुष्य शरीर, मन और मस्तिष्क की विशिष्टता के कारण अन्य प्राणियों से भिन्न भी है। जैसे चूहा बिल बनाता है, पक्षी नीड़ बनाता है, मकड़ी जाला बुनती है। उसी प्रकार मनुष्य भी अपने जीवन-परिवेश की रचना करता है विराट प्रकृति के अंतर्गत मानवीय परिवेश।

असीम अंतरिक्ष और अनंत ब्रह्मांड मंडल जीवन का विराट प्राकृतिक परिवेश है और इसका अध्ययन प्राकृतिक विज्ञान करते हैं। विराट प्रकृति के अंतर्गत मानवीय परिवेश मनुष्य की रचना है। मनुष्य की मूल प्रवृत्तियों की रचना है। इस परिवेश को समझने के लिए हम इसे भौतिक और मनोवैज्ञानिक दो वर्गों में वर्गीकृत कर सकते हैं। देह और मन।

# महिला की खोपड़ी का कंकाल कपड़े खेत में मिले, सनसनी

## एसपी ने पहुंच कर की जांच पड़ताल, फॉरेंसिक टीम भी पहुंची

संवाददाता, फफूंद, औरैया

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के गांव रामनगर बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे के किनारे महिला के बाल, खोपड़ी और कपड़े अलग-अलग खेत में पड़े मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। एसपी और फॉरेंसिक टीम भी पहुंची और जांच करने के साथ ही मृतक महिला के अन्य हिस्से की भी दूर-दूर तक तलाश की, लेकिन उन्हें कोई कामयाबी नहीं मिली।

बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे के किनारे गांव रामनगर निवासी प्रमोद कुमार व मनोज पाल के खेत हैं, जिसमें सरसों की फसल खड़ी है। गुरुवार की दोपहर को प्रमोद कुमार के बंटाईदार महेंद्र कुमार अपने बच्चों के साथ सरसों की फसल काट रहा था। तभी, उसने खेत में बाल, सलवार व स्वेटर पड़े देखे तथा कुछ दूरी पर मनोज के खेत में एक हड्डी व खोपड़ी का कंकाल पड़ा था। तत्काल उसने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही मौके पर थाना पुलिस पहुंची और जांच पड़ताल की और उच्च अधिकारियों को जानकारी दी। कुछ ही समय में एसपी चारू निगम और सीओ सीटी महेंद्र प्रताप भी पहुंच गए। उन्होंने खेतों के आसपास नीचे का धड़ भी तलाश किया, लेकिन कुछ पता नही लगा। इस मामले को लेकर क्षेत्र में दहशत का माहौल व्याप्त है। लोगों में चर्चा है कि महिला को मारकर बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे से फेंक कर लोग चले गये। लेकिन नीचे का हिस्सा नहीं मिलने से लोग तरह तरह की चर्चा कर रहे हैं। वहीं, एसपी चारू निगम ने बताया कि प्रतीत होता है कि कोई आरोपी घटना को अंजाम देकर भाग निकला है। डीएन परीक्षण कराकर आगे की कार्रवाई की जाएगी।


घटनास्थल पर जांच-पड़ताल करतीं एसपी चारू निगम। अमृत विचार

### एसपी ने सुनीं फरियादियों की समस्याएं

**औरैया।** पुलिस अधीक्षक चारू निगम द्वारा पुलिस मुख्यालय ककोर में फरियादियों की समस्याएं सुनी गईं। एसपी ने फरियादियों की समस्याओं को सुनते हुए उन्हें न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया। साथ ही सभी थानाध्यक्षों को निर्देश दिये कि थाना स्तर पर सभी फरियादियों की समस्याओं का निस्तारण किया जाए।


कलश यात्रा निकालतीं श्रद्धालु। अमृत विचार

# शोभायात्रा पर बरसे पुष्प, गूंजा जयकारा

संवाददाता, रामगढ़/ बिधूना/ औरैया

**अमृत विचार।** कस्बा क्षेत्र के गांव सरायपुख्ता में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जगत जननी मातेश्वरी श्री श्री 21600 श्री रेणुका बाई के निर्वाण दिवस पर चौदहवां एक दिवसीय सत्संग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सत्संग एवं कलश शोभा यात्रा निकाल कर किया गया। कलश यात्रा का उद्घाटन कार्यक्रम के आयोजक मनोहर दास हंस ने हवन पूजन करके किया। कलश यात्रा सतसंग पंडाल सरायपुख्ता से प्रारंभ होकर कस्बा रामगढ़ के मुख्य मार्ग से होते हुए गांव सरायपुख्ता की विभिन्न गलियों से भ्रमण करते हुए सतसंग पंडाल में पहुंचीं। इस अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें भारी संख्या में सतसंग प्रेमिया ने प्रसाद ग्रहण किया।

# सभी कार्यकर्ता भाजपा के सच्चे सिपाही

संवाददाता, ककोर, औरैया

**अमृत विचार।** दिबियापुर में आज भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन में सांसद रामशंकर कठेरिया पहुंचे। उन्होंने कहा कि हमसे कहीं भी किसी भी व्यक्ति के मान सम्मान में यदि कोई गलती हो गई हो तो हम उन गलतियों को हम स्वीकार करते हैं। हम वादा करते हैं आगे से इस तरह की गलती नहीं होगी। इसलिए हम सब लोग मिलकर काम करेंगे। यह हमारे पार्टी का चुनाव है। यदि कोई बूथ कमजोर रहता है, तो जिम्मेदारी सभी की होगी। सभी को दिन रात कड़ी मेहनत करके प्रत्येक बूथ स्तर पर विजय हासिल करनी होगी।

जिलाध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता ने कहा कि अबकी बार चार सौ पार। मोदी सरकार के शासन में भगवान राम का मंदिर बन रहा है। कहा, जब देश का सम्मान होता है तो हर देश वासी का सीना चौड़ा हो जाता है। औरैया जिले के दिबियापुर के पास में मेडिकल कॉलेज बना है। और चिचौली में हॉस्पिटल भी नया बनाकर के खड़ा हो गया।

हर गांव में प्रधानमंत्री आवास योजना तेजी के साथ चल रही है। आने वाले समय में प्रधानमंत्री मोदी भारत को दुनिया की तीसरी आर्थिक बना देंगे। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष श्रीराम मिश्रा, रजनीश पांडेय, नगर पंचायत अध्यक्ष राघव मिश्रा, अवधेश शुक्ला, चंद्रकांति मिश्रा, कौशल राजपूत, प्रधान मोहित सिकरवार, अमरेश पांडेय, कमलेश अवस्थी, इंद्र पाल सिंह, जीत कुमारी, शैलेंद्र राजपूत आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।


कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते सांसद रामशंकर कठेरिया। अमृत विचार

- सम्मेलन में सांसद ने भरा जोश कहा-कार्यकर्ताओं की मेहनत से विपक्षी नहीं आएंगे नजर

# ग्रामीणों को दी विधिक व योजनाओं की जानकारियां

**अजीतमल, औरैया।** गुरुवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव स्वाती चंद्रा के निर्देशन में ग्राम पंचायत रहमापुर में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें राजस्व विभाग से विनय कुमार ने राजस्व से संबंधित सभी प्रकार की जानकारियां दी। सीएचसी अजीतमल से डॉक्टर गिरेंद्र सिंह ने कुष्ठ रोग के बारे में जानकारी दी एवं एडीओ व ग्राम विकास अधिकारी ने किसान सम्मान निधि, पीएम विश्वकर्मा, विकास खंड से संबंधित सभी जानकारियों के बारे में विस्तार से बताया। वहीं पीएलबी देवानंद दीक्षित ने ग्राम न्यायालय एवं राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में विस्तार से चर्चा की। पीएलबी अनिल कुमार ने टीवी और मोबाइल के दुष्प्रभाव के बारे में उपस्थित लोगों को बताया। ग्रुप लीडर पीएलबी गोविंद सिंह ने मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना और शासन की मूलभूत सुविधाओं से लोगों को अवगत कराया।


शिविर में जानकारी देते पीएलवी। अमृत विचार


बैंक शाखा में जांच करते पुलिसकर्मी। अमृत विचार

# बैंक शाखाओं की हुई चेकिंग

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** एसपी के निर्देश पर गुरुवार को जिले के सभी थानाध्यक्षों ने अपने-अपने क्षेत्र में बैंक शाखा व एटीएम की चेकिंग की।

चेकिंग के दौरान कैमरा, अलार्म, बैंक गार्ड व बैंक के अन्दर व बाहर संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गई। थानाध्यक्षों ने निर्देश दिये कि अगर कोई भी व्यक्ति संदिग्ध नजर आता है तो उसकी जानकारी तत्काल पुलिस को दें।

# बंदूक के बल पर हो रहा खनन

कार्यालय संवाददाता उरई

**अमृत विचार।** जालौन के मौरंग खनन माफिया पर्यावरण और सरकार के नियम और कानून की खुलेआम धज्जियां उड़ा रहे हैं। नदियों और नदी किनारे के खेतों का सीना चीरकर अवैध मौरंग का खनन खुलेआम कर रहे हैं। अवैध खनन से परेशान किसानों ने सिटी मजिस्ट्रेट से मामले की शिकायत की है।

दरअसल केंद्र और प्रदेश सरकार ने अवैध खनन रोकने के लिए सेटेलाइट से खनन की निगरानी करने की घोषणा की थी, मगर जालौन में धरातल पर प्रधानमंत्री की यह घोषणा हवा हवाई साबित हो रही है। इतना ही नहीं खनन पट्टे के आसपास के किसानों की जमीनों से बंदूक की नोक पर अवैध खनन कर रहे हैं। ऐसा ही एक मामला थाना डकोर के ग्राम खरका का सामने आया है। दर्जनों युवकों ने सिटी मजिस्ट्रेट को एक शिकायती पत्र दिया, और सबूत के तौर में सिटी मजिस्ट्रेट को एक पेन ड्राइव भी दी, जिसमें अवैध खनन, पोकलैंड मशीन से 20 फिट से लेकर 30 फिट गहराई से करते दिखाई दे रहा हैं। साथ ही बेतवा नदी की जलधारा रोक कर खनन करते भी पेनड्राइव में देखा जा सकता है। ग्रामीण किसानों ने बताया कि अगर इस अवैध खनन को रोका नहीं गया तो पानी जमीन की गहराई में चला जायेगा, जिससे आने वाले समय में पानी का शंकट पैदा हो सकता है। खरका गांव के लोगों ने बताया कि किसानों की जमीनों में जबरिया खुदाई करते हैं। खुदाई को रोकते हैं तो खदान संचालक रोकने या कहीं शिकायत करने पर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हैं।


किसानों द्वारा सिटी मजिस्ट्रेट को उपलब्ध कराई गई फोटो।

- किसानों ने सिटी मजिस्ट्रेट से की शिकायत, मारकर मौरंग में दबा देने की धमकी का आरोप

# एसपी ने पुलिस बल के साथ किया पैदल मार्च

**औरैया।** पुलिस अधीक्षक चारू निगम द्वारा त्योहारों के मद्देनजर शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। गुरुवार को थाना दिबियापुर क्षेत्र में भारी पुलिस बल व अर्द्ध सैनिक बल के साथ एसपी ने दिबियापुर के फफूंद रेलवे स्टेशन, मुख्य चौराहों, भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकाला। साथ ही उन्होंने लोगों से भयमुक्त व निष्पक्ष मतदान करने के लिए प्रेरित किया। लोगों से कहा कि बिना किसी लोभ लालच व बिना किसी डर व भय के चुनाव में अपने मत का प्रयोग करें। किसी के बहकावे में न आयें।

# जज ने कंप्यूटर कक्ष का किया वर्चुअली लोकार्पण

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** जनपद न्यायालय परिसर में स्थापित पुराने कम्प्यूटर कक्ष के पुनरोद्धार पर आयोजित समारोह में उच्च न्यायालय के प्रशासनिक न्यायमूर्ति आरएमएन मिश्रा ने ऑनलाइन लोकार्पण किया। इस मौके पर न्यायमूर्ति ने कहा कि कम्प्यूटर कक्ष के पुनरोद्धार से अधिवक्ताओं, वादकारियों व न्यायिक अधिकारियों को बेहतर सुविधा प्राप्त हो सकेगी। परिसर में उनकी ओर से जनपद न्यायाधीष ग्रीश कुमार वैश्य ने लोकार्पण की रस्म अदायगी की। इस समारोह का संचालन एडीजे सुनील कुमार सिंह ने किया। अध्यक्ष इन्फ्रासेल उप समिति विशेष न्यायाधीष पाक्सो एक्ट मनराज सिंह व प्रभारी कम्प्यूटर कक्ष एडीजे सैफ अहमद के अलावा न्यायिक अधिकारी विकास गोस्वामी, संजय कुमार सिंह, अतीक उद्दीन, जीवन कुमार सिंह, निधि सिसौदिया, तारकेश्वरी प्रसाद सिंह, दिवाकर कुमार, स्वाति चंद्रा, प्रवीण सिंह, शालिनी त्यागी, निशा अली आदि ने भाग लिया। डीबीए के अध्यक्ष संजीव कुमार चतुर्वेदी, महामंत्री शैलेष कुमार चौबे, प्रवक्ता कमलेश पोरवाल आदि मौजूद रहे।

# भंडारे में श्रद्धालुओं ने छका प्रसाद

संवाददाता, कंचौसी, औरैया

**अमृत विचार।** कस्बा क्षेत्र के जमौली गांव में बाबा ब्रह्मदेव मंदिर पर गुरुवार को शुरू हुई सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ बुधवार को संपन्न हो गई। कथा के समापन पर हवन यज्ञ और भंडारे का आयोजन किया गया। भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहले हवन यज्ञ में आहुतियां डालीं और फिर प्रसाद ग्रहण कर पुण्य कमाया।

भागवत कथा का आयोजन सुरेंद्र कुशवाह परिवार की ओर से करवाया गया था। कथा व्यास संगीता कृष्ण प्रिय ने सात दिन तक चली कथा में भक्तों को श्रीमद भागवत कथा की महिमा बताई। संगीता कृष्ण प्रिय ने कहा कि हवन-यज्ञ से वातावरण एवं वायुमंडल शुद्ध होने के साथ-साथ व्यक्ति को आत्मिक बल मिलता है। दुर्गुणों की बजाय सद्गुणों के द्वार खुलते हैं। यज्ञ से देवता प्रसन्न होकर मनवांछित फल प्रदान करते हैं।

कथावाचक संगीता कृष्ण प्रिय ने भंडारे के प्रसाद का भी वर्णन किया। कथा समापन के दिन दोपहर तक हवन और भंडारा कराया गया। इसमें यजमान सुरेंद्र ने अपने परिवार के साथ आहुति डाली तथा वहां पर मौजूद अन्य श्रद्धालुओं ने भी हवन किया। पूजन के बाद दोपहर को भंडारा लगाकर प्रसाद बांटा गया। इस मौके पर परिक्षित सुरेन्द्र कुशवाहा, साधना आयोजक देवेंद्र सिंह कुशवाह, दीप्ति कुशवाह, दशरथ सिंह, अरविन्द कुमार, जगदीश गुप्ता, आदित्य, आर्यन, विक्रम, महेश कुशवाह, शिव प्रसाद आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।


भंडारे का प्रसाद छकते श्रद्धालु। अमृत विचार

# तीन वारंटी गिरफ्तार

संवाददाता, अजीतमल

**अमृत विचार।** कोतवाली प्रभारी राज कुमार सिंह के निर्देशन में कोतवाली के उपनिरीक्षक उदय प्रकाश ने मय हमराहियों के साथ नदीन पुत्र नहीम निवासी इस्लाम नगर को उसके घर से पकड़ लिया।

वहीं अटसू चौकी प्रभारी सतीश चंद्र ने लाल सिंह पुत्र बाबूराम निवासी श्याम नगर को पकड़ लिया। वहीं मुरादगंज चौकी प्रभारी प्रवीण कुमार ने मय पुलिस बल के साथ शकील उर्फ़ जिज़िया पुत्र मुस्ताक़ निवासी मुरादगंज को पकड़ लिया। कोतवाली प्रभारी राज कुमार सिंह ने बताया कि सभी पकड़े गये युवकों के ख़िलाफ़ न्यायालय में मुक़दमा चल रहे हैं, जिसमे सभी युवक वांछित चल रहे थे इनको पकड़ कर न्यायालय पेश किया गया।

# शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत अजीतमल पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर अलग-अलग स्थानों से कुल 35 क्वार्टर नाजायज देशी शराब के साथ अनुज कुशवाहा पुत्र पप्पू टेलर निवासी चांदपुर, सौरभ पुत्र सरमन लाल राजपूत निवासी सहबाजपुर के कब्जे से बरामद कर गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस का कहना है कि ऐसी कार्रवाई होती रहेंगी।

# किशोरी ने फांसी लगाकर दी जान

संवाददाता अछल्दा, औरैया

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के ग्राम पुर्वा दयाराम, वंशी में गुरुवार शाम करीब 5 बजे मोनी पुत्री घनश्याम उम्र करीब 15 वर्ष ने घर के अंदर जीना के बगल में लगे लोहे के पोल से फांसी लगाकर जान दे दी। आत्महत्या के समय घर पर परिवार का कोई सदस्य नहीं था।


मोनी।

पिता घनश्याम बाजार करने अछल्दा गये हुये थे एवं मृतक की मां लवली देवी अपने तीन बच्चों के साथ खेत पर कार्य करने गयीं थीं शाम को पिता बाजार से जब वापिस घर आया तो उसने अपनी पुत्री को लोहे के पोल पर लटके हुये देखा तो उन्होंने शोर मचाया जिससे आसपड़ोस के लोग भी पहुंच गये जानकारी होते ही मृतक की मां भी घर आ गयी।

मृतक छात्रा ने इसी वर्ष कक्षा 10वीं की परीक्षा दी थी। सूचना पर पहुंचे क्षेत्राधिकारी बिधूना अशोक कुमार, थाना प्रभारी अशोक कुमार उपाध्याय, निरीक्षक रवि श्रीवास्तव, उपनिरीक्षक पहलवान सिंह सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा व शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।


घटनास्थल पर जांच-पड़ताल करती पुलिस। अमृत विचार

- घर में अकेली थी किशोरी तभी घटना को दिया अंजाम

कार्यशाला | गेल डीएवी मॉडल स्कूल में संपन्न हुई बच्चों की पांच दिवसीय कार्यशाला

# बच्चों ने खेल-खेल में सीखी वैदिक गणित, गीत-संगीत और तुकबंदी

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** गेल बिहार स्थित गेल डीएवी मॉडल स्कूल में बीते 14, 15, 18, 19, 20 मार्च को विभिन्न कार्यशालाओं में वैदिक मैथ्स, लैंग्वेज मीनिया, कलाओं का इंद्रधनुष, क्राफ्टोपिया तथा रिचार्ज क्लब का आयोजन किया गया, जिसके अंतर्गत छात्र-छात्राओं ने विभिन्न गतिविधियां की। कार्यशाला के प्रथम दिन वैदिक मैथ्स में बच्चों ने वैदिक मैथ्स के बारे में जाना तथा मैथ्स के टर्म और ऑपरेशन सीखे।

लैंग्वेज मीनिया के अंतर्गत बच्चों ने कहानी वर्णन के बारे में सीखा। कलाओं का इंद्रधनुष के अंतर्गत बच्चों को संगीत के प्रकार, स्वर तथा संगीत के विषय में जानकारी दी गई। रिचार्ज क्लब के अंतर्गत बच्चों ने विभिन्न तरीके की नॉट रीफ नॉट, सीट बैंड, बो लाइन के बारे में जाना। क्राफ्टोपिया के अंतर्गत बच्चों को आरिगेमी के द्वारा विभिन्न प्रकार की चीजें बनवाई गई। कार्यशाला के द्वितीय दिन छात्र-छात्राओं ने एकाधिकेन पूर्वेन और शुद्ध सूत्र से जोड़ सीखा। इसके बाद बच्चों ने तुकबंदी के शब्दों को पजल द्वारा लगाना सीखा। तत्पश्चात छात्र-छात्राओं को लोक संगीत के बारे में बताया गया। इसके बाद बच्चों ने फिशर मैंन, सीप सैंक नॉट, क्लोव हिच के बारे में जाना। क्राफ्टोपिया के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को टिशू पेपर की सहायता से विभिन्न प्रकार के फूल बनाना सिखाया गया। कार्यशाला के तृतीय दिन छात्र-छात्राओं को अंग्रेजी तथा हिंदी में वर्ड फॉरमेशन करना सीखा। फिर बच्चों को भारतीय और पाश्चात्य वाद्य यंत्रों के बारे में बताया गया। कार्यशाला के चतुर्थ दिन बच्चों ने वैदिक मैथ्स में क्रिस क्रॉस सूत्र से गुणा सीखा। इसके बाद छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया। बच्चों को शास्त्रीय संगीत तथा नृत्य के बारे में भी जानकारी दी गई। अंत में बच्चों को रचनात्मक गतिविधि करवाई गई तथा बच्चों ने बनाई गई सभी चीजों का प्रदर्शन किया। इसके साथ ही बच्चों ने अपना फीडबैक दिया, जिसमें बताया कि कैसे उन्होंने वैदिक मैथ्स के द्वारा जोड़, घटाना, गुणा को रोचक तरीके से सीखा तथा भाषा में निपुणता प्राप्त की।


कार्यशाला के दौरान मौजूद छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

### बच्चों ने बनाई मनमोहक कलाकृतियां, बड़ों ने सराहा

**फफूंद, औरैया।** ब्लॉक भाग्यनगर के अंतर्गत ग्राम कोठीपुर में प्राथमिक विद्यालय कोठीपुर के बच्चों के द्वारा कलाकृतियां बनाई गई। बच्चों द्वारा बनाई गई कलाकृतियों को देखकर सभी लोग वाह वाह कर उठे। मौके पर मौजूद ग्राम प्रधान अमरेश पांडेय ने बच्चों का हौसला बढ़ाया और कहा कि हम इन बच्चों को प्लेटफार्म उपलब्ध कराएंगे, जिससे बच्चों को प्रतिभा निखारने का अवसर मिल सके। इस मौके पर प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य राकेश राजपूत, सहायक अध्यापक वंदना पोरवाल, दीक्षा गुप्ता, रूनम मिश्रा, राजेश दोहरे, रागिनी आदि मौजूद रहे।


मनमोहक कलाकृतियों के साथ बच्चे। अमृत विचार

# सड़क निर्माण में घटिया सामग्री लगाने का आरोप

संवाददाता, बिधूना, औरैया

**अमृत विचार।** विकास खंड अछल्दा की ग्राम पंचायत कमारा के मजरा उटकपुरा में ग्रामीणों ने मनरेगा के तहत इंटरलॉकिग सड़क आदि निर्माण कार्यों में घटिया सामग्री प्रयोग किए जाने का आरोप लगाया है।

ग्रामीणों ने कहा कि ग्राम पंचायत में प्रधान कांती देवी के द्वारा ठेकेदार के माध्यम से निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जिसमें नाली आदि के निर्माण में घटिया सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है। जबकि मौरंग की जगह डस्ट का प्रयोग किया जा रहा है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि लेखपाल के दारा चिह्नित की गयी गली पर इंटरलॉकिंग न बिछाकर प्रधान अपने चहेतों के दरवाजे पर इंटरलॉकिंग का कार्य करा रही हैं। ग्रामीणों ने कहा कि उनके द्वारा ग्राम विकास अधिकारी और खण्ड विकास अधिकारी से शिकायत की गई फिर भी अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। सतेंद्र सिह, मुखिया यादव, महेन्द्र सिंह, अवनीश सिह, मोहित, सन्टू, ओमप्रकाश, रविन्द्र कुमार आदि ग्रामीणों ने उच्चाधिकारियों से ग्राम प्रधान एवं ठेकेदार के द्वारा कराए गए विकास कार्यों की जांच कराकर आवश्यक कार्यवाही किये जाने की मांग की है।


घटिया सामग्री से बन रही सड़क।

# अयोध्या मुद्दे से मिशन-80 को हकीकत में बदलने की तैयारी

**40 साल पहले कांग्रेस के नाम 83 सीटें जीतने का करिश्मा**

## अब प्रदेश की सभी सीटें जीतने का भाजपा बना रही माहौल

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

**अमृत विचारः** कांग्रेस के पक्ष में 40 साल पहले की सहानुभूति लहर से इसबार अयोध्या मुद्दे की बराबरी करना बड़ी चुनौती होगी। तब कांग्रेस ने देश की कुल 518 सीटों में 415 और उत्तर-प्रदेश (उत्तरांचल सहित) की कुल 85 मे से 83 लोकसभा सीटें जीतने का रिकार्ड बनाया। अब भाजपा और संघ अयोध्या मुद्दे से मिशनः 80 को हकीकत में बदलने का माहौल बनाने में जुटी हैं। मगर हर नारा हकीकत में बदले, यह मुमकिन नहीं।

देश के लिए 1984 का दौर बहुत कठिन था। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की 31 अक्टूबर, 1984 को नई दिल्ली के सफदरगंज रोड स्थित उनके आवास पर सुबह 9:30 ताबड़तोड़ गोलियां दागकर हत्या कर दी गई थी, पूरे देश में गम और गुस्सा का माहौल था। राजीव गांधी के प्रधानमंत्री बनने के दो महीने के भीतर ही 1984 का लोकसभा चुनाव हुआ। दिसंबर 1984 में लोकसभा की 542 में 515 सीटों पर ही चुनाव हुए थे। असम की 14 और पंजाब की 13 सीटों पर चुनाव एक साल बाद सितंबर 1985 में हुए। इन चुनावों में कांग्रेस को 542 में से 415 सीटों पर जीत मिली थी। इतिहास में पहली बार कांग्रेस को मिले वोटों का प्रतिशत 49.1 प्रतिशत पहुंचा। विपक्ष को जमानत बचानी मुश्किल हो गई, भाजपा दो सीटों पर सिमट गई, भाजपा के लगभग 50 फीसदी उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गई थी। उसे प्राप्त वोटों का प्रतिशत 7.74 रहा। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) को इस चुनाव में 22 सीटों के साथ 5.87 फीसदी वोट मिले थे। भारतीय कम्युनिस्ट (भाकपा) 2.71 प्रतिशत वोट पाकर 6 सीटों पर जीती थी। 1984 के कांग्रेस के करिश्मे को आज तक कोई नहीं दोहरा पाया है।

लेकिन अगले पांच साल बाद से लेकर देश की राजनीति में इतने बदलाव आए कि अब 2024 के लोकसभा चुनाव में पांच सदी की प्रतीक्षा के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य राममंदिर का उद्घाटन लहर बना रहा है। भाजपा और संघ इसे भारत की अस्मिता और गौरव से जोड़कर पूरे देश में मतों का ध्रुवीकरण करने की कोशिश में जुटे हैं।

सवाल उठता है कि क्या भाजपा उप्र. की सभी 80 सीटें जीतने के संकल्प को पूरा कर पाएगी? चुनाव विश्लेषकों का कहना है कि भाजपा नीत राजग तब की सहानुभूति लहर से इतर मनमोहन सरकार के खिलाफ सत्ता विरोधी लहर की मदद से 2014 में उप्र. 73 सीटें हासिल कर चुकी है। यही नहीं, 2019 में कांग्रेस को 1984 में मिले मत प्रतिशत को भी पीछे छोड़ चुकी है। ऐसे में मिशन 80 कठिन जरूर है, पर नामुमकिन कतई नहीं है।

### रालोद और सुभासपा भी है अब एनडीए का हिस्सा

समाजवादी पार्टी ने 2019 के लोकसभा चुनाव में पांच सीटें हासिल की थीं। तब बसपा और रालोद के साथ गठबंधन था। पश्चिम में सपा की मददगार रही रालोद एनडीए का हिस्सा हो गया है। बसपा फिलहाल अकेले चुनाव लड़ रही है। 2019 के बाद से पूर्वांचल में सपा की मजबूत मददगार रही सुभासपा भी एनडीए का हिस्सा बन गई है। नोनिया चौहान बिरादरी में पकड़ रखने वाले दारा सिंह चौहान फिर भाजपा में लौट आए हैं। विधानसभा चुनाव के दौरान दारा सिंह समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए थे।

### बसपा का एकला चलो कहीं फायदा तो कहीं नुकसान

राजग व इंडिया गठबंधन की आमने-सामने की लड़ाई में बसपा का अकेले मैदान में होना कई जगह लड़ाई को त्रिकोणीय बनाएगा। बसपा के टिकटों के लिहाज से इस त्रिकोण का ज्यादा लाभ एनडीए के खाते में जा सकता है।

### कांग्रेस परिवार से प्रत्याशी आए तो मजबूत किलेबंदी

अमेठी और रायबरेली में कांग्रेस इस बार भी कड़ी टक्कर दे सकती है, यदि गांधी परिवार से प्रत्याशी आए। हालांकि 2019 के लोकसभा चुनाव में सपा को पांच, बसपा को 10 और कांग्रेस को एक सीट मिली थी। तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी अपनी परंपरागत सीट अमेठी तक केंद्रीय मंत्री स्मृति जूबिन इरानी से हार गए थे। सिर्फ रायबरेली से सोनिया गांधी एक मात्रा कांग्रेस से जीत सकीं थी। पिछले विधानसभा चुनाव तक इन जिलों में कांग्रेस के भी विधायक हुआ करते थे। वर्तमान में पार्टी का एक भी विधायक नहीं है। ऐसे में सपा से गठबंधन के बाद कांग्रेस को अमेठी और रायबरेली में भी सपा के विधायकों से बड़ी उम्मीद रही होगी। मगर, भाजपा ने राज्यसभा चुनाव में सपा के असरदार माने जाने वाले दो विधायकों-पूर्व मंत्री मनोज पांडेय और राकेश प्रताप सिंह को अपने पाले में लाकर तहलका मचा दिया। पूर्व मंत्री गायत्री प्रसाद प्रजापति की पत्नी महाराजी प्रजापति वोट देने ही नहीं पहुंचीं। ऐसे में कांग्रेस के लिए अब अमेठी और रायबरेली से गांधी परिवार को उतारना किसी चुनौती से कम भी नहीं है।




### हिंदू मतों के ध्रुवीकरण पर टिकी भाजपा की आस

चुनाव मैदान में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद भावनाओं का उभार साफ दिख रहा है। ज्ञानवापी और मथुरा का प्रचार भी खूब हो रहा है। सीएए से ध्रुवीकरण करने की पूरी कोशिश दिख रही है। साथ ही सरकारी धन खर्च करके मोदी की गांरटी रथ के जरिए लाभार्थियों से सीधा संवाद करके गरीब-पिछड़ों को जमकर साधा गया। साथ ही इसबार विपक्ष में कांग्रेस-सपा का 2019 के मुकाबले सपा-बसपा-रालोद गठबंधन से कमजोर हालत में दिख रहा है। ऐसे में 80 में 80 न सही, लेकिन 1984 में जिस तरह 85 में 83 सीटें कांग्रेस ने जीती थीं, उस तरह का परिणाम नजर आए तो चौंकना भी नहीं चाहिए।


## राजीव गांधी ने ही दिखाई थी सियासत को रामपथ की राह

- 1989 के लोकसभा चुनाव का अभियान अयोध्या से शुरू किया था और मुद्दा बनाया था रामराज्य

इंदुभूषण पांडेय, अयोध्या



**अमृत विचार :** राजनीति की प्रयोगशाला के तौर पर अयोध्या कोई पहली बार अब वोट की सियासत के केंद्र में नहीं आई है। इससे पहले भी राम की अयोध्या ने इस तरह के सियासी मेले और झमेले देखे हैं। आज भले ही भाजपा 2024 के लोकसभा चुनाव की पटकथा अयोध्या से लिखने के प्रयास में दिख रही हो, लेकिन देश की सियासत को रामपथ की राह दिखाने का काम राजीव गांधी ने किया था। 1989 के लोकसभा चुनाव के अभियान की शुरुआत उन्होंने न सिर्फ अयोध्या से की थी, बल्कि रामराज्य को उस चुनाव का मुद्दा भी बना दिया था। यह अलग बात है कि कांग्रेस इस मामले में चूक गई और उसे बहुमत नहीं मिला। केंद्र में बीपी सिंह की भाजपा और कुछ अन्य दलों की समर्पित सरकार बन गई। दरअसल देश के सियासी एजेंडे में राम मंदिर और अयोध्या खुल करके आया वर्ष 1986 में जब उत्तर प्रदेश में कांग्रेस की वीर बहादुर सिंह सरकार थी। इसी साल फैजाबाद (अब अयोध्या) के जिलाधिकारी और एसएसपी के बयान और सहमति के आधार पर तत्कालीन जिला जज की अदालत ने विवादित रामजन्मभूमि का ताला खोल दिया था। लोकसभा का 1989 का चुनाव आया तो कांग्रेस ने अयोध्या से ही चुनाव अभियान की शुरुआत की। तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी की कैंटोनमेंट मैदान में पहली चुनावी रैली हुई। यहीं से राजीव गांधी ने अपने भाषण में देश में रामराज्य लाने की बात कही और मन्दिर/मस्जिद विवाद के मामले में कहा कि इसको सभी पक्षों की सहमति से हल करने का प्रयास किया जाएगा। एक तरफ जहां कांग्रेस ने यह दांव खेला वहीं दूसरी तरफ पहले से ही रामजन्मभूमि का मुक्ति का आंदोलन चला रही भाजपा, विश्व हिंदू परिषद और आरएसएस ने कांग्रेस से इस मुद्दे को छीन लेने के लिए प्रस्तावित राम मंदिर के शिलान्यास की घोषणा कर दी। 1989 लोकसभा का आम चुनाव 22 व 26 नवंबर को होना था। इससे पहले 9 नवंबर 1989 को विश्व हिंदू परिषद ने अयोध्या में रामजन्मभूमि मन्दिर का शिलान्यास कर दिया। जिसमें तमाम राजनीतिक हस्तियों सहित हजारों की तादात में साधु-संत शामिल हुए और राम मंदिर की नींव की पहली ईंट विहिप से जुड़े तबके एक दलित युवक कामेश्वर चौपाल के हाथों रखवाई गई। इसके पीछे भाजपा और विहिप की मंशा कांग्रेस के परंपरागत दलित वोट को छीन लेना भी था। और चुनाव परिणाम जब आये तो ऐसा दिखा भी। कांग्रेस सबसे बड़ा दल जरूर बनी लेकिन बहुमत से बहुत दूर रही। तब दूसरी सबसे बड़ी पार्टी जनता दल जो राष्ट्रीय मोर्चा का नेतृत्व करती थी, उसे अवसर दिया गया और वीपी सिंह देश के प्रधानमंत्री बन गए। तब उनके नेतृत्व की सरकार को भारतीय जनता पार्टी और कम्युनिस्ट पार्टियों ने बाहर से समर्थन दिया था। कांग्रेस के रणनीतिकारों में शुमार रहे मणिशंकर अय्यर ने अपनी आत्मकथा में बताया है कि दरअसल, 1989 के चुनाव अभियान की शुरुआत कांग्रेस पार्टी ने राजस्थान के नागौर से करना तय किया था। कारण यह था कि 1949 में प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने गांधी जयंती के मौके पर इसी नागौर से ही पंचायती राज व्यवस्था लागू की थी। कांग्रेस पार्टी ने 1989 के चुनाव का मुख्य मुद्दा भी पंचायत राज ही तय कर रखा था। लेकिन हुआ ठीक इसके उलट। न तो पंचायत राज के मुद्दे को लेकर कांग्रेस चुनाव में आगे आई और न ही चुनाव अभियान का श्रीगणेश नागौर से किया गया। मणिशंकर अय्यर अपनी आत्मकथा में आगे कहते हैं कि राजीव गांधी की फैजाबाद की पहली चुनावी रैली के भाषण का जो नोट्स था उसमें भी राम मंदिर या रामराज्य का बिंदु नहीं था। उनका कहना था कि राजीव गांधी के कुछ करीबी सलाहकार और खासकर शीला दीक्षित की राय पर अयोध्या से चुनाव अभियान का श्रीगणेश करने और पंचायती राज की जगह रामराज्य को मुख्य मुद्दा बनाया गया। मणिशंकर अय्यर कहते हैं कि काश ऐसा न हुआ होता तो 1989 में कांग्रेस भले ही सरकार न बना पाती लेकिन सीटें इतनी कम न होतीं। कांग्रेस की यह रणनीतिक चूक थी। अब 2024 के आम चुनाव में भाजपा की कोशिश तो राम मंदिर के निर्माण को केंद्र में रखकर चुनाव मैदान फतह करने की लगती है। लेकिन वहीं बहुत सारे सियासी पण्डितों और राजनीतिक विश्लेषकों को लगता है कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के आधार पर बन रहे राम मंदिर का मुद्दा चुनाव का मुख्य मुद्दा नहीं बन पाएगा, लेकिन इसका पर्याप्त प्रभाव चुनाव परिणाम पर असर जरूर डालेगा।



## चुनाव कमाल का...

- देश में आपराधिक पृष्ठभूमि वाले सांसदों की संख्या हर चुनाव के बाद बढ़ती ही जा रही है। नेशनल इलेक्शन वॉच और एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफार्म (एडीआर) द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2004 में आपराधिक पृष्ठभूमि वाले सांसदों की संख्या 128 थी जो वर्ष 2009 में 162 और 2014 में 185 और वर्ष 2019 में बढ़कर 233 हो गई। जहाँ एक ओर वर्ष 2009 में गंभीर आपराधिक मामलों वाले सांसदों की संख्या 76 थी, वहीं 2019 में यह बढ़कर 159 हो गई। इस प्रकार 2009-19 के बीच गंभीर आपराधिक पृष्ठभूमि वाले सांसदों की संख्या में कुल 109 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। रिपोर्ट में गंभीर आपराधिक मामलों में बलात्कार, हत्या, हत्या का प्रयास, अपहरण, महिलाओं के विरुद्ध अपराध आदि को शामिल किया गया है।






मैं वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में पहली बार मतदान करूंगा। इसके लिए काफी उत्साहित हूं। लोकतंत्र के पर्व में सभी को अपने मतदान का उपयोग करना चाहिए। लेकिन सोच समझकर ही मतदान करूंगा। मतदान के द्वारा ही हम अपने मन के प्रत्याशी का चयन कर सकते हैं। शिक्षा और बेरोजगारी पर जो बात करेगा, उसे ही मतदान करेंगे।

**अभिमन्यु सोनी पुत्र दीपक सोनी**
गुदड़ी मोहल्ला, विधानसभा क्षेत्र सदर बहराइच।

# होली के रंग में भंग डाल सकती है चुनाव की आचार संहिता

- नेताजी को महंगी पड़ सकती है होली की दावत
- हिदायतः चुनावी गतिविधियों पर रखे पैनी नजर

राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या

**अमृत विचारः** सावधान हो जाइए। होली है, लेकिन आदर्श आचार संहिता प्रभावी है। नेताजी को इस बार दावत देना महंगी पड़ सकता है। यह वोट के लिए प्रलोभन और उकसाने के दायरे में होगा। कार्रवाई हो सकती है। आयोग से ऐसी गतिविधियों पर नजर रखने के आदेश हैं। तीसरी नजर देख रही है। जिले में निगरानी टीमें सक्रिय हैं। हिदायत है ऐसी गतिविधियों पर पैनी नजर रखी जाए।

लोकसभा चुनाव की घोषणा हो चुकी है। सियासी दलों में मतदाताओं को अपने पक्ष में करने की होड़ लग गई है। ऐन-केन प्रकारेण चुनाव फतह की रणनीति है। वोट के लिए अंदरखाने में तरह-तरह की रणनीति बनाए जाने की खबर है। चुनाव के ठीक पहले होली पड़ गई। गिफ्ट और दावत देकर मतदाताओं को पक्ष में करने का प्रयास हो सकता है। चुनाव से इतर होली पर जश्न मनाने, नेताजी के साथ दावत उड़ाने की परंपरा पुरानी है, लेकिन इस बार ये महंगा पड़ सकता है। आयोग की जारी गाइडलाइन के अनुसार चुनाव के दौरान किसी भी मतदाता को रुपये, शराब या उपहार सहित दूसरे प्रलोभन के जरिए वोट लेने की कोशिश, पक्ष या विपक्ष में मतदान करने के लिए उकसाना या प्रेरित करना, आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन माना जाएगा। इसके लिए दंड भी भुगतना पड़ सकता है। जिला निर्वाचन अधिकारी नितीश कुमार ने बताया कि जिले में धारा 144 लागू है। आदर्श आचार संहिता प्रभावी है। ऐसे में किसी भी मतदाता को वोट के लिए प्रलोभन देना दंडनीय अपराध है। होली में शराब, पैसा या गिफ्ट देना इसके दायरे में होगा। निगरानी टीमें लगाई गई है। पकड़े जाने पर विधिक कार्रवाई होगी।

### गतिविधियों पर नजर रखेंगी 15 टीमें

जिला प्रशासन ने आदर्श आचार संहिता के पालन के लिए विधानसभा वार 15 टीमें लगाई है। इनको सक्रिय कर दिया गया है। यह होली के दौरान ऐसी गतिविधियों पर नजर रखेंगी। जिला निवार्चन अधिकारी नितीश कुमार ने शिकायत पर त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया है।

### उल्लंघन पर हो सकती है 1 साल की सजा

आदर्श आचार संहिता के दौरान पक्ष या विपक्ष में वोट करने या न करने के लिए प्रलोभन देकर उकसाना या प्रेरित करना, मतदाता को रुपये, शराब या उपहार का प्रलोभन देना, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 123 के तहत अपराध है। इसका उल्लंघन करने पर भारतीय दंड संहिता की धारा 171 के तहत एक वर्ष की जेल हो सकती है।

### कंट्रोल रूम में करें शिकायत

आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन पर कोई भी व्यक्ति जिला प्रशासन से बनाए गए कंट्रोल रूम के फोन नंबर-05278-297499 पर शिकायत कर सकता है। कार्रवाई होगी।

# उत्तर प्रदेश में कांग्रेस के 10 नाम तय

- राजगढ़ से दिग्विजय सिंह, हरिद्वार से हरीश रावत, गुड़गांव से राज बब्बर, जालंधर व श्रीगंगानगर से चन्नी की उम्मीदवारी पर विचार

**ब्यूरो, नई दिल्ली अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के नामांकन शुरू होने के दूसरे दिन भी भाजपा एवं कांग्रेस कई उम्मीदवारों पर देर शाम तक मंथन करती रही। बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा एवं गृहमंत्री अमित शाह ने पार्टी उम्मीदवारों के नाम लगभग तय कर दिए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में केंद्रीय चुनाव समिति का ठप्पा लगने के बाद सूची जारी होगी। इसी तरह गुरुवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोनिया गांधी से विचार विमर्श कर उत्तर प्रदेश के 10 नाम तय कर दिए, घोषणा बाद में होगी। मध्य प्रदेश से दिग्विजय सिंह, उत्तराखंड से हरीश रावत, जालंधर से चरणजीत सिंह चन्नी व हरियाणा से राज बब्बर की उम्मीदवारी पर गंभीरता से विचार विमर्श किया गया। कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक कानपुर से आलोक मिश्रा, झांसी से प्रदीप जैन, बाराबंकी से तनुज पूनिया, बनारस से अजय राय, फतेहपुर सीकरी से रामनिवास सिकरवार, देवरिया से अखिलेश प्रताप सिंह, बांसगांव से सजल प्रसाद, सहारनपुर से ईमरान मसूद की दावेदारी को केंद्रीय चुनाव समिति ने अंतिम रूप दे दिया है। उत्तर प्रदेश की अमेठी एवं रायबरेली सीट पर सबसे ज्यादा परेशानी आ रही है। वहां के लोगों ने केंद्रीय चुनाव समिति के समक्ष प्रियंका गांधी को किसी एक सीट से उम्मीदवार बनाने की मांग की है। जबकि प्रियंका ने चुनाव लड़ने से परहेज कर देशव्यापी चुनाव अभियान में मुख्य भूमिका निभाने का फैसला लिया है।

# लखनऊ की पूर्वी सीट पर रस्साकशी

- किसका होगा टिकट और कितनों का गिरेगा विकेट
- चुनावी पिच पर भाजपा और सपा के पदाधिकारियों ने शुरू की भागदौड़
- आशुतोष टंडन गोपाल की मृत्यु के बाद पूर्व विधानसभा की सीट है रिक्त



आशुतोष टंडन

राजीव शुक्ला, लखनऊ

**अमृत विचारः** लोकसभा के साथ ही विधानसभा के उपचुनाव की रणभेरी भी बज चुकी है। पूर्व विधानसभा रिक्त है और भाजपा के कई पदाधिकारी इस सीट पर भाग्य आजमा कर विधानसभा पहुंचने की जुगत में है। हालांकि अभी भाजपा, कांग्रेस, बसपा व इंडिया गठबंधन के किसी दल ने अपना उम्मीदवार घोषित नहीं किया है।

लखनऊ पूर्व की विधानसभा सीट आशुतोष टंडन गोपाल की मृत्यु के बाद खाली हो गई थी। इस सीट पर भी 20 मई को मतदान होना है। इस विधानसभा का अभी तीन वर्ष का कार्यकाल शेष है। उपचुनाव को लेकर भाजपा, सपा, बसपा, कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी टिकट की दौड़ में शामिल हो गए हैं। उपचुनाव के लिए पार्टियां जल्द ही उम्मीदवार घोषित कर सकती है। सत्ताधारी दल भाजपा की ओर से कई नेता टिकट के लिए ताल ठोंक रहे हैं। पूर्व मंत्री कलराज मिश्र के पुत्र अमित मिश्र, ओपी श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव, दिलीप श्रीवास्तव, अनुराग श्रीवास्तव, सुनील मिश्रा, संजय सिंह और अमित टंडन आदि के नाम चल रहे हैं।

कुछ महिला पदाधिकारी भी इस दौड़ में शामिल हैं। हालांकि अभी तक किसी का नाम फाइनल नहीं हुआ है मगर लोग दिल्ली दरबार तक दौड़ लगा रहे हैं। पार्टी उपचुनाव हर कीमत पर जीतना चाहती है इसलिए चेहरा भी सोच समझकर चुना जाएगा। सूत्रों की मानें तो प्रत्याशी चयन में महानगर भाजपा के पदाधिकारियों से भी राय ली जा सकती है। चेहरे तय करने से पहले मुख्यमंत्री और क्षेत्रीय सांसद से भी सलाह ली जाएगी। अभी तक पैनल में किसी का नाम नहीं भेजा गया है। माना जा रहा है कि होली के बाद इस पर कवायद शुरू होगी। इस सीट के लिए अभी कांग्रेस और बसपा ने अपने उम्मीदवार घोषित नहीं किए हैं। जबकि समाजवादी पार्टी से टिकट के लिए आशुतोष वर्मा, रमेश श्रीवास्तव और अनुराग भदौरिया का नाम चल रहा है।

### नगाड़ा बजवाया और घोड़ा दौड़ाया तो पड़ेगा भारी

**गोंडा, अमृत विचार।** अभी तक नगाड़ा बजवाना, घोड़े से प्रचार करना खर्च में शामिल नहीं था। अक्सर प्रत्याशी जब नामांकन करने जाते थे तो उनके साथ नगाड़ा या अन्य बजाने का साधन रहता था। किसी का यदि चुनाव चिह्न होता था तो भी उम्मीदवार खर्च से बच जाते थे। लेकिन आयोग ने नगाड़ा या ढोल बजवाने पर 500 रुपए का खर्च उम्मीदवार के खर्च में जुड़ेगा। इसी तरह घोड़े का प्रयोग करने पर या उससे प्रचार करने पर भी घोड़े का भी 1100 रुपए का खर्च जुड़ेगा। चुनाव प्रचार के दौरान प्रत्याशी अक्सर भ्रमण के दौरान वोट मांगते समय छोटे बच्चों को पुचकारते व दुलारते दिख जाते हैं। कभी उन्हें टाफी, चाकलेट या अन्य वस्तुएं देते दिख जाते थे। इससे प्रचार में उन्हें बल भी मिलता था, लेकिन अब ऐसा नहीं कर सकेंगे। ऐसा करेंगे तो बाल संरक्षण अधिनियम का उल्लंघन माना जाएगा।

# सपा के सामने राजा भैया का विजय रथ रोकने की चुनौती

## 4 बार से हैं सांसद, पिछले दो चुनावों में बड़े अंतर से मिली है जीत

उमानाथ तिवारी , गोंडा

**अमृत विचारः** 18 वें लोकसभा चुनाव के लिये भाजपा ने गोंडा संसदीय सीट पर अपना पत्ता खोल दिया है। एक बार फिर से वर्तमान सांसद कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भैया पर भरोसा जताया है। कीर्तिवर्धन सिंह इसके पहले वर्ष 2014 व वर्ष 2019 में पार्टी प्रत्याशी के रूप में जीत हासिल कर चुके हैं। इस बार वह हैट्रिक पर हैं और चुनाव जीतने के लिए पूरा जोर लगा रहे हैं। उनके पास राम मंदिर निर्माण के साथ मोदी की गारंटी भी है। जिसके दम पर वह पूरे आत्मविश्वास में हैं।

राजा भैया के साथ गौरा विधायक प्रभात वर्मा, मेहनौन विधायक विनय कुमार द्विवेदी, सदर विधायक प्रतीक भूषण सिंह व मनकापुर विधायक रमापति शास्त्री भी लगातार मतदाताओं से संपर्क कर रहे हैं। समाजवादी पार्टी के सामने भाजपा के विजय रथ को रोकने की बड़ी चुनौती है। सपा ने इस बार यहां से नए चेहरे श्रेया वर्मा पर दांव लगाया है। श्रेया खुद भले ही राजनीति में नई हों लेकिन राजनीति से उनका पुराना तालुल्क रहा है। श्रेया के बाबा स्व बेनी प्रसाद वर्मा समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्य रहे हैं और उनकी गिनती प्रदेश के बड़े नेताओं में की जाती रही है। स्व बेनी प्रसाद वर्ष 2009 में गोंडा संसदीय सीट से कांग्रेस पार्टी के सांसद रह चुके हैं।

श्रेया की जीत का गणित सजातीय मतदाताओं की बड़ी तादात व बाबा के नाम पर टिका है। श्रेया के साथ सपा महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष जूही सिंह, महिला सभा की राष्ट्रीय सचिव प्रतिभा सिंह, पूर्व विधायक नंदिता शुक्ला, पूर्व मंत्री स्व पंडित सिंह के भतीजे व सदर सीट से सपा प्रत्याशी रहे सूरज सिंह पूरे दमखम के साथ चुनाव प्रचार में जुटे हैं। घर घर पहुंचकर मतदाताओं से संपर्क साध रहे हैं। सहयोगी दल कांग्रेस भी सपा प्रत्याशी के पक्ष में जोर लगा रही है। सपा की श्रेया वर्मा के सामने भाजपा के विजय रथ को रोकने की बड़ी चुनौती है। उनकी यह चुनौती राम मंदिर निर्माण और मोदी की गारंटी के सामने कितना असर दिखा पाती है यह तो आने वाला वक्त ही बतायेगा।



कीर्तिवर्धन सिंह, भाजपा



श्रेया वर्मा, सपा

### पिछले दो लोकसभा चुनावों में भाजपा का प्रदर्शन

**2019 का चुनाव परिणाम**

| प्रत्याशी | दल | वोट |
|---|---|---|
| कीर्तिवर्धन सिंह | बीजेपी | 5,08,190 |
| पंडित सिंह | सपा | 3,41,830 |
| कृष्णा पटेल | कांग्रेस | 25,686 |

**2014 चुनाव परिणाम**

| प्रत्याशी | दल | वोट |
|---|---|---|
| कीर्ति वर्धन सिंह | बीजेपी | 359643 |
| नंदिता शुक्ला | सपा | 199227 |
| अकबर अहमद डंपी | बसपा | 116178 |
| बेनी प्रसाद वर्मा | कांग्रेस | 102254 |

### महासमर-2024

**कब कौन बना सांसद**

| वर्ष | सांसद | पार्टी |
|---|---|---|
| 1951 | चौधरी हैदर हुसैन | कांग्रेस |
| 1957 | दिनेश प्रताप सिंह | कांग्रेस |
| 1962 | राम रतन गुप्ता | कांग्रेस |
| 1967 | सुचेता कृपलानी | कांग्रेस |
| 1971 | कुंवर आनंद सिंह | कांग्रेस |
| 1977 | सत्यदेव सिंह | जनता पार्टी |
| 1980 | कुंवर आनंद सिंह | कांग्रेस |
| 1984 | कुंवर आनंद सिंह | कांग्रेस |
| 1989 | कुंवर आनंद सिंह | कांग्रेस |
| 1991 | बृजभूषण शरण सिंह | भाजपा |
| 1996 | केतकी सिंह | भाजपा |
| 1998 | कीर्तिवर्धन सिंह | सपा |
| 1999 | बृजभूषण शरण सिंह | भाजपा |
| 2004 | कीर्तिवर्धन सिंह | सपा |
| 2009 | बेनी प्रसाद वर्मा | कांग्रेस |
| 2014 | कीर्तिवर्धन सिंह | भाजपा |
| 2019 | कीर्तिवर्धन सिंह | भाजपा |

## एक करोड़ मतदाता बढ़े मगर घट गए पोलिंग बूथ

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ।** बीते 2019 के लोकसभा चुनाव की तुलना में प्रदेश में करीब एक करोड़ प्रदेश में बढ़ी है, मगर पोलिंग बूथों की संख्या घट गई है। इससे राज्य निर्वाचन आयोग के दावे, कि किसी भी मतदाता को वोट देने के लिए दो किमी से ज्यादा की दूरी नही तय करनी पड़ेगी और एक बूथ पर औसतन 944 मतदाताओं को वोट डालने का प्रबन्ध किया गया है, सवाल उठने लगे हैं। अधिक मतदान कराने के लिए निर्वाचन आयोग समेत सभी राजनैतिक प्रयास रहते हैं। इसके लिए निर्वाचन आयोग मतदाताओं की सुविधाओं को निष्पक्ष मतदान कराने के लिए नियम व निर्देश तैयार करता है। उक्त क्रम में ही दस्तक दे चुके लोकसभा चुनाव 2024 के लिए राज्य निर्वाचन आयोग ने 15 करोड़ 34 लाख मतदाताओं के लिए एक लाख 62 हजार 41 बूथ बनाने का निर्णय लिया है, जबकि गत 2019 के चुनाव में 14 करोड़ 58 लाख 58 हजार 553 मतदाताओं के लिए एक लाख 63 हजार 448 पोलिंग बूथ बनाये गये थे। जोकि इस बार बनने वाले पोलिंग बूथों से 1407 ज्यादा हैं। निर्वाचन आयोग की यह चुनौती प्रथम चरण के 19 अप्रैल को संपन्न होने वाले मतदान के दिन साबित होंगे। बुधवार से प्रदेश के नौ जिलों में एक करोड़ 43 लाख 39 हजार 21 मतदाताओं के लिए सात हजार 693 मतदान केन्द्रों पर 14 हजार 842 पोलिंग बूथ बनाने की तैयारी हो चुकी है। जबकि ईसीआई के आंकड़ों के अनुसार गत लोकसभा चुनाव में डेढ़ करोड़ मतदाताओं के लिए 16,581 मतदान स्थल बनाए गए थे।

### दिव्यांग बढ़े , किन्नर मतदाताओं की संख्या घटी


**अमृत विचार।** इस बार लोकसभा चुनाव में किन्नर मतदाताओं की संख्या घटी है, मगर दिव्यांग मतदाताओं की संख्या में जबरदस्त वृद्धि हुई है। साल 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान 8374 किन्नर मतदाताओं की संख्या इस बार 6,638 रह गई है। वहीं दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 12,51,827 पहुंच गई है, जो कि गत चुनाव में 7,86,542 थी। हालांकि निर्वाचन आयोग ने 85 साल से ज्यादा उम्र और 40 प्रतिशत से ज्यादा दिव्यांगता रखने वाले मतदाताओं को घर से मतदान करने की सुविधा भी प्रदान की गई है।

# नई दिल्ली में हैट्रिक का रिकॉर्ड जगमोहन के नाम

- देश के सर्वाधिक अति विशिष्ट संसदीय क्षेत्र नई दिल्ली सीट पर अटल, आडवाणी के बाद सुषमा स्वराज की बेटी बांसुरी मैदान में

● ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली

देश की सबसे वीवीआईपी संसदीय क्षेत्र नई दिल्ली को सुचेता कृपलानी के बाद भाजपा का गढ़ माना जाता रहा है। यहां से दो बार अटल बिहारी वाजपेई, दो बार लाल कृष्ण आडवाणी संसद पहुंचे। लेकिन हैट्रिक लगाने का श्रेय वाजपेई सरकार के सबसे विवादित एवं ईमानदार मंत्री जगमोहन के नाम जाता है। उन्होंने 1996, 1998 और 1999 में लगातार जीत हासिल की और आखरी बार मजदूर नेता ललित माकन के भतीजे व कांग्रेस के युवा उम्मीदवार अजय माखन से चुनाव हार गए थे।



कहां जा रहा था कि जगमोहन के बाद आर्य समाज की समर्पित कार्यकर्ता व केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी 2024 में हैट्रिक लगाएंगी लेकिन भाजपा हाई कमान ने उनका टिकट काट दिया और पार्टी की हाई प्रोफाइल नेता स्वर्गीय सुषमा स्वराज की पुत्री बांसुरी स्वराज को मैदान में उतारा है। यदि बांसुरी चुनाव जीत गईं तो वे तीसरी महिला होंगी जो नई दिल्ली से संसद पहुंचेंगी।


नई दिल्ली संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत अति विशिष्ट लोग जैसे राष्ट्रपति उपराष्ट्रपति प्रधानमंत्री भारत के मुख्य न्यायाधीश व कई बड़े नेता अपने मताधिकार का प्रयोग करते हैं। इसी संसदीय क्षेत्र में राष्ट्रपति भवन, संसद भवन, सर्वोच्च न्यायालय, दिल्ली उच्च न्यायालय, प्रधानमंत्री कार्यालय, विदेश एवं गृह मंत्रालय हैं। कांग्रेस की सुचेता कृपलानी के बाद इस सीट से लगातार भाजपा के अटल बिहारी वाजपेई और लालकृष्ण आडवाणी जैसे दिग्गज चुनाव जीते रहे हैं। यहां तक कि आडवाणी को पराजित करने के लिए 1991 में कांग्रेस ने फिल्म अभिनेता राजेश खन्ना को उम्मीदवार बनाया था। यह देख आडवाणी ने नई दिल्ली के अलावा गांधीनगर से भी चुनाव लड़ा और राजेश खन्ना को मात्र 17 हजार वोटो से पराजित कर पाए थे।



बाद में आडवाणी ने नई दिल्ली सीट से इस्तीफा देकर गांधीनगर की सदस्यता ग्रहण की थी।

जिससे नई दिल्ली के मतदाता नाराज हो गए और उन्होंने 1992 के उपचुनाव में राजेश खन्ना को जिता दिया। हालांकि भाजपा ने खन्ना के खिलाफ पहली बार फिल्म अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा को मैदान में उतारा था, लेकिन आडवाणी से नाराज मतदाताओं ने राजेश खन्ना को विजयी बनाया था। 1996 में भाजपा ने इस सीट से जम्मू कश्मीर के पूर्व राज्यपाल एवं राज्यसभा सदस्य जगमोहन को पहली बार लोकसभा का उम्मीदवार बनाया। वैष्णव देवी में जगमोहन के शानदार कार्यों को देख मतदाताओं ने राजेश खन्ना को 58 हजार वोटो से पराजित किया था। उसके बाद इस सीट से जगमोहन लगातार तीन बार विजयी हुए। चौथी बार कांग्रेस के अजय माकन (सीएनजी मैन) से वे चुनाव इसलिए हार गए क्योंकि दिल्ली में सीएनजी लाने का श्रेय जनता ने तत्कालीन परिवहन मंत्री माकन को दिया था।

अजय माकन भी नई दिल्ली से हैट्रिक लगाने में विफल रहे क्योंकि 2014 के चुनाव में भाजपा उम्मीदवार मीनाक्षी लेखी से वे पराजित हो गए थे। इसी तरह मीनाक्षी भी हैट्रिक लगाने से इसलिए वंचित रह गई क्योंकि बांसुरी स्वराज को बीजेपी ने इस बार उम्मीदवार बनाया है। हालांकि बांसुरी का बीजेपी कार्यकर्ता के रूप में ज्यादा योगदान नहीं है। उनकी पहचान उनकी मां सुषमा स्वराज की वजह से है और यदि वह चुनाव जीतती हैं तो नई दिल्ली संसदीय क्षेत्र से संसद पहुंचने वाली वे तीसरी महिला होंगी।



**नई दिल्ली संसदीय क्षेत्र से हैट्रिक का रिकॉर्ड जगमोहन के नाम**

| वर्ष | विजयी सांसद | पार्टी |
|---|---|---|
| 1952 | सुचेता कृपलानी | किसान मजदूर प्रजा पार्टी |
| 1957 | सुचेता कृपलानी | कांग्रेस |
| 1977 | अटल बिहारी वाजपेई | भाजपा |
| 1980 | अटल बिहारी वाजपेई | भाजपा |
| 1989 | लालकृष्ण आडवाणी | भाजपा |
| 1991 | लालकृष्ण आडवाणी | भाजपा |
| 1992 | राजेश खन्ना | कांग्रेस |
| 1996 | जगमोहन | भाजपा |
| 1998 | जगमोहन | भाजपा |
| 1999 | जगमोहन | भाजपा |
| 2004 | अजय माकन | कांग्रेस |
| 2009 | अजय माकन | कांग्रेस |
| 2014 | मीनाक्षी लेखी | भाजपा |
| 2019 | मीनाक्षी लेखी | भाजपा |

## चुनाव कमाल का...

- 21 मई 1991 को तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी की वोटिंग के पहले दौर के ठीक एक दिन बाद हत्या कर दी गई। इसके बाद जून के मध्य तक चुनाव को स्थगित कर दिया गया। पंजाब में लोकसभा चुनाव बाद में कराए गए, जबकि जम्मू-कश्मीर में आम चुनाव हुए ही नहीं।
- जून में चुनाव संपन्न हुआ जिसमें कांग्रेस को सबसे ज्यादा 232 सीटें मिलीं। भारतीय जनता पार्टी 120 सीटों के साथ दूसरे नंबर पर रही। जनता दल को सिर्फ 59 सीटें मिलीं। 21 जून 1991 को कांग्रेस के पी.वी. नरसिंहराव ने प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली।
- 1996 में 11वीं लोकसभा के लिए हुए चुनाव में किसी भी पार्टी को बहुमत नहीं मिला। 161 सीटें जीतकर भारतीय जनता पार्टी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी। इस चुनाव में कांग्रेस को सिर्फ 140 सीटें मिली और पार्टी दक्षिण में भी पिछड़ गई।
- अटल बिहारी वाजपेयी ने 16 मई को प्रधानमंत्री का पद संभाला लेकिन बहुमत साबित न कर पाने के कारण 13 दिन ही प्रधानमंत्री की कुर्सी पर बैठ पाए।
- 1996 में जनता दल के नेता एचडी देवेगौडा ने एक जून को संयुक्त मोर्चा गठबंधन सरकार का गठन किया, लेकिन उनकी सरकार भी 18 महीने ही चली।
- देवेगौड़ा के कार्यकाल में ही विदेश मंत्री रहे इन्द्र कुमार गुजराल ने अगले प्रधानमंत्री के रूप में 1997 में पदभार संभाला। कांग्रेस इस सरकार को बाहर से समर्थन दे रही थी।

## चुनावी तीर



पूरे देश की निगाहें उत्तर प्रदेश पर हैं। भाजपा की साजिश और षड्यंत्र से हमें सतर्क रहना है। हमें ज्यादा से ज्यादा मतदान सुनिश्चित करने के साथ-साथ बूथ की सुरक्षा को लेकर भी सावधान रहना है। भाजपा चंदा वसूली और चंदा चोरी के मामले में बेनकाब हो चुकी है। भाजपा हारेगी तो नौजवानों को नौकरी मिलेगी, किसानों को उनकी फसल का न्यूनतम समर्थन मूल्य मिलेगा।

**- अखिलेश यादव,** सपा प्रमुख



1952 को छोड़कर पहली बार आप इतना लंबा चुनाव देख रहे हैं। आजादी के बाद पहले चुनाव में बहुत सी चीजों को समायोजित करना था, लेकिन अब तकनीक के साथ यह अवधि कम होनी चाहिए थी। लंबी अवधि के चलते एक चरण में मतदान चलता है और दूसरे चरण में चुनाव प्रचार चल रहा होता है। इससे सत्ता दल को फायदा और विपक्ष को नुकसान होता है।

**-सीताराम येचुरी,** महासचिव, माकपा

# हैवीवेट प्रत्याशियों की तलाश में उलझी हाई प्रोफाइल प्रयागराज सीट

**1996** में भाजपा का खाता खोलने के साथ ही डॉ. मुरली मनोहर जोशी ने लगाई थी यहां से जीत की हैट्रिक तो बीते तीन दशक से जीत के लिए तरस रही है कांग्रेस

- पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री, वीपी सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री हेमवती नंदन बहुगुणा और जनेश्वर मिश्र के अलावा अमिताभ बच्चन भी यहां से संसद पहुंचे

● मनोज त्रिपाठी, कानपुर

**अमृत विचार:** संगम नगरी प्रयागराज में लोकसभा चुनाव के लिए छठे चरण में 25 मई को 18,07,886 मतदाता अपना नया सांसद चुनेंगे। 2019 के पिछले चुनाव की तुलना में इस बार यहां 1,14,439 मतदाता बढ़ गए हैं। हाई प्रोफाइल गिने जाने वाले प्रयागराज लोकसभा क्षेत्र में कुल पांच विधान सभा सीटें मेजा, करछना, बारा, कोरांव और प्रयागराज दक्षिणी शामिल है। इनमें बारा और कोरांव एससी सुरक्षित सीट हैं। वर्तमान में तीन विधानसभा सीटों करछना, कोरांव और प्रयागराज दक्षिण में भाजपा तो मेजा में समाजवादी पार्टी और बारा में अपना दल का कब्जा है। वर्तमान में यहां से भाजपा की रीता बहुगुणा जोशी सांसद हैं। उन्होंने 2019 के चिनाव में सपा के राजेंद्र सिंह पटेल को 1,83,876 मतों से पराजित किया था। रीता बुहगुणा को 4,93,204 और राजेंद्र सिंह को 3,09,328 वोट मिले थे। लेकिन भाजपा ने इस बार रीता बहुगुणा जोशी की प्रत्याशिता को जहां होल्ड पर रखा है, वहीं सपा से गठबंधन के बाद हिस्से में आई इस सीट पर कांग्रेस किसी हैवीवेट प्रत्याशी की तलाश में है।

प्रयागराज वह लोकसभा क्षेत्र है, जहां से वर्ष 1984 में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के निधन के बाद हुए चुनाव में कांग्रेस से सुपरस्टार अमिताभ बच्चन ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमवती नंदन बहुगुणा को हराकर जीत हासिल की थी। इस लोकसभा क्षेत्र में आजादी के बाद से कांग्रेस का ही कब्जा रहा। सबसे पहले 1952 में कांग्रेस के श्रीप्रकाश सांसद चुने गए। 1957 तथा 1962 के लोकसभा चुनाव में यहां से पूर्व प्रधान मंत्री लाल बहादुर शास्त्री, 1967 में उनके पुत्र हरिकृष्ण शास्त्री, 1971 में हेमवती नंदन बहुगुणा कांग्रेस से चुनाव जीतकर संसद में पहुंचे। लेकिन 1977 में जनता पार्टी के टिकट पर उतरे छोटे लोहिया के नाम से विख्यात समाजवादी नेता जनेश्वर मिश्र ने इतिहास बदल दिया। उन्होंने कांग्रेस उम्मीदवार कमला बहुगुणा को हरा दिया। हालांकि अगले ही चुनाव 1980 में पूर्व प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ने जीत हासिल करके कांग्रेस की वापसी करा दी। 1984 में यहां से सांसद चुने गए अमिताभ बच्चन ने जब बोफोर्स कांड में नाम आने पर संसद सदस्यता से इस्तीफा दे दिया और 1988 में उपचुनाव हुआ तो विश्वनाथ प्रताप सिंह ने निर्दलीय चुनाव लड़कर जीत हासिल की। 1989 में जनता दल से जनेश्वर मिश्र दूसरी बार और साल 1991 में हुए चुनाव में सरोज दुबे ने जीत हासिल की। प्रयागराज में भाजपा को पहली जीत 1996 में डॉ. मुरली मनोहर जोशी ने दिलाई। इसके बाद वर्ष 1998 और 1999 में भी डॉ. जोशी ने जीत हासिल करके हैट्रिक लगाई। लेकिन 2004 के चुनाव में सपा ने इस सीट पर अपना खाता खोला। सपा प्रत्याशी रेवती रमण सिंह ने लगातार दो चुनावों 2004 और 2009 में जीत हासिल की। लेकिन 2014 की मोदी लहर में भाजपा के श्यामाचरण गुप्ता ने सपा से यह सीट छीन ली। 2019 में भाजपा ने कांग्रेस से आईं रीता बहुगुणा जोशी को टिकट दिया और वह विजयी रहीं।

### अभी किसी दल ने नहीं खोले पत्ते, एक दूसरे के प्रत्याशी का इंतजार

प्रयागराज सीट पर भाजपा ने अभी अपना प्रत्याशी घोषित नहीं किया है, हालांकि पार्टी का संसदीय बोर्ड प्रत्याशी के नाम को लेकर मंथन कर चुका है। निवर्तमान सांसद रीता बहुगुणा जोशी के साथ नंद गोपाल नंदी और उनकी पत्नी अभिलाषा गुप्ता नंदी का नाम दावेदार के रूप में सबसे आगे है। नंदी प्रदेश की योगी सरकार में कैबिनेट मंत्री हैं, जबकि उनकी पत्नी अभिलाषा गुप्ता नंदी वर्तमान में प्रयागराज की महापौर हैं। उधर, सपा-कांग्रेस गठबंधन में यह सीट कांग्रेस के हिस्से में आयी है। माना जा रहा है कि कांग्रेस यहां से एक बार फिर किसी दमदार बाहरी प्रत्याशी को चुनाव मैदान में उतारने की तैयारी कर रही है। पार्टी 1984 के बाद से प्रयागराज में जीत के लिए तरस रही है। कांग्रेस ने पिछले चार चुनावों में इस सीट पर दूसरे दलों से आए नेताओं को टिकट देकर आजमाया, लेकिन कोई भी प्रत्याशी अपनी जमानत तक नहीं बचा पाया। 2014 के चुनाव में कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़े बसपा से आए नंद गोपाल गुप्ता ने एक लाख से अधिक वोट पाए लेकिन जमानत नहीं बची और चौथे स्थान पर पिछड़ गए थे। 2019 में भाजपा से आए योगेश शुक्ला को कांग्रेस ने टिकट दिया पर उन्हें 31956 ही वोट मिले। 2009 में श्याम कृष्ण पांडेय को 33027 और 2004 में सत्य प्रकाश मालवीय को 40545 वोट मिले थे। इन चारों चुनाव में कांग्रेस तीसरे या चौथे स्थान पर रही और जमानत नहीं बचा सकी। इस बीच सपा के कद्दावर नेता रेवती रमण सिंह कांग्रेस और बसपा दोनों के संपर्क में हैं। वह अपने पुत्र उज्ज्वल रमण के टिकट के लिए प्रयासरत हैं। रेवती रमण प्रयागराज से दो बार सांसद और करछना से आठ बार विधायक रहे हैं। लेकिन कांग्रेस की ही तरह बसपा ने भी अभी इस सीट पर अपने पत्ते नहीं खोले हैं।





### जातीय समीकरणों के लिहाज से गठबंधन प्रत्याशी को मौका

प्रयागराज लोकसभा सीट पर ब्राह्मण और ओबीसी मतदाता जीत की पटकथा लिखते रहे हैं। लेकिन मोदी लहर के बाद यह समीकरण टूट सा चुका है। एक अनुमान के मुताबिक इस सीट पर 2.40 लाख ब्राह्मण, करीब सवा दो लाख कुर्मी, दो लाख मुस्लिम, डेढ़ लाख से अधिक वैश्य और सवा लाख से ज्यादा यादव वोटर हैं। राजपूत और भूमिहार मतदाता एक लाख से ऊपर गिने जाते हैं। इसी तरह 85 हजार मौर्य और कुशवाहा, एक लाख कोल, सवा लाख निषाद-बिंद, 1.15 लाख विश्वकर्मा और प्रजापति मतदाताओं के साथ 40 से 45 हजार पाल बिरादरी का वोट माना जाता है।

**पिछले चार चुनावों में प्रमुख दलों को मिले मत (प्रतिशत में)**

| चुनाव | भाजपा | सपा | बसपा | कांग्रेस | अपना दल |
|---|---|---|---|---|---|
| 2022 विस | 35.3 | 37.4 | 10.0 | 3.3 | 9.7 |
| 2019 लोस | 56.1 | 35.2 | -- | 3.6 | -- |
| 2017 विस | 43.1 | 25.7 | 17.1 | 5.3 | -- |
| 2014 लोस | 35.2 | 28.2 | 18.2 | 11.5 | -- |



# अखिलेश का पल्लवी से समझौता टूटा, सुनील सिंह से नाता जोड़ा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के बीच जहां एक ओर सपा प्रमुख अखिलेश यादव के साथ पल्लवी पटेल के कदमताल न करने की बात सामने आ गई वहीं, दूसरी ओर सपा को रालोद के जाने के बाद लोक दल का साथ मिल गया है। अपना दल कमेरावादी सपा से अलग होकर अपने प्रत्याशी उतार रही है। इसी पार्टी की नेता पल्लवी पटेल भी सपा उम्मीदवार के मुकाबले मैदान में उतरने को तैयार है।

लोक दल के प्रमुख सुनील सिंह ने गुरुवार को लोकसभा चुनाव में सपा और इंडिया गठबंधन को समर्थन देने की घोषणा की। सुनील सिंह ने इस दौरान जयंत चौधरी की राष्ट्रीय लोकदल को डुप्लीकेट पार्टी करार दिया। इस मौके पर सपा प्रमुख ने कहा कि चौधरी चरण सिंह की असली पार्टी लोकदल सपा के साथ आ गई है। वहीं, अखिलेश यादव ने भी सुनील को धन्यवाद देते हुए कहा कि असली लोक दल सपा के साथ है।

बीते दिनों राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के प्रमुख जयंत चौधरी ने सपा से गठबंधन तोड़कर भाजपा के साथ आए थे, अब अपना दल (कमेरावादी) ने भी सपा गठबंधन से अलग होकर अपना रास्ता चुन लिया है। इसकी औपचारिक घोषणा गुरुवार खुद सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने पत्रकार-वार्ता में की।



- सपा व अपना दल कमेरावादी का गठबंधन 2022 के विधानसभा चुनाव में था, 2024 के लिए कोई गठबंधन नहीं

### भाजपा ने चंदा वसूली कर ली इसलिए विपक्षियों के अकाउंट सीज हो रहे

अमृत विचार। समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने आरोप लगाया है कि, भाजपा चंदा वसूली और चंदा चोरी में बेनकाब हो चुकी है। अखिलेश का यह भी आरोप है कि भाजपा ने कोरोना वैक्सीन बनाने वाली दवा कम्पनी तक से चंदा वसूली की है। इसी कड़ी में उन्होंने कहा कि, चंदा वसूली की पोल खुल जाने से बौखलाई भाजपा विपक्ष पर हमलावर है। सपा प्रमुख के मुताबिक, जनता को पता ही नहीं चला कि वैक्सीन बनाने वाली कम्पनी से भी चंदा वसूली कर ली गई। भाजपा विपक्षियों के अब कुछ एकाउण्ट भी सीज कर रही है क्योंकि उसकी चोरी उजागर हो गयी है। अखिलेश गुरुवार को सपा के प्रदेश मुख्यालय लखनऊ में डॉ. राममनोहर लोहिया सभागार में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करने के बाद मीडिया के सामने विचार प्रकट कर रहे थे।

### सपा में खुले है वरुण गांधी के लिए दरवाजे

**लखनऊ।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने पीलीभीत लोकसभा सीट से अपनी पार्टी का उम्मीदवार भले उतार दिया हो लेकिन वरूण गांधी के लिए रास्ते अब भी खोल रखे हैं। दरअसल, वरुण के सपा से चुनाव लड़ने की खबरों के बीच अखिलेश यादव ने बुधवार को पीलीभीत से भगवत सरन गंगवार को प्रत्याशी घोषित कर दिया। बावजूद इसके पार्टी की ओर से ऐसे संकेत मिले हैं कि वरूण आगे आएं तो सपा टिकट बदल देगी। सपा का पीलीभीत से उम्मीदवार बनने के बाद भगवत सरन से जब मीडिया प्रतिनिधियों ने सवाल किया कि, अगर वरुण गांधी को भाजपा से टिकट नही मिला और उन्होंने सपा से टिकट मांगा तो वो क्या करेंगे? इसके जवाब में उन्होंने कहा कि अगर हाई कमान ने उन्हें टिकट दिया तो वो अपनी सीट खुशी-खुशी छोड़ देंगे।हालांकि वरुण गांधी ने पीलीभीत से ही चुनाव लड़ने की तैयारी कर ली है। अगर भाजपा से उनका टिकट कटा तो वह निर्दलीय भी मैदान में उतर सकते हैं।



# स्थानीय विजेता तो दूर, कल्याण भी नहीं तोड़ पाए महादीपक का रिकॉर्ड

कार्यालय संवाददाता, कासगंज


**अमृत विचार :** राजनीति में धुरंधर परिणाम आए। बदलाव भी हुए। सबने अपने अपने रिकॉर्ड बनाने का प्रयास किया, लेकिन मोदी की सुनामी रही हो या पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह की खुद चुनाव मैदान में उतरें हुए हों, वे भी वर्ष 1977 का रिकॉर्ड नहीं तोड़ पाए। उस समय सत्ता विरोधी लहर के चलते मतदाताओं ने ऐसा मतदान किया कि अब तक रिकॉर्ड तोड़ना तो दूर कोई छू न सका।

वर्ष 1977 के इस चुनाव में बीएलडी से चुनाव मैदान में उतरे प्रत्याशी महादीपक सिंह शाक्य ने 71.94 प्रतिशत वोट पाकर जीत हासिल की थी। कांग्रेस सरकार द्वारा देश में आपातकाल लगाने के बाद वर्ष 1977 में लोकसभा के लिए आम चुनाव हुए। इस आम चुनाव में देश में कांग्रेस विरोधी लहर चली। इस लहर से एटा लोकसभा सीट भी अछूती नहीं बची। इस चुनाव में एटा लोकसभा में कई रिकार्ड बने। इस चुनाव में हुआ 66.96 प्रतिशत मतदान एटा लोकसभा के रिकार्ड में दर्ज है। इस चुनाव में एक रिकार्ड ऐसा भी बना जो आज तक नहीं टूटा। इस चुनाव में बीएलडी से चुनाव मैदान में उतरे महादीपक सिंह शाक्य ने 71.94 प्रतिशत वोट पाकर जीत हासिल की। इसके बाद कई बार प्रत्याशियों ने अच्छे मत प्रतिशत से जीत हासिल की, लेकिन यह रिकार्ड नहीं टूटा। यहां तक की महादीपक सिंह शाक्य ने 1996 में व 1998 में भाजपा के टिकट से चुनाव जीता, लेकिन वह भी अपने 1977 के अपने रिकार्ड को नहीं तोड़ सके। 2004 के चुनाव में सपा प्रत्याशी देवेंद्र सिंह यादव, 2009 के चुनाव में सपा समर्थन से पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह, 2014 के चुनाव में भाजपा से राजवीर सिंह ने अच्छे वोट प्रतिशत प्राप्त कर जीत हासिल की, लेकिन वह भी इस रिकार्ड को नहीं तोड़ सके। 2019 में देश भर में मोदी की सुनामी में भाजपा प्रत्याशी राजवीर सिंह फिर से अच्छे वोटों से चुनाव जीतें है, लेकिन वे इस चुनाव में भी 1977 में बने रिकार्ड के आसपास तक नहीं पहुंच सके।

**40% से अधिक वोट पाकर जीतने वाले प्रत्याशी**

| वर्ष | प्रत्याशी का नाम | पार्टी का नाम | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1952 | रोहन लाल चतुर्वेदी | कांग्रेस | 40.52 |
| 1977 | महादीपक सिंह शाक्य | बीएलडी | 71.94 |
| 1996 | महादीपक सिंह शाक्य | भाजपा | 46.50 |
| 1998 | महादीपक सिंह शाक्य | भाजपा | 44.28 |
| 2004 | देवेंद्र सिंह यादव | सपा | 47.03 |
| 2009 | कल्याण सिंह | सपा समर्थित | 48.57 |
| 2014 | राजवीर सिंह | भाजपा | 51.28 |
| 2019 | राजवीर सिंह | भाजपा | 54.56 |

**1977** के चुनाव में सत्ता विरोधी लहर के चलते मतदाताओं ने दिलाई थी ऐतिहासिक जीत, तब से लेकर अब तक टोकना तो दूर कोई छू भी न सका आंकड़ा



## एक नजर

### योगी ने की आध्यात्मिक गुरु जग्गी वासुदेव के जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना



अमृत विचार, लखनऊ : आध्यात्मिक गुरु सद्गुरु जग्गी वासुदेव के जल्द स्वस्थ होने की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रार्थना की है। मुख्यमंत्री ने एक संदेश में कहा कि सद्गुरु जग्गी वासुदेव को सर्जरी से शीघ्र एवं पूर्ण स्वस्थ होने की हार्दिक शुभकामनाएं। मुख्यमंत्री ने गुरुवार को भारत रत्न बिस्मिल्लाह खां को उनकी जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। योगी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर अपने संदेश में कहा कि उस्ताद बिस्मिल्लाह खां ने शहनाई वादन को साधना एवं आराधना के रूप में आत्मसात किया।

# इस सत्र में शुरू होंगे तीन नए एटीएस

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- जौनपुर में दो और अयोध्या में एक नए आश्रम पद्धति विद्यालय में होंगे दाखिले
- उपनिदेशक और जिला समाज कल्याण अधिकारी ने तीनों का किया निरीक्षण
- छात्रों का होगा दाखिला, आउटसोर्स से रखे जाएंगे 70 शिक्षक

**अमृत विचार :** नए शैक्षणिक सत्र से तीन नए आश्रम पद्धति विद्यालय शुरू हो जाएंगे। आश्रम पद्धति विद्यालय (एटीएस) का संचालन होने से जरूरतमंद बच्चे शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे। विद्यालय के लिए 70 शिक्षक आउटसोर्स से रखे जाएंगे।

प्रदेश के 75 जिलों में 94 आश्रम पद्धति विद्यालयों का अभी संचालन हो रहा है। इनका संचालन समाज कल्याण विभाग के अधीन होता है। इनमें लगभग 32 हजार छात्र-छात्राएं अध्यनरत हैं। पिछले माह नए आश्रम पद्धति विद्यालय के लिए बजट स्वीकृत हुआ था। जौनपुर में दो और अयोध्या में एक विद्यालय का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। उपनिदेशक समाज कल्याण और जिला समाज कल्याण अधिकारी ने तीनों विद्यालयों का निरीक्षण कर रिपोर्ट निदेशक को भेज दी है।

समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि विद्यालयों में छात्रों के दाखिले के लिए शीघ्र आवेदन कराए जाएंगे। साथ ही 70 शिक्षकों को आउटसोर्स के माध्यम से रखा जाएगा। जबकि स्थायी शिक्षकों की नियुक्त के लिए अध्याचन आयोग को भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रयास किया जाएगा कि नए शैक्षणिक सत्र से विद्यालयों का संचालन शुरू हो जाए।

### एटीएस में दाखिले के लिए तय की परीक्षा तिथि

**अमृत विचार :** आश्रम पद्धति विद्यालय में छात्र-छात्राओं के दाखिले के लिए 27 को होने वाली परीक्षा की तिथि बढ़ाकर 28 मार्च कर दी गई है। समाज कल्याण निदेश कुमार प्रशांत ने बताया कि 27 मार्च को बेसिक शिक्षा की परीक्षा होनी थी इसलिए तिथि एक दिन आगे बढ़ाई गई। उन्होंने बताया कि कक्षा छह के बच्चों के लिए किताब और ड्रेस खरीदने के लिए सभी जिलों को दो-दो लाख रुपये की धनराशि दी गई है।

# होली पर अनाधिकृत वाहनों और वस्तुओं की होगी धर-पकड़

## 1 अप्रैल तक चलेगा अभियान, प्रतिबंधित व विस्फोटक सामग्री पर रहेगी नजर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- होली पर यात्रियों की आवाजाही को देखते हुए सभी बसों को सड़क पर उतारने के निर्देश



**अमृत विचार :** होली के पर्व पर सभी जिलों में अनाधिकृत वाहनों के रोकथाम के लिए संयुक्त चेकिंग अभियान गुरुवार से शुरु हो गया है। इतना ही नहीं सड़कों पर दौड़ी रहीं सभी बसों के भीतर भी गैरकानूनी वस्तुओं की चेकिंग के निर्देश हैं। यह अभियान 1 अप्रैल तक चलेगा। साथ ही यात्रियों की सुविधा को देखते हुए परिवहन निगम की सभी बसों को मेनटेंनेंस के साथ चलाने को कहा गया है।

चेकिंग अभियान के दौरान यह भी देखा जाएगा कि बसों में अवांछनीय, प्रतिबंधित व ज्वलन्तशील विस्फोटक सामग्री न ले जाई जा सके। परिवहन आयुक्त चंद्रभूषण सिंह ने भी सभी संभागीय व सहायक संभागीय परिवहन अधिकारियों को गुरुवार को निर्देशित किया है कि, होली के अवसर पर उप्र. के अंदर आने वाली व यहां से अन्य राज्य में जाने वाली अथवा राज्य के विभिन्न स्थानों से बहुतायत में संचालित होने वाले अनाधिकृत वाहनों से जहां एक ओर निगम की आय प्रभावित होती है, वहीं दूसरी ओर व्यापक कर चोरी से शासन को राजस्व की हानि होने के साथ-साथ यात्री सुरक्षा मानकों पर प्रभावी नियंत्रण नहीं हो पाता है।

वहीं, होली पर यात्रियों के भारी संख्या में आवाजाही की संभावनाओं को देखते हुए परिवहन निगम की सभी बसों को सड़क पर उतारने के निर्देश दे दिए गए हैं। इस क्रम में सभी क्षेत्रीय, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधकों को शत-प्रतिशत बसों के संचालन के साथ-साथ बस अड्डों पर व्यापक यात्री सुविधा सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए हैं।

### शत-प्रतिशत बसें होंगी ऑनरोड

उप्र. परिवहन निगम के एमडी मासूम अली सरवर ने गुरुवार को जारी एक सूचना में कहा कि 24 व 25 मार्च को मुख्य पर्व की तिथि से पूर्व व उसके बाद विभिन्न गन्तव्यों के लिए जनसामान्य का भारी संख्या में आवागमन देखते हुए यात्रियों को पर्याप्त परिवहन सुविधा उपलब्ध कराए जाने के उद्देश्य से बसों को शत-प्रतिशत आनरोड करते हुए संचालन कराया जाएगा। इस कड़ी में प्रत्येक क्षेत्र सभी बसों की यांत्रिक एवं भौतिक दशा को मजबूत व ऑनरोड कराकर शत-प्रतिशत संचालन सुनिश्चित करेगा। सभी सक्षम चालक-परिचालक से संचालन का कार्य लिया जाएगा।

### अतिरिक्त बैठने की भी व्यवस्था

एमडी ने कहा कि एसी बसों के संचालन को निर्धारित कर आनलाइन बुकिंग, आरक्षण व्यवस्था सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यात्रियों के बैठने की अतिरिक्त व्यवस्था के साथ-साथ सभी बस अड्डों पर प्रकाश की समुचित व्यवस्था, शुद्ध पेयजल की व्यवस्था, शौचालय एवं परिसर की सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है।

# अखिलेश का पल्लवी से समझौता टूटा, लोकदल से नाता जोड़ा

## लोकदल के प्रमुख सुनील सिंह ने रालोद को बताया डुप्लीकेट पार्टी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ





- लोक दल ने सपा को दिया समर्थन

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के बीच जहां एक ओर सपा प्रमुख अखिलेश यादव के साथ पल्लवी पटेल के कदमताल न करने की बात सामने आ गई वहीं, दूसरी ओर सपा को रालोद के जाने के बाद लोक दल का साथ मिल गया है। अपना दल कमेरावादी सपा से अलग होकर अपने प्रत्याशी उतार रही है। इसी पार्टी की नेता पल्लवी पटेल भी सपा उम्मीदवार के मुकाबले मैदान में उतरने को तैयार है।

लोक दल के प्रमुख सुनील सिंह ने गुरुवार को लोकसभा चुनाव में सपा और इंडिया गठबंधन को समर्थन देने की घोषणा की। सुनील सिंह ने इस दौरान जयंत चौधरी की राष्ट्रीय लोकदल को डुप्लीकेट पार्टी करार दिया। इस मौके पर सपा प्रमुख ने कहा कि चौधरी चरण सिंह की असली पार्टी लोकदल सपा के साथ आ गई है। वहीं, अखिलेश यादव ने भी सुनील को धन्यवाद देते हुए कहा कि असली लोक दल सपा के साथ है।

बीते दिनों राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के प्रमुख जयंत चौधरी ने सपा से गठबंधन तोड़कर भाजपा के साथ आए थे, अब अपना दल (कमेरावादी) ने भी सपा गठबंधन से अलग होकर अपना रास्ता चुन लिया है। इसकी औपचारिक घोषणा गुरुवार खुद सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने पत्रकार-वार्ता ने की।

**सपा में खुले है वरूण गांधी के लिए दरवाजे :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने पीलीभीत लोकसभा सीट से अपनी पार्टी का उम्मीदवार भले उतार दिया हो लेकिन वरूण गांधी के लिए रास्ते अब भी खोल रखे हैं। दरअसल, वरुण के सपा से चुनाव लड़ने की खबरों के बीच अखिलेश यादव ने बुधवार को पीलीभीत से भगवत सरन गंगवार को प्रत्याशी घोषित कर दिया। बावजूद इसके पार्टी की ओर से ऐसे संकेत मिले हैं कि वरूण आगे आएं तो सपा टिकट बदल देगी।

सपा का पीलीभीत से उम्मीदवार बनने के बाद भगवत सरन से जब मीडिया प्रतिनिधियों ने सवाल किया कि, अगर वरुण गांधी को भाजपा से टिकट नही मिला और उन्होंने सपा से टिकट मांगा तो वो क्या करेंगे? इसके जवाब में उन्होंने कहा कि अगर हाई कमान ने उन्हें टिकट दिया तो वो अपनी सीट खुशी-खुशी छोड़ देंगे।

हालांकि वरुण गांधी ने पीलीभीत से ही चुनाव लड़ने की तैयारी कर ली है। अगर भाजपा से उनका टिकट कटा तो वह निर्दलीय भी मैदान में उतर सकते हैं।

### भाजपा ने चंदा वसूली कर ली इसलिए विपक्षी पार्टियों के अकाउंट सीज हो रहे : अखिलेश

**अमृत विचार, लखनऊ :** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने आरोप लगाया है कि, भाजपा चंदा वसूली और चंदा चोरी में बेनकाब हो चुकी है। अखिलेश का यह भी आरोप है कि भाजपा ने कोरोना वैक्सीन बनाने वाली दवा कम्पनी तक से चंदा वसूली की है। इसी कड़ी में उन्होंने कहा कि, चंदा वसूली की पोल खुल जाने से बौखलाई भाजपा विपक्ष पर हमलावर है। सपा प्रमुख के मुताबिक, जनता को पता ही नहीं चला कि वैक्सीन बनाने वाली कम्पनी से भी चंदा वसूली कर ली गई। भाजपा विपक्षियों के अब कुछ एकाउण्ट भी सीज कर रही है क्योंकि उसकी चोरी उजागर हो गयी है। अखिलेश गुरुवार को सपा के प्रदेश मुख्यालय लखनऊ में डॉ. राममनोहर लोहिया सभागार में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करने के बाद मीडिया के सामने विचार प्रकट कर रहे थे।

# कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति ने तय किए यूपी के प्रत्याशियों के नाम

**अमृत विचार, लखनऊ :** कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति की दिल्ली में गुरुवार को हुई बैठक में प्रदेश की 17 लोकसभा सीटों के प्रत्याशियों पर मंथन हुआ। पार्टी की ओर से प्रत्याशियों के नामों की औपचारिक घोषणा नहीं की गई। प्रत्याशियों की सूची जल्द जारी होने की संभावना है। पार्टी सूत्रों के अनुसार बैठक में ज्यादातर प्रत्याशियों के नाम तय कर लिए गए हैं। सूत्रों ने बताया कि अमेठी सीट से कांग्रेस नेता राहुल गांधी व रायबरेली सीट से प्रियंका गांधी के नाम पर सहमति बनी है। इसके अलावा वाराणसी से कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, बाराबंकी से तनुज पुनिया, अमरोहा से दानिश अली अंसारी, कानपुर से आलोक मिश्रा, बासगांव से सदल प्रसाद सिंह, देवरिया से अखिलेश सिंह, झांसी से प्रदीप जैन आदित्य व सहारनपुर से इमरान मसूद के नाम तय किए गए हैं। मालूम हो कि दानिश अली अंसारी हाल ही में बसपा से इस्तीफा देकर कांग्रेस में शामिल हुए हैं। सूत्रों ने बताया कि पार्टी जल्द ही सूची की औपचारिक घोषणा करेगी। भारत निर्वाचन आयोग की ओर से चुनाव कार्यक्रम घोषित होने के बाद पार्टी पर सूची शीघ्र जारी करने का दबाव बना हुआ है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्षों की ओर से केंद्रीय नेतृत्व को कहा गया है कि प्रत्याशियों की सूची शीघ्र जारी की जाए ताकि प्रत्याशी चुनाव की तैयारी समय से शुरू कर सकें।



गुरुवार को पार्टी मुख्यालय पर जनता दल लोकतांत्रिक की महिला प्रदेश अध्यक्ष परिणीता सिंह समेत पदाधिकारी महिलाएं और फिल्म अभिनेता समेत दर्जनों लोगों ने राष्ट्रीय लोकदल की सदस्यता ली। अमृत विचार

# रालोद में फिल्म अभिनेता समेत दर्जनों महिलाएं हुईं शामिल

**अमृत विचार, लखनऊ :** जनता दल लोकतांत्रिक की महिला प्रदेश अध्यक्ष परिणीता सिंह समेत पदाधिकारी महिलाएं और फिल्म अभिनेता आदि दर्जनों लोगों ने गुरुवार को राष्ट्रीय लोकदल की सदस्यता ली। प्रदेश अध्यक्ष रामशीष राय और राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे की मौजूदगी में सभी ने लोकसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन को 400 पार कराने का संकल्प लिया। पार्टी का गमछा व माला पहनाकर सदस्यता ग्रहण कराने के बाद राष्ट्रीय प्रवक्ता ने बताया कि रालोद की विचार धारा लोगों को दिल से जोड़ती है, पार्टी का जनाधार बढ़ता जा रहा है। उक्त क्रम में ही जनता दल लोकतांत्रिक की महिला पदाधिकारी बीना गुप्ता, सुशीला मदान, हरजीत भल्ला, चरणजीत भल्ला, मोना अरोडा, कुसुम यादव, फिल्म अभिनेता व समाज सेवक नितिन नाथ ने पार्टी की सदस्यता ली है। साथ ही मुस्लिम समाज के दर्जनों लोगों ने सदस्यता ग्रहण करते हुए पार्टी की विचारधारा में आस्था व्यक्त की। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष आदित्य विक्रम सिंह ज्वाइनिंग कमेंटी के रजनीकांत मिश्रा, वसीम हैदर, अम्बुज पटेल, बीएल प्रेमी, सम्राट सिंह चौहान व महेश पाल धनगर आदि तमाम लोग मौजूद रहें।

# रोस्टर से चलेंगे बंद प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** गांवों में 16-16 लाख रुपये से स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत बने अपशिष्ट प्लास्टिक प्रबंधन केंद्र शोपीस बने हैं। करीब 55-50 केंद्रों में ज्यादातर संचालित नहीं हो पाए हैं। इससे गांवों के साथ पर्यावरण को स्वच्छ रखने की कवायद अधूरी है।

केंद्र के साथ राज्य सरकार ने अधिकांश यूनिट निर्मित होने के बाद क्रियाशील न होने पर नाराजगी जताई है। निर्देश के क्रम में पंचायती राज विभाग रोस्टर बनाकर गांव-गांव अपशिष्ट प्लास्टिक एकत्र करेगा और बराबर यूनिट संचालित कर निस्तारण करेगा। साथ ही सफाई कर्मी की जिम्मेदारी तय की जाएगी। जो सप्ताह में लक्ष्य के अनुसार प्लास्टिक एकत्र कर कलेक्शन सेंटर पर पहुंचाएंगे और वहां से यूनिट पर भेजेंगे। इस कार्य का एक सफाई कर्मी व ग्राम पंचायत का रजिस्टर बनेगा। जिस पर उपस्थिति से लेकर पूरे कार्य का ब्योरा दर्ज किया जाएगा। विकास खंड पर प्लास्टिक कलेक्शन सेंटर बनाया जाएगा। निर्माण 15वें वित्त की टाइट ग्रांट से होगा।

### सड़क निर्माण के लिए बेचनी है प्लास्टिक

इस योजना का मकसद गांवों घरों से फेंकी जाने वाली अपशिष्ट प्लास्टिक का निस्तारण कर गांवों को स्वच्छ रखना है। साथ ही प्लास्टिक का यूनिट में निस्तारण कर इसके दाने बनाकर सड़क निर्माण के लिए लोक निर्माण विभाग व ठेकेदारों को बिक्री करना है। इसका मिश्रण डामर में प्रयोग होता है। इससे बनी सड़कें ज्यादा टिकाऊ होती हैं। बिक्री से मिलने वाली धनराशि ग्राम पंचायत की आय है।

# शाइस्ता और जैनब के छिपे होने के इनपुट पर आधी रात पड़ा छापा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- आधा दर्जन थानों की पुलिस ने प्रयागराज के चकिया और हटवा क्षेत्र को घेरा

**अमृत विचार :** उमेश पाल हत्याकांड के बाद से ही फरार 50 हजार की इनामी शाइस्ता परवीन और उसकी देवरानी जैनब उर्फ रूबी के शहर आने की सूचना पर बुधवार की देर रात सनसनी फैल गई। जानकारी मिलते ही आधा दर्जन थानों की फोर्स लेकर पहुंचे पुलिस अफसरों ने आधी रात प्रयागराज के चकिया और हटवा में छापा मारना शुरू कर दिया। इस दौरान चप्पे-चप्पे की तलाशी ली गई। रास्तों से गुजरने वाली हर लग्जरी कार को रोककर चेकिंग की गई। रात 12:00 बजे शुरू हुआ सर्च ऑपरेशन सुबह चार बजे तक चलता रहा।

माफिया अतीक अहमद की पत्नी शाइस्ता परवीन उमेश पाल हत्याकांड में नामजद अभियुक्त है। उधर उसके देवर अशरफ की पत्नी जैनब फातिमा उर्फ रूबी की भी पुलिस तलाश कर रही है। दोनों उमेश पाल हत्याकांड के बाद से ही फरार हैं। प्रयागराज पुलिस के साथ ही एसटीएफ भी उनकी तलाश में लगी हुई है।

बुधवार रात 11:30 बजे के करीब मिले एक खुफिया इनपुट ने पुलिस अफसरों की नींद उड़ा दी। बताया गया कि शाइस्ता परवीन और जैनब किसी से मिलने शहर में पहुंची हैं। इसके बाद आधे घंटे के भीतर तमाम अफसर धूमनगंज पहुंच गए। यहां आधा दर्जन थानों की फोर्स भी बुला ली गई। रात करीब 12:00 बजे भारी पुलिस बल ने पहले हटवा गांव में छापा मारा। पुलिस फोर्स अतीक के करीबियों के घर के आसपास पहुंची और वहां रहने लोगों से पूछताछ की। गांव की ओर आने वाली हर लग्जरी कार को रोककर तलाशी ली गई। हटवा से होते हुए पुलिस फोर्स चकिया पहुंची। यहां भी सघन तलाशी अभियान चलाया गया।

पुलिस फोर्स अतीक के मलबे में तब्दील हो चुके पैतृक मकान पर भी पहुंची और तलाशी ली। बताते चलें कि शाइस्ता परवीन पिछले साल 16 अप्रैल को आखिरी बार शहर में देखी गई थी। अतीक और अशरफ की हत्या के अगले दिन वह माफिया के करीबी जफरुल्लाह के खुल्दाबाद स्थित घर पर पहुंची थी।

## वर्ग पहेली-17

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 | ■ | ■ | ■ | 2 | |
| 3 | | | | | ■ | ■ |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ |
| 4 | | | | 5 | ■ | 6 |
| ■ | | ■ | ■ | | ■ | |
| 7 | ■ | ■ | ■ | 8 | 9 | |
| 10 | | ■ | 11 | | | ■ |

**बाएं से दाएं**

2. 1. मानव मुख से नि:सृत सार्थक शब्द, ध्वनि 2. बोलने या बातचीत करने की शक्ति, वाचा 3. मुंह के अंदर का वह लंबा चपटा मांस पिंड जिससे रसों का आस्वादन और उसकी सहायता से शब्दों का उच्चारण होता है, जिह्वा 4. विद्या और वाणी की अधिष्ठात्री देवी, सरस्वती।

4. 1. अकथित, अनुक्त, अनभिव्यक्त 2. अवर्णित, अनुल्लिखित।

6. 1. पेड़ की टहनी या बांस आदि का किसी लंबी वस्तु के दबाव आदि से झुकना या मुड़ना, लचना 2. नखरे-नज़ाकत से स्त्रियों की कमर का बल-खाना।

7. पिया जाने वाला पदार्थ, पेय पदार्थ

8. 1. ढुलकने वाली वस्तु या चीज़, बेलन, बेलना 2. एक प्रकार का वाहन जिसका उपयोग भूमि समतल करने के लिए किया जाता है 3. बालों को घुंघराले करने का एक उपकरण।

9. 1. बादलों का समूह, मेघमाला 2. (संगीत) मेघ राग की एक रागिनी।

**ऊपर से नीचे**

1. वह स्थान जहां दवाओं का निर्माण अथवा बिक्री होती है

3. 1. मोहित करना, रिझाना 2. मन में अपने प्रति चाह उत्पन्न करना, ललचाना 3. बहकाना।

4. 1. अकड़ने की क्रिया या भाव, ऐंठ, तनाव 2. घमंड, अहंकार, दर्प, हेकड़ी 3. ठंड आदि के कारण अंगों में होने वाली अकड़ाहट, कड़ापन, तनाव 4. स्वाभिमान, गर्व 5. ज़िद, हठ, ढिठाई 6. हिमाकत। (मु.)-जाना : ज़िद या हठ पर अड़ जाना, सूखकर कड़ा हो जाना। -दिखाना : अभिमान प्रदर्शित करना।

5. 1. कार्य पूरा करने का साधन, अभीष्ट सिद्ध करने का साधन, प्रयास 2. उपाय, उद्योग, युक्ति, तरकीब 3. प्रबंध, इंतज़ाम 4. सुझाव।

7. पिटारी, छोटी पिटारी।

### वर्ग पहेली -16 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 सु | ■ | ■ | ■ | 2 द् | ध |
| 3 खु | र | खु | रा | ना | ■ | ■ |
| ■ | धा | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ |
| 4 आ | मि | ष | भो | 5 जी | ■ | 6 ध |
| ■ | नी | ■ | ■ | वां | ■ | नु |
| 7 मी | ■ | ■ | ■ | 8 त | 9 लु | आ |
| 10 त | ली | ■ | 11 अं | क | क | ■ |

## सुडोकू -96

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | | 6 | | 8 | 5 | | |
| | 2 | | 9 | | | 4 | | |
| | | | | 3 | | | | |
| 6 | | 7 | 8 | | | | 3 | |
| | | 2 | | | | 7 | | 9 |
| | 5 | | | | 7 | | | |
| | | 8 | | 5 | 2 | | | |
| | | 1 | | | | | 6 | |
| | | 9 | 4 | | 6 | | | 7 |

### सुडोकू -95 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 8 | 4 | 1 | 9 | 2 | 7 | 5 | 6 |
| 5 | 9 | 7 | 3 | 6 | 8 | 4 | 2 | 1 |
| 2 | 6 | 1 | 7 | 4 | 5 | 3 | 9 | 8 |
| 6 | 7 | 2 | 4 | 8 | 1 | 9 | 3 | 5 |
| 9 | 4 | 5 | 2 | 3 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 1 | 3 | 8 | 5 | 7 | 9 | 6 | 4 | 2 |
| 8 | 5 | 9 | 6 | 2 | 3 | 1 | 7 | 4 |
| 7 | 1 | 3 | 8 | 5 | 4 | 2 | 6 | 9 |
| 4 | 2 | 6 | 9 | 1 | 7 | 5 | 8 | 3 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 22 मार्च, शुक्रवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-त्रयोदशी पूर्ण रात्रि।

**मेष :** आज आय के वैकल्पिक स्रोतों पर काम शुरू कर सकते हैं। महिलाओं को यात्रा आदि के दौरान कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। नौकरीपेशा लोगों के ऊपर से काम का बोझ कम होगा। भाई-बहनों के मध्य प्रेम भाव बढ़ेगा।

**वृष :** आज व्यापार को गतिशील रखने के लिए बड़ा निवेश करना पड़ेगा। घर के लोगों से नाराजगी हो सकती है। माइग्रेन के रोगियों को भोजन समय पर कर लेना चाहिए। मित्रों के साथ अनबन होने की संभावना बन रही है।

**मिथुन :** आज स्वास्थ्य पहले की तुलना में बेहतर रहेगा। व्यर्थ के कार्यों में आप धन खर्च करेंगे। दूसरे शहरों में रहने वाले लोग अपने शहरों की यात्रा कर सकते हैं। नई संपत्ति की खरीदी करने का विचार बना सकते हैं। लोग आपसे सलाह लेना पसंद करेंगे।

**कर्क :** आज कार्यक्षेत्र में आपको कड़ी मेहनत करनी पड़ेगी जिसका परिणाम सार्थक ही होगा। आडंबर और दिखावे की प्रवृत्ति से आपको बचना चाहिए। व्यवसाय में आपको प्रतिद्वंद्वियों से कड़ी टक्कर मिलेगी।

**सिंह :** आज कारोबार में आपको बड़े अनुबंध प्राप्त हो सकते हैं। युवा अपने करियर को लेकर काफी सतर्क रहेंगे। आप सबके साथ प्रेमपूर्वक व्यवहार करेंगे जिससे आप सबके चहेते बन जाएंगे। समाज में आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**कन्या :** आज जीवनसाथी से कोई बात न छिपाएं। इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं का प्रयोग सावधानी पूर्वक करें। कानून विरुद्ध जाकर भी कोई काम करना आपके लिए नुकसानदायक हो सकता है। ऑफिस कनिष्ठों का भरपूर सहयोग मिलेगा।

**तुला :** आज तय समय पर अपने निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त कर लेंगे। वैवाहिक जीवन में प्रेम भाव बढ़ेगा। लोग आपसे सलाह लेने का प्रयास करेंगे। आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा। व्यापार में अचानक धन लाभ मिलेगा।

**वृश्चिक :** आज पुरानी संपत्ति के विक्रय के अचानक योग बन रहे हैं। समय का भरपूर सदुपयोग करेंगे। धन के लेनदेन में चूक हो सकती है। आप काफी अच्छे मूड में रहेंगे। व्यक्तिगत समस्याओं का असर आपके काम पर भी पड़ सकता है।


**धनु :** आज घर में मेहमान आ सकते हैं। मनोरंजन युक्त चर्चाओं का आनंद उठाएंगे। परिजन आपका सम्मान करेंगे। धर्म को लेकर मन में कुछ गलत बातें मन में आ सकती हैं। व्यापार में आप कुछ नया प्रयोग कर सकते हैं।

**मकर :** आज दूसरों के कार्यों में अनर्गल हस्तक्षेप न करें। कोई महत्वपूर्ण कार्य स्थगित हो सकता है। अपनी क्षमताओं का दुरुपयोग न करें। वैवाहिक संबंधों को लेकर थोड़े भावुक रहेंगे। आपको लंबी यात्रा करने से बचना चाहिए।

**कुंभ :** आज राजनीति से जुड़े लोगों को मीडिया में प्रसिद्धि मिल सकती है। समझदारी पूर्वक लिए गए निर्णय भविष्य के लिए लाभकारी सिद्ध होंगे। स्वादिष्ट भोजन का आनंद उठाएंगे। यात्रा को लेकर अपनी योजना बदल सकते हैं।

**मीन :** आज कुछ लोग आपकी खुशियों और सफलता से ईर्ष्या करेंगे। रक्तचाप के रोगियों को थोड़ी भी असहजता महसूस हो तो कृपया तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें। महिला वर्ग अपने काम को लेकर कुछ तनाव में हो सकता है।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-वसंत। चन्द्रबल-मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन। ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-मघा 23 मार्च 04.28 तक तत्पश्चात पूर्वाफाल्गुनी।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES: नजर के सामने — सुबह : 11.00; तकदीर का तमाशा — रात : 07.00

SONY MAX: पटेल की पंजाबी शादी — सुबह : 10.52; आशिकी — रात : 07.00

SONY PIX: टैक्सी ड्राइवर — सुबह : 09.55; स्पाइडर मैन 2 — रात : 09.00

ZEE CINEMA: तरला — सुबह : 10.05; जब हैरी मेट सेजल — रात : 08.30

colors CINEPLEX: महान — सुबह : 10.30; दिल — रात : 07.04

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात : 08.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पत्नी चिल्ला कर बोली- आज शाम को जल्दी घर आ जाना
पति- क्यों कुछ खास है क्या?
पत्नी- मायके से रिश्तेदार आ रहे हैं
पति- मेरा दिमाग मत खाओ, मैं व्यस्त हूं कौन-कौन आ रहा है?
पत्नी- मेरी दोनों छोटी बहनें आ रही हैं।
पति खुश होकर बोला- तुम्हारे रिश्तेदार मतलब मेरे रिश्तेदार, पक्का समय से आ जाऊंगा।

लड़का शादी के लिए लड़की देखने गया। उसने सोचा क्यों न लड़की से अंग्रेजी में बात करूं?
उसने लड़की से पूछा- इंग्लिश चलेगी न?
लड़की- जी प्याज और नमकीन साथ हो तो देशी भी चलेगी।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 1010 फ्लैग 1115 डीएमओ 890 बोल्ड 1180, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1010 फ्लैग 1130 बोल्ड 1180 डीएमओ 900।

## कानपुर मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूंदड़ा | 2525-2550 |
| आरआर 21 | 2700-2750 |
| गेहूंफारम | 2800-2850 |
| जौ | 2000-2100 |
| ज्वार | 2600-4000 |
| बाजरा | 2125-2175 |
| मकाई | 2000-2200 |
| **दलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लोकल | मिल डिलीवरी |
| चना | 5800-5900 |
| अरहर | 7500-8000 |
| मसूर | 5500-5600 |
| मटर | 3700-4000 |
| उड़दहरा | 10000-10200 |
| उड़दकाला | 6000-8000 |
| मूंग | 8500-8800 |
| **दाल (प्रति क्वि.)** | |
| अरहरफूल | 14500-14700 |
| अरहरस्पेशल1 | 12200-12300 |
| चनादाल | 7100-7200 |
| मटरदाल | 4850-4950 |
| मसूरमलका | 7000-7100 |
| मसूरदाल | 7100-7200 |
| उड़ददाल | 9000-12000 |
| उड़द धोवा | 10500-13000 |
| मूँगदाल | 8800-10300 |
| मूँग धोवा | 9800-11500 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| अरवा | 2000-2300 |
| बासमती नं.1 | 8500-10000 |
| सेला | 2500-3000 |
| बासमती नं.2 | 6500-7500 |
| **आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)** | |
| आटा | 1490-1550 |
| मैदा | 1450-1500 |
| सूजी | 1500-1550 |
| **चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)** | |
| शाहपसंद | 1430-1475 |
| **तिलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लाही | 4800-5100 |
| अलसी | 4500-4600 रुपये। |

### भारत में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के लिए फिक्की-आईबीए बैंकर की रिपोर्ट से हुआ खुलासा

# बैंकों के एनपीए में पिछले 6 माह में आई कमी

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत में सार्वजनिक क्षेत्र के सभी बैंकों (पीएसबी) की गैर-निष्पादित आस्तियों (एनपीए) में पिछले छह माह में कमी आई है। फिक्की-आईबीए बैंकर के बृहस्पतिवार को जारी सर्वेक्षण में कहा गया है कि इस अवधि में निजी क्षेत्र के 67 प्रतिशत बैंकों का खराब ऋण घटा है। सर्वेक्षण में शामिल 77 प्रतिशत बैंकों के एनपीए में पिछले छह माह में गिरावट आई है। निजी क्षेत्र के बैंकों की तुलना में सरकारी बैंकों की संपत्ति की गुणवत्ता में अधिक सुधार हुआ है।

उद्योग मंडल फिक्की-आईबीए बैंकर्स सर्वेक्षण का 18वां दौर जुलाई से दिसंबर, 2023 की अवधि में किया गया था। सर्वेक्षण में सार्वजनिक क्षेत्र, निजी क्षेत्र और विदेशी बैंकों सहित

**निजी क्षेत्र के 67 प्रतिशत बैंकों का खराब ऋण घट गया**



कुल 23 बैंकों ने भाग लिया। संपत्ति के आकार के आधार पर वर्गीकृत ये बैंक कुल मिलाकर लगभग 77 प्रतिशत बैंकिंग उद्योग का प्रतिनिधित्व करते हैं। फिक्की-आईबीए बैंकर्स रिपोर्ट में शामिल आधे से अधिक बैंकों का मानना है कि अगले छह महीनों में सकल एनपीए 3-3.5 प्रतिशत के दायरे में रहेगा।

सर्वेक्षण में कहा गया, प्रतिक्रिया देने वाले सभी पीएसबी ने एनपीए के स्तर में कमी स्वीकार की है, जबकि भाग लेने वाले निजी क्षेत्र के बैंकों में से 67 प्रतिशत बैंकों ने एनपीए में कमी देखी है। किसी भी पीएसबी और विदेशी बैंक ने पिछले छह माह में एनपीए स्तर में वृद्धि नहीं देखी है, जबकि 22 प्रतिशत निजी बैंकों का एनपीए बढ़ा है। जिन क्षेत्रों में एनपीए का उच्चस्तर जारी है, उनमें से अधिकांश बैंकों ने खाद्य प्रसंस्करण, कपड़ा और बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्रों को चिह्नित किया है।

### बैंकों तक सबकी पहुंच आसान बनाने के लिए सरकार की ओर से दिशा-निर्देशों का मसौदा जारी

सरकार ने बैंकिंग क्षेत्र तक पहुंच को सुगम करने से संबंधित दिशानिर्देशों के मसौदे पर लोगों से टिप्पणियां एवं सुझाव आमंत्रित किए हैं ताकि बैंकिंग सेवाओं को दिव्यांगों समेत सभी लोगों के लिए सुलभ बनाया जा सके। दिव्यांग सशक्तीकरण विभाग के नियमों के मसौदे में बैंकिंग क्षेत्र के भीतर भौतिक बुनियादी ढांचे, स्वचालित मशीनों, डिजिटल मंच और प्रशिक्षण पहल के विभिन्न पहलुओं को शामिल किया गया है। इन दिशा-निर्देशों में कहा गया है कि इसका उद्देश्य एक ऐसा वातावरण बनाना है जो बैंकों के भीतर विविध क्षमताओं वाले व्यक्तियों का स्वागत और समायोजन कर सके। इसके मुताबिक, बैंकों को यह सुनिश्चित करना होगा कि उनकी जानकारी या सेवा काउंटर सभी उपयोगकर्ताओं के लिए सुलभ हों। इसमें व्हीलचेयर उपयोगकर्ताओं, छोटे कद के व्यक्तियों और देखने-सुनने में अक्षम लोगों के लिए प्रावधान शामिल हैं। निर्देशों में एटीएम और स्वयं-सहायता मशीनों के लिए पहुंच प्रावधानों का विवरण दिया गया है।

### देश के नियोक्ताओं को नहीं मिल रहे एआई दक्ष कामगार

**नई दिल्ली।** देश में हर दस में से नौ से ज्यादा नियोक्ता नियुक्तियों में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) के कौशल को प्राथमिकता दे रहे हैं लेकिन 79 प्रतिशत नियोक्ताओं को अपनी जरूरत के मुताबिक एआई कौशल वाले लोग नहीं मिल पा रहे हैं जबकि एआई कौशल से काम करने वाले लोगों का वेतन 54 प्रतिशत से ज्यादा बढ़ सकता है और एआई अपनाने में होती वृद्धि के साथ करियर में तेजी आ सकती है। एमेज़ॉन डॉटकॉम कंपनी एमेज़ॉन वेब सर्विसेज़ (एडब्लूएस) ने आज अपनी नई शोध जारी की है, जिसमें सामने आया है कि जब एआई का पूरा उपयोग होने लगेगा, तब एआई कौशल और विशेषज्ञता वाले लोगों के वेतन में 54 प्रतिशत से ज्यादा वृद्धि हो सकती है जबकि आईटी (65 प्रतिशत), शोध एवं विकास (62 प्रतिशत) में वेतन में सर्वाधिक वृद्धि होती है।

### डिजिटलीकरण के जोखिमों के लिए मजबूत नियामकीय ढांचे की जरूरत

नई दिल्ली, एजेंसी

- आरबीआई डिप्टी गवर्नर स्वामीनाथन ने दी सलाह



भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के डिप्टी गवर्नर स्वामीनाथन जे ने कहा है कि वित्तीय सेवाओं के तेजी से डिजिटल होने और वित्तीय-प्रौद्योगिकी मंचों का प्रसार होने से ग्राहकों को दुरुपयोग और धोखाधड़ी से बचाने के लिए मजबूत नियामकीय ढांचे की जरूरत है।

आरबीआई ने एक बयान में कहा कि इस सप्ताह की शुरुआत में स्वामीनाथन ने पेरिस में आयोजित 'ग्लोबल मनी वीक 2024' को संबोधित करते हुए कहा कि कोविड-19 महामारी ने वित्तीय सेवाओं में डिजिटलीकरण की प्रक्रिया तेज कर दी है, जिससे सेवाप्रदाताओं और ग्राहकों द्वारा ऑनलाइन लेनदेन में तेजी से बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि डिजिटलीकरण में इस उछाल के साथ वित्तीय-प्रौद्योगिकी मंचों का प्रसार भी हुआ है। स्वामीनाथन ने कहा कि अक्सर नियामकीय दायरे के बाहर काम करते हुए और पारंपरिक बैंकों को प्रभावित करने वाली परंपरागत प्रणालियों से न बंधी हुई वित्तीय-प्रौद्योगिकी कंपनियां वित्तीय उत्पादों की पेशकश में उल्लेखनीय तीव्रता और अनुकूलनशीलता दर्शाती प्रदर्शित करती हैं। उन्होंने कहा-विकास वास्तव में स्वागत योग्य हैं।

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 77,500 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 68,750 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 51,200-51,400 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 66,050 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 65,900 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 75,000 |
| चांदी तैयार | 75,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 90, 500 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 65,850 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 64,850 |
| चांदी पक्की | 740 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 66,300 |
| चांदी आभूषण | 75,000। |

### भारत का कोयला आयात अप्रैल-जनवरी अवधि में बढ़कर 21.22 करोड़ टन हुआ

नई दिल्ली, एजेंसी

चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जनवरी अवधि में देश में कोयला आयात सालाना आधार पर 1.65 प्रतिशत की मामूली वृद्धि के साथ 21.22 करोड़ टन हो गया है।

अंतरव्यापारिक ई-कॉमर्स मंच एमजंक्शन सर्विसेज लिमिटेड द्वारा जुटाए आंकड़ों के अनुसार, पिछले वित्त वर्ष (2022-23) की इसी अवधि में भारत का कोयला आयात 20.87 करोड़ टन था। आंकड़ों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जनवरी अवधि के दौरान, गैर-कोकिंग कोयले के आयात की मात्रा 13.64 करोड़ टन थी, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के दौरान आयातित 13.69 करोड़ टन से थोड़ा कम है। अप्रैल-जनवरी 2023-24 के दौरान कोकिंग कोयले का आयात 4.73 करोड़ टन था, जो बीते वित्त वर्ष की समान अवधि में दर्ज 4.60 करोड़ टन से अधिक है। प्रमुख और गैर-प्रमुख बंदरगाहों के माध्यम से जनवरी में कोयला आयात बढ़कर 1.98 करोड़ टन हो गया, जो पिछले वित्त वर्ष के समान महीने में 1.69 करोड़ टन से अधिक था। जनवरी, 2024 में कुल कोयला आयात में से गैर-कोकिंग कोयले का आयात 1.21 करोड़ टन रहा है।

### सेंट्रल बैंक के प्रबंध निदेशक एम वी राव आईबीए चेयरमैन बने

**मुंबई।** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एम वी राव को बृहस्पतिवार को भारतीय बैंक संघ (आईबीए) का चेयरमैन नियुक्त किया गया।

आईबीए की प्रबंध समिति ने बृहस्पतिवार को हुई अपनी बैठक में भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के चेयरमैन दिनेश कुमार खारा, इंडियन बैंक के प्रबंध एवं सीईओ एस एल जैन और सिटी यूनियन बैंक के प्रबंध और सीईओ एन कामाकोडी को उपाध्यक्ष के रूप में चुना है।

## सेंसेक्स 539 अंक चढ़कर 72,641 पर बंद

मुंबई, एजेंसी

- निफ्टी में भी 172 अंक की बढ़त रही, एनटीपीसी टॉप गेनर रहा



वैश्विक बाजारों में तेजी के बीच घरेलू शेयर बाजारों के मानक सूचकांकों में बृहस्पतिवार को लगभग एक प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई। अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व ने अनुमान जताया है कि इस साल ब्याज दर में तीन बार कटौती की जाएगी। इसके बाद वैश्विक बाजारों में तेजी आई। बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 539.50 अंक यानी 0.75 प्रतिशत उछलकर 72,641.19 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 780.77 अंक तक उछलकर 72,882.46 अंक पर पहुंच गया था। यह लगातार दूसरा कारोबारी सत्र है जब सेंसेक्स लाभ में रहा है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 172.85 अंक यानी 0.79 प्रतिशत चढ़कर 22,011.95 अंक पर पहुंच गया।

सेंसेक्स की कंपनियों में एनटीपीसी, पावर ग्रिड, इंडसइंड बैंक, टाटा स्टील, टाटा मोटर्स, जेएसडब्ल्यू स्टील, टेक महिंद्रा और लार्सन एंड टुब्रो सबसे अधिक लाभ में रहीं। दूसरी तरफ भारती एयरटेल, मारुति सुजूकी, आईसीआईसीआई बैंक और एशियन पेंट्स के शेयरों में गिरावट का रुख रहा। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा-घरेलू बाजारों को वैश्विक बाजारों के रुख से मजबूती मिली। फेडरल रिजर्व ने मुद्रास्फीति के दीर्घकालिक लक्ष्य से ऊपर रहने के बावजूद इस साल ब्याज दरों में तीन कटौती की राह पर चलने का संकेत दिया है।

## राष्ट्रीय

### एक नजर

**एसएससी कांस्टेबल भर्ती की 30 को होगी दोबारा परीक्षा**

**नई दिल्ली।** कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) ने तकनीकी कारणों का हवाला देते हुए केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों, सचिवालय सुरक्षा बल में कांस्टेबल और असम राइफल्स में राइफलमैन की भर्ती के लिए 16,185 अभ्यर्थियों के वास्ते 30 मार्च को दोबारा परीक्षा आयोजित कराने का निर्णय लिया है। आयोग द्वारा केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ), सचिवालय सुरक्षा बल (एसएसएफ) में कांस्टेबल (सामान्य ड्यूटी) और असम राइफल्स में राइफलमैन (सामान्य ड्यूटी) के लिए कंप्यूटर आधारित परीक्षा 20 फरवरी से 7 मार्च तक आयोजित की गई थी।

**कैंसर, कफ सिरप समेत 23 दवाओं के नमूने फेल**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में बनीं दर्द निवारक कैंसर, एलर्जी, कफ सिरफ, बैक्टीरिया संक्रमण की 23 समेत देशभर की 58 दवाइयों के नमूने फेल हो गए। केंद्रीय औषधि नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) ने आज यह जानकारी दी। संगठन ने 676 दवाइयों के नमूने फरवरी में लिए थे। सीडीएससीओ से मिली जानकारी के अनुसार बद्दी की नेक्सकेम बॉयोटेक कंपनी की दर्द की दवा एसेपिक, पांवटा की लेबोरेट फार्मा की संक्रमण की दवा एमोक्सिलिन, परवाणू की हनुचौंम लैबोरेटरी की कैल्शियम और विटामिन डी-3, बेहोशी की दवा व इंजेक्शन आदि मानकों पर खरी नहीं उतरी।

# बार एसोसिएशन के अध्यक्ष व सचिव को नोटिस

### सुनवाई के दौरान उच्चतम न्यायालय ने की टिप्पणी-दो सदस्यों पर हमला गंभीर

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने गौतमबुद्ध नगर जिला अदालत में वरिष्ठ वकील गौरव भाटिया के साथ की गई कथित हाथापाई का बृहस्पतिवार को संज्ञान लिया और जनपद दीवानी एवं फौजदारी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष और सचिव को नोटिस जारी किया। वरिष्ठ वकील विकास सिंह ने प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष मामले का उल्लेख किया। इसके बाद प्रधान न्यायाधीश ने घटना पर स्वतः संज्ञान याचिका दर्ज करने का निर्देश दिया। घटना बुधवार को जिला अदालत में हुई जहां वकील हड़ताल पर थे।

सिंह ने शीर्ष अदालत को बताया कि वकीलों ने कथित तौर पर

**वरिष्ठ वकील के साथ हाथापाई का मामला**



दुर्व्यवहार किया और भाटिया का 'कॉलर बैंड' छीन लिया। एक महिला वकील भी पीठ के समक्ष पेश हुईं और दावा किया कि एक मामले में पेश होने के दौरान एक अलग अदालत में उनके साथ भी दुर्व्यवहार किया गया था। पीठ ने कहा-ऐसा कोई कारण नहीं है कि यह न्यायालय रिकॉर्ड पर रखी गई बात को स्वीकार न करे। आमतौर पर, हम याचिका पर जोर देते हैं। लेकिन उच्चतम न्यायालय बार एसोसिएशन के दो सदस्यों पर हमला गंभीर है। हम रजिस्ट्रार को स्वतः संज्ञान रिट याचिका दर्ज करने का निर्देश देते हैं। पीठ में न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल हैं।

शीर्ष अदालत ने जिला न्यायाधीश, गौतमबुद्धनगर को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि घटना का सीसीटीवी फुटेज अगले आदेश तक सुरक्षित रहे और घटना पर एक रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। पीठ ने कहा कि बार एसोसिएशन के अध्यक्ष और सचिव व्यक्तिगत रूप से उपस्थित हों। शीर्ष अदालत ने कहा कि बार के सदस्यों की हड़ताल से उन वादियों पर असर पड़ता है जो न्याय प्रणाली में अहम हितधारक हैं। उच्चतम न्यायालय बार एसोसिएशन (एससीबीए) ने भी भाटिया के साथ गौतमबुद्ध नगर जिला अदालत में एक वकील द्वारा किए गए दुर्व्यवहार की निंदा की है।

एससीबीए ने न्यायालय को बताया कि उच्चतम न्यायालय बार एसोसिएशन अदालत कक्ष के अंदर मौजूद एक वकील द्वारा किए गए इस गंभीर दुर्व्यवहार का संज्ञान लेता है और संबंधित वकील के ऐसे गैर-पेशेवर और गैर कानूनी कृत्य की कड़ी निंदा करता है जो संपूर्ण कानूनी बिरादरी को बदनाम करता है। एससीबीए ने कहा कि वह जनपद दीवानी एवं फौजदारी बार एसोसिएशन गौतमबुद्धनगर की कार्यकारिणी समिति से उक्त वकील की पहचान कर उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का आग्रह करता है।

### आधार कार्ड निष्क्रिय किए जाने के आरोप पर केंद्र से जवाब-तलब

**कोलकाता।** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को केंद्र को उस जनहित याचिका पर हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया, जिसमें संबंधित अधिकारियों द्वारा लोगों के आधार कार्ड निष्क्रिय करने का आरोप लगाया गया है।

अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) अशोक चक्रवर्ती ने जनहित याचिका के सुनवाई योग्य होने पर सवाल उठाते हुए कहा कि याचिका में इस तरह की कार्रवाई से प्रभावित किसी भी व्यक्ति के व्यक्तिगत मामले का हवाला नहीं दिया गया है। मुख्य न्यायाधीश टी.एस. शिवगणनम की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने केंद्र को जनहित याचिका में लगाए गए आरोपों पर अपनी स्थिति स्पष्ट करते हुए तीन सप्ताह के भीतर हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया है।

### पतंजलि आयुर्वेद ने अपने भ्रामक और झूठे विज्ञापन पर मांगी माफी

नई दिल्ली, एजेंसी

- प्रबंध निदेशक आचार्य बालकृष्ण ने बिना शर्त लगाई गुहार



'भ्रामक' विज्ञापन जारी करने के मामले में अदालत की अवमानना नोटिस का सामना कर रहे पतंजलि आयुर्वेद और उसके प्रबंध निदेशक आचार्य बालकृष्ण ने उच्चतम न्यायालय के समक्ष बिना शर्त माफी की गुहार लगाई है।

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने एलोपैथी दवा को बदनाम करने के लिए बाबा रामदेव और पतंजलि आयुर्वेद के खिलाफ याचिका दायर की थी। इस मामले में शीर्ष अदालत ने उन्हें 19 मार्च को फटकार लगाई थी और दो अप्रैल को रामदेव और बालकृष्ण को अदालत के समक्ष पेश होने का आदेश दिया था। उससे पहले शीर्ष अदालत के समक्ष एक हलफनामा दायर कर बालकृष्ण ने कहा है कि वह कानून के शासन का सर्वोच्च सम्मान करते हैं और उसका पालन करने के लिए बाध्य है।

उन्होंने खेद व्यक्त करते हुए कहा है कि जिस विज्ञापन में केवल सामान्य बयान शामिल थे, उसमें अनजाने में आपत्तिजनक वाक्य भी शामिल हो गए। ऐसा इस वजह से हुआ कि कंपनी के मीडिया विभाग के कर्मियों को अदालत के आदेश के बारे में जानकारी नहीं थी।

### यूनियन बैंक में धोखाधड़ी: सीबीआई ने स्वास्तिक कंपनी के परिसरों की ली तलाशी

**नई दिल्ली।** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में 48.06 करोड़ रुपये से अधिक की कथित धोखाधड़ी के मामले में सीबीआई ने जयपुर में स्वास्तिक कॉपर्स प्राइवेट लिमिटेड और उसके निदेशकों के परिसरों में पांच स्थानों पर तलाशी ली है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने बिजली वितरण ट्रांसफार्मर के निर्माण और मरम्मत के कारोबार में लगी कंपनी और उसके निदेशकों और गारंटरों पर कथित तौर पर बैंक को धोखा देने का मामला दर्ज किया है। एजेंसी ने कहा कि सीबीआई ने प्राथमिकी में कंपनी के निदेशकों/गारंटर संदीप जैन और इंद्र जैन, पूर्व निदेशक/गारंटर नीलम जैन, गारंटर शरद कुमार बाकलीवाल और अन्य अज्ञात लोक सेवकों और निजी व्यक्तियों को नामित किया है।

### गैस रिसाव से आग लगी, तीन बच्चों सहित पांच की मौत

जयपुर, एजेंसी

- राजस्थान में हुई घटना में एक परिवार के लोग जल गए

जयपुर में बृहस्पतिवार को सुबह रसोई गैस सिलेंडर से गैस रिसाव के कारण लगी आग में एक ही परिवार के पांच लोगों की जलकर मौत हो गई। मरने वालों में युवा दंपत्ति व उसके तीन बच्चे शामिल हैं। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस के अनुसार घटना बृहस्पतिवार सुबह उस समय हुई जब राजेश यादव (25) सिलेंडर बदल रहा था। थाना प्रभारी राजेंद्र कुमार ने बताया कि सिलेंडर से गैस लीक हो रही थी और अचानक आग भभक उठी। उन्होंने बताया कि किराए के कमरे में राजेश यादव, उनकी पत्नी रूबी (24), उनकी बेटियां ईशु (7) व खुशमनी (4) और बेटा दिलखुश (2) मौजूद थे और उनमें से कोई भी बाहर नहीं निकल सका। आग ने पूरे कमरे को अपनी चपेट में ले लिया और सभी लोग जिंदा जल गए। थानाधिकारी ने बताया कि इस मकान में 17-18 कमरे हैं। इनमें से एक कमरे में राजेश का परिवार पिछले चार महीने से रह रहा था। यह परिवार मूल रूप से मोतिहारी, बिहार का रहने वाला था। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि राजेश एक फैक्ट्री में काम करता था। उसने सुबह अपना सिलेंडर भरवाया था और उसे बदल रहा था तभी अचानक यह हादसा हुआ।


### उत्तर-पूर्व दिल्ली में इमारत ढह जाने से दो लोगों की गई जान, एक अन्य घायल

**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्व दिल्ली के वेलकम इलाके में एक इमारत ढह जाने से एक जींस कारखाने के दो कर्मचारियों की मौत हो गई, और एक अन्य घायल हो गया। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। जींस कारखाने के तीनों कर्मचारी दो मंजिला इमारत के भूतल पर काम कर रहे थे। पुलिस उपायुक्त (उत्तर पूर्व) जॉय टिर्की ने बताया-देर रात 2.16 बजे दो मंजिला इमारत के गिर जाने की सूचना मिली। यह एक पुरानी इमारत थी।'' उन्होंने कहा कि इस भवन की पहली मंजिल खाली थी और भूतल पर जींस का कपड़ा काटने का काम हो रहा था। एक अन्य अधिकारी ने कहा-मलबे में दबे तीन कर्मचारियों को बाहर निकाला गया और जीटीबी अस्पताल पहुंचाया गया जहां उनमें से दो को मृत घोषित कर दिया गया।

## आनंद ने खरगे को लिखा-जाति जनगणना सही नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

- कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शर्मा ने पार्टी के रुख किया विरोध
- कहा-देश में इससे बेरोजगारी और असमानता खत्म नहीं होगी



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आनंद शर्मा ने जाति जनगणना पर पार्टी के आधिकारिक रुख का विरोध करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि समावेशी दृष्टिकोण रखने वाली इस पार्टी का अपने पुराने रुख से विचलित होना इंदिरा गांधी एवं राजीव गांधी की विरासत का अपमान है। उन्होंने पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को लिखे गए पत्र में यह भी कहा कि जाति जनगणना देश में व्याप्त असमानताओं और बेरोजगारी की समस्या के समाधान के लिए रामबाण नहीं हो सकती।

पूर्व केंद्रीय मंत्री और कांग्रेस कार्य समिति के सदस्य शर्मा ने जाति जनगणना के मुद्दे पर पार्टी से अलग रुख ऐसे समय अपनाया है जब लोकसभा चुनाव की आधिकारिक घोषणा हो चुकी है और पार्टी ने इस चुनाव में जो पांच 'न्याय' और 25 'गारंटी' की बात की है उनमें से एक जाति जनगणना भी है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पिछले कई महीनों से जाति जनगणना और सामाजिक न्याय को विषय को जोर-शोर से उठा रहे हैं। शर्मा ने खरगे को लिखे लिखे पत्र में कहा-राष्ट्रीय स्तर पर जाति जनगणना चुनावी विमर्श में एक महत्वपूर्ण मुद्दा बनकर उभरा है। कांग्रेस के नेतृत्व वाले 'इंडिया' गठबंधन ने इसका समर्थन किया है। गठबंधन में वे दल भी शामिल हैं जिन्होंने लंबे समय से जाति आधारित राजनीति की है। हालांकि, सामाजिक न्याय पर कांग्रेस की नीति भारतीय समाज की जटिलताओं की परिपक्व समझ पर आधारित है।


### तमिलनाडु में ईडी ने विजयभास्कर के आवास पर मारा छापा

**पुडुकोट्टई।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों ने गुरुवार को अलग-अलग धन शोधन मामलों में तमिलनाडु के पुडुकोट्टई जिले के इलुप्पुर में वरिष्ठ अन्नाद्रमुक नेता एवं पूर्व मंत्री सी. विजयभास्कर के आवास तथा चेन्नई स्थित एक रियल एस्टेट समूह के परिसर की तलाशी ली। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि ईडी अधिकारियों ने दो अलग-अलग मामलों के सिलसिले में लगभग 25 स्थानों की तलाशी ली। अन्नाद्रमुक शासन के दौरान 2011 से 2021 तक स्वास्थ्य विभाग संभालने वाले विजयभास्कर अधिक संपत्ति के मामले का सामना कर रहे थे।

## कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम ने ली थी 50 लाख की रिश्वत

नई दिल्ली, एजेंसी

- चीनी नागरिकों के वीजा मामले में ईडी ने दाखिल किए आरोप पत्र



प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम ने एक कंपनी के चीनी कर्मचारियों को पुनः वीजा दिलाने के संबंध में केंद्रीय गृह मंत्रालय से मंजूरी के लिए करीबी सहयोगी के माध्यम से 50 लाख रुपये की रिश्वत ली। यह कंपनी पंजाब में बिजली संयंत्र स्थापित कर रही थी।

ईडी ने दावा किया कि रिश्वत की यह रकम लेनदेन के जरिये एक कंपनी में निवेश की गयी, जहां कार्ति चिदंबरम निदेशक थे और उनका नियंत्रण था। कार्ति चिदंबरम (52) तमिलनाडु की शिवगंगा सीट से लोकसभा सदस्य हैं। एजेंसी इस मामले में कई बार उनका बयान दर्ज कर चुकी है। कार्ति ने कहा कि उनके वकील सुनवाई के दौरान अदालत में इन आरोपों का जवाब देंगे। संघीय एजेंसी ने कार्ति चिदंबरम, उनके द्वारा प्रवर्तित कंपनी एडवांटेज स्ट्रैटेजिक कंसल्टिंग प्राइवेट लिमिटेड, उनके कथित करीबी सहयोगी और अकाउंटेंट एस भास्कररमन, तलवंडी साबो पावर लिमिटेड और अन्य के खिलाफ दाखिल एक आरोपपत्र में ये आरोप लगाए है।

चीनी कर्मचारी तलवंडी साबो पावर लिमिटेड में तैनात थे। दिल्ली में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत विशेष अदालत ने 19 मार्च को अभियोजन की शिकायत का संज्ञान लिया। अदालत ने कार्ति चिदंबरम सहित आरोपपत्र में नामजद सभी आरोपियों को 15 अप्रैल को पेश होने का निर्देश दिया है। अन्य आरोपियों में पद्म दुगर, विकास मखरिया, मंसूर सिद्दीकी और दुगर हाउसिंग लिमिटेड शामिल हैं। ईडी ने कहा कि जांच में पता चला कि कार्ति चिदंबरम ने पंजाब के मनसा में बिजली परियोजना स्थापित कर रही तलवंडी साबो पावर लिमिटेड नामक कंपनी द्वारा चीनी वीजा के पुनः उपयोग की मंजूरी प्राप्त करने के लिए अपने करीबी सहयोगी एस भास्कररमन के माध्यम से 50 लाख रुपये की अवैध रिश्वत ली थी। ईडी ने एक बयान में आरोप लगाया है कि कंपनी के अधिकारियों ने गृह मंत्रालय से वीजा के पुनः उपयोग की मंजूरी लेने के लिए कार्ति चिदंबरम से संपर्क किया, जहां उनके पिता गृह मंत्री (कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी. चिदंबरम) थे।

